सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट 2003-04

प्रारम्भिक शिक्षा और साक्षरता विभाग
माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के लिए
एजुकेशनल कंसलटेंट्स इण्डिया लिमिटेड, एडसिल हाउस, 18ए, सैक्टर 16ए, नौएडा 201301 (इण्डिया) द्वारा प्रकाशित।
डिजाइन व मुद्रण साइबरआर्ट इन्फारमेशन प्रा. लि., cyberart@vsnl.com





वार्षिक रिपोर्ट 2003-04

संलग्नक 1

विवरण संख्या 1: भारत में शैक्षिक संस्थाओं की कुल संख्या (2002–2003) (अनन्तिम)

विवरण संख्या 2: कक्षा–वार नामांकन 2002–2003 (अनन्तिम) 30.09.2002 को स्थिति के अनुसार

विवरण संख्या 3: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार सामान्य शिक्षा के लिए स्कूलों की कक्षा 1 से 5 और 6 से 8 में सकल नामांकन अनुपात (सभी विद्यार्थी) 2002–2003 (अनन्तिम)

विवरण संख्या 4: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार कक्षावार नामाकंन (अनुसूचित जाति) 2002–2003 (अनन्तिम)

विवरण संख्या 5: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार (अनुसूचित जाति के छात्रो का) सकल नामांकन अनुपात आयुवर्ग (6–11) और (11–14) 2002–2003 (अनन्तिम)

विवरण संख्या 6: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार कक्षावार नामांकन (अनुसूचित जनजाति) 2002–2003 (अनन्तिम)

विवरण संख्या 7: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार आयुवर्ग (6–11) और (11–14) में सकल नामांकन अनुपात (अनुसूचित जनजाति छात्र) 2002–2003 (अनन्तिम)

विवरण संख्या 8: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार वर्ष 2002–2003 में कक्षा 1 से 5 तक स्कूल बीच में छोड़कर जाने वाले की दरें (अनन्तिम)

विवरण संख्या 9: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार वर्ष 2002–2003 में कक्षा 1 से 8 तक स्कूल बीच में छोड़कर जाने वाले की दरें (अनन्तिम)

विवरण संख्या 10: 30 सितम्बर 2002 को स्थिति के अनुसार वर्ष 2002–2003 में कक्षा 1 से 10 तक स्कूल बीच में छोड़कर जाने वालों की दरें (अनन्तिम)

विवरण संख्या 11: 30 सितम्बर 2002 की स्थिति के अनुसार आयुवर्ग (6–11) और (11–14) में सकल नामांकन अनुपात (अनुसूचित जाति छात्र) 2002–2003 (अनन्तिम)

संलग्नक 2 सर्व शिक्षा अभियान के अनुश्रवण के लिए विभिन्न राज्यों में चुने गये संस्थान

संलग्नक 3 डीपीईपी के अधीन राज्य और जिले

संलग्नक 4 गैर सरकारी संगठनों की सूची जिनको वर्ष 2002–2003 के दौरान संस्वीकृत की गई एक लाख रूपये तथा उससे अधिक की राशि

संलग्नक 5 स्वैच्छिक संगठनों को वर्ष 2002–2003 के दौरान संस्वीकृत की गई एक लाख रूपये तथा उससे अधिक की राशि का सहायता–अनुदान दर्शाने वाला विवरण

संलग्नक 6 गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों को पिछले तीन वर्षों ने मंजूर किए गये सहायता अनुदान की बावत उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुन न किए जाने संबंधी स्थिति दर्शाने वाला विवरण 1999–2000, 2000–2001 एवं 2001–2002


संलग्नक 7 उपयोग प्रमाण पत्र न प्राप्त होने का विवरण

संलग्नक 8 स्कूलों में योगा संवर्धन नामक केन्द्रिय प्रायोजित योजना के अंतर्गत गैर सरकारी संगठनों को संस्वीकृत की गई एक लाख रूपये से अधिक राशी का सहायता अनुदान दर्शाने वाला विवरण

संलग्नक 9 स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार नामक केन्द्रिय प्रायोजित योजना के अंतर्गत स्वैच्छिक संस्थाओं को वर्ष 2002–2003 के दौरान संस्वीकृत की गई एक लाख रूपये तथा उससे अधिक राशी का सहायता अनुदान दर्शाने वाला विवरण

संलग्नक 10 स्कूली शिक्षा के प्रति पर्यावरणात्मक अनुस्थापन नामक केन्द्रिय प्रायोजित योजना के अंतरगत स्वैच्छिक संस्थाओं को वर्ष 2002–2003 के दौरान संस्वीकृत की गई एक लाख रूपये तथा उससे अधिक राशी का सहायता अनुदान दर्शाने वाला विवरण


संलग्नक 11 माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारम्भिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधीन स्वायत्त संगठनों/अधीनस्त कार्यालयों और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की सूची



असली कठिनाई यह है कि लोगों को यह पता नहीं है कि सच्चे अर्थों में शिक्षा क्या है। शिक्षा के मूल्य को हम उसी ढंग से मापते हैं जैसे कि जमीन या शेयर बाजार में शेयरों के मूल्य को। हम केवल ऐसी शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं जो कि छात्र को अधिक कमाने के योग्य बना सके। हम शिक्षित बच्चे के चरित्र में सुधार के बारे में तो शायद कुछ सोचते ही नहीं। लड़कियों के सम्बन्ध में हमारा मानना है कि उन्हें कमाई नहीं करनी होती, इसलिए उन्हें क्यों पढ़ाया जाए? जब तक इस तरह के विचार बने रहेंगे तब तक हम शिक्षा का सच्चा महत्व जानने की आशा कभी नहीं कर सकते।

महात्मा गांधी (सच्ची शिक्षा पर)

1 सिंहावलोकन



राष्ट्र सभी के लिए शिक्षा प्रदान करने के लिए पक्की तौर पर प्रतिबद्ध है, निःशुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, विशेष जरूरतों वाले बच्चों के समावेशन, निरक्षरता के उन्मूलन, व्यावसायीकरण, महिलाओं की समानता के लिए शिक्षा तथा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों एवं अल्पसंख्यकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आयोजना

1992 में यथासंशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में ऐसा सोचा गया है कि शिक्षा का सभी क्षेत्रों में सुधार और विस्तार किया जाए, सुलभता में विषमताएं समाप्त की जाएं और तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा सहित, शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुकर पर अधिक बल दिया जाए। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि शिक्षा की समस्याओं, क्षेत्रीय विषमता को दुरुस्त करने, महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने और सुविधाविहीन लोगों तथा अल्पसंख्यकों को उचित स्थान दिलाने के निमित्त एक सकारात्मक और हस्तक्षेपणीय भूमिका अवश्य निभानी चाहिए।

राष्ट्र सभी के लिए शिक्षा प्रदान करने के लिए पक्की तौर पर प्रतिबद्ध है, निःशुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा विशेष जरूरतों वाले बच्चों के समावेशन, निरक्षरता के उन्मूलन, व्यावसायीकरण, महिलाओं की समानता के लिए शिक्षा तथा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों एवं अल्पसंख्यकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित परियोजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए भारत से तथा विदेशों से छोटी-छोटी राशियों समेत दान को सुकर बनाने के लिए सरकार ने व्यक्तियों तथा निगमित कार्यालयों, केन्द्रीय और राज्य सरकारों, अनिवासी भारतीयों तथा भारतीय मूल के व्यक्तियों से शिक्षा के सभी क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों के निमित्त दान/योगदान/धर्मादा प्राप्त करने के लिए भारत कोष की स्थापना की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान (नीपा) माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के अधीन एक स्वायत्त निकाय है जो कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण और परामर्शी सेवाएं सुलभ करने के उद्देश्य से शैक्षिक आयोजना और प्रशासन में अनुसंधान करता है, उसे बढ़ावा देता है और उसका समन्वय करता है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित की जाने वाली राष्ट्रीय वार्षिक सांख्यिकी, प्राथमिक-पूर्व से लेकर उच्च स्तर तक की संस्थाओं से एकत्र की जाती है जिनकी संख्या दस लाख से अधिक है, जिन्हें राज्य के शिक्षा विभागों के माध्यम से डाक से प्रश्नावलियाँ भेजी जाती हैं। राज्य स्तर/क्षेत्रीय स्तर पर भी शैक्षिक सांख्यिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण की एक योजना है।

सरकार की नीति के अनुसरण में दोनों विभाग शिक्षा के विकास के लिए विभिन्न स्कीमों के अधीन पूर्वोत्तर क्षेत्र में निधियों के प्रवाह को बनाए रखे रहे। माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अपने बजट व्यय का निर्धारित स्तर अर्थात् 10 प्रतिशत या इसके आसपास बनाए रखने में सफल रहा है जबकि प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग का व्यय वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान सं.अ. का 6.93 प्रतिशत रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में शैक्षिक आधारिक तंत्र के लिए संसाधनों की असमाप्य केन्द्रीय निधि (एनएलसीपीआर) की अतिरिक्त निधियाँ भी प्रदान की गई हैं।

मंत्रालय की स्कीमें एकीकृत ढंग से तैयार और कार्यान्वित की जाती हैं जिससे कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित जनसंख्या के सभी वर्गों को शामिल किया जा सके। निधियों का प्रयोग भी इसी प्रकार एकीकृत ढंग से किया जाता है। हालांकि इस मंत्रालय में नितान्तः अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग से कोई स्कीमें नहीं, फिर भी मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को वरीयताएं/रियायतें प्रदान की जाती हैं।

प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के प्रमुख कार्यक्रम अर्थात् सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए), जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी), महिला समाख्या, शिक्षा कर्मी, शिक्षा गारंटी योजना और वैकल्पिक तथा नवाचारी शिक्षा (ईजीएस तथा एआईई) और प्राथमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पोषणिक सहायता कार्यक्रम (एनपीएनएसपीई), कस्तूरबा गांधी स्वतंत्र विद्यालय स्कीम आदि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की बहुलता वाले क्षेत्रों की सेवाएं करते हैं। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बालिकाओं के उद्धार के लिए कुछ अन्य स्कीमें भी कार्यान्वित की जा रही हैं।

भारत संयुक्त राष्ट्र के एक घटक निकाय यूनेस्को का एक संस्थापक सदस्य है और वह यूनेस्को के आदर्शों और लक्ष्यों से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। जुलाई में भारत ने "सभ्यताओं के बीच संवाद" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की जिसमें 85 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। यह स्पष्ट था कि विश्व नृजातीयता, धर्म आदि पर आधारित हिंसा के मुद्दे के जवाबों की तलाश में था। यह संवाद भारत में आयोजित किया गया जो कि भारत की सर्व धर्म समभाव की प्राचीन भारतीय परंपरा के लिए एक उपहार है। भारत ने शताब्दियों से बहुविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का पोषण किया है। यह इसी कारण संभव हुआ है



कि संवाद को प्रोत्साहित करते हुए विचार और विश्वास की स्वतंत्रता को संरक्षण प्रदान किया गया है।

श्री अरविन्दों की शिष्या 'माँ' द्वारा 1968 में स्थापित औरविल्ले एक ऐसी अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक बस्ती है जो कि एकीकृत जीवन स्तरों से संयुक्त विभिन्न संस्कृतियों के मूल्यों को एक स्थान पर लाने के लिए तैयार की गई है जो मनुष्य की भौतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के अनुरूप है।

विभिन्न देशों के साथ स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम (ईईपी) तैयार करने का काम अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सेल को सौंपा गया है। जहां चीन, इज्रायल, गायना, मंगोलिया, आरमेनिया और आस्ट्रेलिया के साथ ईईपी पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, अन्य कई देशों के साथ ईईपी तैयार किए जा रहे है।

नियमित तथा प्रभावी समीक्षा, विभिन्न केन्द्रीय तथा केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के मॉनीटरन तथा समन्वय के लिए एक उपाय के तौर पर विभाग में 1999 में एक क्षेत्र अधिकारी स्कीम लागू की गई थी। अपने मौजूदा रूप में निदेशक या उससे उच्चतर स्तर के अधिकारी को एक विशेष राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का दायित्व सौंप दिया गया है।

प्रारंभिक शिक्षा

6-14 आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा सुलभ करना, भारत सरकार का स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही घोषित लक्ष्य रहा है। हालांकि प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण (यूईई) का लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, फिर भी सरकार ने विभिन्न उपायों के माध्यम से इस लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दसवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2002-07) में इस क्षेत्र के लिए बजट आबंटन 28750 करोड़ रुपए है जो कि नौवीं योजना के आबंटन से 75 प्रतिशत उच्चतर है।

सकल नामांकन अनुपात में जो कि 6-14 आयु वर्ग के बच्चों की जनसंख्या के अनुपात के रूप में प्रारंभिक स्कूलों में वस्तुतः लाभित हुए छात्रों की संख्या दर्शाता है, 1950-51 से क्रमिक रूप से वृद्धि होती रही है। 1950-51 में इस आशय का अनुपात 32.1 था जो कि 2001-02 में बढ़कर 82.4 तक पहुंच गया है। समान रूप से महत्वपूर्ण बात यह है कि लड़कियों के लिए इस अनुपात में वृद्धि की दर लड़कों की तुलना में उच्चतर रही है जिसके फलस्वरूप नामांकन में लैंगिक विषमता दर रही है। (देखें तालिका 1.1)।

सर्वसुलभीकरण की ओर जाने वाले मार्ग में 86वाँ संवैधानिक संशोधन का पारित होना एक उल्लेखनीय घटना रहा है। इस आयु-वर्ग में सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा संविधान के अनुच्छेद 21ए के अधीन अब एक वादयोग्य मूल अधिकार है। इस अधिकार को लागू करने वाला समर्थनकारी कानून सम्प्रति आम जनता में विचाराधीन है और आशा है वह शीघ्र ही संसद में ला दिया जाएगा। एक दफा कानून बनने के बाद वह प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के लिए समर्थनकारी सांविधिक तंत्र उपलब्ध कराएगा।

सभी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध करने का प्रमुख साधन फिलहाल सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) नामक एक व्यापक कार्यक्रम है जो कि केन्द्रीय और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी के साथ 2001-02 में शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तम शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल देते हुए सामुदायिक स्वामित्व के दृष्टिकोण के माध्यम से स्कूली प्रणाली के निष्पादन में सुधार लाना है। एसएसए एक समयबद्ध मिशन है जिसका उद्देश्य 2010 तक प्रारंभिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण सुनिश्चित करना तथा लैंगिक और सामाजिक विषमताएं समाप्त करना है। राज्यों ने अपने-अपने मुख्यमंत्री/शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में यूईई के लिए कार्यान्वयन सोसायटियों की स्थापना की है।

तालिका 1.1 : तीन वर्षों के दौरान सकल नामांकन अनुपात (जीईआर)

वर्ष	प्राथमिक (I-V)			उच्च प्राथमिक (VI-VIII)			प्रारंभिक (I-VIII)		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
1950-51	60.6	24.8	42.6	20.6	4.6	12.7	46.4	17.7	32.1
2001-02*	**105.3**	**86.9**	**96.3**	**67.8**	**52.1**	**60.2**	**90.7**	**73.6**	**82.4**

स्रोतः चुनिन्दा शैक्षिक आँकड़े 2001-02, मानव संसाधन विकास मंत्रालय **अनंतिम*

2003-04 के (1 जनवरी, 2004 तक) दौरान 330 करोड़ रुपए के परिव्यय सहित यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में 596 जिलों की वार्षिक जिला प्रारंभिक शिक्षा योजनाएं मंजूर की जा चुकी हैं। 67,000 से अधिक नए स्कूल, 42,000 स्कूल भवन, 72,000 अतिरिक्त क्लासरूम, 51,000 टायलेट, 41,000 पेयजल सुविधाएं और लगभग 400,000 नए अध्यापक मंजूर किए जा चुके हैं। स्कूलों से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या जो 2001 में 3.5 करोड़ थी, 2003 में घटकर एक करोड़ रह गई।

एसएसए ने इससे पूर्व कार्यान्वित और प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रमों के अनुभवों का लाभ उठाया है जिनमें जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी), शिक्षा कर्मी परियोजना (एसकेपी) तथा लोक जुम्बिश परियोजना (एलकेपी) शामिल हैं। डीपीईपी 1994 में एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम के रूप में सात राज्यों में 42 जिलों में शुरू किया गया थाः प्राथमिक शिक्षा सभी बच्चों को सुलभ कराना, प्राथमिक स्तर पर स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने वालों का अनुपात घटाकर 10 प्रतिशत से भी कम पर लाना, प्राथमिक स्कूली छात्रों की अधिगम उपलब्धि में कम से कम 25 प्रतिशत का सुधार लाना है तथा लैंगिक और सामाजिक विषमताएं घटाकर 5 प्रतिशत से कम पर लाना। अपने उत्कर्ष के समय यह कार्यक्रम 18 राज्यों के 272 जिलों में लागू किया जा रहा था। आज की स्थिति में यह कार्यक्रम नौ राज्यों में 129 जिलों में चल रहा है। इस कार्यक्रम का वित्तपोषण विश्व बैंक (5137 करोड़ रुपए), यूरोपीय आयोग (ईसी) (623 करोड़ रुपए), अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) (36 करोड़ रुपए) नीदरलैंड्स सरकार (215 करोड़ रुपए) तथा यूनिसेफ (927 करोड़ रुपए) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

एसएसए में कई ऐसे विशेष घटक हैं जो कि बच्चों के विशिष्ट वर्गों के प्रति लक्षित हैं। इनमें से एक है प्रारंभिक स्तर पर लड़कियों की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीईजीईएल) जो कि सितम्बर, 2003 में शुरू किया गया था और जिसमें शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े ऐसे लगभग 2600 ब्लॉकों में, जहां ग्रामीण महिला साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से न्यून है और लैंगिक विषमता राष्ट्रीय औसत से उच्चतर है लड़कियों की शिक्षा के लिए अतिरिक्त घटक उपलब्ध कराए गए हैं। दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस कार्यक्रम के लिए 1064.80 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है।

एसएसए का एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक तथा नवाचारी शिक्षा (ईजीएस तथा एनआईई) जो कि स्कूल-विहिन बस्तियों तथा शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों को सुलभता प्रदान कराने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत सेतु पाठ्यक्रमों, रिहायशी शिविरों, अल्पकालीन आवास केन्द्र, ग्रीष्म शिविरों, औपचारिक स्कूल शिक्षा के लिए सुधारात्मक कोचिंग आदि के जरिए स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ देने वाले बच्चों के वास्ते नम्य कार्यनीतियों का भी समर्थन किया जाता है। 2003-04 के दौरान इस घटक के माध्यम से 61,04,654 बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दिलाने में सहायता प्राप्त हुई।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा की केन्द्र प्रायोजित स्कीम 1987-88 में एक संस्थानागत आधारिक तंत्र निर्मित करने के लिए शुरू की गई थी ताकि स्कूली अध्यापकों की सतत शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक और तकनीकी संसाधन सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस योजना के अधीन 1 जनवरी, 2004 तक 498 जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट), 86 अध्यापक शिक्षा कालेज (सीटीई) तथा 38 शिक्षा में उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसई) मंजूर किए जा चुके हैं। जबकि डायट औपचारिक तथा अनौपचारिक प्रारंभिक स्कूल अध्यापकों को शैक्षणिक और संसाधन सहयोग प्रदान करेंगे, सीटीई और आईएएसई पर माध्यमिक स्कूल अध्यापकों के सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया

है। आईएएसई से प्रारंभिक स्कूल अध्यापक प्रशिक्षण तैयार करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा की जाती है।

दसवीं योजना के लिए प्रारंभिक और प्रौढ़ शिक्षा संबंधी कार्यकारी दल की सिफारिशों पर इस स्कीम को दसवीं योजना अवधि के दौरान जारी रखा जा रहा है।


मध्याह्न भोजन

प्राथमिक शिक्षा को पौषणिक सहायता का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनएसपीई) जिसे आमतौर पर मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) कहते हैं। प्राथमिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण को बढ़ावा देने और उसके साथ-साथ सरकारी स्थानीय निकाय और सरकारी सहायताप्राप्त स्कूलों की प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे छात्रों के पोषणिक स्तर को प्रभावित करने के उद्देश्य से अगस्त, 1995 में शुरू किया गया था। अक्तूबर, 2002 में इस कार्यक्रम का विस्तार ईजीएस तथा अन्य वैकल्पिक आध्यात्मिक केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों तक कर दिया गया। इस कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय सहायता भारतीय खाद्य निगम द्वारा इस रूप में उपलब्ध है: प्रति स्कूल दिवस प्रति बच्चा 100 ग्राम खाद्यान्न (गेहूं या चावल) जहां पकाया हुआ/प्रसंस्कृत भोजन मुहैय्या कराया जाता है और प्रति माह प्रति छात्र 3 किलोग्राम खाद्यान्न (बशर्ते कि न्यूनतम उपस्थिति 80 प्रतिशत हो) जहां खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। पके-पकाए खाने के उपलब्ध कराए जाने के संबंध में 2001 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के वाद राज्यों में पके-पकाए/प्रसंस्कृत खाने की सेवा में सुधार हुआ है। संप्रति 29 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के भीतर अंशतः अथवा पूर्णतः पका-पकाया/प्रसंस्कृत भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जबकि 14 राज्य 5 संघ शासित क्षेत्र सभी पात्र बच्चों को पका-पकाया भोजन उपलब्ध करा रहे हैं, यह कार्यक्रम बिहार (2579 स्कूल), मेघालय (12 जिले), उडीसा (157 आदिवासी ब्लॉक), पंजाब (17 ब्लॉक), पश्चिम बंगाल (1900 स्कूल) तथा दिल्ली (1924) में आंशिक रूप से लागू किया जा रहा है। 2003-04 में इस कार्यक्रम के अधीन कुल मिलाकर 10.56 करोड़ बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं जिनमें से लगभग 5.74 करोड़ बच्चे पका-पकाया भोजन तथा शेष खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं।

वर्ष 2004-05 से योजना आयोग की प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना (पीएमजीवाई) के अधीन 15 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता ग्रामीण स्कूलों में मध्याह्न भोजन के पकाने की लागत के लिए निर्धारित की गई है। इससे राज्य सरकारों को ग्रामीण प्राथमिक स्कूलों में पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराने में और अधिक सहायता मिलेगी।

प्रौढ़ शिक्षा

एक सामाजिक रूप से जागरूक और साक्षर समाज की लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निरक्षरता का उन्मूलन स्वतंत्रता के बाद से भारत सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय



चिंता रही है। राष्ट्र-निर्माण के लिए साक्षर समाज की आवश्यकता को एक महत्वपूर्ण इन्पुट माना गया था। प्रौढ़ो के बीच निरक्षरता के उन्मूलन के लिए स्तंत्रता के बाद शुरू किए गए अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के वावजूद यह पहला मौका है जबकि 2001 की जनगणना में साक्षरों की वास्तविक संख्या निरक्षरों की संख्या से बढ़ गई है। साक्षरता के क्षेत्र में लैंगिक विषमता और क्षेत्रीय विषमता अभी भी बनी हुई है।

साक्षरता में वृद्धि

2001 में साक्षरता की दर 65.38 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि 1991 में इस आशय की प्रतिशत 52.21 थी। साक्षरता दर में इस दौरान हुई 13.17 प्रतिशत बिंदुओं की वृद्धि किसी भी दशक में हुई अधिकतम वृद्धि है। निरक्षरों की वास्तविक संख्या जो 1991 में 328.88 मिलियन थी वह 2001 में घटकर 296 मिलियन रह गई। इसके साथ-साथ लैंगिक विषमता का अनुपात जो कि 1991 में 24.84 प्रतिशत था वह 2001 में घटकर 21.70 प्रतिशत रह गया क्योंकि महिला साक्षरता दर में 14.8 प्रतिशत बिंदुओं की वृद्धि हुई थी। महिला साक्षरता दर 39.3 प्रतिशत से बढ़कर 54.16 प्रतिशत हो गई थी जबकि पुरुष साक्षरता दर में मात्र 11.72 प्रतिशत बिन्दुओं की वृद्धि हुई थी अर्थात् वह 64.1 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशिशत हो गई थी। इसके अलावा, शहरी-ग्रामीण साक्षरता दर के बीच के अंतर में भी इस अवधि के दौरान गिरावट आई।



राष्ट्रीय साक्षरता मिशन

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम) की स्थापना मई, 1998 में इस उद्देश्य से की गई थी कि पिछले कार्यक्रमों की शक्तियों और दुर्बलताओं का एक तटस्थ जायजा लिया जाए ताकि नियत लक्ष्यों, सुस्पष्ट समय-सीमा और आयु-विशिष्ट लक्षित समूहों सहित इन कार्यकमों को तात्कालिकता, गंभीरता और बल के रूप में नया अर्थ् प्रदान किया जाए। बल केवल छात्रों के दाखिले पर नहीं बल्कि साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, कार्यकरण तथा जागरूकता के कतिपय पूर्वनिर्धारित मानदंडों और प्राचलों की पूर्ति और साथ ही साक्षरतोत्तर और बड़े पैमाने पर अविच्छिन्न शिक्षा के संस्थायन पर दिया गया।

एलएलएम का लक्ष्य यह है कि 15-35 वर्ष के आयु वर्ग, जो कि उत्पादनशील और प्रजनन आयु वर्ग है तथा कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा है, के निरक्षरों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने 2007 तक पूर्ण साक्षरता अर्थात् 75 प्रतिशत का एक संधारणीय स्तर प्राप्त कर लिया जाएगा। इस आयु वर्ग के अलावा, जो लोग इस आयु-सीमा से बाहर हैं, उन्हें भी विशेष रूप से 9-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को, जो शिक्षा में छोड़ने वाले भी हैं इस कार्यक्रम से बाहर नहीं रखा गया है। कार्यसाधक साक्षरता में पठन, लेखन और बोध सहित संख्यात्मक ज्ञान के अलावा, राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण के संरक्षण, महिलाओं की समानता, छोटे परिवार के मानदंडों का अनुपालन आदि जैसे मूल्यों की स्थापना करना भी शामिल है। एलएलएम में यथावर्णित साक्षरता अपने आप में एक साध्य नहीं है, बल्कि इन सामाजिक लक्ष्यों की पूर्ति और एक अधिगमशील समाज का निर्माण सुनिश्चित करते हुए बदलाव लाने का एक सक्रिय और सक्षम साधन भी है। कार्यात्मक साक्षरता की उपलब्धि के फलस्वरूप अधिकारिता तथा जीवन स्तर मेमं एक निश्चित सुधार देखने को मिलता है।

एनएमएल के अधीन संशोधित प्राचल और योजनाओं की आर्थिक सहायता के संवर्धित मानदंडों के कार्यान्वयन का विस्तार भी दसवीं योजना के दौरान किया गया है। संशोधित योजनाओं की प्रमुख विशेषताओं में साक्षरता और साक्षरतोत्तर चरणों की सभी विशेषताओं को शामिल करते हुए साक्षरता के प्रति एक एकीकृत दृष्टिकोण शामिल है। जिला साक्षरता समितियों

(जिला साक्षरता सोसायटियों) को साक्षरता कार्यक्रमों पर निगाह रखने और स्थानीय युवा क्लबों, महिला मंडलों, स्वैच्छिक एजेंसियों, पंचायती राज संस्थानों, लघु उद्योगों, सहकारी समितियों आदि साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम चलाने की छूट रहेगी। अविच्छिन्न शिक्षा की योजना को जिसमें अवशिष्ट निरक्षरता का उन्मूलन व्यक्तिगत रुचि कार्यक्रम, कौशल विकास, ग्रामीण पुस्तकालय आदि शामिल हैं, समुचित प्राथमिकता दी गई है। राज्य संसाधन केन्द्र और जन शिक्षण संस्थान अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अविच्छिन्न शिक्षा की योजना को शैक्षणिक और तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करेंगे। क्योंकि राज्य संसाधन केन्द्रों और एलजीओ ने एलएलएम के लक्ष्यों को बढ़ावा देने के निमित्त अपने क्रियाकलापों की भूमिका विस्तारित कर दी है, अतः उनका सुदृढ़ीकरण किया जाता रहा है। इसी प्रकार क्योंकि जेएसएस ने ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच कर और जिले में व्यावसायिक/कौशल विकास के भंडारों के रूप में काम करके अपने क्रियाकलापों का विस्तार किया है, इसलिए उनके सुदृढ़ीकरण का काम भी जारी रखा गया है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरणों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों का प्रत्यायोजन कर दिया गया है। इन सुधारों के बाद मिशन पिछले वर्षों की उपलब्धियों का समेकन कर सकेगा और साक्षरता आंदोलन की गति में तेजी ला सकेगा।


समग्र साक्षरता अभियान निरक्षरता के उन्मूलन के लिए एनएलएम की प्रमुख कार्यनीति है। टीएलसी की कुछ ऐसी सकारात्मक विशेषताएं हैं जो उन्हें अनूठा तथा अन्य सरकारी कार्यक्रमों से अलग पहचान दिलाती है। ये अभियान क्षेत्र-विशिष्ट समयबद्ध सहभागितापूर्ण, लागत-प्रभावी और परिणामोन्मुखी हैं। ये कार्यक्रम जिला साक्षरता समितियों, जिला स्तरीय साक्षरता समितियों द्वारा जो कि स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय होती हैं और जिनमें समाज के सभी वर्गों का समुचित प्रतिनिधित्व होता है कार्यान्वित किए जाते हैं। साक्षरता के प्रति अभियान दृष्टिकोण की विशेषता, बहुमुखी संचार कार्यनीति के माध्यम से बड़े पैमाने पर अभिप्रेरण के रूप में होती है। ग्रासरूट स्तर पर किया गया सर्वेक्षण भी आयोजना, अभिप्रेरण और वातावरण निर्माण के एक साधन का काम करता है। अभियान में प्रबंध सूचना प्रणाली सहभागिता और संशोधनों के दोहरे सिद्धांतों पर आधारित होती है। टीएलसी कार्यसाधक साक्षरता प्रदान करने के साथ-साथ बच्चों का स्कूलों में दाखिला और उन्हें शिक्षा में बनाए रखना, प्रतिरक्षण, छोटे परिवार के मानदंडों का प्रसार, महिलाओं की समानता और उन्हें सामर्थ्यवान बनाना, शांति और सामुदायिक सौहार्द्र जैसे सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक संदेशों की एक 'टोकरी', का भी प्रसार करता है। इन साक्षरता अभियानों ने प्राथमिक शिक्षा के लिए एक मांग पैदा की जो कि स्कूलों में तेजी से बढ़ रहे नामांकन अनुपात में परिलक्षित होती है। फलतः 15-35 आयु वर्ग में प्रवेश करने वाले निरक्षरों की संख्या घटती जा रही है। अतः इस स्थिति में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि नवसाक्षर पुनः निरक्षरों की श्रेणी में शामिल न हो जाएं और वे व्यावसायिक कौशल अर्जित करें।

लाखों व्यक्तियों द्वारा प्राप्त सर्वोत्तम बुनियादी साक्षरता कौशल अपने सर्वोत्तम रूप में दुर्बल होते हैं। जब तक नवसाक्षरों के साक्षरता स्तरों के समेकन, संधारण और संभवतः संवर्धन की दिशा में विशेष प्रयास जारी नहीं रखे जाते तो उनके पुनः आंशिक अथवा पूर्ण निरक्षरता की स्थिति में पहुंचने की काफी संभावना रहती है। बुनियादी साक्षरता प्रदान करने के पहले चरण और समेकन, उपचार तथा कौशलोन्नयन के दूसरे चरण को अब तक एकीकृत परियोजना के रूप में समझा जा रहा है ताकि सांतत्य, प्रभाविता और अभिसरण प्राप्त करने के निमित्त एक अवस्था से दूसरी अवस्था में सुचारु अंतरण सुनिश्चित हो सके। एनएलएम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि टीएलसी और साक्षरतोत्तर कार्यक्रम सफलतापूर्वक अविच्छिन्न शिक्षा का रूप धारण कर लें जोकि जीवनपर्यन्त शिक्षा प्रदान करता है।

2001 की जनगणना के अनुसार जिलों 45 जिलों में महिला साक्षरता दर 30 प्रतिशत से कम है वे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा उड़ीसा में संकेन्द्रित हैं। इन क्षेत्रों में महिला साक्षरता के उन्नयन के लिए विशेष नवाचारी परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं।

क्योंकि यह समस्या बिहार और उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गंभीर है इसलिए उत्तर प्रदेश के न्यून महिला साक्षरता वाले आठ जिलों को त्वरित महिला साक्षरता कार्यक्रम जिसे लगभग 96 एनजीओ के नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है, के अधीन लाया जा रहा है। इसी प्रकार की परियोजनाएं अन्य राज्यों में भी चलाई जा रही हैं।

पिछले दशकों के दौरान साक्षरता दरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। साक्षरता दर 1951 में मात्र 18.33 प्रतिशत जो कि 1991 में बढ़कर 52.21 प्रतिशत तक तथा 2001 में और अधिक बढ़कर 65.30 प्रतिशत तक पहुंच गई। भारत की 2001 की जनगणना के अनुरूप साक्षरता दर पुरुषों के मामले में 75.85 प्रतिशत तक और महिलाओं के मामले में 54.16 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह पहला मौका है जबकि जनसंख्या में वृद्धि के बावजूद निरक्षरों की संख्या में वस्तुतः 31.9 मिलियन की गिरावट आई है। दूसरी तरफ साक्षरों की संख्या में पिछले दशक



महिला सामाख्या

महिला सामाख्या कार्यक्रम इस प्रकार तैयार किया गया था कि अधिगम के लिए वातावरण तैयार करके हाशिए पर पड़ी ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित और संगठित किया जाए। यह कार्यक्रम 1989 में शत-प्रतिशत डच सहायताप्राप्त परियोजना के रूप में शुरू किया गया था और बाद में जिला प्राथमिक कार्यक्रम के अधीन वित्तपोषण सहित इसका विस्तार कुछ राज्यों में कर दिया गया। वर्ष 2003-2004 से महिला सामाख्या का वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है और आज की स्थिति में इसका विस्तार 9 राज्यों - आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरल, उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल के 56 जिलों में 11,000 गाँवों तक है।

में महिला साक्षरता दर में उच्चतर वृद्धि हुई है अर्थात् पुरुषों की 11.72 की तुलना में 14.87 प्रतिशत बिंदुओं की वृद्धि हुई है और इस प्रकार साक्षरता दरों में जहां पुरुष-महिला विभेदक 1991 में 24.84 था वह 2001 में घटकर 21.7 रह गया। सभी राज्यों ने साक्षरता दरों में वृद्धि दर्ज की है और 60 प्रतिशत साक्षरता तो निरपवाद रूप से प्राप्त कर ली गई है। तो भी राज्य के बीच और राज्यों के बीच विषमताएं बनी हुई हैं, हालांकि पिछले वर्षों के दौरान शैक्षिक दृष्टि से उन्नत और पिछड़े राज्यों के बीच का अंतर कम होता जा रहा है।

यद्यपि समग्र साक्षरता अभियान ने एक जन आंदोलन का रूप ले लिया और सारे देश में उसका विस्तार हो गया फिर भी अनेक मामलों में प्राकृतिक आपदाओं को राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी आदि के कारण कई अभियान अवरुद्ध हो गए। साक्षरता के चरण की सफलता के बावजूद अभी भी अवशिष्ट और न्यून महिला साक्षरता वाली बस्तियाँ बनी हुई हैं। अतः ऐसे जिलों को शामिल करने को प्राथमिकता दी जाती रहेगी जो अभी तक शामिल नहीं किए गए, जिनमें गत्यावरोध की स्थिति बनी हुई है और जिनमें महिला साक्षरता दर 30% से कम है।

अवशिष्ट निरक्षरता वाली बस्तियों सहित क्षेत्रीय विषमताओं और उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, छत्तीसगढ़ के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम जैसे न्यून साक्षरता जिलों की ओर अधिक ध्यान दिया जाता रहा है।

अविच्छिन्न शिक्षा योजना देश में समग्र साक्षरता और साक्षरतोत्तर कार्यक्रमों के प्रयासों को एक अधिगम सांतत्य प्रदान करती है। मुख्य बल इस बात पर रहता है कि अविच्छिन्न शिक्षा केन्द्रों (सीईसी) की स्थापना करके, जोकि बुनियादी साक्षरता के लिए क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकता-आधारित अवसर, साक्षरता कौशलों का उन्नयन, वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रमों और व्यावसायिक कौशलों की प्रगति उपलब्ध कराते हैं और साथ ही सामाजिक तथा व्यावसायिक उन्नति को बढ़ावा देते हैं। नवसाक्षरों को और अधिक अधिगम अवसर सुलभ कराए जाएं। यह योजना और भी कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम हाथ में लेती है जैसे कि मौजूदा औपचारिक, सामान्य अथवा व्यावसायिक शिक्षा के समकक्ष एक वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम के रूप में तैयार किया गया। समकक्षता कार्यक्रम, आयसृजक कार्यक्रम जिनके जरिए सहभागियों के लिए कौशल अर्जित करना अथवा अपने कौशलों का उन्नयन करना तथा आयसृजक क्रियाकलापों में प्रवृत्त होना सुकर हो जाता है, जीवन स्तर सुधार कार्यक्रम, जिनके माध्यम से छात्रों और समाज को अनिवार्य ज्ञान, प्रवृत्ति, मूल्य और अपने जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कौशलोन्नयन से सुसज्जित किया जाता है तथा व्यक्तिगत रुचि संवर्धन कार्यक्रम जो कि छात्रों को उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से चुनी गई सामाजिक, स्वास्थ्य, भौतिक, सांस्कृतिक और कलात्मक रुचियों में भाग लेने और उनकी बाबत सीखने का अवसर सुलभ कराते हैं।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम) अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में एनजीओ की विशाल क्षमता को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं और उसने एनजीओ के साथ अपनी भागीदारी सुदृढ़ करने के लिए उपाय किए हैं और उसने उन्हें साक्षरता आंदोलन में एक सक्रिय प्रोन्नयन भूमिका सौंपी है। एनजीओ, साक्षरता प्रदान करने के अलावा, प्रायोगिक और नवाचारी कार्यक्रमों के जरिए शैक्षणिक और तकनीकी संसाधन सहयोग प्रदान करते हैं, मूल्यांकन और प्रभाव अध्ययन करते हैं और कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि का आयोजन करते हैं।

एनजीओ द्वारा प्रबंधित राज्य संसाधन केन्द्र (एसआरसी) प्रशिक्षण सामग्री निर्माण, विस्तार कार्यकलापों, नवाचारी परियोजनाओं, अनुसंधान अध्ययनों तथा मूल्यांकन आदि के रूप में शैक्षणिक

और तकनीकी संसाधन सहयोग प्रदान करते हैं। संप्रति, 26 एसआरसी हैं।

जन शिक्षण संसाधन का उद्देश्य शहरी/ग्रामीण जनसंख्या के सामाजिक दृष्टि से पिछड़े और शैक्षिक दृष्टि से सुविधावंचित वर्गों, विशेष रूप से नवसाक्षरों, अर्द्ध-साक्षरों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के लोगों, महिलाओं और लड़कियों, मलिन बस्तियों में रहने वाले, प्रवासी श्रमिकों आदि का शैक्षिक, व्यावसायिक और वृत्तिपरक विकास करना है। संप्रति देश में 140 जेएसएस हैं और भविष्य में इस संख्या में और वृद्धि होगी। जेएसएस विभिन्न अवधियों के तरह-तरह के कौशलों के अनेक व्यावसायिक कार्यक्रम चलाते हैं। संप्रति, इन संस्थानों द्वारा 250 से अधिक कोटियों के पाठ्यक्रमों और क्रियाकलापों की पेशकश की जाती है। प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख व्यक्तियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें से 75 प्रतिशत से अधिक महिलाएं होती हैं।


केन्द्रीय प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय जो कि एक अधीनस्थ कार्यालय है, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग प्रदान करता है। यह निदेशालय संसाधन सहयोग विशेष रूप से आदर्श शिक्षण/अधिगम सामग्री/मीडिया साफ्टवेयर के लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रकार के मीडिया का लाभ उठाने के एक नेटवर्क के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। साक्षरता कार्यक्रमों तथा एसआरसी और जेएसएस द्वारा संचालित कार्यक्रमों का अनुश्रवण भी डीएई का एक महत्वपूर्ण कार्य है।

किसी भी प्रणाली की क्षमताओं और दुर्बलता का पता लगाने के लिए अनुश्रवण और मूल्यांकन अनिवार्य प्रबंध साधन होते हैं। एनएलएम ने इसका महत्व स्वीकार किया है और उन्हें कार्यरूप दिया है। क्रियाविधियाँ इस तरह तैयार की गई हैं कि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के लक्ष्य परिचालनात्मक दृष्टि से अधिक यथार्थपूर्ण बनाए जाएं। अनुश्रवण केवल यही नहीं कि आर्थिक अथवा कार्यक्रम की लेखा-परीक्षा के लिए अनिवार्य जानकारी प्रदान करते हैं बल्कि वे पारदर्शिता भी प्रदान करते हैं जिससे कि सामाजिक लेखा-परीक्षा की व्यापक प्रक्रिया के जरिए जनमानस के प्रति जवाबदेही प्राप्त की जा सके। इस तरह की जानकारी क्षेत्रीय कार्मिकों के लिए और नीति निर्माण में निर्णय लेने वालों के लिए उपयोग फीडबैक होती है।

सामाजिक प्रभाव

साक्षरता अभियानों से अभिप्रेरित नाटकीय सामाजिक अभिप्रेरण का विशेष रूप से महिलाओं की अधिकारिता, स्वास्थ्य और

एनएलएम की उपलब्धियाँ



- 2001 में साक्षरता दर 65.38 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि 1991 में इस आशय का प्रतिशत 52.21 था। साक्षरता दर में 13.17 प्रतिशत बिंदु वृद्धि किसी एक दशक में हुई उच्चतम वृद्धि है।
- 31 मार्च, 2003 की स्थिति के अनुसार 108.42 मिलियन व्यक्ति साक्षर वनाए गए।
- वृद्धि की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में उच्चतर है।
- पुरुष-महिला साक्षरता दर का अंतर जो 1991 में 24.84 प्रतिशत था वह 2001 में घटकर 21.70 रह गया है।
- पिछले दशक के दौरान महिला साक्षरता दर में 14.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है अर्थात् वह 39.29 प्रतिशत से बढ़ कर 54.16 प्रतिशत हो गई है जबकि पुरुष साक्षरता दर में 11.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है अर्थात् वह 64.13 से बढ़ कर 75.85 प्रतिशत हो गई है।
- लैंगिक समानता और महिलाओं की अधिकारिता भी इस प्रकार साफ दिखाई देती है कि 60 प्रतिशत सहभागी और लाभग्राही महिलाएं हैं।
- 1991-2001 के दौरान 7+ आयु वर्ग की जनसंख्या में 171.6 मिलियन की वृद्धि हुई जबकि 203.6 मिलियन अतिरिक्त व्यक्ति साक्षर बन गए।
- बिना अपवाद के सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों ने 1991-2001 के दौरान साक्षरता दरों में वृद्धि का परिचय दिया है।
- सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में पुरुष साक्षरता दर अब 60 प्रतिशत से ऊंची है। केरल में अभी भी 90.92 प्रतिशत की उच्चतम साक्षरता दर और बिहार में 47.53 प्रतिशत की निम्नतम साक्षरता दर बनी हुई है।
- निरक्षरों की वास्तविक संख्या जो कि 1991 में 328.88 मिलियन थी वह 2001 में घटकर 296 मिलियन रह गई है।

एनएलएम द्वारा साक्षरता कार्यक्रम के अधीन देश के कुल 660 जिलों में से 596 जिले शामिल किए गए हैं।



जनसंख्या स्थिरीकरण के साथ पर्यावरणात्मक जागरूकता जैसे अन्य सामाजिक क्षेत्रों पर भी बहुत प्रभाव पड़ा। पंचायती राज संस्थानों द्वारा एक प्रभावी सामाजिक कार्रवाई का ढांचा उपलब्ध कराया गया है। समाज में विशेष रूप से सुविधावंचित समूह में जागरूकता प्रोत्साहित करने से प्रजातांत्रिक भागीदारी समृद्ध हुई है। इन अभियानों से समाज में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और एक वैज्ञानिक स्वभाव तथा भारत की महान मिश्रित संस्कृति के प्रति अपनेपन की भावना और अनेकता में एकता के एहसास को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

मौजूदा स्थिति

देश के 600 जिलों में से 596 जिलों पहले ही प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन किए जा चुके हैं : 159 समग्र साक्षरता अभियानों के अधीन 198 साक्षरतोत्तर कार्यक्रम के अधीन और 239 अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अधीन। मौजूदा स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों में कार्यरत 26 राज्य संसाधन केन्द्र है। संप्रति, देश में 140 जन शिक्षण संस्थान हैं और इस संख्या में भविष्य में वृद्धि हानी है। 31 मार्च, 2003 को लगभग 108.42 मिलियन व्यक्तियों को साक्षर बनाया जा चुका है। लगभग 60 प्रतिशत लाभग्राही महिलाएं हैं जबकि 22 प्रतिशत और 12 प्रतिशत क्रमशः अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लोग हैं।

माध्यमिक शिक्षा

आलोच्य वर्ष में माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न स्कीमें तथा संस्थानगत कार्यक्रम स्कूली शिक्षा पाठ्यचर्या रूपरेखा-2000 के प्रकाश में कार्यान्वित किए जाते रहे हैं। सर्वशिक्षा अभियान, व्यावसायिक शिक्षा, सुविधाविहिन वर्गों की शिक्षा, पाठ्यपुस्तकों का निर्माण और परीक्षा सुधार एनसीईआरटी के प्राथमिक क्षेत्र बने रहे।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शैक्षणिक क्रियाकलापों की मात्रा और कोटि में पर्याप्त वृद्धि हुई है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहार वाजपेयी ने 29 जुलाई, 2003 को विज्ञान भवन में सीबीएसई के 75वें-वर्ष समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीबीएसई के शिक्षा सदन नामक नए भवन, बोर्ड के शैक्षणिक स्कंध और साथ ही सीबीएसई के शिक्षा नेट नामक इन्फोहाइवे नेटवर्क का उद्घाटन भी हुआ। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के अनुसार सीबीएसई ने 27 अप्रैल, 2003 को 16वीं अखिल भारतीय प्री-मेडिकल/प्री-डेंटल परीक्षा 2001 आयोजित की। साथ ही सीबीएसई ने 1.5.2003 को दूसरी अखिल भारतीय इंजीनियरी/वास्तुकला/फार्मेसी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया।

राष्ट्रीय मुक्त स्कूल संस्थान (एनआईओएस) नामक स्वायत्त संगठन में इस समय 3.40 लाख छात्र दाखिल हैं और इस प्रकार यह संस्थान विश्व का विशालतम मुक्त स्कूल तंत्र बन गया है। एनआईओएस ने चुनिन्दा केन्द्रों में इच्छानुसार परीक्षा प्रणाली (ओंडीईएस) शुरू कर दी है। इस स्कीम के अधीन कोई भी छात्र किसी भी दिन एनआईओएस के किसी भी एक अभिज्ञात परीक्षा केन्द्र में जा सकता है और किसी भी विषय में परीक्षा में बैठ सकता है। वर्ष के दौरान एनआईओएस का पुनर्विन्यास किया गया जिससे कि वह छात्रों के प्रति अधिक प्रभावी और जवाबदेह बन सके। छात्रों की संचयी संख्या बारह लाख का आँकड़ा पार कर चुकी है।

केन्द्रीय विद्यालयों (केवीसी) का उद्देश्य केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और रक्षा कर्मचारियों - जिनका अक्सर स्थानांतरण होता रहता है उनके बच्चों को अविच्छिन्न शिक्षा प्रदान करना (31 मार्च, 2003 की स्थिति के अनुरूप) 902 केन्द्रीय विद्यालयों में 7.26 लाख छात्र दाखिल हैं। केन्द्रीय विद्यालयों में बोर्ड की परीक्षाओं में क्रमिक सुधार का परिचय दिया है, जिसकी जानकारी इस बात से मिलती है कि 1999-2003 की अवधि के दौरान पास होने वाले छात्रों का प्रतिशत 10वीं कक्षा में 77.9 प्रतिशत से बढ़कर 84.69 प्रतिशत और 12वीं कक्षा में 83.1 प्रतिशत से बढ़कर 82.67 प्रतिशत हो गया है।

जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का उद्देश्य गावों के प्रतिभावान बच्चों को उनके परिवार की समाजार्थिक स्थिति की ओर ध्यान दिए बिना सांस्कृतिक मूल्य, पर्यावरणीय जागरूकता और शारीरिक शिक्षा सहित उत्तर स्तर की आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है।

जेएनवी स्कीम के अधीन विभिन्न राज्यों संघ शासित क्षेत्रों में 503 स्कूल खुले हुए हैं।

1974 में शुरू की गई आईईडीसी की स्कीम में राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों और एनजीओ के लिए शतप्रतिशत वित्तपोषण का प्रावधान है। यह स्कीम शीघ्र ही संशोधित की जाने वाली है। समानता सहित सुलभता की स्कीम के अधीन (एनजीओ द्वारा प्रबंधित लड़कियों के छात्रावासों की मौजूदा स्कीम तथा माध्यमिक स्कूल खोलने के लिए विख्यात एनजीओ, न्यासों, सोसायटियों तथा राज्य सरकारों आदि को एकबारगी सहायता प्रदान) दिए जाने का प्रस्ताव है। स्कूलों में कंप्यूटर ज्ञान और अध्ययन (क्लास) तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी इन दो स्कीमों का विलयन कर दिया गया है जिससे कि इन स्कीमों के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की प्रभाविता में वृद्धि की जा सके। इस स्कीम को अंतिम मंजूरी मिलने वाली है। दसवीं योजना के लिए पांच स्कीमें (स्कूली शिक्षा का पर्यावरणात्मक दिशा अनुकूलन, स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना, स्कूलों में योग को बढ़ावा, अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलमप्याड) को स्कूलों में गुणवत्तात्मक सुधार नामक एक संयुक्त स्कीम में मिला दिया गया है जिसके लिए 110 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षा

आलोच्य वर्ष के दौरान, उच्चतर शिक्षा में क्रियाकलापों का मुख्य बल इन क्षेत्रों पर रहाः

- उच्चतर शिक्षा प्रणाली की उन्नति।
- विश्वविद्यालयों और कालेजों का सामान्य विकास।
- सुलभता और समानता का संवर्धन।
- गुणवत्ता और उत्कृष्टता के संवर्धन के लिए कार्यक्रम।
- विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के व्यक्तियों के लिए कार्यक्रम।
- अनुसंधान का सुदृढ़ीकरण।


विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), जिसकी स्थापना 1953 में उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्रियाकलापों का समन्वय करने के उद्देश्य से की गई थी, उसने ऊपर बताए गए उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की। इन योजनाओं में विश्वविद्यालयों और कालेजों का प्रत्यायन, उत्कृष्टता के विश्वविद्यालयों की प्रोन्नति, क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्रों की प्रोन्नति, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के विशेष सैलों की स्थापना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आधारिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता, अंतःविश्वविद्यालयी केन्द्रों की स्थापना, देश में और विदेशों में आयोजित संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लेना तथा विश्वविद्यालयों में कंप्यूटर केन्द्रों की स्थापना। यूजीसी ने 16 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण और विकास अनुदान भी आबंटित किए हैं।



राष्ट्रीय मुक्त स्कूल सस्थान (एनआईओएस) नामक स्वायत्त संगठन में इस समय 3.40 लाख छात्र दाखिल हैं और इस प्रकार यह संस्थान विश्व का विशालतम मुक्त स्कूल तंत्र बन गया है । एनआईओएस ने चुनिन्दा केन्द्रों में इच्छानुसार परीक्षा प्रणाली (ओंडीईएस) शुरू कर दी है। इस स्कीम के अधीन कोई भी छात्र किसी भी दिन एनआईओएस के किसी भी एक अभिज्ञात परीक्षा केन्द्र में जा सकता है और किसी भी विषय में परीक्षा में बैठ सकता है ।

1985 में स्थापित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (इग्नू) ने देश में मुक्त विश्वविद्यालय और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दिया। इसने जनसंख्या के विशाल वर्गों को अवसर उपलब्ध कराके उच्चतर शिक्षा की सुलभता का विस्तार किया। इग्नू ने एकीकृत मल्टीमीडिया अनुदेशन कार्यनीति अपनाई। ज्ञानदर्शन नामक एक शैक्षिक टी.वी. चैनल और ज्ञानवाणी नामक एक एफ.एम. रेडियो चैनल के कारण इग्नू के विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इग्नू ने ऐसे कार्यक्रम विकसित और आयोजित करने के लिए, जो सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक हों और रोजगारोन्मुखी हों, एक महिला शिक्षा यूनिट की स्थापना की है।

मौजूदा वर्ष में चिकित्सीय शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, और प्रबंध जैसे बहुविध क्षेत्रों से संबंधित 8 संस्थानों को सम विश्वविद्यालयों का दर्जा प्रदान किया गया है।



भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान (आईआईएएस), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद (एनसीआरआई) जैसी अनुसंधान परिषदों ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। विश्वविद्यालय प्रणाली से बाहर रहकर काम करने वाली इन अनुसंधान परिषदों ने सामाजिक विज्ञान, इतिहास, दर्शनशास्त्र और अंतःविषयक्षेत्रीय क्षेत्रों में अनुसंधान और सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया।

यूनाइटेड स्टेट्स एजूकेशनल फाउंडेशन इन इंडिया (यूएसईएफआई), शास्त्री इंडो-कनेडिया इंस्टीट्यूट (एसआईसीआई) तथा अमरीकन इंस्टीट्यूट आफ इंडियन स्टडीज जैसे संस्थानों ने विभिन्न विषयों पर अनुसंधान के लिए अध्येतावृत्तियों की पेशकश करके द्विपक्षीय शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा दिया।

तकनीकी शिक्षा


देश में तकनीकी शिक्षा प्रणाली के अधीन इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी, प्रबंध, वास्तुकला, नगर आयोजना, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त कलाएं और शिल्प में पाठ्यक्रम और कार्यक्रम शामिल रहते हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय स्नातक पूर्व, स्नातकोत्तर और शोध स्तरों पर कार्यक्रमों की देखभाल करता है।

केन्द्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा प्रणाली में ये शामिल हैं : अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) जो कि तकनीकी शिक्षा प्रणाली की समुचित आयोजना और समन्वित विकास के लिए एक सांविधिक निकाय है, सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जो कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं, छः भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), पांच सम-विश्वविद्यालय अर्थात् भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बंगलौर, भारतीय खान स्कूल (आईएसएम), धनबाद, आयोजना और वास्तुला स्कूल (एसपीए) नई दिल्ली, आईआईआईटीएम, ग्वालियर तथा आईआईआईटी, इलाहाबाद, 17 राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान (एनआईटी) तथा केन्द्रीय क्षेत्र में अन्य तकनीकी संस्थान, जैसेकि राष्ट्रीय फाउंडरी तथा फोर्ज टेक्नोलॉजी संस्थान (एनआईएफएफटी) रांची, राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान (एनआईटीआईई), मुम्बई, संत लोंगोवाल इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएलआईईटी), लोंगोवाल पूर्वोत्तर विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रीय संस्थान (एनईआरआईएसटी), ईटानगर, चार तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान (टीटीटीआई) तथा

चार प्रशिक्षु प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी)। केन्द्रीय स्तर पर अन्य स्कीमों में ये शामिल हैं: प्रशिक्षु प्रशिक्षण कार्यक्रम (छात्रवृत्तियाँ और स्टाइपेंड) तकनीकी शिक्षा के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता; सामुदायिक पोलटेक्निक; पोलटेक्निक शिक्षा के सुधार के लिए विश्व बैंक परियोजना; भारत सरकार का तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी); विकलांग व्यक्तियों के लिए पोलिटेक्निक; व्यावसायिक और विशेष सेवाओं के लिए भुगतान; केन्द्रीय संस्थाओं तथा एनआईटी को प्रत्यक्ष केन्द्रीय सहायता, इंजीनियरी प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं तथा तकनीकी शिक्षा के ध्यातव्य क्षेत्रों का अनुसंधान और विकास, आधुनिकीकरण तथा अप्रचलन की समाप्ति; सूचना प्रौद्योगिकी में मानव संसाधन विकास; दूरस्थ और वेब आधारित शिक्षा को सहयोग; भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एलपीईईई); विज्ञान और प्रौद्योगिक कंसोरटियम के लिए भारतीय नेशनल डिजिटल पुस्तकालय (आईएनडीएलएसटी); एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकांक; विदेशी शिष्टमंडलों और विदेशी विशेषज्ञों पर खर्च; प्रौद्योगिकी विकास मिशन। तकनीकी शिक्षा प्रणाली में एक सरकारी क्षेत्र का उद्यम, अर्थात् एजूकेशनल कंस्लटेंटस इंडिया लि0 (एडसिल) मौजूद है।

आलोच्य वर्ष में सारे देश में मुख्यतः निजी पहल जुटाकर एआईसीटीई के अनुमोदन से बहुत बड़ी संख्या में इंजीनियरी कालेज तथा अन्य तकनीकी संस्थान खोले गए। पूर्व की भाति ही, आईआईटी, आईआईएम, आईआईएस जैसे राष्ट्रीय महत्व - उत्कृष्टता के संस्थानों और आईएसएम, एसपीए, आईआईआई-टीएम, आईआईटी, एनआईएफएफटी, एनआईटीआईई, टीटीटीआई, एनईआरआईएसटी, एसएलआईईटी, आदि जैसे अन्य केन्द्रीय संस्थानों ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए अनुदेशात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया। रुड़की में आईआईटी तथा कोजीकोडे और इंदौर में स्थित नए आईआईएम पूरी तरह प्रचालनात्मक हो गए हैं।

सामुदायिक पॉलटेक्निकों की योजना ने तकनीकी शिक्षा में प्रौद्योगिकीय उन्नतियों और उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को ग्रामीण समाज को अंतरित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विकलांगों के लिए पॉलिटेक्निकों की स्थापना आलोच्य वर्ष में एक ऐतिहासिक घटना रही है। तकनीकी शिक्षा के ध्यातव्य क्षेत्रों के आधुनिकीकरण और अप्रचलन की समाप्ति तथा अनुसंधान और विकास की योजनाओं के अधीन बहुत सारे केन्द्रीय तकनीकी संस्थान प्रयोगशालाओं सहित और अपने आर एंड डी आधार का




तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में भारत सरकार के पहले से चले आ रहे प्रयासों की प्रेरणात्मक वृद्धि और उन्हें सहयोग प्रदान करना है। यह कार्यक्रम केन्द्रीय समन्वित बहुराज्य दीर्घकालीन कार्यक्रम के रूप में मार्च, 2003 से लागू किया गया है।

विकास करके अपनी आधारिक सुविधाओं के स्तरोन्नयन से लाभान्वित हुए। इंजीनियरों, तकनीशियनों तथा 10+2 व्यावसायिक धारा पास करने वालों के लिए प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त कराने में सहायता प्रदान की। आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, एनआईटी जैसे राष्ट्रीय गौरव - उत्कृष्टता के संस्थानों में उपलब्ध आधारिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और समेकन पर और अधिक बल दिया गया।

देश के प्रमुख भागों में भूकम्प की उच्च संभावनाओं और भूकम्प - प्रवण ढाँचों पर कम बल दिए जाने के कारण देश में भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा पर अधिक बल दिए जाने के निमित्त भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा (एनपीईईई) का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया है।

यूजीसी ने 6 अक्तूबर 2003 से विश्वविद्यालयों का ईजरनल सहायता संघ शुरू किया। उच्च विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा में अनुसंधान उत्पादनशीलता बढ़ाने और इन संस्थानों में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए सभी केन्द्रीय तकनीकी संस्थानों में इलेक्ट्रानिक पत्रिकाओं और डाटा बेसों की सुलभता उपलब्ध कराई जा रही है। अन्य संस्थान भी इस कंसोटोरियम से जुड़कर न्यून सीमांत लागतों को लाभ उठा सकते हैं।

नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) का लाभ उठाने, अधिगम प्रभाविता का संवर्धन करने तथा उच्च स्तरीय शिक्षा की सुलभता का विस्तार करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी



संवर्धित अधिगम का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-टीईएल) शुरू किया जा रहा है। इससे प्रौद्योगिकी चैनल को डिजिटल वीडियो आधारित पाठ्यक्रमों/संवर्धन कार्यक्रमों के रूप में सतत् आधार पर अंतर्वस्तु सहयोग प्राप्त होगा। इसके अलावा, इससे समूची तकनीकी शिक्षा प्रणाली में अधिगम प्रभाविता को बढ़ाने के लिए वेब आधारित पाठ्यक्रम/कार्यक्रम निर्मित करने में भी मदद मिलेगी।

इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर शिक्षा और अनुसंधान की प्रोन्नति के लिए नीतिगत रूपरेखा प्रस्तुत की गई जिससे कि स्नातकोत्तर शिक्षा पर और इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी पर बल दिया जा सके। यूजीसी, एआईसीटीई जैसे शीर्षस्थ निकायों तथा शैक्षिक संस्थानों ने नीतिगत रूपरेखा में दी गई कार्यनीतियों के कार्यान्वयन की दिशा में उपाय किए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुसरण में तथा आईआईटी की तर्ज पर देश के सभी तकनीकी शिक्षा संस्थानों में स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों-दोनों में क्रेडिट आधारित समेस्टर प्रणाली शुरू की जा रही है।

आईटी और सम्बद्ध क्षेत्रों में उच्च स्तरीय जनशक्ति की उभरती मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। इस दिशा में एक राष्ट्रीय कार्यबल की सिफारिशों के आधार पर आईटी में मानव संसाधन विकास का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया है। राज्य सरकारों और उद्योग की ओर से भी इसी प्रकार की पहलें की गई हैं।

व्यावसायिक संस्थान में दाखिला लेने में अनेक प्रवेश परीक्षाओं में बैठने के कारण छात्रों और उनके अभिभावकों को होने वाले मानसिक आघात को कम करने के उद्देश्य से यूजीसी ने 6 अक्तूभर 2003 से विश्वविद्योलयों का ईजरनल सहायतासंघ् शुरू किया

मंत्रालय ने विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिलों को सुचारु रूप देने के लिए अनुदेश जारी किए। तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में भारत सरकार के पहले से चले आ रहे प्रयासों की परिणात्मक वृद्धि और उन्हें सहयोग प्रदान करना है। यह कार्यक्रम केन्द्रीय समन्वित बहुराज्य दीर्घकालीन कार्यक्रम के रूप में मार्च, 2003 से लागू किया गया है। उत्तम निष्पादन करने वाले संस्थानों के चयन के दो से तीन चक्रों में परस्परव्यापी चरण होंगे। पहले चक्र के चरण के लिए हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश - इन छः राज्यों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चुना गया है। पहले चरण के दौरान 18 शीर्ष संस्थाओं सहित 70 से 80 इंजीनियरी संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

कनाडा - भारत संस्थान उद्योग सम्बद्ध परियोजना कनाडा और भारत की सरकारों द्वारा समर्थित (सीआईआईआईएलपी) नामक एक द्विपक्षीय तकनीकी शिक्षा परियोजना प्रचालन में है। यह परियोजना 5 राज्यों, अर्थात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़ में अभिज्ञात पोलीटेक्निकों और इंजीनियरी कालेजों में संधारणीय और अनुकरणीय उद्योग - संस्थान संबंध मॉडल विकसित और प्रभावी रूप से अनुकूलित करने पर बल देती है। ऐसी परिकल्पना की गई है कि यह परियोजना प्रणाली की प्रभाविता और कारगरता को बढ़ाकर तकनीकी शिक्षा प्रणाली को समाजार्थिक वातावरण के प्रति अधिक जवाबदेह बनाने में भारत सरकार के प्रयासों में सहायता करेगी।

पुस्तक प्रोन्नति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए मंत्रालय के अधीन पुस्तक प्रोन्नति प्रभाग निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रयासरत

रहता है। जनसंख्या के सभी वर्गों के लिए पुस्तकों को सुलभ बनाना, पाठ्यपुस्तकों और कार्यपुस्तकों सहित बच्चों के लिए पुस्तकों के स्तर में सुधार लाना, स्वदेशी पुस्तक प्रकाशन उद्योग का विकास तथा देश में पुस्तकों में रुचि बढ़ाना।

इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति निम्न माध्यमों से की जा रही है:

- सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास।
- पुस्तक प्रोन्नति क्रियाकलापों और स्वैच्छिक एजेंसियों की स्कीम।
- दसवीं योजना के दौरान शैक्षिक पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता की एक नई स्कीम शुरू की जाने वाली थी ताकि समाज के एक पुस्तकप्रेमी समाज के रूप में बदलने की दिशा में पहले से किए जा रहे क्रियाकलापों में तेजी लाई जा सके। तथापि अब इस स्कीम को स्कूल प्रभाग की गुणवत्ता सुलभता स्कीम के साथ मिलाने का निर्णय लिया गया है।

पुस्तक प्रोन्नति क्रियाकलापों और स्वैच्छिक एजेंसियों की स्कीम

इस स्कीम के अधीन मंत्रालय, स्वैच्छिक संगठनों और प्रकाशकों तथा लेखकों के संघों को पुस्तक प्रोन्नति क्रियाकलापों से संबंधित संगोष्ठियों, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं और वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए सहायता-अनुदान प्रदान करता है। साथ ही दिल्ली पुस्तक मेला और राष्ट्रीय पुस्तक मेले आदि आयोजित करने के लिए विख्यात स्वैच्छिक एजेंसियों को अनुदान भी दिया जाता है। सहायता-अनुदान समिति द्वारा अनुमोदित कुल व्यय के अधिक से अधिक 75% तक के लिए अनुदान दिया जाता है।

बजट आबंटन 2003-04 पर स्कीम के लिए बजट आबंटन 1.00 करोड़ रुपए है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत एकमात्र ऐसा शीर्षस्थ संगठन है जो कि अंग्रेजी, हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में बच्चों के लिए तथा नवसाक्षरों के लिए साक्षरतोत्तर सामग्री सहित उपन्यास और विभिन्न विषयों पर उपन्यासेतर पुस्तकें उचित मूल्यों पर प्रकाशित करके समाज के पढ़ने वाले सभी वर्गों की जरूरतें पूरी करता है ।

न्यास के क्रियाकलाप पांच स्थूल शीर्षों के अधीन बांटे जा सकते हैं :

- प्रकाशन;
- पुस्तकों और पढ़ने को बढ़ावा;
- विदेशों में भारतीय पुस्तकों को बढ़ावा;
- लेखकों और प्रकाशकों की सहायता; और
- बाल साहित्य को प्रोत्साहन ।

एनबीटी (योजनागत और योजनेतर) के लिए ब.अ. 2003-04 पर कुल बजट 15.70 करोड़ रुपए है। 2003-04 के दौरान दिल्ली को विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किए जाने संबंधी क्रियाकलापों का समन्वय करने के लिए एनबीटी को एक नोडल एजेंसी भी बनाया गया है ।

कापीराइट और सम्बद्ध अधिकार

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए व्याख्याताओं के रूप में नियुक्ति के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर अंकों के मामले में 5 प्रतिशत की छूट देता है (यानि 55 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत)। आयोग ने राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (एनईटी) परीक्षा देने के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर आवश्यक अंकों को अनुसूचित जाति/जनजाति के मामले में घटा कर 50 प्रतिशत किया है ।
- यूजीसी में विभिन्न विषयों में शैक्षणिक दक्षताओं और भाषा संबंधी निपुणता में सुधार लाने और उनकी बोधगम्यता के स्तर को बढ़ाने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उपचारी और विशेष कोचिंग का प्रावधान है। विश्वविद्यालयों को विस्तार क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। इस स्कीम के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों सहित समाज के सभी वर्ग शामिल किए जाते हैं।
- माध्यमिक चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए कुल 43,000 छात्रवृत्तियों में से, 13,000 छात्रवृत्तियाँ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आबंटित की जाती है। एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा शोध योजना के अंतर्गत केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को 225 छात्रवृत्तियाँ आवंटित की जाती हैं।
- केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के पास अनुसंधान, विकासशील जनशक्ति और जनजातीय भाषाओं सहित भारतीय भाषाओं में सामग्री उत्पादन के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विकास की एक स्कीम है। संस्थान ने 90 से अधिक जनजातीय और सीमांत भाषाओं पर काम किया है।
- माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में छात्राओं के लिए बोर्डिंग और छात्रावास सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों और समाज के दुर्बल वर्गों की किशोर लड़कियों के नामांकन में सुधार के लिए स्वैच्छिक संगठनों को शत-प्रतिशत आर्थिक सहायता दी जाती है। शैक्षिक दृष्टि से पिछले जिलों और अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अन्य अल्पसंख्यकों की बहुलता वाले जिलों से प्राथमिकता दी जाती है।
- कस्तूरबा गांधी स्वतंत्र विद्यालय स्कीम का उद्देश्य अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों से संबंधित महिलाओं के बीच साक्षरता को बढ़ाना है। जिन जिलों में महिलाओं की साक्षरता दर 10 प्रतिशत से कम है, उनमें 500 आवासीय स्कूल खोलने का विचार है। शुरू में ये स्कूल पांचवीं कक्षा तक होंगे तथा बाद में उनका उन्नयन किया जाएगा।
- न्यून महिला साक्षरता दर वाले जिलों के रूप में 146 जिलों की पहचान की गई है जहां ऐसे कार्यक्रम/स्कीमों को कार्यान्वित करने के लिए केन्द्र और साथ ही राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा केन्द्रित ध्यान दिया जाएगा।
- समग्र साक्षरता अभियान के अधीन कुल मिलाकर जितने छात्रों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से 24 प्रतिशत अनुसूचित जातियों के तथा 12 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों के हैं ।
- सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के अधीन जो कि प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के लक्ष्य की पूर्ति के लिए एक प्रमुख स्कीम है, 2010 तक 6-14 वर्ष तक के सभी बच्चों

आम जनता की तुलना से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की साक्षरता दरों में वृद्धि

वर्ष	आम जनसंख्या			अनुसूचित जातियाँ			अनुसूचित जनजातियाँ		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
1991	64.13	39.29	52.21	49.91	23.76	37.41	40.65	18.19	29.60
2001	75.85	54.16	65.38	66.38	41.44	54.34	59.00	34.42	46.84
% वृद्धि	11.72	14.87	13.17	16.47	17.68	16.93	18.35	16.33	17.24

को उपयोगी और प्रासंगिक प्रारंभिक शिक्षा प्रदान किए जाने का प्रावधान है। साथ ही स्कूलों के प्रबंध में समुदाय की सक्रिय सहभागिता से सामाजिक, क्षेत्रीय और लैंगिक विपमताएं समाप्त करने के लिए भी एक लक्ष्य रखा गया है। इन समुदायों के लिए एसएसए के अधीन निम्न प्रमुख हस्तक्षेपनीय उपाय किए गए हैं:

- नए स्कूल और शिक्षा गारंटी केन्द्र खोलना ताकि जिन वस्तियों में एक भी प्राथमिक स्कूल नहीं है उनमें 200-300 आबादी वाली बस्ती में स्कूली सुविधाएं सुनिश्चित हो सकें।
- प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा पूरी करने वालों की संख्या पर निर्भर रहते हुए 1:2 के अनुपात में नए उच्च प्राथमिक स्कूल खोलना ।
- अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को उच्च प्राथमिक स्तर तक निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें।
- सामुदायिक नेताओं का प्रशिक्षण ताकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपने बच्चों का नामांकन करने के लिए प्रेरित किया जा सके।
- अनुसूचित जातियों/अनुसूचितस जनजातियों के बच्चों के लिए नवचारी हस्तक्षेपणीय उपायों तथा शैक्षिक विकास के निमित्त प्रत्यके जिले से प्रतिवर्ष 15.00 लाख रुपए तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता का प्रावधान।



माध्यमिक चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए कुल 43,000 छात्रवृत्तियों में से, 13,000 छात्रवृत्तियाँ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आभंटित की जाती है ।

- जो बच्चे अपनी पढ़ाई औसत छात्र के बराबर नहीं कर पाते उनके लिए सेतु पाठ्यक्रम तथा उपचारी शिक्षण।
- अधिकांशतः अनुसूचित जातियों/जनजातियों के बच्चों के लाभ के लिए स्कूल में दाखिल न हो सकने वाले बच्चों को नियमित स्कूलों की मुख्यधारा में शामिल करने पर बल देते हुए वापिस स्कूल शिविरों का प्रावधान।
- विशिष्ट परिवारों के बच्चों की स्कूली आवश्यकताओं पर वल देते हुए अनुसूचितय जातियों/ जनजातियों से सामुदायिक आयोजकों की नियुक्ति।
- स्कूल प्रबंध में अनुसूचित जातियों/जनजाति समुदायों, विशेष रूप से अभिभावकों के समुचित प्रतिनिधित्व द्वारा स्कूल के स्वामित्व का एहसास सुनिश्चित करना।
- दुर्बल वर्गों के बच्चों की हाजरी पर निगाह रखना तथा उन्हें शिक्षा में बनाए रखना सुनिश्चित करना।

प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता तथा माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभागों के आवंटित बजटों में से 15.00 प्रतिशत तथा 7.50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए क्रमशः विशेश घटक योजना तथा जनजातीय उपयोजना के अधीन आवंटित किया जाता है। माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग ने अपनी वार्षिक योजना 2003-04 के लिए अपने 2,125,00 करोड़ रुपए के योजना परिव्यय में से एससीपी और टीएसपी के लिए सैद्धांतिक रूप से क्रमशः 318.75 और 159.38 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग ने अपनी वार्षिक योजना 2003-04 के लिए अपने 4900.00 करोड़ रुपए के वार्षिक योजना परिव्यय में से एससीपी और टीएसपी के लिए क्रमशः 73500 करोड़ रुपए और 367.50 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं।

जैसाकि तालिका से स्पष्ट होगा, 1991-2001 के दशक के दौरान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता दरों में सामान्य जनता की तुलना में उच्चतर वृद्धि हुई है।

■■■

5 पूर्वोत्तर क्षेत्र में शैक्षिक उन्नति



प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपना व्यय बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 2002-03 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग का व्यय सं.अ. का 6.93 प्रतिशत तथा जो कि पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय सुधार का परिचायक है।

अक्तूबर, 1996 में गुवाहटी में तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा पूर्वोत्तर (एनई) राज्यों के संबंध में घोषित की गई नई पहलों के अनुसरण में श्री एसपी शुक्ला, सदस्य, योजना आयोग की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय आयोग का गठन किया गया जिसे सात पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी न्यूनतम सेवाओं (बीएमएस) में पिछड़ेपन और पूर्वोत्तर क्षेत्र में शिक्षा सहित आधार-तंत्रीय विकास के मुख्य क्षेत्रों में कमियों की गहराई से जांच करनी है।

शुक्ला आयोग की सिफारिशों को कार्यरूप देने के प्रयोजन से वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण (1998-99) में पूर्वोत्तर राज्यों तथा सिक्किम में विशिष्ट कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए संसाधनों के असमाप्य केन्द्रीय पूल का निर्माण किए जाने की घोषणा की थी। यह निर्णय लिया गया था कि सभी केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों को इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्यक्रमों के विकास के लिए अपने बजट का 10 प्रतिशत हिस्सा आबंटित करना चाहिए। इस मानदंड के अनुसार किसी मंत्रालय/विभाग (उन्हें छोड़कर जिन्हें विशेष रूप से छूट दी गई है) द्वारा प्रावधान के प्रयोग में जितनी मात्रा में कमी रह जाएगी, उतनी राशि पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय संसाधन पूल नामक लोक लेखे में नई आरक्षित निधि में अंतरित कर दी जाएगी। पूर्वोत्तर विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक अंतःमंत्रालयी समिति संसाधनों के समाप्य केन्द्रीय पूल (एनएलसीपीआर) की देखभाल कर रही है।

केन्द्रीय संसाधनों का असमाप्य केन्द्रीय पूल (एनएल-सीपीआर)

विभाग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर एनएलसीपीआर की देखभाल करने वाली अधिकारप्राप्त समिति ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में शैक्षिक आधारित तंत्र के विकास के लिए अभी तक 444.90 करोड़ रुपए की लागत के प्रस्तावों को मंजूरी दी है और इसमें से 355.13 करोड़ रुपए की राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

कन्द्रीय क्षेत्रक में से प्रस्ताव मुख्यतः केन्द्रीय संसाधनों के आधार तंत्र के विकास से संबंधित हैं, जैसेकि पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनईआरआईएसटी), ईटानगर, पूर्वोत्तर में चार केन्द्रीय विश्वविद्यालय और जेएनयू तथा इग्नू तथा इसमें स्टाफ क्वार्टरों, शैक्षणिक भवनों, पुस्तकालय भवनों, प्रशासनिक भवनों का निर्माण और प्रयोगशाला उपस्करों आदि की खरीद शामिल है। परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

एनएलसीपीआर को शासित करने वाले संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार केन्द्रीय क्षेत्र की परियोजना केवल पहले वर्ष एनएलसीपीआर द्वारा वित्तपोषित की जाएंगी, जिसके बाद संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों से अपने बजटीय संसाधनों में से इन परियोजनाओं को पूरा करना है। विभिन्न विकल्पों पर विचार करने के बाद माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग ने 2003-04 के दौरान निम्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए अपने बजट में से योजनागत व्यय मंजूर किया है:

तेजपुर विश्वविद्यालय	11.03 करोड़ रुपए
उत्तर-पूर्व पर्वतीय विश्वविद्यालय (नेहू)	16.44 करोड़ रुपए
असम विश्वविद्यालय	10.00 करोड़ रुपए
नागालैंड विश्वविद्यालय	35.00 करोड़ रुपए
नागालैंड विश्वविद्यालय का कोहिमा परिसर	10.00 करोड़ रुपए
एनआरई छात्रावास, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू)	2.95 करोड़ रुपए


विभागों की स्कीमों के अधीन पूर्वोत्तर क्षेत्र की निधियों के प्रवाह का अनुश्रवण

सरकार की नीति के अनुसरण में माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान अपनी विभिन्न स्कीमों के अधीन तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित अपने संस्थानों के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अपने बजट के 10 प्रतिशत अथवा इसके आसपास के निर्धारित स्तर तक खर्च कर सका है।

प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग भी पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपना व्यय बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 2002-03 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा तथा साक्षरता विभाग का व्यय सं.अ. का 6.93 प्रतिशत बैठता है जोकि पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय सुधार का परिचायक है ।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में समाजार्थिक विकास के लिए प्रधानमंत्री की कार्यसूची

पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के साथ 21-22 जनवरी, 2000 को हुए सम्मेलन के बाद माननीय प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के समाजार्थिक विकास के लिए अपनी कार्यसूची की घोषणा की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के समाजार्थिक



विकास के लिए प्रधानमंत्री की कार्यसूची में शामिल एक पहल का संबंध मिजोरम में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने और उसके विकास के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि आबंटित किए जाने के साथ था। मिजोरम विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000, 2 जुलाई, 2001 से लागू हुआ। प्रोफेसर ए.के. शर्मा ने मिजोरम विश्वविद्यालय के पहले उप-कुलपति के रूप में 2 जुलाई, 2001 को पदभार संभाला। विश्वविद्यालय के पहले कुल सचिव और वित्त अधिकारी की नियुक्ति भी की जा चुकी है। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय परिसर के आधारिक तंत्र के विकास के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास विभाग ने शुरू में संसाधनों के असमाप्य केन्द्रीय पूल (एनएलसीपीआर) में से इस परियोजना को मंजूरी देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की। तथापि पीएमओ द्वारा ली गई एक बैठक के फलस्वरूप विभाग एनसीएलपीआर के अधीन इस परियोजना का वित्तपोषण करने को राजी हो गया है और उसने 23 करोड़ रुपए का अनुदान पहले ही मंजूर कर दिया है। इस तरीके से राज्य सरकार को मिजोरम विश्वविद्यालय से दिए जाने के लिए 4.55 करोड़ रुपए की पहली किश्त भी मंजूर की जा चुकी है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में इग्नू की पहलें

एक सहयोगात्मक पहल के रूप में इग्नू के संचय और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में निर्मित 400 से अधिक सामुदायिक सूचना केन्द्रों (सीआईसी) का प्रयोग करने के लिए उस मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि पूर्वोत्तर क्षेत्र में इग्नू के छात्रों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा सके।

इग्नू ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय का इस आशय का अनुरोध स्वीकार कर लिया है कि मिजोरम राज्य के उद्यमकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए सीएफटीआरआई मैसूर के सहयोग से एक खाद्य प्रसंस्करण में एक मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। एक बैच की प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और शेष प्रशिक्षण पर कार्रवाई चल रही है।

इग्नू ने पूर्वोत्तर राज्यों की सरकारों के साथ दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से एक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के अप्रशिक्षित अध्यापकों को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करने के लिए आईटी मंत्रालय द्वारा स्थापित सीआईसी का प्रयोग करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनसीटीई की पहलें

मानव संसाधन विकास मंत्रलय, एनसीटीई तथा इग्नू के संयुक्त प्रयासों के अधीन पूर्वोत्तर राज्यों के अप्रशिक्षित अध्यापकों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए इग्नू द्वारा 'प्राथमिक शिक्षा में प्रमाण-पत्र' का छः महीने का एक कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसे एनसीटीई ने मान्यता प्रदान कर दी है। अनेक राज्य इस कार्यक्रम का लाभ पहले ही उठा चुके हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में भाषा विकास के लिए पहलें

विभाग के अधीन भाषा संस्थानों द्वारा किए गए क्रियाकलाप इस प्रकार हैं:

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (सीएचडी)

शिलांग और गुवाहटी में अपने क्षेत्रीय केन्द्रों सहित केन्द्रीय

हिन्दी निदेशालय हिन्दी की प्रोन्नति और विकास के लिए अनेक स्कीमें कार्यान्वित कर रहा है।

व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों सहित पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से अहिन्दीभाषी भारतीयों तथा विदेशियों को दूसरी भाषा के रूप में हिन्दी पढ़ाना।

अहिन्दीभाषी राज्यों के लिए हिन्दी लेखन पुरस्कार स्कीम के अधीन वर्ष 2002-03 के दौरान मणिपुर के एक लेखक को 50,000 रुपए का एक पुरस्कार प्रदान किया गया है।

हिन्दी की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए निदेशालय द्वारा अहिन्दीभाषी राज्यों में स्थित स्कूलों, कालेजों और सार्वजनिक पुस्तकालयों को हिन्दी की पुस्तकें तथा पत्रिकाएं मुफ्त उपहार के रूप में दे दी जाती है। वर्ष 2002-03 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में 113 पुस्तकालयों से 6,700 पुस्तकें भेंट की गई।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (सीएसटीटी)

मणिपुरी के संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद सीएसटीटी ने मणिपुरी पर काम शुरू कर दिया है और अभी तक लगभग 17 विषयों में 13,000 से अधिक तकनीकी शब्दों का निर्माण किया जा चुका है। असमिया भाषा में स्तरीय पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए गुवाहटी विश्वविद्यालय और डिब्रुगढ़ में दो सेल स्थापित किए गए। अपनी स्थापना के बाद से इन सेलों द्वारा 412 और 337 पुस्तकें तैयार कर ली गई हैं। चालू वित्तीय वर्ष में पाठ्यपुस्तकों का निर्माण करने के लिए गुवाहटी विश्वविद्यालय से 8 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा (केहिसंआ)

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के गुवाहटी और शिलांग में स्थित क्षेत्रीय केन्द्र पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित करते रहे हैं। 2002-03 की उपलब्धियों में ये शामिल हैं : नागालैंड और मेघालय के लिए पाठ्यपुस्तकों का निर्माण, हिन्दी-मणिपुरी द्विभाषी शब्दकोष, असम और नागालैंड के अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या/दिशा अनुकूल पाठ्यक्रम।

केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

सीआईआईएल का पूर्वोत्तर क्षेत्रीय भाषा केन्द्र 37 अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों से त्रिभाषा सूत्र कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षित कर रहा है। इसके अलावा, संस्थान ने निम्न का आयोजन किया है:



- नेपाली में दिशा अनुकूल पाठ्यक्रम चरण 1 तथा 2,
- इदु मिश्मी पाठ में प्रशिक्षण,
- गुवाहटी में माहासिंग में दिशा अनुकूल पाठ्यक्रम,
- प्राथमिक स्कूल अध्यापकों का माहासिंग में दिशा अनुकूल पाठ्यक्रम,
- भावी पर गहन पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कार्यशाला।

राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रोन्नति परिषद्

परिषद ने पूर्वोत्तर में आठ कंप्यूटरीकृत सुलेखन प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए हैं जो एक वर्ष का 'कंप्यूटर अनुप्रयोग तथा बहुभाषी डीटीपी में डिप्लोमा' पाठ्यक्रम चला रहे हैं जिसमें युवकों को डीटीपी आपरेटरों, डाटा एंट्री आपरेटरों, विजुअल डिजाइनरों आदि के रूप में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। वर्ष 2002-03 के दौरान परिषद ने इन केन्द्रों पर 29.46 लाख रुपए का खर्च किया है। उर्दू, अरबी और फारसी को बढ़ावा देने के लिए परिषद ने संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से अंशकालिक अध्यापक नियुक्त करने के लिए स्वैच्छिक एजेंसियों/एनजीओ को सहायता अनुदान मंजूर किया है। 2002-03 के दौरान इस प्रयोजन के लिए 11.40 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

तीसरी तकनीशियन शिक्षा परियोजना

विभाग 6 पूर्वोत्तर राज्यों सहित 8 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन एकक (एनपीआईयू) के माध्यम से यह परियोजना चला रहे हैं। परियोजना का उद्देश्य इन अल्प विकसित और दूरस्थ राज्यों में तकनीशियन शिक्षा प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण करना है। इस परियोजना का उद्देश्य तकनीशियन शिक्षा की सुलभता की पेशकश करके समाज के सुविधाविहीन वर्गों (महिलाएं, अनुसूचित जनजातियां, अल्पसंख्यक तथा ग्रामीण युवा) को लाभ पहुंचाना भी है।

परियोजना पांच वर्षों की अवधि के लिए बाह्य वित्तपोषित रही है और जनवरी, 2000 से शुरू हुई है। 6 पूर्वोत्तर राज्यों में परियोजना के ढाई वर्ष पूरा होने के बाद कुल परियोजना लागत संशोधित करके 234.84 करोड़ रुपए कर दी गई है (अरुणाचल प्रदेश 26.71 करोड़ रुपए, मेघालय 45.75 करोड़ रुपए, मिजोरम 36.15 करोड़ रुपए, नागालैंड 45.00 करोड़ रुपए, सिक्किम 56.00 करोड़ रुपए तथा त्रिपुरा 25.23 करोड़ रुपए)।

इस परियोजना का उद्देश्य तकनीशियन शिक्षा की सुलभता की पेशकश करके समाज के सुविधाविहीन वर्गों (महिलाएं, अनुसूचित जनजातियां, अल्पसंख्यक तथा ग्रामीण युवा) को लाभ पहुंचाना भी है ।

मार्च, 2004 की स्थिति के अनुसार परियोजना की उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

- 7 नए पोलीटेक्निक (अरुणाचल प्रदेश में 1, मेघालय में 2, नागालैंड में 1, सिक्किम में 2 तथा त्रिपुरा में 1) खोले गए हैं जिनमें प्रतिवर्ष 875 छात्रों के दाखिले की क्षमता है।
- 6 मौजूदा पोलीटेक्निकों (मेघालय में 1, मिजोरम में 2, नागालैंड में 2 तथा त्रिपुरा में 1) का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इन पोलीटेक्निकों के व प्रौद्योगिकी के 12 नए उभरते पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इस प्रकार प्रतिवर्ष 420 छात्र अतिरिक्त रूप से दाखिल किए जा सकेंगे।
- नए और मौजूदा पोलीटेक्निकों में 433 छात्रों के लिए छात्रावास सुविधाएं सुलभ करने की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है।
- पोलिटेक्निकों में 565 संकाय और स्टाफ को अंतर्वस्तु स्तरोन्नयन, शिक्षाशास्त्रीय, उच्च तकनीकी उपस्कर अनुरक्षण और प्रयोग प्रशिक्षण मिल चुका है ताकि उनकी प्रभाविता बढ़ाई जा सके।
- परियोजना के अधीन सभी पोलीटेक्निक स्थानीय उद्योग और समुदाय, विशेष रूप से सुविधाविहीन समूहों के लाभ के लिए सतत शिक्षा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। अभी तक 1198 व्यक्ति लाभान्वित हो चुके हैं।
- मौजूदा तथा नए पोलीटेक्निकों में प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं का आधुनिकतम प्रौद्योगिकी उपकरणों से आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा पुस्तकालयों ताजा पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं और उन्हें उच्च स्तरीय अधिगम संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।

- सभी परियोजना पोलीटेक्निकों का मुख्य भूमि में बढ़िया निष्पादन करने वाले संस्थानों के साथ नेटवर्क निर्माण कर दिया गया है तथा नेटवर्क के सांझीदारों के बीच गहन वैचारिक आदान-प्रदान के लिए सुविधाएं निर्मित की जा रही हैं जैसेकि कंप्यूटर नेटवर्क निर्माण, वीडियो कोंफ्रेंसिंग आदि/नेटवर्क निर्माण व्यवस्था के बल पर संकाय और छात्र देश में अन्यत्र उद्योग और प्रौद्योगिकी में आधुनिकतम प्रवृत्तियों के निकट संपर्क में रहते हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनसीईआरटी की पहलें

एनसीआईआरटी ने वर्ष 2003-04 में पूर्वोत्तर राज्यों में छात्रों, अध्यापकों, संसाधन व्यक्तियों आदि क लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संगोष्ठियाँ आयोजित की। इनके अधीन शामिल क्षेत्र इस प्रकार थे; पर्यावरणात्मक अध्ययन, शैक्षिक मूल्यांकन, हिन्दी की प्रोन्नति, अध्यापक प्रशिक्षणों को आईटी साधनों तथा आईटी आधारित अधिगम संस्थानों से अवगत कराना।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाएं

2003 की स्थिति के अनुसार केवीएस पूर्वोत्तर क्षेत्र में 87 केन्द्रीय विद्यालय खोले हैं, राज्यवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

1.	अरुणाचल प्रदेश	11
2.	असम	49
3.	मणिपुर	5
4.	मेघालय	7
5.	मिजोरम	2
6.	नागालैंड	6
7.	सिक्किम	2
8.	त्रिपुरा	5

केवीएस के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार प्राथमिकता श्रेणियों के अनुरूप स्थानीय लोग भी केन्द्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए पात्र है ।

जम्मू तथा कश्मीर में शैक्षिक उन्नति

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा जम्मू और कश्मीर के लिए विभिन्न विकासात्मक पैकेजों/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को प्रभावी रूप में समन्वित करने और उसमें तेजी लाने के प्रयोजन से गृह मंत्रालय (एमएचए) के जम्मू तथा कश्मीर मामला प्रभाग ने



सूचना पत्र



माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग 'पूर्वोत्तर शिक्षा टाइम्स' के नाम से सूचना-पत्र प्रकाशित कर रहा है । इस सूचना पत्र का उद्देश्य यह है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे क्रियाकलापों/कार्यक्रमों से प्रकाश में लाया जाए और पूर्वोत्तर के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयासों से अवगत कराया जाए । इस सूचना पत्र से पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत निर्माताओं की विस्तृत श्रेणी के बीच परिचालित किया जाता है।

मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में जम्मू व कश्मीर पर एक स्थायी समिति और विशेष सचिव, जम्मू तथा कश्मीर की अध्यक्षता में एक-एक कार्यकारी समूह का गठन किया है। प्रारंभिक शिक्षाच और साक्षरता विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग इस समिति/कार्यकारी समूह के सदस्य हैं। जम्मू व कश्मीर में केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन का मानीटरन करने के लिए विशेष सचिव (जम्मू व कश्मीर) की अध्यक्षता में चार उप-दलों का गठन किया गया। अर्थात् प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग तथा माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग दोनों विभाग उप-दल-।।। के अधीन आते हैं। अभी तक स्थायी समिति की तीन बैठकें कार्यकारी दल की पांच बैठकें और उपदल-।। की पांच बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। जम्मू तथा कश्मीर में केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है।

कार्यनीति नीति समूह (एसपीजी) के एक निर्णय और मंत्रियों के समूह की सिफारिश पर जम्मू व कश्मीर में केन्द्रीय-प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट जम्मू व कश्मीर मामला विभाग, गृह मंत्रालय को नियमित रूप से भेजी जाती है ताकि गृह मंत्री उनकी समीक्षा कर सकें।

श्रीनगर में अप्रैल, 2003 में और जम्मू में अगस्त, 2003 में अपनी यात्रा के दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने जम्मू और कश्मीर समाजार्थिक विकास के लिए कुछ उपायों की घोषणा की थी। इन घोषणाओं के अनुसरण में निम्न कार्रवाई की गई है :

- जम्मू तथा कश्मीर राज्य में शैक्षिक संस्थानों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए सचिव (माध्यमिक और उच्च शिक्षा) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। इस बैठक की पहली बैठक 28.7.2003 को आयोजित की गई। इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इन क्षेत्रों में तीन उपसमितियों का गठन किया गया (1) उच्च शिक्षा, (2) तकनीकी शिक्षा तथा (3) स्कूली शिक्षा। तीन उपसमितियों की रिपोर्टों पर 11.5.2004 को हुई मुख्य समिति की बैठक में चर्चा की गई।
- की गई सिफारिशें कार्यान्वियन के लिए परिचालित की जा चुकी हैं। जम्मू व कश्मीर में अगले दो वर्षों के भीतर एक लाख रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा एक कार्यबल का गठन किया गया। कार्यबल की प्रधानमंत्री द्वारा यथा अनुमोदित रिपोर्ट कार्यान्वयन के लिए परिचालित कर दी गई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 18000 नियमित वेतन वाले पदों का लक्ष्य रखा गया है जिनमं से 8900 पद जम्मू मं, 8400 पद का कश्मीर में तथा 700 पद लद्दाख में होंगे। कार्यबल की यह सिफारिश है कि सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के अधीन तीसरे अध्यापक का पद मंजूर किया जाए जिससे लगभग 15,000 शिक्षित युवकों को रोजगार मिल जाएगा। जम्मू व कश्मीर सरकार ने एसएसए के अधीन तीसरे अध्यापक के 10,179 पद, शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के 3000 पद तथा उच्च माध्यमिक स्कूल अध्यापकों (लेक्चरर) के 1821 पद अभिज्ञात किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा एसएसए के अधीन अभिज्ञात किए गए तीसरे अध्यापक के 10,179 पदों में 2003-04 के दौरान अध्यापकों के 740 पद मंजूर किए जा चुके हैं। शेष पदों के संबंध में राज्य सरकार से सलाह ली गई है कि इन भर्तियों के निमित्त अतिरिक्त अथवा विशेष अनुदान के लिए योजना आयोग के साथ संपर्क करें।

जम्मू में 29.8.2003 को अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने निम्न घोषणा की थी:

(1) जम्मू विश्वविद्यालयों तथा इसके सम्बद्ध कालेजों के विकास के लिए 30 करोड़ रुपए का एक बारगी विशेष अनुदान। इस घोषणा के अनुसरण में 30 करोड़ रुपए का एक विशेष अनुदान मंजूर कर दिया गया है जिसे चरणबद्ध रूप में जम्मू विश्वविद्यालय से प्रदान किया जाएगा। कुल मिलाकर 20.00 करोड़ रुपए की दो किश्ते 2003-04 के दौरान प्रदान भी कर दी गई है।


(2) तीन वर्षों की अवधि के भीतर इस केन्द्रीय विद्यालय भवनों के निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपए का एक बारगी अनुदान/राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से भूमि का अंतरण किए जाने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा ।

मानव अधिकार शिक्षा

संयुक्त राष्ट्र महासभा के दिनांक 23 दिसम्बर, 1994 के संकल्प के अनुसरण में, 1995-2004 की अवधि को मानव अधिकार शिक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र दशक के रूप में घोषित किया गया था और कार्य योजना को अक्तूबर, 1995 में अंतिम रूप दिया गया था। कार्य योजना तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय ने एक प्रारूपण समिति का गठन किया। शिक्षा विभाग इस समिति का एक सदस्य था। समिति ने जिस कार्य योजना को अंतिम रूप दिया, उसे गृहमंत्री ने अपनाए जाने के लिए मंजूरी दे दी। इसमें संरक्षित शैक्षिक प्रणाली के सभी घटकों के बीच मानव अधिकार शिक्षा का प्रसार करने के विभिन्न कार्यक्रम तथा शिक्षा की औपचारिक प्रणाली से बाहर की आबादी के बीच मानव अधिकार जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कार्यनीतियाँ शामिल हैं। ये कार्यबिंदु कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में हैं और कार्यान्वयन एजेसियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों के जरिए उनका मानीटरन किया जा रहा है।

■■■

6 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग



भारत सरकार ने शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मामलों में रुचि रखने वाले अपने प्रमुख निकायों को यूनेस्को के कार्य के साथ जोड़ने के प्रयोजन से 1949 में यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग (आईएनसीसीयू) की स्थापना की थी।

यूनेस्को

भारत में यूनेस्को के साथ देश के संबंधों का समन्वय करता है तथा साथ ही यह प्रभाग विदेशी शैक्षणिक संबंधों, आरोविल्ले प्रतिष्ठान अधिनियम, 1988 के अधीन स्थापित आरोविल्ले प्रतिष्ठान नामक एक स्वायत्त संगठन से संबंधित कामकाज का भी समन्वय करता है।

भारत यूनेस्को का एक संस्थापक सदस्य है। यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र की एक घटक इकाई है जिसकी स्थापना 1946 में की गई थी। यूनेस्को का मुख्य लक्ष्य लोगों के मन में शांति की रक्षा संबंधी अवधारणा का सृजन करना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति मुख्य रूप से शिक्षा के माध्यम से हो सकती है। यूनेस्को के आदर्शों और लक्ष्यों को बढ़ावा देने में भारत एक सक्रिय भूमिका निभाता रहा है और उसका पेरिस में यूनेस्को द्वारा प्राधिकृत एक स्थायी प्रतिनिधि मंडल मौजूद है।

यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग

शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मामलों में रुचि रखने वाले अपने प्रमुख निकायों को यूनेस्को के कार्य के साथ जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 1949 में यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग (आईएनसीसीयू) की स्थापना की थी। इस आयोग में इन क्षेत्रों से संबंधित पांच उप-आयोग शामिल हैं : शिक्षा, संस्कृति, संचार, सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान। मानव संसाधन विकास मंत्री आयोग के अध्यक्ष हैं ओर सचिव (माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा) आयोग के पदेन महासचिव हैं। यूनेस्को प्रभाग के प्रभारी संयुक्त सचिव आयोग के पदेन महा उप-सचिव हैं। निदेशक, यूनेस्को प्रभाग आयोग के सचिव के रूप में काम करते हैं। आयोग के सदस्यों की कुल संख्या 100 है जिनमें से 50 व्यक्तिगत और 50 संस्थागत सदस्य हैं जिन्हें पांच उप-आयोगों में समान संख्या में विभाजित कर दिया जाता है। सदस्यता का कार्यकाल चार वर्ष है। आयोग का मुख्य काम यूनेस्को से संबधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देना है।

यह आयोग यूनेस्को के कामों, विशेष रूप से यूनेस्को सचिवालय और साथ ही एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र के राष्ट्रीय आयोगों के सहयोग से अपने कार्यक्रमों के निर्माण और निष्पादन में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता रहा है। पिछले सदस्यों के कार्यकाल की समाप्ति के बाद यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग (आईएनसी) का पुनर्गठन किया जा रहा है।

आयोग के कार्यक्रम

यूनेस्को का सहभागिता कार्यक्रम

अपने सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत यूनेस्को सदस्य देशों की विभिन्न संस्थाओं को ऐसी नवोन्मेषी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो परियोजनाएं राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्क्षेत्रीय स्तरों पर यूनेस्को के लक्ष्यों के क्रियान्वयन में योगदान करें। द्वि-वार्षिकी 2002-03 के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने भारत की ओर से 18 प्रस्ताव भेजे हैं जिनमें से 1,18000 अमरीकी डालर के लागत वाले केवल छः प्रस्तावों की अब तक यूनेस्को से मंजूरी मिल चुकी थी।

यूनेस्को कूपन कार्यक्रम


शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों और संस्थाओं का विदेशी मुद्रा और आयात नियंत्रण संबंधी औपचारिकताएं पूरी किए बिना शैक्षिक प्रकाशनों, वैज्ञानिक उपकरणों, शैक्षिक फिल्मों आदि से संबंधित अपनी जायज आवश्यकताओं के लिए विदेशों से आयात के लिए तैयार की गई अंतर्राष्ट्रीय कूपन योजना को भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने संचालित करना जारी रखा। जनवरी, 2003 से मार्च, 2004 तक की अवधि के दौरान भारतीय राष्ट्रीय आयोग द्वारा यूनेस्को कूपनों की बिक्री से 34200.30 अमरीकी डालर प्राप्त हुए।

एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में एसीसीयू फोटो प्रतियोगिताएं और नेशनल फेडरेशन आफ यूनेस्को एसोसिएशन, जापान

यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग, यूनेस्को के लिए एशिया/प्रशांत महासागर सांस्कृतिक केन्द्र, टोक्यो (एसीसीयू) द्वारा आयोजित फोटो प्रतियोगिताओं में भारतीय फोटोग्राफरों की सहभागिता का समन्वय करता रहा है।

यूनेस्को कूरियर का प्रकाशन

यूनेस्को कूरियर यूनेस्को द्वारा प्रकाशित एक शैक्षिक और सांस्कृतिक पत्रिका है। आईएनसी, 2002 के दौरान यूनेस्को के 18,420 अमरीकी डालर के आंशिक संस्करणों के प्रकाशन में सहयोग देता रहा है। 15 अक्तूबर, 2001 से 3 नवम्बर, 2001 तक पेरिस में आयोजित महासभा के 31वें सत्र ने दिसम्बर, 2001 तक पेरिस में आयोजित महासभा के 31वें सत्र ने



दिसम्बर, 2001 के अंक के बाद एक मासिक पत्रिका के रूप में कूरियर के प्रकाशन को बंद करने का निर्णय लिया है। अवशिष्ट खर्चे की पूर्ति के लिए चालू वित्तीय वर्ष के लिए 15 लाख का प्रावधान था जिसे संशोधित करके 33.16 करोड़ रुपए कर दिया गया है ।

स्वैच्छिक संस्थाओं, यूनेस्को क्लबों और सम्बद्ध विद्यालयों को वित्तीय सहायता की योजना

यूनेस्को अपने लक्ष्यों को प्रोन्नत करने के लिए विभिन्न स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों से संपर्क बनाए रखता है। भारतीय राष्ट्रीय आयोग यूनेस्को के लक्ष्यों के अनुरूप कार्यकलाप चलाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं, यूनेस्को क्लबों और सम्बद्ध स्कूलों को वित्तीय सहायता की एक योजना संचालित करता है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए 5.00 लाख रुपए का प्रावधान था जिसे संशोधित करके 3.00 लाख रुपए कर दिया गया। क्योंकि एनजीओ से प्राप्त होने वाले पात्र आवेदन पत्रों की संख्या कम थी। इसलिए वर्ष 2003-04 में 97,500/- रुपए राशि खर्च की गई है।

पिछले 3 वर्षों के दौरान मंजूर किए गए सहायता-अनुदान के बारे में कोई उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) आना बाकी नहीं है।

"सभ्यताओं के बीच संवाद - नए परिप्रेक्ष्यों की तलाश" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय मंत्रालयी सम्मेलन

यूनेस्को के साथ सहयोग के भारतीय राष्ट्रीय आयोग (आईएनसीसीयू) ने यूनेस्को के सहयोग से नई दिल्ली, भारत में 9 और 10 जुलाई, 2003 के दौरान 'सभ्यताओं के बीच संवाद - नए परिप्रेक्ष्यों की तलाश' विषय पर एक अंतराष्ट्रीय मंत्रालयी सम्मेलन का आयोजन किया।

सम्मेलन में 85 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रथम पूर्ण सत्र के बाद मंत्रियों, उपमंत्रियों, राजदूतों तथा यूनेस्को के प्रतिनिधियों के 9 जुलाई, 2003 से पूर्ण सत्रों से संवोधित किया।

10 जुलाई, 2003 को तीन समानान्तर सत्रों में तीन विषय गत चर्चाएं आयोजित की गई। उसके बाद एक पूर्ण सत्र आयोजित किया गया जिसमें विषय-समूहों की रिपोर्टें प्राप्त हुई। तदनन्तर सम्मेलन ने अंतिम पूर्ण सत्र में नई दिल्ली घोषण सर्वसम्मति से स्वीकार कर ली।

यूनेस्को और उसके क्षेत्रीय कार्यकलापों द्वारा प्रायोजित संगोष्ठियों, कार्यदल बैठकों में सहभागिता

आईएनसीसीयू ने जनवरी, 2003 से मार्च, 2004 के दौरान तक यूनेस्को और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओ/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों/संगोष्ठियों/कार्यदल बैठकों में भाग लेने के लिए माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से 9 अधिकारियों और अन्य संस्थाओं/राज्य सरकारों/गैर-सरकारी संस्थाओं से 12 विशेषज्ञों को नामांकित किया है।



सभ्यताओं के बीच संवाद - नए परिप्रेक्ष्यों की तलाश विषय पर नई दिल्ली में 9-10 जुलाई, 2003 से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 85 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए शिक्षा

यूनेस्को, एसोसिएटेड स्कूल प्रोजेक्ट (एएसपी नेट) नामक एक परियोजना चला रहा है। एसोसिएटिड स्कूल्स ऐसे शैक्षणिक संस्थान होते हैं जो कि अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना, सहयोग और शांति के लिए शिक्षा संबंधी क्रियाकलाप चलाने के निमित्त एसोसिएटेड स्कूल परियोजना में भाग लेने के लिए सीधे ही यूनेस्को सचिवालय के साथ जुड़े होते हैं। आईएनसीसीयू की सिफारिश पर भारत के 44 स्कूल ओर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान इस परियोजना के अधीन यूनेस्को के साथ जुड़ चुके हैं। आईएनसीसीयू में लगभग 252 यूनेस्को क्लब और 264 एसोसिएटिड स्कूल पंजीकृत हैं जिनके लिए आईएनसीसीयू राष्ट्रीय समन्वयकर्ता एजेंसी है।

यूनेस्को के उद्देश्यों और लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए समितियों की बैठकें/सम्मेलन आयोजित करना और प्रदर्शनियों के आयोजन की योजना

इस योजना का उद्देश्य आईएनसीसीयू की उप-समितियों और इसके पूर्ण निकाय की बैठक में भाग लेने, प्रदर्शनियों के आयोजन, आईएनसीसीयू भाषण श्रृंखला तथा यूनेस्को के उद्देश्यों और लक्ष्यों को वढ़ावा देने के लिए अन्य बैठकों में भाग लेने वाले गैर-सरकारी सदस्यों के लिए टीए/डीए संबंधी व्यय की पूर्ति करना है। चालू वित्तीय वर्ष में इस स्कीम के लिए 44 लाख रुपए का बजट जिसे संशोधित करके 25 लाख रुपए कर दिया गया। इस शीर्ष के अधीन पांच उप-आयोगों की बैठकों और द्वि-वार्षिक 2004-05 के लिए यूनेस्को के कार्यक्रम और बजट के प्रारूप पर चर्चा के लिए यूनेस्को के सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग की साधारण सभा की बैठक के आयोजन तथा सभ्यताओं के बीच संवाद - नए परिप्रेक्ष्यों की तलाश विषय पर नई दिल्ली में 9-10 जुलाई, 2003 से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन पर 19.70 लाख रुपए की राशि खर्च की गई। सम्मेलन में 85 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यूनेस्को के अधिशासी बोर्ड की बैठक में सहभागिता

भारत को यूनेस्को की 1946 में हुई स्थापना के समय से ही इसके कार्यकारी बोर्ड के सदस्य के रूप में सदैव निर्वाचित होने का एक अनूठा गौरव प्राप्त है। इस 58 सदस्यीय बोर्ड की एक वर्ष में दो बैठकें आयोजित की जाती हैं और प्रत्येक बैठक दो सप्ताह चलती है। ये बैठकें पैरिस, फ्रांस में आयोजित की जाती हैं। भारत एक ऐसा देश है जिसका प्रतिनिधित्व कार्यकारी बोर्ड में होता है। सरकार ने बोर्ड के 163वें तथा 165वें सत्रों का प्रतिनिधित्व किया।

यूनेस्को के बजट में अंशदान

यूनेस्को का प्रत्येक सदस्य देश प्रत्येक द्वि-वार्षिकी के लिए यूनेस्को के नियमित बजट में अपना अंशदान देता है। यह अंशदान महासम्मेलन द्वारा समय -समय पर निर्धारित एक नियत प्रतिशत के रूप में होता है। कैलेंडर वर्ष 2003 के लिए भारत के अंशदान का हिस्सा यूनेस्को के कुल बजट का 0.448 प्रतिशत था, जो लगभग 5.51 करोड़ रुपए बैठता है। चालू वर्ष के लिए इस प्रयोजन के लिए बजट प्रावधान योजनेत्तर के लिए 603.00 लाख रुपए है। शेष राशि कैलेंडर वर्ष 2004 के लिए समायोजित कर दी गई है। 2004-05 के लिए बजट अनुमान 613 लाख रुपए प्रस्तावित है।

यूनेस्को, नई दिल्ली के कार्यालय के लिए भवन का निर्माण

भारत, नई दिल्ली में यूनेस्को के लिए मुफ्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार है। संप्रति, यह कार्यालय कराए के एक भवन में काम कर रहा है, जिसके लिए भारत सरकार 4 लाख रुपए प्रतिमाह का भुगतान कर रही हैं। हमने चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में यूनेस्को कार्यालय के लिए एक भवन का निर्माण करने का निर्णय लिया है। भवन के डिजाइन का दायित्व मैसर्स डिजाइन प्लस को सौंपा गया है। वास्तुकारों द्वारा दिए गए डिजाइन मंत्रालय ने हाल ही में मंजूर किए हैं। उन्हें भवन निर्माण की दिशा में शुरूआती कार्रवाई करने को कहा गया है।


इस भवन के लिए दसवीं पंचवर्षीय योजना में 3 करोड़ रुपए

की राशि का प्रावधान किया गया है। दसवीं योजना लिए इतनी ही राशि दी गई है, जिसमें से चालू वर्ष के लिए बजट प्रावधान 85 लाख रुपए (योजागत) है, जिसे शहरी विकास मंत्रालय के बजट में परिलक्षित किया गया है।

ओलविल्ले प्रतिष्ठान

श्री अरबिन्द की एक शिष्या 'माँ' द्वारा 1968 में स्थापित आरोविल्ले तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में पांडिचेरी के बाहरी छोर पर स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक नगर है जिसमें भारत सहित 35 विभिन्न देशों के 1330 लोग एक समुदाय के रूप में मिलकर रहते हैं और अपने आपको सांस्कृतिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा मानवीय एकता के प्रति लक्षित अन्य क्रियाकलापों में व्यस्त रखते हैं।

यूनेस्को ने 1968 में पारित एक संकल्प द्वारा अपने सदस्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को आरोविल्ले को एक अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक नगर के रूप में विकसित करने में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक नगर इस ढंग से तैयार किया गया है कि मानव की भौतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के अनुरूप समाकलित जीवन स्तरों सहित विभिन्न संस्कृतियों के मूल्यों को इकट्ठा रखा जाए।



यूनेस्को, एसोसिएटेड स्कूल प्रोजेक्ट (एएसपी नेट) नामक एक परियोजना चला रहा है। एसोसिएटिड स्कूल्स ऐसे शैक्षणिक संस्थान होते हैं जो कि अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना, सहयोग और शांति के लिए शिक्षा संबंधी क्रियाकलाप चलाने के निमित्त एसोसिएटेड स्कूल परियोजना में भाग लेने के लिए सीधे ही यूनेस्को सचिवालय के साथ जुड़े होते हैं।



यह नगर 1980 से मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है और इसे भारत की संसद द्वारा पारित आरोविल्ले प्रतिष्ठान अधिनियम, 1988 के अनुसार अधिशासित किया जाता है।

आरोविल्ले न्यास अधिनियम, 1988 की धारा 10(3) के अनुसार प्रतिष्ठान में (क) एक अधिशासीस बोर्ड; (ख) निवासियों की एक सभा; तथा (ग) आरोविल्ले अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् (आईएसी) शामिल हैं। 9 सदस्यों वाले अधिशासी बोर्ड को 10 मार्च, 2003 को पुनर्गठित किया गया। आरोविल्ले की पिछली अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् का कार्यकाल 16 दिसम्बर, 2001 को समाप्त हुआ। इसे पुनर्गठित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में एक नए सचिव ने प्रतिष्ठान में कार्यभार संभाला है।

आरोविल्ले प्रतिष्ठान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आरोविल्ले स्थापना अनुरक्षण और योजनागत योजनेत्तर अनुदानों के अधीन आरोविल्ले के विकास संबंधी खर्च वहन करने के लिए प्रतिष्ठान को भारत सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है।

प्रतिष्ठान चालू वित्त वर्ष के लिए 70 लाख रुपए तथा 155 लाख रुपए के प्रावधान में से मार्च, 2004 तक योजनेत्तर के अधीन 70 लाख रुपए तथा योजनागत के अधीन 155 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। दसवीं योजना अवधि के लिए आरोविल्ले के विकास के लिए 15 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। इसमें श्री अरबिन्दो इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशनल रिसर्च (एसएआईआईईआर) के सहयोग के लिए



इसमें एक नया घटक शामिल है जिसके लिए 15 करोड़ रुपए की राशि में से 12 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। 3 करोड़ रुपए की राशि पहले से चले आ रहे विकासात्मक क्रियाकलापों के लिए है ।

पिछले तीन वर्षों के उपयोगिता प्रमाण-पत्र बकाया

आरोविल्ले प्रतिष्ठान को पिछले तीन वर्षों में मंजूर किए गए अनुदान के संबंध मे कोई उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) प्राप्त नहीं हुए हैं ।

■■■

7 प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता



सर्वशिक्षा अभियान में समूचे देश को शामिल किया गया है और 11 लाख बस्तियों में 192 मिलियन बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस योजना के अधीन लगभग 8.5 लाख मौजूदा प्राथमिक ओर अपर प्राथमिक स्कूल तथा 33 लाख मौजूदा अध्यापक शामिल होंगे।

National Institute of E...

सर्व शिक्षा अभियान

सर्व शिक्षा अभियान(एसएसए) की योजना प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के निमित्त मिशन पद्धति अपनाए जाने के सम्वन्ध में अक्तूबर 1998 में आयोजित राज्य शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की सिफारिशों का परिणाम है। एएसए अभियान की योजना को मंत्रिमण्डल द्वारा 16 नवम्बर 2000 को हुई उसकी वैठक मे अनुमोदन कर दिया गया।

सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता नौवीं योजना के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार के बीच 85.15 की भागीदारी के आधार पर थी, दसवीं योजना के दौरान 75.25 और इसके वाद 50.50 के आधार पर थी।

कार्यक्रम में समूचा देश शामिल किया गया है और 11 लाख वस्तियों में 192 मिलियन बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस योजना के अधीन लगभग 8.5 लाख मौजूदा प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्कूल तथा 33 लाख मौजूदा अध्यापक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में ऐसी बस्तियों में नए स्कूल स्थापित करना, जहां कोई स्कूली सुविधाएं मौजूद नहीं है तथा अतिरिक्त क्लासरूमों, शौचालयों, पेय जल, अनुरक्षण अनुदान तथा सामाजिक सुधार अनुदान के प्रावधान के माध्यम से स्कूल के मौजूदा आधारिक तंत्र को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाएगा। एसएसए में लड़कियों और कमजोर वर्गो के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस कार्यक्रम के अधीन इन बच्चों को लक्षित करने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के प्रावधान सहित अनेक पहलें की गई है। साथ ही, एसएसए कम्प्यूटर से युक्त और कम्प्यूटरविहीन लोगों के बीच अंतराल को पाटने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास भी करता है। यह प्रणाली सामूदायिक स्वामित्व वाली एक प्रणाली है।

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य

- 2003 तक 6-14 वर्ष आयु के सभी बच्चे स्कूलों/ सेतु पाठ्यक्रम में होगे;
- 6-14 आयु के सभी बच्चे 2007 तक पांच वर्षों की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर लेंगे;
- 6-14 आयु के वच्चे 2010 तक आठ वर्षों की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर लेंगे;
- जीवन के लिए शिक्षा पर बल देते हुए संतोषजनक स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा की ओर ध्यान केन्द्रित करना;
- प्राथमिक स्तर पर 2007 तक तथा प्रारम्भिक स्तर पर 2010 तक लड़के और लड़कियों के बीच अंतराल और सामाजिक श्रेणीगत विषेताएं समाप्त करना; तथा
- 2010 तक यह सुनिश्चित करना कि सभी बच्चे शिक्षा में बने रहे।

पंचायती राज्य संस्थानों के परामर्श से तैयार की गई ग्राम शिक्षा योजनाएं, जिला प्रारम्भिक शिक्षा योजनाओं का आधार बनेंगी। एसएसए में लड़कियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर विशेष बल देते हुए सारा देश कवर किया गया है।

इस मंत्रालय ने भी दिनांक 2 जनवरी 2001 के संकल्प के जरिए प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम)की स्थापना की है।

परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने एसएसए के अधीन दसवीं योजना के दौरान वार्षिक योजनाओं का अनुमोदन कर लिया है जिसमें चुनींदा जिलों में प्राथमिक विद्यालयों को लक्ष्य बनाते हुए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी) भी शामिल है जो एसएसए का एक घटक है, और इन्हें अगले पृष्ठ की सारणी में दिया गया है।

दसवीं योजना के दौरान एसएसए के लिये 1700, करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। वर्ष 2003-2004 के लिये बजट अनुमान 1951.25 करोड़ रुपऐ है, संशोधित अनुमान 2732.32 करोड़ रुपए और फाइनल अनुदान 2732.32 करोड़ रुपऐ का है। वर्ष 2003-04 के लिये एसएसए के अंतर्गत कुल व्यय 3650 करोड़ रुपऐ है।

एसएसए के अधीन मानिटरिंग

एसएसए. के अधीन तीन स्तरों पर मानिटरिंग की जानी है - स्थानीय सामुदायिक स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर मानिटरिंग। समुदाय को, ग्रामीण शिक्षा समितियों जैसी इसकी प्रतिनिधि संस्थाओं के माध्यम से प्राथमिक स्तर की यह जिम्मेंदारी

तालिका 7.1 : वर्ष 2002-2003 और 2003-04 के दौरान एस.एस.ए. के अधीन अनुमोदित वार्षिक योजनायें

	2002-2003	2003-2004
जिलो की संख्या	592	596
एस.एस.ए.के अधीन अनुमोदित धनराशि (करोड़ रु में)	3411 करोड़	8547 करोड़
डी.बी.ई.बी. के अधीन अनुमेदित धनराशि (करोड़ों रु में)	2291 करोड़	1253 करोड़
कुल अनुमोदित धनराशि (करोड़ रु में)	5702 करोड़	9800 करोड़

तालिका 7.2 : वर्ष 2002-03 और 2003-04 में अनुमोदित भौतिक मदें

	2002-2003			2003-2004		
	एस.एस.ए.	डी.पी.ई.पी.	कुल	एस.एस.ए.	डी.पी.ई.पी.	कुल
अनुमोदित विद्यालयों की संख्या	18,059	1,640	19,699	67,190	57	67,247
स्वीकृत अध्यापकों की संख्या	25,782	17,108	42,890	3,98,189	5,201	4,03,390
विद्यालय भवनों की संख्या	8,095	8,849	16,944	40,960	1,586	42,546
अतिरिक्त कमरे	32,028	7,495	39,523	68,779	3,950	72,729
शौचालय	39,699	11,130	50,829	46,272	5,488	51,760
पेय जल	26,805	6,590	33,395	33,161	8,053	41,214
अध्यापक अनुदान (अध्यापक संख्या)	21,61,514	8,52,445	30,13,959	29,67,053	3,70,798	33,37,851
विद्यालय अनुदान (विद्यालय संख्या)	5,61,558	3,07,414	8,68,972	6,83,303	1,46,143	8,29,446
मरम्मत अनुदान (विद्यालय संख्या)	5,15,700	0	5,15,700	7,33,000	42,133	7,75,133
निःशुल्क पाठ्यक्रम (बच्चों की संख्या)	31139754	14086909	45226663	4.60 करोड़	1.21 करोड़	5.81 करोड़

सौंपी गई है कि वह यह सुनिश्चित करे कि विद्यालय प्रभावशाली रूप से कार्य करें। स्थानीय हिस्सेदार होने के नाते वह विद्यालयों मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की सर्वोत्तम स्थिति में है।

मानिटरिंग के कार्य में प्रबंधन के विभिन्न स्तरों को सहायक प्रदान करने के लिये दो प्रकार की सूचना प्रणालियां विकसित की गई है। एक प्रणाली शिक्षा प्रबंधन सूचना प्रणाली (ईएमआईएस) है, जो जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डीआई एसई) के नाम से भी ज्ञात है, जिसके अंतर्गत 30 सितम्बर की निर्धारित तारीख तक प्रतिवर्ष विद्यालय स्तरीय आंकड़े एकत्र किये जाते हैं। प्राथमिक अनुभाग में से विद्यालय स्तरीय सूचना प्राप्त करने के लिये 1995 में डीपीईपा में इसे सबसे पहले विकसित किया गया। 42 जिलों से शुरू करते हुए डीपीईपी कार्यक्रम के अंतिम चरण में यह जिले बढ़कर 273 की संख्या पर आ गये थे। एसएसए के आगमन से इस प्रणाली का विस्तार उच्चतर प्राथमिक सेक्शनों और देश के सभी जिलों तक किया गया। 30 सितम्बर,2002 की स्थिति के अनुसार यह आंकड़े 18 डीपीईपी राज्यों के 459 जिलों से प्राप्त किये गये थे। यह आशा की जाती है। कि 30 सितम्बर,2003 को यह आंकड़े देश में सभी 600 जिलों के संबंध में उपलब्ध हो जायेंगे।

दूसरी विकासित की गई प्रणाली, परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली (सीएसआईएस) है, जिसमें वार्षिक योजनाओं के कार्यान्वयन एवं शिक्षा प्रक्रिया की गुणवत्ता प्राप्त करने की दिशा में जोर दिया गया है। यह प्रणाली नीपा और एनसीइ आरटा की सहायता से विकसित की गई है और प्रबंधन के

प्रत्येक स्तर के लिए एक संपूर्ण मानिटरिंग संरचना है। इन स्तरों पर कार्यक्रम के कार्यन्वयन की मानिटरिंग में सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर विभिन्न फार्मेट निर्धारित किये गये हैं। इस प्रणाली के अंतर्गत केवल राष्ट्रीय स्तर पर लाभकारी स्थिति को ही राष्ट्रीय रूप से स्वीकार किया जाता है। मानिटरिंग के वृहद कार्य को देखते हुए आई.आई.एम. विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों और आई.सी.एस.एस.आर. जैसी व्यावसायिक संस्थाओं की सहायता ली गई है। राज्य के आकार और आवश्यक मानिटरिंग मात्रा के आधार पर इन राज्यों को आवंटित संस्थाओं की संख्या प्रत्येक राज्य को आंबटित की गई है। ऐसी संस्थाओं की एक सूची संलग्न है। यह पर्यवेक्षण और मानिटरिंग की ही कार्य नहीं करती बल्कि राज्य के कार्य चयन में राज्यों के भागीदार के रूप में भी कार्य करती है। यह चुनिंदा संस्थायें फील्ड दौरे करती हैं और प्रत्येक मौसम में अपनी रिपोर्ट भी भेजती है। चुनींदा जिलों में उनके त्रैमासिक दौरो से आधारभूत स्तर की वास्तविकताओं का आकलन करने में मदद मिलती है।

उपर्युक्त के अलावा वित्तीय प्रबंध पहलू से कार्यक्रम की मानिटरिंग हेतु एक स्वतंत्र एजेन्सी भी इस कार्य में लगाई गई है। यह चुनी गई एजेन्सी भारतीय लोक लेखा परीक्षक संस्था (आई.पी.ए.आई) है जिसका पैट्रन (सरंक्षक) सी.ए.जी. है और जिसमें लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग में पहले कार्य कर चुके कर्मचारी शामिल है। निधी प्राप्तियों, निधि के उपयोगों और प्राप्ति की उपयुक्तता एवं मर्यादा आदि जैसे कार्यक्रमों के वित्तीय पहलुओं की मानिटरिंग के लिए वह प्रतिवर्ष 6 राज्यों को चुनते है। यह मानिटरिंग कानून के अनुसार राज्य समितियों की सांविधिक लेखा परीक्षा और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा के अतिरिक्त है।

एसएसए का प्रभाव

दसवीं योजना के पहले दो वर्षो में एसएसए का कार्य चयन क्षेत्रक में महत्वपूर्ण गतिविधियों में रहा है। इन दो वर्षा में इस वात को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर रहा है कि विद्यालय न जाने वाले सभी वच्चों को बहु पक्षीय कार्ययोजनाओं के द्वारा विद्यालयों में लाया जाय। इन दोनों बातों पर जोर दिया गया है कि नियमित विद्यालयों की विद्यमान आधार सुविधाओं को सुधारा जाय और अनेक कारणों से विद्यालय से बाहर रह गये वच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिये वैकलिक कार्ययोजनाओ के द्वारा कार्य किया जाय।

आधार सुविधायें सुधारने के लक्ष्य की दिशा में पिछले दो वर्षों में 80,000 से अधिक नये विद्यालय खोलने और लगभग 4.5 लाख अध्यापकों की नियुक्ति की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 1 लाख से अधिक अतिरिक्त अध्ययन कक्षों लगभग 60000 विद्यालय भवनों, 1 लाख शौचालयों और 75,000 पेयजल सुविधाओं के प्रावधान के द्वारा भौतिक आधार सुविधाओं में सुधार लाया गया। शिक्षण और कक्षाओं की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शिक्षण-पठन सामग्रियां तैयार करने हेतु सभी अध्यापकों को अनुदान दिये जाने की आशा की जाती है और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें देने का भी प्रावधान है। इसके अलावा सभी विद्यालयों को सिविल मरम्मत कार्य के लिये अनुरक्षण अनुदान और उपस्कर बदलने के लिये विद्यालय अनुदान दिया जाता है।

ऐसे वच्चों के लिये जिन्हें विद्यालय में लाना मुश्किल होता है। एसएसए इन वच्चों को विद्यालय में लाने के लिये शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक एवं नई शिक्षा पर निर्भर है। पिछले दो वर्षो में 1.42 करोड़ बच्चों को विद्यालयों में भर्ती कराने का अनुमादेन किया गया है।

इन सभी हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या वर्ष 2001 में 3.5 करोड़ रुपए से घटकर वर्ष 2003-04 के प्रारंभ में 2.3 करोड़ हो गई है। राज्यवार स्थिति अनुबंध में दी गई है ।


शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा

शिक्षा गारंटी स्कीम (ई.बी.एस.) और सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए) की घटक वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा (ए.आई.ई.) प्रचालनात्मक रूप से सक्रिय है और 6-14 वर्ष के आयु-वर्ग के बच्चों को अवसर प्रदान करती है। इस घटक को उन बच्चों को लाभान्वित करने हेतु अभिकल्पित किया गया था जो दूर-दराज के दुर्गम स्थानों में रहते है, कभी विद्यालय नहीं गये हैं, विद्यालय छोड़ गये हैं या अनेकानेक कारणों से अपनी प्राथमिक शिक्षा जारी। पूरी नहीं कर पाये हैं।

अतः शिक्षा गारंटी स्कीम एवं वैकल्पिक तथा नवाचारी शिक्षा प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण (यू.ई.ई.) की प्राप्ती के लिए सर्व शिक्षा अभियान(एस.एस. ए.) का एक महत्वपूर्ण घटक है।

इसकी निम्नलिखित व्यापक कार्य योजनायें हैं:

- स्कूल-विहीन बस्तियों में ई.जी.एस. स्कूल खोलना



- ब्रिज-पाठ्यक्रमों (आवासीय एवं गैर आवासीय) स्कूल वापस चलो शिविर आदि के द्वारा 'स्कूल बाह्य बच्चों' को मुख्यधारा का अंग बनाने के लिये हस्तक्षेप।
- ऐसे बच्चों के विशिष्ट समूहों के लिये कार्ययोजनाएं जिन्हें प्राथमिक शिक्षा की अपनी आवश्यकतायें पूरी करने के लिये लचीले एवं नवाचारी हस्तक्षेपों की जरूरत है।

ई.जी.एस. और ए.आई.ई. कार्यक्रम में आवारा और मलिन वस्तियों के वच्चों के लिये केन्द्रों, औपचारिक स्कूलों में नामजद वच्चों के लिये सुधारात्मक कोचिंग, अल्पकालिक ग्रीष्म-शिविर आदि निहित हैं।

इस घटक में केन्द्र और राज्यों के बीच व्यय की हिस्सेदारी का अनुपात क्रमशः 75: 25 है। स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता के मामले में केन्द्र सरकार 100 प्रतिशत लागत (समग्र लागत अधितमक सीमा के अंदर) वहन करती है। ई.जी.एस. और ए.आई.ई. एसएसए का हिस्सा होने के कारण इसके लिये अलग से बजट प्रावधान नहीं है और स्कीम के व्यय को एसएसए के समग्र वजट प्रावधान से पूरा किया जाता है।

स्कीम का अधिकांश कार्यान्वयन एवं अनुवीक्षण राज्य/संघ राज्य सरकारों एसएसए के लिये स्थापित राज्य स्तरीय समितियों द्वारा किया जाता है जिनके पास राज्य एजेंसियों या स्वैच्छिक क्षेत्रक के माध्यम से चलाये जा रहे प्रस्तावों के मूल्याकंन और अनुमोदन की शक्तियां होती है।

प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने एन.जी.ओ. की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये ई.जी.एस./ए.आई.ई. की हैण्डबुक और एसएसए की संरचना के अनुसार राज्य स्तरीय जी.आई.ए.सी. के गठन के लिये राज्य सरकारों को राजी किया। 22 राज्यों में जी.आई.ए.सी. का पहले ही गठन हो चुका है। बिहार, उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश राज्यों ने एन.जी.ओ. क्रमशः 289,272 और 425 प्रस्तावों को चलाया है।

एसएसए में ई.जी.एस./ए.आई.ई. स्कीम के कार्यान्वयन के लिये राज्य क्षमताएं बढ़ाने हेतु राज्य और जिला स्तर पर कार्यान्वयनकर्ताओं की क्षमता सुदृढ़ करने के प्रयोजन से एक राष्ट्रीय और पुणे, इलाहाबाद और कोलकाता में तीन क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य एसएसए कार्यक्रमों के वैकल्पिक स्कूलिंग को आर्डिनेटर्स की नियमित रूप से त्रैमासिक वैठकें आयोजित करके राज्यों में ई.जी.एस./ए.आई.ई. घटक के कार्यान्वयन की नियमित मानिटरिंग करता है जिसमें

स्कीम के अंतगर्त 110 लाख बच्चों को लाने के लिये वित्तीय वर्ष 2003-2004 में अनुमोदन प्रदान किया गया। इसकी तुलना में राज्य 66 लाख बच्चों को ही शामिल कर पाये।

तालिका 7.3: ई.जी.एस./ए.आई.ई. 2003-04 के अधीन स्वीकृतियां, प्रचालन एवं विचार

राज्य	पीएबी अनुमोदन के अनुसार कवर किए गए बच्चों की संख्या	मार्च 2004 को बच्चों की संख्या
आंध्र प्रदेश	4,62,463	2,10,000
असम	16,60,293	8,19,818
बिहार	10,30,219	6,50,000
छत्तीगढ़	1,70,000	1,13,786
गुजरात	3,78,353	22,000
हरियाणा	44,525	0
हिमाचल प्रदेश	14,676	2,392
झारखंड	11,73,445	5,96,087
कनार्टक	2,78,111	1,49,315
केरल	19,585	12,000
मध्य प्रदेश	2,54,675	2,04,000
महाराष्ट	6,30,461	4,98,000
उड़ीसा	9,12,121	6,00,000
राजस्थान	10,51,136	12,46,853
तामिलनाडु	4,75,044	34,900
उत्तर प्रदेश	6,62,715	4,50,000
उत्तरांचल	30,512	32,548
पश्चिम बंगाल	5,50,000	7,35,000
अरूणाचल प्रदेश	17,620	7,600
दिल्ली	4,15,000	80,000
गोवा	0	0
जम्मू एवं कश्मीर	2,78,799	54,019
मणिपुर	0	0
मेघालय	1,55,000	0
मिजोरम	13,632	600
नागालैंड	10,500	0
पांडिचेरी	2,553	NA
पंजाब	3,30,005	63,000
सिक्किम	2,715	NA
त्रिपुरा	98,475	53,475
जोड़	**1,11,22,633**	**66,35,392**

राज्यवार प्रगति की पुनरिक्षा की जाती है, अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों एवं अच्छी पद्धतियों की साझेदारी की जाती है तथा कार्यक्रम से संबंधित मुद्दों पर बेहतर निष्पादन के लिये विचार विमर्श किया जाता है।

'सर्व शिक्षा अभियान' (एसएसए) के अधीन प्राथमिक स्तर की शिक्षा के सर्वसुलभीकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये 10वीं योजना अवधि के दौरान प्राथमिक स्तर पर अतिरिक्त प्रशिक्षित अध्यापकों की मांग पूरी करने के लिये, परिषद ने अन्य बातों के साथ साथ विद्यमान विनियमों की पुनरीक्षण करने और एस.सी.टी.ई. द्वारा सेवा प्रदायक की भूमिका निभाने के रास्ते में आने वाले उपबंधों के संशोधन का निर्णय लिया। इस प्रयोजन के लिये गठित समिति ने विभिन्न अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों और प्राथमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के लिये मानदण्डों सहित अन्य आवश्यकताओं के लिये विद्यमान मानदण्डों एवं मानकों में कतिपय संशोधनों की सिफारिश की है। समिति द्वारा सुझाये गये महत्वपूर्ण संशोधन संस्थाओं द्वारा भूमि की जोत, आवेदन के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज, डिप्लोमा/प्रमाणपत्र स्तर के अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये दाम निधि की धनराशि, प्राथमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में अनिवार्य प्रशिक्षुता को शामिल करना तथा प्राथमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में अध्यापक छात्र अनुपात से संबंधित हैं। समिति की सिफारिशों का परिषद द्वारा अनुमोदन कर लिया गया है और उन्हें अधिसूचित किया जा रहा है। इसके अलावा बी.एड. पाठ्यक्रम चलाने, प्राथमिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिये एन.सी.टी.ई. द्वारा पहले ही मान्यता प्राप्त संस्थाओं और पाठ्यक्रम शुरू करने या स्कूल पूर्व अध्यापक शिक्षण या नर्सरी अध्यापक शिक्षण शुरू करने की इच्छुक अन्य संस्थाओं के संबंध में राज्य/संघ राज्य सरकारों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की आवश्यकता तीन वर्षों के लिये समाप्त कर दी गई है।

तालिका 7.9 : वर्ष 2002-03 और 2003-04 के दौरान किये गये संस्थाओं के निरीक्षण

क्षेत्रीय समिति का नाम	निरीक्षित संस्थाओं की संख्या	
	(2002-2003)	(2003-04)
दक्षिण क्षेत्रीय समिति	38	35
पश्चिम क्षेत्रीय समिति	26	45
उत्तरी क्षेत्रीय समिति	25	45
पूर्वी क्षेत्रीय समिति	30	0
जोड़	**119**	**125**



पाठ्यक्रम का नवीकरण

निरंतर आधार पर विद्यालय परीक्षा की मांग के प्रति अध्यापक शिक्षण प्रणाली की संगतता एवं उत्तरदायित्वता को सुनिश्चित करने के लिये नियमित अंतराल पर अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रमों की पुनरीक्षा एवं उनको अद्यतन बनाना अनिवार्य है। परिषद ने इन पर दो दृष्टिकोण पत्र तैयार किये हैं, अर्थात् (1) प्राथमिक अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रम नवीकरण और (2) माध्यमिक अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रम नवीकरण। प्राथमिक अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रम नवीकरण के दृष्टिकोण पत्र में 'इंटर्नशिप' (प्रशिक्षुता) के लिये प्रावधान किया गया है। क्षेत्रीय संगोष्ठियों में इन पर विचार विमर्श किया जाएगा। ऐसी संगोष्ठियों से प्राप्त सूचना एवं निष्कर्षों के आधार पर पाठ्यक्रम संरचना का मसौदा तैयार किया जाएगा और एक या दो राष्ट्र-स्तरीय संगोष्ठियों में चर्चा के लिये इसे प्रस्तुत किया जाएगा। इन संगोष्ठियों के बाद एक कार्य बल इस रूप रेखा का अंतिम रूप से तय करेगा। अभी तक 27-28 अक्तूबर, 2003 और 30-31 अक्तूबर, 2003 को भुवनेश्वर और पांडिचेरी में दो क्षेत्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है। उत्तरी तथा पश्चिमी क्षेत्रों में दो और क्षेत्रीय संगोष्ठियां की निकट भविष्य में योजना की जा रही है।

अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रमों संबंधी विनियम और उनकी पुनरीक्षा

अधिनियम के अधीन दिये गये अधिदेश के अनुसरण में एन.सी.टी.ई ने अभी तक निम्नलिखित बारह अध्यापक शिक्षण कार्यक्रमों के लिए मानदंडों एवं मानक निर्धारित करते हुए विनियमों का निर्धारण किया है:

- स्कूल पूर्व अध्यापक शिक्षण कार्यक्रम
- नर्सरी अध्यापक शिक्षण कार्यक्रम
- प्राथमिक अध्यापक शिक्षण कार्यक्रम
- प्राथमिक शिक्षा स्नातक कार्यक्रम (बी.एल.एड.)
- माध्यमिक अध्यापक शिक्षण कार्यक्रम
- बी.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण प्रणाली)
- मास्टर आफ एजूकेशन (एम.एड.) कार्यक्रम
- मास्टर आफ एजूकेशन (एम.एड.) कार्यक्रम (अंशकालिक)
- एम.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण प्रणाली)
- बैचलर आफ फिजिकल एजूकेशन (बी.पी.एड.) कार्यक्रम
- मास्टर आफ फिजिकल एजूकेशन (एम.पी.एड.) कार्यक्रम।

अध्यापक शिक्षण के क्षेत्र में घटित क्रियाकलापों और राज्य सरकारों तथा शिक्षा संस्थाओं द्वारा अनुभूत कठिनाइयों को देखते हुए उपर्युक्त विनियमों की समय समय पर पुनरीक्षकी जा रही है। परिषद ने बी.एल.एड. कार्यक्रम को और अधिक ग्राह्य बनाने के लिये इसके विद्यमान मानदंडों एवं मानकों की पुनरीक्षा हेतु विशेषा समिति का गठन किया। समिति ने अपनी सिफारिशें दे दी हैं जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिये परिषद के सामने रखा जाएगा।

समिति ने कला शिक्षा में अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए मानदंडों एवं मानक तैयार करने का कार्य भी हाथ में लिया है। इस प्रयोजन के लिये गठित समिति ने इन दो पाठ्यक्रमों - 'डिप्लोमा इन आर्ट एजूकेशन' और 'बेचलर आफ फाइन आर्ट्स' (बी.एफ.ए.) के लिये मानदंडों के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया है। इन्हें विचार एवं अनुमोदन के लिए परिषद के सामने रखा जाएगा। इसके अलावा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशों पर एन.सी.टी.ई. ने प्रारंभिक शैशव देखभाल और शिक्षा पर एक विशेषज्ञ समिति गठित की है जो अध्यापक/अनुदेशक तैयार करने और उसके पाठ्यक्रमों की रूपरेखा का सुझाव देगी। समिति ने दृष्टिकोण पत्र का मसौदा तैयार कर लिया है जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एन.सी.टी.ई. और एन.ए.ए.सी. के बीच समझौता ज्ञापन

मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षण संस्थाओं पर जबावदेही लागू करने हेतु उचित निष्पादन प्रणालियां, मानदंड और कार्यप्रणाली तैयार करने के लिये एन.सी.टी.ई. अधिनियम की धारा 12 (ट) के प्रावधान को पूरा करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद (एन.ए.ए.सी.) और एन.सी.टी.ई. ने उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाली सभी अध्यापक शिक्षण संस्थाओं के मूल्यांकन और प्रत्यापन की प्रक्रिया के निष्पादन के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अध्यापक शिक्षण संस्थाओं के मूल्यांकन एवं प्रत्यापन की स्कीम के कार्यान्वयन से प्रत्येक संस्था अपनी गुणवत्ता में निरंतर सुधार कर सकेगी और उत्कृष्टता का अनुसरण अध्यापक शिक्षण व्यवसाय में संस्था की व्यवस्था बन जाएगा। एन.सी.टी.ई. ने नए पाठ्यक्रम खोलने या भर्ती संख्या बढ़ाने के प्रयोजन के लिए एन.ए.ए.सी. द्वारा निर्मित नौ प्वाइंट पैमाने पर ग्रेड बी+ के साथ एन.ए.ए.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं का प्रत्यापन अनिवार्य बनाते हुए पहले ही विनियमन निर्धारित कर दिए हैं। परंतु एन.ए.ए.सी. द्वारा प्रत्यायन की यह आवश्यकता प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगी। 31.03.2004 तक 64 संस्थाओं ने एन.सी.टी.ई.-एन.ए.ए.सी. द्वारा अपना प्रत्यापन कराया है।

अध्यापक साथी

अध्यापक साथी नामक एक परियोजना एन.सी.टी.ई. द्वारा शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को व्यावसायिक सहायता प्रदान करना था तथा प्रभावकारी कक्षा पद्धतियों के प्रति छात्र-अध्यपकों को जानकारी देना था। अध्यापक साथी का प्रवेशांक 17 अगस्त, 2001 को प्रकाशित किया गया था। दो और अंक भी प्रकाशित किए गए हैं।


लिंग, जाति, धर्म और असमर्थता के आधार पर भेदभाव - शैक्षणिक हस्तक्षेपों के द्वारा इन्हें दूर करना

लिंग, जाति, धर्म और असमर्थता के आधार पर भेदभाव न करने की भावना भरने के बारे में एक पुस्तिका तैयार करने हेतु एन.सी.टी.ई. ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन.एच.आर.सी.) के सहयोग से एक परियोजना चलाई। इस परियोजना के अंतर्गत 'लिंग, जाति, धर्म और असमर्थता के आधार पर भेदभाव - शैक्षणिक हस्तक्षेपों से इन्हें दूर करना' नामक एक पुस्तिका इन मुद्दों पर अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को जागरूक बनाने के लिए तैयार की गई है। इस पुस्तिका का वितरण मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षण संस्थाओं में किया जा रहा है।

सेवा-पूर्व प्राथमिक अध्यापक शिक्षण के प्रासंगिक दृष्टिकोण परिवर्तन पर मार्गदर्शी परियोजना

सेवापूर्व प्राथमिक अध्यापक शिक्षण के प्रासांगिक दृष्टिकोण परिवर्तन पर 2002-2003 के दौरान एक मार्गदर्शी परियोजना चलाई गई है जो निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करेगाः





- ग्रामीण,पर्वतीय और जनजातीय क्षेत्रों में एनजीओ द्वारा चलाई गई कुछ संस्थाओं के अध्यापक तैयार करने संबंधी कार्यक्रम का अध्ययन ।
- इस बात का पता लगाने के लिए कि उनके कार्यक्रम एवं क्रियाकलाप संबंधित क्षेत्रों की आवश्यकताओं से कितना संबंध रखते हैं, ग्रामीण, पर्वतीय और जनजातीय क्षेत्रों में डी.आई.ई.टी. के कार्यकरण में अपनाये गये विद्यमान अध्यापक शिक्षण पाठ्यक्रम का अध्ययन करना,
- इन क्षेत्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं का पता लगाना। जिनकी पूर्ति स्कूल द्वारा की जानी चाहिए, और
- ग्रामीण, पर्वतीय और जनजातीय क्षेत्रों के लिये उचित प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का माडल तैयार करना ।

मार्गदर्शी परियोजना की रिपोर्ट मुद्रित हो चुकी है और व्यापक प्रचार के लिए अध्यापकों और प्रशिक्षण संस्थाओं के वीच बांटा जा रहा है ।

अध्यापक शिक्षण कार्यक्रमों के क्रियाकलापों का कलैण्डर

माध्यमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (बी.एड.) और प्राथमिक अध्यापक शिक्षा के क्रियाकलापों के कलैण्डर-क्रिया प्रबंध का एक ब्ल्यूप्रिंट प्रकाशित किया गया है और मान्यताप्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थाओं में बांटा गया है। इस कलैण्डर से अपने क्रियाकलापों की योजना बनाने में संस्थाओं के प्रमुखों को मदद मिलेगी जिससे योग्यता, बचनवद्धता और निष्पादन के तीन स्तंभों पर आधारित एक प्रभावकारी अध्यापक शिक्षा प्रणाली निर्मित करने में सहायता प्राप्त होगी ।

माध्यमिक अध्यापक शिक्षा के लिए वैचारिक सामग्रियां

'माध्यमिक अध्यापक शिक्षा के लिए वैचारिक सामग्री' नामक परियोजना के अधीन 'शिक्षण क्या है', 'कैसे पढ़ायें', 'पाठ्यक्रम के आयाम' 'कितना सीखा है यह जानना' और 'कैसे सीखा जाता है' नामक पांच माड्यूल तैयार किए गए हैं। इस प्रयत्न का केंद्र विंदू अनेक माड्यूल्स के माध्यम से विचारों को स्पष्ट करते हुए अध्यापक शिक्षण एवं इसकी पद्धधातियों की प्रगति के लिए सैद्धांतिक और वैचारिक सामग्रियों को जोड़ना है। माड्यूल्स में शिक्षण की प्रकृति, शिक्षण प्रक्रिया, पाठ्यक्रम एवं अनुदेशात्मक प्रक्रिया, विद्यालय एवं अध्ययन पर्यावरण का संगठनात्मक संदर्भ, अध्यापक एवं समुदाय, व्यवसाय के संदर्भ में अध्यापक आदि, जैसे विषय शामिल हैं। इन माड्यूल्स का व्यापक प्रसार करने का प्रस्ताव है ।

भावी योजना 2003-07

एन.सी.टी.ई. ने अपनी भावी योजना 2003-07 तैयार कर ली है जो एक रोड मैप है और यह देश में अध्यापक शिक्षा के सुनियोजित एवं समन्वित विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस दिशा में बढ़ते रहने हेतु इसके कार्यक्रमों तथा क्रियाकलापों के मार्गदर्शनार्थ निर्देश एवं संकेत देता है। यह दस्तावेज एन.सी.टी.ई. अधिनियम में निहित उद्देश्यों और कार्यों के परिपेक्ष्य में उन परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों पर प्रकाश डालता है जिन्हें एन.सी.टी.ई. 10वीं योजना अवधि के दौरान चलाना चाहता है। जिन बड़े कार्यों को चलाने की योजना है, वह पाठ्यक्रम नवीकरण, संसाधन सामग्रियों का विकास, अध्यापक प्रशिक्षकों का शिक्षण आदि है ।

लोक जुम्बिश परियोजना

लोगों की एकजुटता एवं भागीदारी के द्वारा सभी को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान में 1992 में लोक जुम्बिश परियोजना शुरू की गई थी। जैसा कि यह नाम स्वयं प्रदर्शित करता है लोक का अर्थ व्यक्तियों से है और जुम्बिश का अर्थ आंदोलन या गतिशील क्रियाकलाप है। अतः कार्यक्रम की भावना में गहन सामुदायिक जुटाव, सामुदायिक सहायता और समुदाय आधारित संरचनायें निहित हैं ।

इसका पहला चरण जुलाई, 1992 से शुरू किया गया जो 2 वर्ष तक चला, जिसमें लोक जुम्बिश क्रियाकलाप राजस्थान के 25 विकास खंडों में चलाये गये। दूसरा चरण जुलाई, 1995 से जून, 1999 तक का था जिसमें 75 विकास खंडों में परियोजना क्रियाकलाप चलाये गये। एस.आई.डी.ए. भारत सरकार और राजस्थान सरकार ने इन दो चरणों का वित्त पोषण किया। जुलाई, 1999 से जून, 2004 के तीसरे परियोजना चरण का वित्त पोषण अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डी.एफ.आई.डी.), भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा क्रमशः 3:2:1 के अनुपात में किया जा रहा है। इस समय परियोजना के अंतर्गत 13 जिले और इनके 102 ब्लाक शामिल हैं। लोक जुम्बिश परिषद एक स्वायत्तशासी निकाय है जो राजस्थान समिति अधिनियम, 1958 के अधीन पंजीकृत है ।

कार्यक्रम के मुख्य घटक

कार्यक्रम के निम्नलिखित मुख्य घटक हैं:

प्राथमिक शिक्षा

अतिरिक्त शैक्षणिक सुविधाओं का सृजन: स्कीम के पहले और दूसरे चरण में 40 विकास खंडों में 439 नये प्राथमिक विद्यालय खोले गये हैं। विद्यालय मानचित्रण और ग्राम शिक्षा योजनाओं के आधार पर यह विद्यालय खोले गये हैं। 221 प्राथमिक विद्यालयों को उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों में उन्नत किया गया है और नामंकनों के आधार पर 781 अतिरिक्त अध्यापकों के पद सृजित किये गये हैं ।

अल्पसंख्याकों की शिक्षा हेतु सहायता: अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को अतिरिक्त विषय के रूप में उर्दू भाषा सिखाने के कदम उठाये गये हैं। बालकों ओर बालिकाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों की सहायता की जा रही है। बाढ़मेर जिले के 47 विद्यालयों में उर्दू कक्षायें शुरू कर दी गई हैं। चालू वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम का विस्तार दो और जिलों के 96 विद्यालयों में किया जा रहा है ।

कम लागत के अल्पकालिक होस्टल: अनुसूचित जन जाति परिवारों के अधिकांश छात्र प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती नहीं हो पाते क्योंकि वह दूर दराज के क्षेत्रों में रहते हैं। इसके अलावा उनमें से अधिकांश घुमक्कड़ परिवारों के होते हैं। अतः ऐसे बच्चों के लिए कम लागत की अल्पकालिक होस्टल सुविधायें प्रदान की गई हैं। प्रतापगढ़ विकास खंड (चित्तौड़गढ़) में ऐसे 4 कम लागत के होस्टल कार्य कर रहे हैं। 175 बच्चे इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2002-03 के दौरान 52 अल्पकालिक होस्टल बच्चों के लिए खोल गए हैं विशेषकर अकाल पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए। वर्ष 2003-04 के दौरान 30 अस्थायी होस्टल शुरू किये गए हैं ।

वैकल्पिक शिक्षा प्रणाली

सहज शिक्षा केंद्र (एस.एस.सी): यह केंद्र विद्यालयविहीन छोटी बस्तियों के बच्चों, घरेलू काम में लगी बालिकाओं और स्कूल छोड़ गये बच्चों जो 9 वर्ष की आयु वर्ग या उससे ऊपर के हों के लिये स्थापित किये गये हैं ।

मार्च, 2004 तक 6142 एस.एस.सी. को परियोजना क्षेत्र में कार्यशील बनाया गया। इन केंद्रों में 146924 बच्चों का नामांकन है जिसमें से 100413 लड़कियां हैं ।

शिक्षा मित्र केंद्र: शिक्षा मित्र केंद्रों की स्थापना तब की जाती है जब 6-14 आयु वर्ग के 10 या अधिक बालक बालिकायें शिक्षा के लिये उपलब्ध हों। 10 से कम छात्र होने की स्थिति में विशेष दशाओं में छूट प्रदान की जा सकती है। यह केंद्र प्रतिदिन न्यूनतम 4 घंटों के लिए चलाये जाते हैं ।

मार्च, 2004 तक परियोजना क्षेत्र में 1515 शिक्षा मित्र केंद्र



कार्य कर रहे हैं जहां इन केंद्रों में 39198 बालक-बालिकायें अध्ययन कर रहे हैं।

बालिका शिक्षा शिविर: यह शिविर उन किशोर बालिकाओं के लिये खोले गये हैं जो स्कूल जाने के मौके पारिवारिक बाध्यताओं, जल्दी शादी या स्कूल सुविधाओं की कमी के कारण चूक गई हैं। यह आवासीय शिविर अल्पकालिक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। यह परियोजना शिविर चलाने के लिये 7/4 महिला अध्यापिकाओं के साथ 100/50 बालिकाओं हेतु 210 दिवसीय शिविर आयोजित करती है।

तीसरे चरण के दौरान इस क्रियाकलाप का विस्तार हुआ है और वर्ष 2002-03 के दौरान 141 ऐसे शिविर आयोजित किये गये। इस सुविधा से 12160 बालिकाओं को लाभ पहुंचाया गया। इनमें से अधिकांश ग्रामीण समाज के कमजोर वर्गों की बालिकायें थीं। इन शिविरों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओ.बी.सी. का अनुपात क्रमशः 45:15:36 था। भाग लेने वाली 70% बालिकाओं ने 5वी कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है जबकि 13.65% तीसरी कक्षा की हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान 110 नये शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें से कुछ विकलांग बच्चों के लिये होंगें। इनमें से 112 शिविर मार्च, 2004 तक पहले ही शुरू किये गये हैं और 9018 बालिकायें इन शिविरों से लाभ प्राप्त कर रही हैं।

मुक्तांगन: यह एक खुला विद्यालय स्थान है जहां 5 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे अपनी सुविधानुसार जा सकते हैं और अपने हिसाब से सीख सकते हैं। इस समय 112 मुक्तांगन चल रहे हैं जिनमें 5766 बच्चों का नामांकन है।

शिक्षा में गुणात्मक सुधार

अध्यापक प्रशिक्षण: अध्यापकों में सकारात्मक विचारात्मक परिवर्तन लाने, छात्रों के प्रति उनमें संवेदनशीलता विकासित करने, उनकी सृजनात्मक और नवाचारी क्षमतायें बढ़ाने, समुदाय के साथ प्रभावशाली संपर्क बनाने और विद्यालय क्रियाकलापों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के लक्ष्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। यह परियोजना निम्नलिखित प्रकार के अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।

जानकारी प्रशिक्षण: यह प्रयत्न शिक्षण की सर्वोत्तम पद्धतियों में अध्यापकों को जानकारी देने का है क्योंकि यह मुख्यतः उनके लिये आयोजित किया जाता है जिनके पास पहले कोई पढ़ाने का अनुभव नहीं होता। यह प्रशिक्षण डी.आई.ई.टी. के माध्यम से 128 शिविरों में आयोजित किया गया है जहां वर्ष 2003-04 में 4338 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है।

विषय आधारित प्रशिक्षण: यह कार्यक्रम विषय शिक्षण में अध्यापकों के ज्ञान को अद्यतन बनाने पर संकेंद्रित है। मई-जून, 2002 में 57 ब्लाकों ने यह कार्यक्रम आयोजित किये हैं जिसमें 23028 अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिन अध्यापकों ने पहले विषय-प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है उन्हें शामिल करने के प्रयत्न किये गये हैं। डी.आई.ई.टी. की सहायता से 12644 अध्यापकों को 332 शिविरों में विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया गया है।

पैरा-टीचर्स का प्रशिक्षण: राजीव गांधी स्वर्ण जयंती पाठशालाओं के 5379 पैरा-टीचर्स को शिक्षाकर्मी परियोजना की सहायता से परियोजना द्वारा 2002-03 में ग्रीष्म अवकाश के दौरान 30 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

शैक्षणिक सहायता: प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा अध्यापकों को ब्लाक संसाधन केंद्र और समूहन संसाधन केंद्रों के माध्यम से शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाती है ।

उच्चतर प्राथमिक स्तर पर गुणात्मक सुधार कार्यक्रम: पाठ्य पुस्तक और पाठ्यकक्रम विकास कार्यक्रम को प्रयोगात्मक आधार पर उच्चतर प्राथमिक कक्षाओं के लिये 1998 में अजमेर जिले के पिसांगन ब्लाक में शुरू किया गया था। अंग्रेजी भाषा की पुस्तकों को छोड़कर कक्षा 6, 7 और 8 के लिये सभी अन्य विषयों की पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं और ब्लाक में सभी उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों को मुफ्त में उपलब्ध कराया गया है। इन पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने में गैर-सरकारी संगठनों ने संसाधन संगठन के रूप में कार्य किया ।

जन जुटाव क्रियाकलाप

परियोजना के प्रत्येक ब्लाक को समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक ब्लाक में 5 से 7 समूह हैं और प्रत्येक समूह में 25 से 30 गांव हैं। समूह परियोजना के सभी क्रियाकलापों का नाभिकेंद्र होता है। पर्यावरण निर्माण ग्राम सभाओं और घर घर संपर्क के द्वारा लोक जुम्बिश के कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया जाता है। वह विभिन्न समूह वर्गों का आयोजन करते हैं जैसे महिला समूह, प्रेरक दाइयां, ग्राम शिक्षा समिति और भवन निर्माण समिति आदि। तीसरे चरण के दौरान जन-जुटाव क्रियाकलाप सारणी 7.10 में दिए गए हैं ।

वार्षिक कार्य योजना के अनुसार 2003-04 में 14000 ग्राम शिक्षा समितियों का गठन किया जाना था। यह उपलब्धि 2003 के पिछले चार महीनों में 12239 ग्राम शिक्षा समितियों के गठन की रही है। समितियों के सदस्यों को 3 दिन का प्रशिक्षण दिया गया है ।

लिंग समानता

इस क्रियाकलाप का उद्देश्य महिला शिक्षा के बारे में मां-बाप के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना है। ऐसा महसूस किया गया है कि गांवों में केवल महिला वर्ग ही यह कार्य कर सकता है। इसलिए गांवों में बैठकें आयोजित की जाती हैं और अपनी लड़कियों को पाठशाला भेजने के लिये मां-बाप को राजी किया जाता है। मोरे और झालावाड़ में महिला शिक्षण विहार कार्य कर रहे हैं जिनमें क्रमशः 87 और 77 शिक्षार्थी हैं। पहले ही 11963 महिला समूहों का गठन किया जा चुका है। स्व-सहायता समूहों को जानकारी शिक्षण दिया जा चुका है और इस प्रयोजन के लिये जनवरी, 2004 तक 4066 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। लोक जुम्बिश के सभी क्रियाकलाप लिंग समानता की अवधारणा को एक मूर्त रूप प्रदान करते हैं। समूह, ब्लाक, जिला और मुख्यालय स्तर पर स्थित कार्यालयों में महिला कर्मचारियों ओर कामगारों को पर्याप्त अनुपात है ।

प्रारंभिक शैशव देखरेख शिक्षा (ई.सी.सी.ई.)

इस स्कीम के अंतर्गत तीन कार्यक्रम शुरू किये गये हैं - (1) बालवाड़ी (2) स्कूल तत्परता कार्यक्रम (3) आई.सी.डी.एस. की भागीदारी। 15 एन.जी.ओ. को क्रियाकलाप के साथ सहयोजित किया गया है और मार्च, 2004 तक उन्होंने 850 बालवाड़ियां खोल दी हैं ।

भवन विकास कार्यक्रम

लोक जुम्बिश अपने भवन निर्माण कार्यक्रम में पारदर्शी भागीदारी पूर्ण और समुदाय आधारित नीति को अपनाता है। स्थानीय समुदाय को निर्माण और मरम्मत कार्यों में शामिल किया जाता है और स्कूल भवन का अनुरक्षण 'भवन निर्माण समिति' के माध्यम से किया जाता है ।

तालिका 7.10 : तीसरे चरण के दौरान जन-जुटाव क्रियाकलाप

क्रियाकलाप	तीसरे चरण के लिय लक्ष्य (जून 04 तक)	उपब्लधियां (गांवो की संख्या) मार्च 2004 तक
पर्यावरण निर्माण	10000	15494
कोर टीम	9600	11706
ग्रामीण शिक्षा समिति	9600	2 1 960
महिला समूह	6750	1 1 963
विद्यालय मानचित्रण	10000	1 8739



वर्ष 2001-2002 और 2002-2003 के भवन विकास कार्यक्रम का तालमेल अकाल राहत कार्य के साथ किया गया। पिछले कुछ वर्षों में नये स्कूल भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। शेष अवधि में मरम्मत और अतिरिक्त शिक्षण कक्ष भवनों पर ध्यान दिया जाएगा। वर्ष 2003 की योजना 6595 निर्माण कार्यों का प्रावधान करती है जिसमें से 6392 निर्माण कार्यों का (अर्थात् 96%) के लिये स्वीकृति जारी की गई है। मार्च, 2004 तक समग्र रूप से 14642 निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई और 12402 निर्माण कार्य पूरे किये गये ।

विकलांग बच्चों की शिक्षा एवं विकास

सबसे पहले इस प्रयोजन के लिये ब्लाकवार विकलांग बच्चों का पता लगाया गया है। प्रमाण-पत्र देने के प्रयत्न किये गये हैं और कुछ मामलों में कुछ उपस्कर भी एनजीओ की सहायता एवं सहयोग से बांटे गये हैं। अभिभावकों और अध्यापकों के लिये संवेदनशीलता प्रशिक्षण शिविर समय समय पर आयोजित किये जा रहे हैं ।

शहरी क्षेत्रों में परियोजना क्रियाकलाप

शहरी क्षेत्रों की परियोजना क्षेत्राधिकार में आते हैं। शहरी कमजोर बच्चों के लिये मोबाइल स्कूल चलाये गये हैं। रोडवेज के बसों में स्कूल सुविधायें हैं। यह बसें 3-4 विभिन्न केंद्रों में जाती हैं और विभिन्न समयों पर शिक्षण सुविधाओं प्रदान करती हैं। सभी 13 लोक जुम्बिश जिलों में मोबाइल स्कूल खोले गये हैं। 13 मोबाइल स्कूलों में 1452 लड़के और लड़कियां इसका लाभ उठा रहे हैं ।

शिक्षा के लिये जिला सूचना प्रणाली

लोक जुम्बिश के 13 जिलों को 2002-03 से डी.आई.एस.ई. के अधीन शामिल किया गया है ।

2003-04 के दौरान अनुदान और व्यय

डी.एफ.आई.डी. और भारत सरकार के हिस्से के लिये 2003-04 के दौरान अनुदान सहायता के रूप में 125.00 करोड़ रुपये की धनराशि रिलीज की गई। इसके अलावा राज्य सरकार ने भी 22.33 करोड़ रुपए का अपना हिस्सा रिलीज किया है। यू.पी. ने मार्च, 2004 तक 143.94 करोड़ रुपये (अलेखा परीक्षित) के कुल व्यय की सूचना दी है ।

5वें संयुक्त पुनरीक्षा मिशन (जे.आर.एम.) का दौरा

5वें जे.आर.एम. ने यू.पी. की पुनरीक्षा करने के लिए 5 से 9 जनवरी तक राजस्थान का दौरा किया और परियोजना की प्रगति की सराहना की । परियोजना का तीसरा चरण 30 जून, 2004 को समाप्त होना है। इसक बाद इसका एकीकरण एसएसए में किया जाएगा। जे.आर.एम. ने यह सुनिश्चित करने की सिफारिश की है कि परियोजना के एसएसए में एकीकरण के बाद अच्छी प्रक्रियाओं और पद्धतियों को मुख्यधारा में लाया जाय। बजट अनुमान 2004-05 में अप्रैल-जून, 2004 के लिये 29.41 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है।

राष्ट्रीय बाल भवन

राष्ट्रीय बाल भवन (पूर्व बाल भवन सोसायटी, इंडिया) नई दिल्ली की स्थापना पंडित जवाहरलाल नेहरू की पहल पर

सरकार द्वारा 1956 में की गई थी। यह प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा पूर्णतः विपोषित एक स्वायत्त संस्था है जो समाज के विशेषतः कमजोर वर्गो के 5-16 वर्षों के आयु-वर्ग के बच्चों के मध्य सृजनात्मकता बढ़ाने के लिए कार्य करता है। बच्चे अपनी रुचि के अनुसार आनंदपूर्ण ढंग से क्रियाकलाप कर सकते हैं जैसे - शारीरिक शिक्षा, सृजनात्मक कलाएं, विज्ञान शिक्षा, साहित्यिक क्रियाकलाप, निष्पादन कलाएं, पर्यावरण, गृह प्रबंधन, प्रकाशन, म्यूजियम तकनीक, फोटोग्राफी, समाकलित क्रियाकलाप, शारीरिक कार्यकलाप, विज्ञान संबंधी क्रियाकलाप आदि। ये कार्यक्रम इस ढंग से तैयार किए जाते हैं जिससे कि बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को उभारा जाए और उन्हें विभिन्न माध्यमों से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया जाए। इस प्रकार बाल भवन का उद्देश्य एक मुक्त और सुखद वातावरण में बच्चों का सर्वांगीण विकास करना तथा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता प्रदान करना है ।

दिल्ली के स्कूलों और 52 बाल भवन केंद्रों के बच्चे बाल भवन क्रियाकलापों में भाग लेते हैं। बाल भवन, बच्चों को अधिगम अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूरे वर्ष स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित करता है। गर्मियों के मौसम में बड़े पैमाने पर अनेक क्रियाकलाप किए जाते हैं और हजारों बच्चे अपनी रुचि के कार्यक्रमों में प्रवृत्त होते हैं। वर्ष के दौरान बहुविध विषयों पर अनेक कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों के लिए एकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है। अध्यापकों को बाल भवन के राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केंद्र (एनटीआरसी) में मुख्यतः बच्चों के बहुमुखी विकास के निमित्त प्रशिक्षित किया जाता है। देश के सृजनात्मक बच्चों, को चाहे वे किसी भी समाजार्थिक पृष्ठभूमि से आए हों, सम्मानित और पल्लवित करने के राष्ट्रीय बाल भवन में एक बालश्री सम्मान योजना मौजूद है। देश में राष्ट्रीय बाल भवन से संबद्ध 73 राज्य बाल भवन काम कर रहे हैं ।

ग्रीष्मकालीन क्रियाकलाप और कार्यशालायें

बालभवन द्वारा संचालित नियमित क्रियाकलापों के अतिरिक्त माइम, स्क्रीन प्रिंटिंग, बेहतर जीवन के लिये रसायन, हम अपनी सभ्यता जानें, विज्ञान के द्वारा चमत्कार, पिटारा क्विज, नये बोर्ड खेल आदि जैसी अनेक कार्यशालायें/कार्यक्रम ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित किये गये ताकि बच्चों की सृजनशीलता बढ़ाई जा सके ।



राष्ट्रीय बाल भवन (पूर्व बाल भवन सोसायटी, इंडिया) नई दिल्ली की स्थापना पंडित जवाहरलाल नेहरू की पहल पर सरकार द्वारा 1956 में की गई थी। यह प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा पूर्णतः विपोषित एक स्वायत्त संस्था है जो समाज के विशेषतः कमजोर वर्गों के 5-16 वर्षों के आयु-वर्ग के बच्चों के मध्य सृजनात्मकता बढ़ाने के लिए कार्य करता है।

अंतर्राष्ट्रीय बाल सम्मेलन एवं एकीकरण शिविर

नवम्बर, 2004 में अंतर्राष्ट्रीय बाल सम्मेलन और एकीकरण शिविर आयोजित किया गया जिसमें संबद्ध राज्य बाल भवनों और बाल भवन केंद्रों के बच्चों तथा रूस, इटली, नार्वे एवं मारिशस जैसे अन्य देशों के बच्चों ने भाग लिया। सम्मेलन का विषय था 'अर्थ फैस्टिवल' ।

राष्ट्रीय बालश्री सम्मान पुरस्कार

सृजनात्मक कला, सृजनात्मक निष्पादन, सृजनात्मक वैज्ञानिक नवाचार, मौलिक लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिये चुने गये 42 बच्चों को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 2002 और 2003 के बालश्री सम्मान पुरस्कार प्रदान किये गये ।

युवा पर्यावरणशास्त्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन

युवा पर्यावरणशास्त्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन दिसम्बर, 2003 में आयोजित किया गया और अध्ययन विषय था 'बैट लैण्ड एनिमल्स' और यह उड़ीसा में चिल्का झील और उसके आस पास आयोजित किया गया ।

सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम

सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के अधीन एन.बी.बी. द्वारा चुनी गई बच्चों की तीन विभिन्न टीमों और एसकार्ट्स ने उत्सवों/सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया जिसका आयोजन वर्ष 2003-04 में नार्वे, रूस और मारिशस में किया गया ।



उपर्युक्त के अलावा वर्ष 203-04 के दौरान अखिल भारतीय बाल भवन निदेशक सम्मेलन, राष्ट्रीय साक्षरता बैठ्क और थियेटर निष्पादन भी आयोजित किये गये ।

बाल भवन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले/लाभान्वित बच्चों की संख्या

वर्ष 2002-03 में एन.बी.बी., वाल भवन केंद्रों ओर जे.बी.बी. मंडी द्वारा वर्ष भर आयोजित विशेष कार्यक्रमों/कार्यशालाओं में 24981 बच्चों ने भाग लिया। इसके लिये लगभग 87.68 लाख रुपए का व्यय किया गया। इसके अलावा इन बी.बी., बाल भवन केंद्रों ओर जे.बी.वी. मंडी के 33619 वच्चे अपने संबंधित केंद्रों में नियमित क्रियाकलापों से लाभान्वित हुए जिस पर 38.33 लाख रुपए का व्यय किया गया ।

वर्ष 2003-04 में एन.बी.बी., बाल भवन केंद्र और जे.बी.बी. मंडी द्वारा वर्ष भर आयोजित विशेष कार्यक्रमों/कार्यशालाओं में 46314 बच्चों ने भाग लिया। इसके लिये लगभग 1.32 करोड़ रुपये का व्यय किया गया। इसके अलावा एन.बी.वी., बाल भवन केंद्रों और जे.वी.बी. मंडी के 32047 वच्चे अपने संबंधित केंद्रों में नियमित क्रियाकलापों से लाभान्वित हुए जिन पर 27.75 लाख रुपए का व्यय किया गया ।

महिला समाख्या

महिला समाख्या कार्यक्रम समानता प्राप्त करने के निमित महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने में शिक्षा की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार करता है। महिला समाख्या ने एक ऐसी नवाचारी पद्धति अपनाई है जो कि मात्र लक्ष्यों की पूर्ति की बजाए प्रक्रिया पर अधिक बल देती है। यह ऐसा प्रयास करती हे कि महिलाएं स्वयं अपने बारे में जो सोचती हैं और महिलाओं की परंपरागत भूमिकाओं के बारे में समाज जैसा सोचता है, उसमें बदलाव लाया जाए ।

इस कार्यक्रम के अधीन शिक्षा को प्रश्न करने, मुद्दों और समस्याओं का बारीकी से विश्लेषण करने और समाधान तलाशना सीखने की एक प्रक्रिया के रूप में समझा जाता है। महिला संघ एक ऐसा माहौल निर्मित करने का प्रयास करते हैं जिसमें महिलाएं स्वयं अपनी गति से सीख सकती हैं, अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करने का प्रयास करते हैं जिसमें महिलाएं स्वयं अपनी गति से सीख सकती हैं, अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित कर सकती हैं और विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए ज्ञान और जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। इस प्रयोजन के लिए महिलाओं को (विशेष रूप से सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से सुविधाविहीन और सीमांत समूहों की महिलाएं) इस योग्य बनाया जाता है कि वे अकेलेपन, आत्मविश्वास की कमी, कठोर सामाजिक रिवाजों और जीने के लिए संघर्ष जैसी समस्याओं की ओर ध्यान दे सकें और उनसे निबट सकें क्योंकि ये सभी समस्याएं उनकी पढ़ाई को बाधित करती हैं। इस प्रक्रिया में महिलाएं अधिकार-संपन्न बनती हैं। तथापि वर्ष 2003-04 से नीदरलैंड की सहायता के अलावा इस कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा भी आंतरिक संसाधनों से निधिकृत किया जा रहा है ।

ग्राम स्तर पर महिला संघ अथवा महिला दल महिला समक्ष की नोडल बिन्दु है और सभी क्रियाकलाप संघ के गिर्द ही नियोजित किए जाते हैं। संघ महिलाओं को बैठक के लिए स्थान उपलब्ध कराता है जहां महिलाओं द्वारा प्रश्न पूछने, अपने विचारों को निर्भीक होकर व्यक्त करने, चिंतन, विश्लेषण तथा अपनी आवश्यकताओं को स्पष्ट करने और सुधारात्मक कार्यों द्वारा समाधान तलाश करने की प्रक्रिया आरंभ होती है। कार्यक्रम द्वारा जब संघों के बीच सम्प्रभुत्व प्रदान किया जा रहा है ताकि उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुराने क्षेत्रों में संघों का फेडरेशन गठित किया जा रहा है ।

सहयोगिनी अर्थात नेता 10 गांवों के लिए मुख्य संपर्क बिन्दु के साथ-साथ उत्प्रेरक, सहायक तथा मागदर्शक का कार्य करती है। वह महिलाओं को संघों में एकत्रित एवं संगठित करती है और 10 गांवों एवं जिला स्तर पर शैक्षणिक सहयोग व्यवस्था और संस्थानों के बीच संपर्क का कार्य करती है। वह जिला इकाई के साथ क्रियाकलापों का समन्वय भी करती है। एम एस कार्यक्रम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए साक्षरता

एवं शिक्षा की मांग सृजित की गई है। इस प्रकार इसने ग्राम-स्तरीय शिक्षण प्रक्रियाओं में महिलाओं की प्रभावपूर्ण भागीदारी की योग्यता को सुदृढ़ किया है। एम एस कार्यक्रम द्वारा व्यावसायिक एवं दक्षता विकास के साथ-सा सामान्य रूप से बालिकाओं तथ विशेष रूप से किशोरियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए विशष्ठ जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। इस कार्यक्रम द्वारा लैंगिक रूप से संवेदनशील शैक्षणिक एवं शिक्षण सामग्री विकसित करने का प्रयास किया गया है।

विभाग द्वारा कार्यक्रम को परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन दल (एन आर जी) का गठन किया गया है। एन आर जी कार्यक्रम को स्वैच्छिक क्षेत्र, महिलाओं की गतिविधि के साथ-साथ संसाधनों एवं प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा महत्वपूर्ण अन्तरापृष्ठ उपलब्ध कराता है। इस निकाय द्वारा विभिन्न संकल्पनात्मक मुद्दों एवं समस्याओं पर परिचर्चा की जाती है, कार्यक्रम के मूल्यांकन पर परामर्श दी जाती है और सरकार को महिलाओं की शिक्षा से संबंधित नीतिगत मामलों पर भी सलाह दी जाती है। केंद्र में राष्ट्रीय परियोजना कार्यालय का प्रमुख राष्ट्रीय परियोजना निदेशक होता है जिसकी सहायता के लिए अन्य कार्मिक होते हैं। राज्य स्तर पर कार्यक्रम का कार्यान्वयन एक स्वायत्त रूप से पंजीकृत एम एस सोसाइटी के माध्यम से किया जाता है। राज्य का शिक्षा सचिव सोसाइटी की कार्यकारी समिति (ई सी) का अध्यक्ष होता है। ई सी एक अधिकार प्राप्त निकाय है जिसके द्वारा विशिष्ट अंतःक्षेपों की गहन जाँच सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णयों का ध्यान रखा जाता है। एक पूर्णकालिक राज्य परियोजना निदेशक (एस पी डी) ई सी का सदस्य सचिव होता है जो वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक मामलों, कार्यक्रमों के नियोजन एवं कार्यान्वयन के लिए जिम्मेवार होता है। जिला स्तर पर परियोजना का प्रबंधन जिला कार्यान्वयन इकाई (डी आई यू) द्वारा किया जाता है। जिसमें जिला कार्यक्रम समन्वयक (डी पी सी) स्त्रोत व्यक्ति तथा सहयोगी कर्मचारी होते हैं। एम एस के सबल होने की स्थित में ब्लाक स्तरीय इकाइयों की भी स्थापना की जाती है।

पिछले वर्ष के दौरान ग्राम स्तरीय कलेक्टर्ज के समेकन की प्रक्रिया में ब्लाक स्तर पर फेडरेशनों (जिन्हें कुछ राज्यों में महासंघ भी कहा जाता है) के आविर्भाव से तेजी आई है।





सहयोगिनी अर्थात नेता 10 गांवों के लिए मुख्य संपर्क बिन्दु के साथ-साथ उत्प्रेरक, सहायक तथा मागदर्शक का कार्य करती है। वह महिलाओं को संघों में एकत्रित एवं संगठित करती है और 10 गांवों एवं जिला स्तर पर शैक्षणिक सहयोग व्यवस्था और संस्थानों के बीच संपर्क का कार्य करती है।

कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात और बिहार राज्यों में जिन 124 ब्लाकों में महिलासमख्या द्वारा कार्य किया जा रहा है में से 77 में सशक्त फेडेरेशन गठित किए गए हैं। इस प्रक्रिया में महिलाएं संघों के संस्थानीकरण में शामिल प्रणालियां एवं प्रक्रियाएं सीख रही हैं। फेडरेशनों द्वारा अपने ब्लाक से बाहर के विषयों की भी देख-भाल शुरू की गई है ।

वर्ष के दौरान किशोरियां की आवश्यकताओं और महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई पर प्रमुख रूप से बल दिया गया है। एक प्रमुख क्षेत्र जिसमें संघों एवं फेडरेशनों द्वारा अपना ध्यान केंद्रित किया गया है, महिलाओं द्वारा आरंभ की गई महिला अदालतों को सभी एम एस परियोजना वाले सभी राज्यों में अपनाया गया है। ये नारी अदालतें एक विश्वसनीय निपटान फोरम के रूप में उभर रही हैं जो न केवल संघ की महिलाओं बल्कि पूरे समुदाय को आसानी से सुलभ हैं।

वयस्क महिलाओं के साथ कार्य करने से किशोर युवतियों के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। सभी राज्यों में एम एस द्वारा किशोर बालिकाओं की शिक्षा और अधिकारिता पर कार्य करने के लिए कार्यनीतियां तैयार की गई हैं। महिला शिक्षा केंद्रों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे आवासीय शिक्षण के अवसरों के अलावा सभी राज्यों में किशोरियों के लिए किशोरी संघ गठित किए जा रहे हैं। किशोरी संघों की नियमित वैठक के माध्यम से स्वास्थ्य प्राकृतिक संसाधन, जैसे विषयों पर सूचना एवं जानकारी के स्तरों द्वारा सुशासन का सृजन किया जा रहा है, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और नेतृत्व संबंधी गुणों का संपोषण किया जा रहा है। एक प्रकार से किशोरी संघों द्वारा दूसरी पीढ़ी को अपने समुदायों में एक सशक्त तथ अग्रसक्रिय भूमिका अदा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। उदाहरण के लिए बिहार और झारखंड में महिला शिक्षण केंद्रों के स्नातक बच्चों की शिक्षा के लिए समाज के एकत्रित करने में लगे हैं और बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रहे हैं।


इस स्कीम के लिए 10वीं योजना में 98.48 करोड़ रुपए का परिव्यय किया गया है। नीदरलैंड दूतावास द्वारा इस वर्ष 31.03.2005 तक उपयोग करने के लिए करने के लिए 49.84 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। इस योजना में 10वीं याजना अवधि (2002 से 2007) में विस्तार किए जाने का विचार है ।

वर्तमान में महिला समक्ष कार्यक्रम 59 जिलों में चलाया जा रहा है जो 9 राज्यों में कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार, असम, झारखंड, उत्तरप्रदेश और उत्तरांचल के 12,000 से अधिक गांवों को कवर करता है। महिला समख्य कार्यनीति की प्रभाविता का परिणाम इसे अन्य बुनियाद शिक्ष परियोजनाओं द्वारा अपनाए जाने के रूप में प्रकट हुआ है। कार्यक्रम के अस्तित्व में अपने के बाद से अतव तक के अनुभ्व ने एम एस दृष्टिकोण को महिलाओं को एकत्रित तथा संगठित करने और उन्हें अपने जीवन का भार वहन करने के प्रभावी साधन के रूप में मान्यता प्रदान की है। कई मूल्यांकन अध्ययनों द्वारा यह प्रदर्शित किया गया है कि एम एस कार्यक्रम अभिकल्पन एवं कार्यान्वियन में अत्यनत सफल रहा है ।

इस कार्यक्रम द्वाराः

- साक्षरता की मांग का सृजन करने में सहायता प्रदान की गई है;
- परिवार और समुदाय दोनों में महिलाओं की मान्यता एवं दृश्यमानता में वृद्धि लाई गई है;
- सरकारी वितरण प्रणालियों में महिलाओं को जिम्मेदारी की मांग की शक्ति और क्षमता प्रदान की गई है;
- पंचायती राज निकायों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि लाई गई है; और
- लिंगगत, समानता युक्त समाज के लिए संघर्ष की आवश्यकता के प्रति जागरूकता का सृजन किया गया है।

इन संघों द्वारा स्वास्थ्य, अधिकारों एवं शासन के क्षेत्र में कई प्रकार की सूचनाएं और जानकारियां प्रदान की जा रही हैं ।



कार्रवाई करते हुए संघ अथवा महासंघ

उत्तर प्रदेश संघों ने शैक्षिक सर्वेक्षण किए हैं जिसके फलस्वरूप संघों ने बच्चों, विशेष रूप से लड़कियों के दाखिलों के लिए अभियान शुरू किए हैं।

आन्ध्र प्रदेश में महबूबनगर जिले में मक्थल संघ ने मण्डल स्तर पर मनिला शिक्षण केन्द्र स्कूल शिक्षा बीच में छोड़ने वाली लड़कियों के लिए एक एक-वर्षीय आवासी केन्द्र में एक अधिक प्रत्यक्ष भूमिका हाथ में लकर एक नई प्रवृत्ति की शुरूआत की है। संघ ने केन्द्र से संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। हर महीने संघ के दो सदस्य बारी-बारी से केन्द्र में खाना बनाने, वार्डन की जिम्मेदारी लेने और स्वयं अपने साक्षरता कौशलों का उन्नयन करने के लिए आएंगे। महिला समाख्या की जिम्मेदारी सभी प्रशिक्षण सामग्री और साथ ही प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध कराने की है। कर्नाटक, यूपी और एपी के संघ ऐसे सूचना केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं जिनमें महिलाएं महिलाओं के लिए सरकारी स्कीमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। यह एक ऐसा मंच भी है जहां विभिन्न सरकारी विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ विचारों का प्रत्यक्ष आदान-प्रदान भी हो रहा है।

संघ और बड़ी सामाजिक चिन्ताओं जैसेकि बाल विवाह, दहेज तथा जोगीनी प्रणाली की ओर भी ध्यान दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के महासंघ ने एक सार्वजनिक सामूहिक प्रतिज्ञा की कि वह अपने समूचे ब्लाक में बाल विवाह जैसी प्रथाओं का विरोध करेगा।

आरंभिक बाल्यावस्था में देख-भाल एवं शिक्षा (ई सी सी ई)

बच्चों की सही देख-भाल सन् 1951 से ही भारतीय विकासात्मक योजनाओं का एक अभिन्न अंग है। उत्तरजीविता, संरक्षण, समान अवसर और भागीदारी मौलिक से साकल्यवादी बाल विकास है। शैशवावस्था में देखभाल और शिक्षण (ई सी सी ई) में बच्चों का भौतिक, मोटर, ज्ञानात्मक, भाषाई, भावनात्मक, सामाजिक तथा नैतिक रूप से समग्र विकास शामिल है। ई सी सी ई को एक महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में माना जाता है जिसके द्वारा बच्चों को अभिप्रेरणात्मक माहौल उपलब्ध करा कर घर में उन्हें अपनी आरंभिक अवस्था में जिस माहौल से वंचित रहना पड़ा था उसकी प्रतिपूर्ति की जा सकती है ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में शैश्वावस्था में देखभाल तथा शिक्षण (ई सी सी ई) को काफी महत्व दिया गया है। इसके द्वारा ई सी सी ई को मानव संसाधन विकास की कार्यनीति में एक महत्वपूर्ण इनपुट, प्राथमिक शिक्षा के लिए एक फीडर तथा सहयोग कार्यक्रम तथा समाज के लाभान्वित वर्गों की कामकाजी महिलाओं के लिए एक सहयोगी सेवके रूप में देखा जाता है ।

जोमटीन में मार्च, 1990 में हुए सबके लिए शिक्षा पर विश्व सम्मेलन तथा डाकघर मं अप्रैल, 2000 में आयोजित विश्व शिक्षा मंच में अपनाए गए घोषणा पत्र के एक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में भारत ने शैश्वावस्था देखरेख तथा शिक्षा, विशेषकर सर्वाधिक पिछड़े एवं लाभवंचित वर्गों के लिए, को व्यापक रूप से विस्तृत एवं स्तरान्नत करने की अपनी वचनबद्धता को अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्पष्ट किया है। 10वीं योजना दस्तावेज इस वचनबद्धता की अभिपुष्टि करता है ।

सरकारी तथा निजी क्षेत्र भारत में ई सी सी ई सेवाएं उपलब्ध कराने के दायित्व को मिलकर वहन करते हैं। सरकार में 0-6 वर्ष की उम्र तक के बच्चों से संबंधित ऐसा दायित्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा वहन किया जाता है। मंत्रालय के अधीन महिला तथ बाल विकास विभाग, ई सी सी ई सेवाओं के प्रबंधन के नोडल अभिकरण के रूप में, 0-6 वर्ष के बच्चों की देखरेख आई सी डी एस योजना, राष्ट्रीय क्रेश फंड तथा क्रेश योजना के माध्यम से करता है ।

इसी मंत्रालय के अधीन ई ई तथ एल विभाग (आरंभिक शिक्षा और शिक्षा विभाग), जिसे आरंभिक शिक्षा का दायित्व सौंपा गया है, द्वारा आई सी डी एस के सहयोग से अपने प्री-स्कूल



देश में ई सी सी ई सेवाओं के विस्तार की राष्ट्रीय वचनबद्धता को संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम, 2002 से काफी लाभ मिला है जो निर्देशात्मक सिद्धांतों के अनुच्छेद 45 के अधीन राज्यों को 'सभी बच्चों को तब तक प्रारंभिक शैशवावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने जब तक वह 6 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेते' का आदेश देता है।

घटक को सुदृढ़ कर अथवा जहां आई सी डी एस नहीं है और प्री-स्कूल शिक्षा की आवश्यकता है, में ई सी सी ई केंद्रों की स्थापना कर 3-6 वर्ष के बच्चों के कवरेज को अपने निम्नलिखित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के माध्यम से विस्तृत किया गया है - एस एस ए, डी पी ई पी, महिला समख्या, जनशाला तथा एन पी ई जी ई एल ।

सामुदायिक भागीदारी डी पी ई पी में ई सी ई केंद्रों का एक अभिन्न कारक रहा है। समुदाय आधारित संगठन जैसे ग्राम शिक्षा समितियां (वी ई सी), मदर टीचर एसोसिएशन (एम टी ए) माताओं का दल आदि इन केंद्रो को स्थापित करने, उन्हें चलाने तथा शैशवावस्था शिक्षा के लिए सामुदायिक सहयोग सुनिश्चित करने की समस्त प्रक्रिया में निकट रूप से शामिल हैं। इसके फलस्वरूप बेहतर सामुदायिक स्वामित्व का सृजन करने में सफलता मिली है। प्री-स्कूल शिक्षण तथा ई सी सी ई के महत्व को समझते हुए सर्वशिक्षा अभियान का उद्देश्य निम्नलिखित को सहयोग प्रदान करता है - (1) आंगनबाड़ी सेविका का आवश्यकता आधरित प्रशथ्क्षणु, अतिरिक्त व्यक्तियों का प्रावधान, शिक्षण सामग्रियों आदि द्वारा आई सी डी एस में प्री-स्कूल घटक को सुदृढ़ करना, (2) प्रकाश में नही आए हुए क्षेत्रों में प्री स्कूल केंद्रों के रूप में वालबाड़ियों की स्थापना, (3) शैशव (आरंभिक शिशु) विकास के महत्व के समर्थन में माहौल बनाना, (4) कम्यूनिटी लडर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, (5) ई सी सी ई के लिए सघन नियोजन का प्रावधान करना, (6) सामग्रियों का विकास और (7) विद्यालय प्रणाली एवं ई सी सी ई के बीच अभिबिन्दुता का प्रोन्नयन। इस योजना में ई सी सी ई केंद्र शुरू करने के लिए प्रत्येक जिले के लिए प्रति वर्ष 15 लाख रुपए का प्रावधान है ।

हाल में शुरू किए गए 'आरंभिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीईजीईएल)' के अंतर्गत लाभांवित क्षेत्रों में ई सी ई सेवाओं के लिए बात निगरानी केंद्रों तथा एकत्रण/समुदाय मानीटरन कक्ष के लिए कार्यक्रम संबंधी प्रावधान किए गए हैं। इस योजना में जिन क्षेत्रों में महिला बाल विकास विभाग तथा/अथवा संबंधित राज्य सरकार की किसी योजना के अंतर्गत ई सी सी ई केंद्र नहीं चलाए जा रहे हैं में क्लस्टर स्तर (समूह स्तर) पर दो बाल निगरानी केंद्र (समुदाय द्वारा लाए जाने के लिए) चलाए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत खोले गए प्रत्येक ई सी सी ई केंद्र को प्रतिवर्ष 5000/- रुपए का आवर्ती अनुदान तथा 10,000/- रूपए का अनावर्ती अनुदान दिया जाता है ।

डी पी ई पी के अंतर्गत मुख्य कार्यनीति आई सी डी एस के साथ निकट रूप से कार्य करना, गैर आई सी डी सी क्षेत्रों में नए केंद्रों की स्थापना, विद्यालय के लिए तैयारी कार्यक्रम संचालित करना तथा औपचारिक प्राथमिक विद्यालयों (एफ पी एस) में प्राथमिक पूर्व कक्षाएं शुरू करना है ।

कई महिला समख्या (एम एस) राज्यों द्वारा भी गांवों में ई सी ई गतिविधियां शुरू की गई हैं जहां संघ (कलेक्टिव्ज) की महिलाओं के बीच इसकी आवश्यकता महसूस की गई है। इन केंद्रों को स्थापित करने की प्रक्रिया अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत शुरू किए गए केंद्रों से अलग है। उभर कर आए कई विकल्प आए जो इस प्रकार हैं:

- स्वावित्तपोषित बाल निगरानी केंद्र, जिनके साथ डे केयर एवं प्री स्कूल क्रियाकलाप युग्मित किए गए हैं;
- आई सी डी एस के विद्यमान ए डब्ल्यू सी से डे केयर सेवा को जोड़ना;
- गांव में जहां मांग अधिक है में केवल गरीब वर्ग के लिए बाल निगरानी केंद्र;
- एक से अधिक स्थानों पर बच्चों की निगरानी;

जनशाला (भारत सरकार - यू एस) परियोजना के प्रमुख नवोन्मेषों में से एक प्री-स्कूल के क्षेत्र में है। इस कार्यक्रम द्वारा प्री-स्कूलिंग को बच्चों के शिक्षण एवं विकास में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एडब्ल्यूसी में प्री-स्कूल शिक्षण घटक को




सुदृढ़ करने के अलावा उन स्थानों में ई सी सी ई केंद्रों की स्थापना की गई है जहां आई सी डी एस की सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। ई सी सी ई का समय विद्यालयों के समय के साथ रखा गया है और महिलाओं के दलों को ई सी सी ई केंद्रों की स्थापना एवं प्रबंधन करने हेतु एकत्रित किया गया है। इस परियोजना द्वारा ई सी सी ई केंद्रों की स्थापना महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में की गई है। आंध्र प्रदेश तथा उड़ीसा में बड़ी संख्या में ऐसे केंद्रों की स्थापना समुदाय की मांग पर प्राथमिक रुप से जनजातीय एवं पठारी क्षेत्रों में की गई है जिसके फलस्वरूप विद्यालयों में बालिकाओं की उपस्थिति में वृद्धि हुई है ।

एन सी ई आर टी के अंतर्गत आरंभिक शिक्षा विभाग पाठ्यक्रम तैयार करने, अध्ययन शिक्षण सामग्री विकसित करने और डी-स्कूलर्स को उत्प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। इसके द्वारा राज्यों की कार्य इकाइयों के लिए ई सी ई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। गुणवत्ता वाली सेवाओं के खोज के लिए विभाग ने स्कूल पूर्व के लिये विनिर्देशन प्रदान किये हैं और स्कूल पूर्व शिक्षा को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे में शामिल किया है जिसका उपयोग विशिष्ट संदर्भ में ई.सी.सी.ई. हस्तक्षेप माडल बनाने हेतु व्यापक रूप से किया गया है ।

देश में ई सी सी ई सेवाओं के विस्तार की राष्ट्रीय वचनबद्धता को संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम, 2002 से काफी लाभ मिला है जो निर्देशात्मक सिद्धांतों के अनुच्छेद 45 के अधीन राज्यों को 'सभी बच्चों को तब तक प्रारंभिक शैशवावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने जब तक वह 6 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेते' का आदेश देता है। प्राथमिक शिक्षा और साक्षरता विभाग ने ई सी सी ई पर एक राष्ट्रीय कोर ग्रुप का गठन किया है जिसके अध्यक्ष अपर सचिव हैं और ई.ई. एवं एल. विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डी.डब्ल्यु.सी.डी., एन.आई.पी.सी.सी.डी., एन.सी.ई.आर.टी., एन.आई.ई.पी.ए. से और अनेक विषयों के विशेषज्ञ इसके सदस्य हैं जिसके विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं:

- ई.सी.ई. सुविधाओं को देखना और अतिरिक्त सुविधाओं के लिए वित्तीय आवश्यकता सहित आवश्यकताओं की सिफारिश करना ताकि 36 आयु वर्ग के सभी बच्चों को ई.सी.सी.ई. प्रदान किया जा सके ।
- ई सी सी ई केंद्रों के स्थान, प्राथमिक स्कूल के साथ समय की एकरूपता, प्राथमिक स्तर पर स्कूल, पूर्व स्तर से पाठ्यक्रम की निरंतरता के मुद्दों सहित स्कूल प्रणाली और ई सी सी ई के बीच संसरण को बढ़ावा देने के लिये सिफारिशें करना और संभावना की जांच करना ।
- ई.सी.ई. मानदंड के रूप में आधारभूत संरचना, सामग्री, कार्यक्रम विषय, कामगार/अध्यापक गुणवत्ता आदि के संदर्भ में न्यूनतम अनिवार्य गुणवत्ता प्रदान करने की आवश्यकता की जांच ।
- इस क्षेत्रक में एफ.डी.आई. की प्राप्तियों सहित निजी और सरकारी क्षेत्रकों में प्राथमिक पूर्व शिक्षा/ई.सी.ई केंद्रों को विनियमित करने की आवश्यकता एवं संभावना की जांच ।



सर्व-शिक्षा अभियान और स्कूल पूर्व शिक्षण

स्कूल पूर्व शिक्षण और ई सी सी ई के महत्व को समझते हुए सर्व-शिक्षा अभियान का उद्देश्य निम्नलिखित सहायता करना है:

1 आंगनबाड़ी सेविका के आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण द्वारा आइ.सी.डी.एस. में स्कूल पूर्व घटकों को सुदृढ़ करना, अतिरिक्त व्यक्तियों, सामग्री आदि की व्यवस्था,

2 शामिल न किये गये क्षेत्रों में स्कूल पूर्व केंद्रों के रूप में बालवाड़ियों की स्थापना,

3 प्रारंभिक बाल विकास के महत्व के लिये निर्माण की पहल,

4 सामुदायिक नेताओं के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन,

5 ई सी सी ई के लिये गहन योजना का प्रावधान करना,

6 सामग्रियां तैयार करना, और

7 स्कूल प्रणाली और ई सी सी ई के बीच तालमेल को बढ़ावा देना। ई सी सी ई को खोलने के लिये स्कीम में प्रति जिला प्रतिवर्ष 15 लाख रुपए का प्रावधान है।


ई सी सी ई संबंधी समिति ने 20 जनवरी, 2004 को अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी है जो अभी विचाराधीन है ।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.वी.)

भारत सरकार ने दुर्गम क्षेत्रों में मुख्यतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यकों की लड़कियों के लिये प्राथमिक स्तर पर बोर्डिंग सुविधाओं के साथ लगभग 750 आवासी स्कूल स्थापित करने के लिये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.वी.) नामक एक नई स्कीम का अनुमोदन किया है। इस स्कीम का समन्वय प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मौजूदा स्कीमों अर्थात सर्वशिक्षा अभियान, राष्ट्रीय प्राथमिक स्तरीय बालिका शिक्षा कार्यक्रम (एन.पी.ई.जी.एल.) और महिला सामाख्या (एमएस) के साथ किया जाएगा ।

के.जी.बी.वी. स्कीम उन बालिकाओं जिन तक पहुंचना मुश्किल होता है विशेषकर दुर्गम क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यकों की ऐसी लड़कियों को शामिल करेगी जो नियमित रूप से प्राथमिक स्कूल नहीं जा सकतीं। इस स्कीम का उद्देश्य लड़कियों के लिए प्राथमिक स्तर पर बोर्डिंग सुविधाओं के साथ लगभग 750 आवासी स्कूल स्थापित करके लड़कियों को गुणवत्ता शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करना है। इन स्कूलों को 298 चुनिंदा जिलों के शैक्षणिक रूप से पिछड़े पता लगाये गये 2656 ब्लाकों (ई.ब.बी.) में स्थापित करने का प्रस्ताव है जहां महिला साक्षरता राष्ट्रीय औसत से नीचे है और सारक्षरता में लिंग अंतराल राष्ट्रीय औसत से अधिक है। विशेषकर जनजातीय आबादी की सघनता वाले क्षेत्रों को, जहां निम्न महिला साक्षरता है और या लड़कियों की भारी संख्या स्कूलों से बाहर है, अनु. जाति, ओ.बी.सी. एवं अल्पसंख्यक आबादी की बहुलता है या भारी संख्या में छोटे, इधर उधर छितरी बस्तियां हैं जिनमें स्कूल नहीं खोला जा सकता, शामिल किया जाएगा। पात्र ई.बी.बी. के लिये मानदंड वही होगा जो एन.पी.ई.जी.ई.एल., एसएसए स्कीम के लिये हैं जिसका अनुमोदन केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 24 जुलाई, 2003 को किया गया है ।

दसवीं योजना अवधि में चरणबद्ध तरीके से प्रति स्कूल आवर्ती लागत के रूप में 19.05 लाख रुपए और अनावर्ती लागत के रूप में 26.25 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 500 से 750 आवासी स्कूल खोले जायेंगें। स्कीम की लक्षित प्रकृति को देखते हुए न्यूनतम 75% नामांकन अनु.जाति, अनु. जनजाति, ओ.बी.सी. या अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के लिये आरक्षित होगा और शेष 25% के लिये गरीबी की रेखा से नीचे के परिवार की लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रारंभ में प्रस्तावित स्कूल किराये के मकान या अन्य उपलब्ध सरकारी भवन में खोला जाएगा जब तक स्थान का निर्धारण न हो। इस स्कीम कासमन्वय विभाग की मौजूदा स्कीमों अर्थात् एसएसए, एन.पी.ई.जी.ई.एल. और महिला समाख्या के साथ किया जाएगा। यह स्कीम वर्ष 2010 तक कार्यान्वित की जाएगी जिसके बाद इसकी आवश्यकता की पुनरीक्षा की जाएगी। दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी अनुपात



75:25 होगा और वित्त पोषण एस.एस.ए पैटर्न का होगा और इसके बाद साझेदारी का अनुपात 50:50 होगा ।

दसवीं योजना के लिए 489 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और 2003-04 के लिए स्कीम हेतु वार्षिक योजना आबंटन 8.50 करोड़ रुपए हैं। वर्ष 2004-05 के लिये वार्षिक योजना आबंटन 100 करोड़ रुपए है ।

भारत सरकार द्वारा 2003-04 के उत्तरार्ध में स्कीम का अनुमोदन किया गया है और इसे 2004-05 में कार्यान्वित किया जाएगा।

प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.ई.जी.ई.एल.)

प्राथमिक स्तर पर कमजोर/साधनविहीन वर्गों की बालिकाओं को अतिरिक्त शिक्षा सहायता प्रदान करने के लिये सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए) की मौजूदा स्कीम में संशोधन के रूप में जुलाई 2003 में भारत सरकार द्वारा 'प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.ई.जी.ई.एल.)' नामक नये कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया है। यह एसएसए का हिस्सा होगा और एसएसए की छत्रछाया में इसे कार्यान्वित किया जाएगा परंतु एस.ए.ए. एक विशिष्ट और अलग लिंग घटक योजना के रूप में चलाया जाएगा ।

यह स्कीम एसएसए के अधीन निम्नलिखित अतिरिक्त घटकों को प्रदान करेगीः

- माडल बालिका अनुकूल स्कूल के रूप में समूह स्तर पर स्कूल विकसित करना,
- अतिरिक्त प्रोत्साहन जैसे लेखन सामग्री, स्लेट अभ्यास पुस्तिका, पोशाक और या स्थानीय कोई आवश्यकता जो प्रतिवर्ष प्रति छात्रा 150 रुपये की अधिकतम सीमा के अंतर्गत होगा,
- अतिरिक्त हस्तक्षेप जैसे स्कूल/अध्यापकों को पुरस्कार, छात्र मूल्यांकन, सुधारात्मक शिक्षण, सेतु पाठ्यक्रम, वैकल्पिक स्कूल, मुक्त विद्यालयों के माध्यम से पढ़ाई, अध्यापक प्रशिक्षण और समूह स्तर पर शिशु देखरेख केंद्र जो प्रतिवर्ष 60,000 रुपए की अधिकतम सीमा के अंदर है,
- पांच वर्ष की समयावधि में प्रति समूह (क्लस्टर) 95,000 रुपए की अधिकतम सीमा के अंदर मोबिलाइजेशन एवं कम्युनिटी मानिटरिंग,



- सामग्री तैयार करना, और
- योजना, प्रशिक्षण और प्रबंध सहायता ।

उपर्युक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये दसवीं योजना अवधि हेतु 1064.80 करोड़ रुपए का अनुमानित व्यय रखा गया है ।

इस स्कीम को शैक्षणिक रुप से पिछड़े ब्लाकों में, जहां ग्रामीण महिला साक्षरता का स्तर राष्ट्रीय औसत से नीचे है और लिंग अंतराल राष्ट्रीय औसत से ऊपर है, ऐसे जिलों के ब्लाकों जो ई.बी.बी. के अंतर्गत नहीं आते परंतु कम से कम 5% अनु.जाति/अनु.जनजाति की आबादी वाले हैं ओर जहां अनु.जाति/अनु.जनजाति की साक्षरता 10% से कम है और चुनिंदा शहरी स्लम्स में, कार्यान्वित किया जाएगा ।


1991 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर यह स्कीम आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, झारंखड, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाड, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और पश्चिम बंगाल के 2656 ब्लाकों को शामिल करेगी। एक बार 2001 की जनगणना के अनुसार ब्लाकों का चयन संशोधित किया जाएगा।

इस घटक के अधीन सहायता एसएसए के पैरामीटरों के अनुसार होगी अर्थात् दसवीं योजना के दौरान केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच 75:25 की हिस्सेदारी और उसके बाद 50:50 की हिस्सेदारी ।

एसएसए के परियोजना अनुमोदन 1बोर्ड ने एन.पी.ई.जी.ई.एल. के लिये ए.डब्ल्यु.पी. एवं बी 2003-04 योजनायें अनुमोदित की हैं और सभी एन.पी.ई.जी.ई.एल. राज्यों में कार्य शुरू हो गया है। स्कीम के कार्यान्वयन के लिये इन सभी राज्यों को 40.68 करोड़ रुपए की निधियां जारी कर दी गई है ।

■■■

8 प्रौढ़ शिक्षा



पिछले दशकों में साक्षरता दरों ने काफी सुधार प्रदर्शित किया है। भारत की 2001 की जनगणना के अनुसार पुरुष साक्षरता दर बढ़कर 75.85 प्रतिशत हो गई है और महिला साक्षरता दर 54.16 प्रतिशत हो गई है। पहली बार, आबादी में समग्र वृद्धि के बावजूद भी, निरक्षरों की संख्या में 31.9 मिलियन की कमी आई है।

साक्षरता--विकास की पूर्वापेक्षा

आबादी के गुणात्मक लक्षण के रूप में साक्षरता, समाज के सामाजिक-आर्थिक और राजनैतिक विकास के महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक है। यह मानव संसाधन विकास का एक प्रमुख घटक है और इस प्रकार सामाजिक और आर्थिक प्रगति के किसी भी कार्यक्रम का आधार है।

साक्षरता परिदृश्यः चुनौतियां

स्वतंत्रता से पूर्व के भारत को एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विरासत में मिली जिसमें भारी अंतर और अंतरक्षेत्रीय असंतुलन था। इस प्रणाली ने कुछ ही गिने-चुने लोगों को शिक्षित किया और शिक्षितों तथा अशिक्षितों के बीच भारी अंतराल उत्पन्न किया। आर्थिक असमानता, लिंग असमानता और कठोर सामाजिक स्तरणों ने शैक्षणिक असमानता को और बढ़ा दिया।

स्वतंत्रता की प्राप्ति से यह अधिकाधिक रूप में महसूस किया जाता रहा कि विकास तब तक कभी भी आत्म निर्भर नहीं होगा जब तक संपूर्ण रूप से लोगों की प्रवृत्ति, मूल्यों, ज्ञान और कौशल में तदनुरूप परिवर्तन न लाये जाय और इस परिवर्तन का एक मात्र रास्ता शिक्षा है। मई, 1988 में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आरंभ करने से पहले पिछले चार दशकों के दौरान प्रौढ़ शिक्षा प्रदान करने के लिये चलाये गये अनेक कार्यक्रम साक्षरता के निम्न स्तर, केन्द्र आधारित प्रयास, जन-जागृति और सामुदायिक भागीदारी की कमी जैसे अनेक अंतर्निहित कमजोरियों के कारण काफी सफल नहीं हो पाये।

महिला साक्षरता

सामाजिक बाधाओं के कारण, जो महिला साक्षरता और महिलाओं के शैक्षणिक विकास को रोकते हैं, निरक्षरता की समस्या और खराब हो गई। महिल-पुरुष असमानता भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सर्वाधिक रूप से निरंतर किस्म की असमानता है जहां महिला से पुरुष साक्षरता दरें काफी अधिक हैं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों के बीच।

महिला साक्षरता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है जिसमें 1981 के वाद की पुरुष साक्षरता की तुलना में तेजी से वृद्धि होती रही है। इसके परिणामस्वरूप 1981 मं 26.62 प्रतिशत प्वाइंट पर पुरुष महिला साक्षरता अंतर 1991 में कम होकर 24.84 प्रतिशत प्वाइंट पर आ गया और यह 2001 में और कम होकर 21.70 पर आ गया है, जबकि महिला साक्षरता वृद्धि दर पुरुषों के 11.72 की तुलना में 14.87 प्रतिशत प्वाइंट थी। महिला साक्षरता में तेजी से वृद्धि की उत्साहजनक स्थिति देश के संपूर्ण राज्यों में ही दृष्टिगोचर नहीं होती बल्कि समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में भी यह प्रगति प्रदर्शित होती है। इसके अलावा महिलायें प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन कुल लाभार्थियों का 60 प्रतिशत हैं।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति

अत्यधिक आर्थिक बदहाली और सामाजिक अक्षमता अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के बीच निरक्षरता की समस्या को बढ़ाते हैं। जनजातियों के मामले में, जो कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में रहते हैं, मुख्य समस्या संचार सुविधाओं की कमी, उनके आवासों तक पहुंचने की कठिनाई, छितरी हुई आबादी, पर्याप्त सांस्थानिक आधार सुविधाओं की कमी, स्थानीय अर्हता प्राप्त शिषकों की कमी और अनेक किस्म की जनजातीय बोलियों के कारण मुख्य समस्यायें उत्पन्न होती हैं जिससे साक्षरता की समस्या और विकट हो जाती है।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता दरों में प्राप्त उपलब्धियां भी 1991 की जनगणना की तुलना में महत्वपूर्ण हैं जो क्रमशः 37.41 प्रतिशत और 29.41 प्रतिशत हैं। इसके अलावा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच महिला साक्षरता में वृद्धि भी पुरुष साक्षरता की तुलना में तीव्रतर गति से है।

निरक्षरता का आकार : 2001 की जनगणना

1951 में 247 मिलियन निरक्षर थे जिन्हें साक्षर किया जाना था। पिछले दशकों में यह समस्या बढ़ती गई क्योंकि 1991 तक प्रत्येक दशक के दौरान साक्षर बनाये गये व्यक्तियों की संख्या आबादी में अत्यधिक बढ़ोत्तरी की तुलना में कम पड़ गई जिसके कारण 1951-91 के दौरान 304 मिलियन लोगों को साक्षर बनाने के बाद भी 1951 में 247 की तुलना में हमारे पास अभी भी 329 मिलियन निरक्षर लोग हैं।

1961-71, 1971-81 और 1981-91 के दशकों के दौरान साक्षरों की संख्या में वृद्धि की तुलना में आबादी की अत्यधिक बढ़ोत्तरी थी। आबादी में इस वृद्धि के परिणामस्वरूप निरक्षरता की समस्या वर्ष दर वर्ष और दशक दर दशक बढ़ती ही गई यद्यपि 1971 के बाद यह घटती दर पर थी। 1991-2001 में साक्षरों की संख्या में वृद्धि ने 1991-2001 के दौरान तदनुरूपी आबादी

वृद्धि पर अपना पलड़ा भारी रखा। शैक्षणिक स्तर पर अत्यधिक प्रयत्नों और आबादी की वृद्धि दर में थोड़ी गिरावट के परिणामस्वरूप 1991-2001 के दशक के दौरान निरक्षरों की संख्या 1991 में 329 मिलियन से कम होकर 2001 में 300 मिलियन हो गई है। निराशाजनक परिदृश्य में यह एक स्वागत योग्य परिवर्तन था।

पूर्वोत्तर क्षेत्र


पूर्वोत्तर क्षेत्र जिसमें आठ राज्य - अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा हैं, काफी सीमा तक दुर्गम, दूरस्थ पर्वतीय और कठिन भू-भाग हैं। यहां अधिकांशतः आदिवासी आबादी रहती है जो निम्न सघनता के साथ छितरी हुई है। शहरीकरण के निम्न स्तर के साथ यह आर्थिक रूप से अधोविकसित क्षेत्र होते हुए भी नृवंशीय सांस्कृतिक विरासत और भाषाई विविधता की दृष्टि से समृद्ध हैं। ये सभी कारक मिल कर यहां के शैक्षिक विकास में उल्लेखनीय अंत-क्षेत्रीय अंतरों को जन्म देते हैं। एक ओर जहां मिजोरम की साक्षरता दर देश में दूसरे स्थान पर है, वहां दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश की साक्षरता दर इस क्षेत्र में सर्वाधिक निम्न है।

साक्षरता का विकास

पिछले दशकों में, साक्षरता दरों में पर्याप्त सुधार देखा गया है। पूर्ण साक्षरता दर 1951 में 18.33 प्रतिशत थी जो 1991 में बढ़कर 52.21 प्रतिशत और 2001 में और बढ़कर 65.38 प्रतिशत हो गई। भारतीय जनगणना, 2001 के अनुसार साक्षरता दर पुरुषों के लिए 75.85 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 54.16 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। पहली बार, जनसंख्या में समग्र वृद्धि के बाद भी, निरक्षरों की संख्या, निरपेक्ष आंकड़ों में 31.9 मिलियन घट गई है। दूसरी ओर, साक्षरों की संख्या पिछले दशक में 203.6 मिलियन बढ़ी है।

इस समय तीन-चौथाई से अधिक पुरुष आबादी और आधी से अधिक महिला आबादी साक्षर है। पिछले दशक में साक्षरता दर में काफी उच्चतर वृद्धि देखी गई है। वह 14.87 प्रतिशत बढ़ी है जबकि पुरुषों की साक्षरता दर 11.72 प्रतिशत ही बढ़ी है। इस तरह निरक्षरता दरों में महिला-पुरुष अंतर 1994 में 24.84 से घटकर 2001 में 21.7 हो गया। सभी राज्यों ने साक्षरता दरों में वृद्धि दर्शाई है और निरपवाद रूप से 60 प्रतिशत पुरुष साक्षरता हासिल की हालांकि शैक्षणिक रूप से उन्नत और पिछड़े राज्यों के बीच अंतर पिछले कुछ वर्षों में घटा है।





पिछले दशक में महिला साक्षरता में तेजी से वृद्धि होने से पुरुष-महिला साक्षरता अंतर 1991 में कम होकर 24.84 प्रतिशत प्वाइंट पर आ गया और यह 2001 में और कम होकर 21.70 पर आ गया है, जबकि महिला साक्षरता वृद्धि दर पुरुषों के 11.72 की तुलना में 14.87 प्रतिशत प्वाइंट थी।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशनः उद्देश्य और लक्ष्य

मई 1988 मे एनएलएम की स्थापना के साथ एक राष्ट्रीय प्रयास की शुरूआत हुई थी। व्यक्तिगत, सामूहिक और राष्ट्रीय जीवन में प्रौढ़ साक्षरता की भूमिका की व्याख्या करने और उसे प्रासंगिक बनाने के लिए, नियोजन और क्रियान्वयन के स्तर पर एक ठेस प्रयास किया गया ताकि मिशन के लक्ष्यों को वास्तविकतापूर्ण ढंग से पूरा किया जा सके। एनएलएम कार्यरत साक्षरता के लिए अक्षर ज्ञान और संख्यात्मक ज्ञान में आत्म-निर्भरता की साधारण उपलब्धि से परे जाता है। कार्यात्मक साक्षरता की उपलब्धि का अर्थ है -- राष्ट्रीय एकीकरण, पर्यावरण संरक्षण, महिला समानता, छोटा परिवार मानदण्ड के अनुपालन, आदि के मूल्यों का संचार करना। इस प्रकार एनएलएम में निरूपित साक्षरता अपने आप में कोई साध्य नहीं है, बल्कि इसे इन सामाजकि लक्ष्यों की प्राप्ति एवं शिक्षित समाज के निर्माण को सुनिश्चित करने वाला परिवर्तन का एक सक्रिय और सक्षम साधन होना चाहिए। कार्यात्मक साक्षरता की प्राप्ति का परिणाम सशक्तीकरण और जीवन स्तर में एक सुनिश्चित सुधार होता है। इससे सूचना युग के लाभों को बांटने में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का लक्ष्य पूर्ण साक्षरता प्राप्त करना है, यानी 15-35 वर्ष के निरक्षरों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान कर वर्ष 2007 तक 75 प्रतिशत की पोषणक्षम प्रभावसीमा को प्राप्त करना। इसकी उद्देश्यपूर्ण और प्रभावकारी शिक्षा से उत्पादकता वृद्धि, स्वास्थ्य देखरेख सुधार, परिवार कल्याण और समुदाय के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन की बेहतरी के रूप में अच्छे परिणाम सामने आते हैं। इस आयु समूह से बाहर के लोगों को भी कार्यक्रम का अंग बनाया गया है, खास कर 9-14 वर्ष समूह के उन बच्चों को जो अधबीच पढ़ाई छोड़ चुके हैं।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण-एनएलएमए

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण की स्थापना विभाग के एक स्वतंत्र और स्वायत्त प्रभाग के रूप में, इसे उसके कार्य क्षेत्र में कार्यकारी एवं वित्तीय शक्तियां प्रदान करते हुए की गई थी।

एनएलएमए की एक महापरिषद्, कार्यकारी समिति और एक परियोजना मंजूरी समिति है। कार्यकारी समिति और परियोजना मंजूरी समिति शिक्षा सचिव के अधीन हैं। महापरिषद मानव संसाधन विकास मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है और साक्षरता एवं प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में नीतियां और कार्यक्रम तैयार करती है। कार्यकारी समिति सचिव, प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता की अध्यक्षता में प्राधिकरण के अन्य सभी कार्य करती है। परियोजना मंजूरी समिति साक्षरता परियोजनाओं पर विचार कर उन्हें वित्तीय सहायता हेतु मंजूरी देती है।

साक्षरता से परे

साक्षरता प्रौढ़ शिक्षा की दिशा में एक बुनियादी कदम है जो एक जीवनपर्यंत अधिगम की योजना है और संप्रेषण एवं सूचना की दुनिया के लिए एक प्रवेश बिंदु है। प्रौढ़ साक्षरता के क्रमिक और वैकल्पिक माडलों के प्रयोग करने के बाद एनएलएमने साक्षरता-उन्मूलन की मूल रणनीति के रूप में पूर्ण साक्षरता अभियान टीएलसी कार्यनीति को अपनाया। टीएलसीज, जो मुख्यत 15-35 वर्ष आयु-समूह की निरक्षर आबादी को बुनियादी साक्षरता दक्षताएं प्रदान करते हैं, देश के लगभग सभी जिलों में आरंभ किए गए हैं। टीएलसी की कुछ सकारात्मक विशेषताएं इस प्रकार हैः क्षेत्र-विशिष्टता, समयबद्धता, सहभागितापूर्ण, स्वैच्छिक कार्य द्वारा सेवा प्रदान करना, लागत-प्रभाविता और परिणाम-उन्मुखता। इन अभियानों को जिला साक्षरता समितियों के माध्यम से पूरा किया जाता है जो स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय होती है और जिनमें समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होता है।

लक्ष्य ग्रासरूट स्तर पर एक सर्वेक्षण के आधार पर उभरते हैं जो कि आयोजना, अभिप्रेरण और वातावरण निर्माण के साधन का काम भी करते हैं। हालांकि टीएलसी का लक्ष्य कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना होता है, यह सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक कई अन्य संदेशों की 'टोकरी' भी देता है जैसे कि स्कूलों में बच्चों का नामांकन और अभिधारण, रोग-प्रतिरक्षा, छोटा परिवार



नवीकरण मिशन

- नई चुनौतियों का मुकाबना करने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में नए प्राण और ऊर्जा का संचार किया गया है। 30 नवम्बर, 1999 को सरकार ने जीवनपर्यंत अधिगम और विकेंद्रीकरण, समाकलित साक्षरता अभियान दृष्टिकोण, प्राधिकरणों के राज्यों एवं जिला स्तरीय संस्थाओं के अंतरण पर बल देते हुए मिशन के विस्तार के लिए मंजूरी दी।
- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता और मानदण्डों को बढ़ाया गया है। संशोधित योजनाओं के मुख्य लक्षण इस प्रकार हैं
  - पिछले साक्षरता और उत्तर साक्षरता चरणों के सभी लक्षणों को मिलाकर साक्षरता के प्रति एक समाकलित दृष्टिकोण अपनाया गया है।
  - जिला साक्षरता समितियां साक्षरता कार्यक्रमों की देखरेख और संचालन का कार्य जारी रखेंगी। उन्हें स्थानीय युवा क्लबों, महिला मंडलों, स्वैच्छिक संस्थाओं, पंचायतों, लघु उद्योगों और सहकारी समितियों के साथ अपनी शक्ति को जोड़ते हुए कार्य करने की स्वतंत्रता दी गई है।
  - अवशिष्ट निरक्षरता के उन्मूलन, निजी दिलचस्पी वाले कार्यक्रमों, कौशल विकास, ग्रामीण पुस्तकालयों, आदि को परिधि में लेते हुए अविच्छिन्न शिक्षा योजना को उचित प्राथमिकता दी गई है।
  - गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका का विस्तार कर उन्हें व्यावसायिक/कौशलोन्नयन कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही अविच्छिन्न शिक्षा केन्द्र चलाने का कार्य दिया गया है जो वे अपने वर्तमान कार्यों-प्रशिक्षण देना, सामग्री विकास, नवोन्मेषी और प्रभाव अध्ययन आदि के अतिरिक्त करेंगे।
  - परियोजनाएं मंजूर करने के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरणों को वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां अंतरित की गई हैं,
  - ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजनाओं की योजना को साक्षरता अभियानों और आपरेशन रिस्टोरेशन की योजना के अंतर्गत ला दिया गया है।

यह आशा की जाती है कि संशोधित मिशन गत वर्ष की उपलब्धियों को सुदृढ़ करेगा और साक्षरता आंदोलन के विकास में तेजी लाएगा।

2001 की जनगणना के अनुसार देश के 45 जिलों की महिला साक्षरता दर 30 प्रतिशत से कम है। इनमें से अधिकांश जिले बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में हैं। तदनुसार 2002-2003 में इन क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय साक्षरता मिशन ने विशेष नवोन्मेषी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की चुनौती हाथ में ली।

मानदण्ड का प्रचार-प्रसार, महिला समानता और सशक्तीकरण, शांति और सांप्रदायिक सौहार्द, आदि।

एकीकृत दृष्टिकोण

पूर्ण साक्षरता अभियानों के सफल क्रियान्वन के साथ करोड़ों निरक्षर बुनियादी साक्षरता प्राप्त कर रहे हैं जो बहुत मजबूत नहीं है। इस बात की अधिक संभावना है कि यदि उनके साक्षरता स्तरों को ठोस, टिकाऊ न बनाया गया और न बढ़ाया गया तो वे फिर से आंशिक या पूर्णत निरक्षर बन सकते हैं। बुनियादी साक्षरता शिक्षा के पहले दौर, और सुदृढ़ीकरण, उपचारीकरण और दक्षता-उन्नयन श्रेणीकरण के दूसरे दौर की- जो आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े कार्यगत चरण हैं - अब एक समाकलित परियोजना माना जा रहा है ताकि सांतत्य, कार्यक्षमता और अभिसरण प्राप्त करने के लिए एक चरण से दूसरे चरण में प्रगति सुगमता से हो सके। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पूर्ण साक्षरता अभियान और उत्तर-साक्षरता कार्यक्रम सफलतापूर्वक अविच्छिन्न शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ें जो कि जीवनपर्यंत अधिगम प्रदान करती है।

प्रत्येक जिला अपने आप में अनूठा होता है। छात्रों का ज्ञान एक जैसा नहीं होता और उनकी कार्यक्षमताएं और योग्यताएं भी अलग-अलग होती हैं। अतः एनएलएम ने साक्षरता और उत्तर-साक्षरता कार्यक्रमों के रूपांकन और क्रियान्वयन में अधिक लचीलेपन और नवोन्मेपिता को प्रोत्साहित किया। जिला साक्षरता समितियों को ऐसे माडल बनाने की स्वतंत्रता है जो छात्रों की क्षेत्र-विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप हों।

अवशिष्ट निरक्षरता

हालांकि पूर्ण साक्षरता मिशन जन आंदोलन का रूप ले कर देशभर में फैल गया पर अनेक मामलों में प्राकृतिक विपदाओं, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, कलैक्टरों के बार-बार स्थानांतरण की वजह से अनेक अभियानों में बाधा आई। रुकी हुई परियोजनाओं को पुनः बहाल करना एक प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्र है। साक्षरता चरण की सफलता के बावजूद अवशिष्ट निरक्षरता वाले स्थान अभी भी मौजूद हैं। अब तक कार्यक्रम की परिधि में न आए जिलों को और 30 प्रतिशत से कम महिला साक्षरता वाले जिलों को परिधि में लेने को प्राथमिकता देना जारी रखा जाएगा। महिलाओं और वंचित समूहों के लोगों पर ध्यान केंद्रित किया जाता रहेगा।

केंद्र और राज्य सरकार के बीच वित्त-पोषण का अनुपात 2:1 है, जनजातीय उप-जना के अंतर्गत जिलों को छोड़कर जहां यह अनुपात 4:1 है। अब क्रियान्वयन एजेंसियों को साक्षरतोत्तर चरण और निरंतर शिक्षा के अग्रिम चरण सहित बुनियादी साक्षरता कार्यकलापों पर खर्च करने की अनुमति है।

निम्न महिला साक्षरता दरों वाले जिलों पर विशेष ध्यान देना

2001 की जनगणना के अनुसार देश के 45 जिलों की महिला साक्षरता दर 30 प्रतिशत से कम है। इनमें से अधिकांश जिले बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में हैं। तदनुसार 2002-2003 में इन क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय साक्षरता मिशन ने विशेष नवोन्मेषी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की चुनौती हाथ में ली।

शुरूआत के तौर पर उत्तर प्रदेश में महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, गौण्डा, बहराइच, बदायूं और रामपुर, इन 8 जिलों को महिला साक्षरता कार्यक्रम के अधीन लाया गया जिसका कार्यान्वयन 97 एनजीओज के माध्यम से किया गया। सीखने वालों के लिये विशेष शिक्षण-पाठन सामग्री तैयार की गई और परियोजना की गहन मानिटरिंग की गई। इस कार्यक्रम ने 15-35 आयु वर्ग में इन जिलों की लगभग 25 लाख गैर-साक्षर महिलाओं को शामिल किया। इस कार्यक्रम के परिणाम काफी उत्साहजनक थे और बाह्य मूल्यांकन के दौरान परिणाम 95 प्रतिशत तक प्राप्त किये गये।

बिहार में पंचायतीराज कर्मचारियों, महिला स्वयंसेवी अध्यापकों और महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी से 13 निम्न

महिला साक्षरता जिलों को शामिल करने के लिये एक अलग माडल का उपयोग किया गया। इसमें शामिल किये गये जिले पश्चिम चंपारन, पूर्वी चंपारन, स्योहर, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किसनगंज, पूर्निया, माधेपुरा, सहरसा, खगरिया, बांका और जमूई हैं। लगभग 20 लाख महिला शिक्षार्थियों को शामिल किया गया। जहां 9 जिलों के संबंध में उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किये गये हैं और एक जिले की प्रतीक्षा की जा रही है। जहां तीन जिलों के लिये आगे की पहलों की योजना की जा रही है वहां कार्यक्रम कार्यान्वयन को आगे सुधार की जरूरत थी। शिक्षण-पाठन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष महिलाओं को स्व-सहायता समूहों की सूचना एवं व्यवसायिक कौशल विकसित करने में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

झारखण्ड में 5 जिलों में महिला साक्षरता सुधारने का एक विशेष कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है जिसमें लगभग 5 लाख महिलाओं को शामिल किया गया है। एनएलएम द्वारा स्थापित एक विशेष संसाधन एवं सहायता समूह द्वारा इस कार्यक्रम की सहायता की जा रही है और इसके समवर्ती मूल्यांकन/प्रभाव आकलन किया जा रहा है।

उड़ीसा में निम्न महिला साक्षरता वाले 9 जिले हैं। यह जिले कोरापट, नबरंगपुर, मलकानागरी, रामगाडा, कालाहांडी, गजपति, बोलंगीर, सोनपुर और नौपाढ़ा हैं। इस कार्यक्रम के अंतगत लगभग 9.10 लाख निरक्षर महिलायें लाभान्वित होंगी जिसे 117 एनजीओज द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

वर्तमान स्थिति

देश के 600 जिलों में से 596 जिले अब प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों, 159 संपूर्ण साक्षरता अभियानों, 198 साक्षरता-पश्च कार्यक्रम और 239 निरंतर शिक्षा कार्यक्रम के अधीन आ चुके हैं। 31.3.2003 तक लगभग 108.42 मिलियन व्यक्तियों को साक्षर बनाया गया है। लगभग 60 प्रतिशत लाभार्थी महिलायें हैं, जबकि 22 प्रतिशत और 12 प्रतिशत क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं।

अनवरत शिक्षा

अनवरत शिक्षा, मानव संसाधन विकास कार्ययोजना और शिक्षार्थी समाज के सृजन के लक्ष्य के लिये एक अनिवार्य पहलू है।





देश के 600 जिलों में से 596 जिले अब प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों, 159 संपूर्ण साखरता अभियानों, 198 साक्षरता-पश्च कार्यक्रम और 239 निरंतर शिक्षा कार्यक्रम के अधीन आ चुके हैं।

पिछले दशक की उपलब्धियां निष्फल न जाय यह देखने के लिये सभी हिस्सेदारों को सम्मिलित प्रयत्न करने की जरूरत होगी। विश्व के शिक्षाविद् प्रौढ़ प्राथमिक शिक्षा की संकीर्ण धारणा से परे जाने के महत्व को अधिकारिक महसूस कर रहे हैं। इस संदर्भ में एनएलएम ने अनवरत शिक्षा को अपने क्रियाकलापों का एक आवश्यक घटक बना दिया है।

अनवरत शिक्षा स्कीम देश में संपूर्ण साक्षरता और साक्षरता पश्च कार्यक्रमों के प्रयत्नों को शिक्षण निरंतरता प्रदान करती है। पुस्तकालय, वाचनालय, शिक्षण केन्द्रों, खेलों और सांस्कृतिक केन्द्रों तथा अन्य व्यक्तिगत रुचि संवर्धन कार्यक्रमों की सुविधायें प्रदान करके लगभग 2000-2500 लोगों की आबादी की सेवा के लिये अनवरत शिक्षा केन्द्रों सीईसा और नोडल अनवरत शिक्षा केन्द्रों एनसीईसी की स्थापना के द्वारा नव-साक्षरों को आगे शिक्षण अवसर प्रदान करने पर मुख्य जोर दिया जा रहा है। समतुल्यता कार्यक्रम, जीवन गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, आय उत्पन्न करने वाले कार्यक्रम और व्यक्तिगत रुचि संवर्धन कार्यक्रमों जैसे विभिन्न क्रियाकलाप चलाने के अवसर भी प्रदान किये जाते हैं। दस से पन्द्रह ऐसे केन्द्र क्लस्टर समूह का निर्माण करते हैं और उनमें से एक नोडल सीईसी के रूप में कार्य करता है।

प्राथमिक साक्षरता, साक्षरता कौशल, उन्नयन, वैकल्पिक शैक्षणिक कार्यक्रमों को अपनाने, व्यावसायिक कौशल के लिये सीईसी क्षेत्र विशिष्ट, आवश्यकता आधारित अवसर प्रदान करते हैं और सामाजिक एवं व्यावसायिक विकास को भी बढ़ावा देते हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अनवरत शिक्षा स्कीम के अंतर्गत 38 नये जिलों को शामिल किया गया है। इस बढ़ोत्तरी से अनवरत शिक्षा कार्यक्रम 239 जिलों में कार्य कर रहे हैं। सीईसी, नोडल सीईसी सहित, उपयोगकर्ता समुदाय के सक्रिय परामर्श से स्थापित किये जाते हैं और इनकी मांगें पूरी करने के लिये कार्यक्रम तैयार किये जाते हैं। गैर साक्षरों को साक्षरता कौशल प्रदान करने का दबाव बनाये रखा जाता है। प्राइमर्स का शिक्षण, लक्ष्य समूहों की पहचान, प्राथमिक निरक्षरता उन्मूलन से संबंधित अन्य कार्य निरंतर किये जाते हैं। सीईसी में प्राथमिक साक्षरता कार्यक्रम चलाने के लिये एक सहायक प्रेरक नियुक्त किया जाता है। सीईसी की स्थाना के अलावा यह स्कीम निम्नलिखित कार्यक्रम भी चलाती हैः

- समतुल्यता कार्यक्रम
- जीवन गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम
- व्यक्तिगत रुचि संवर्धन कार्यक्रम
- कौशल विकास और आय उत्पन्न करने वाले कार्यक्रम

अनवरत शिक्षा पर बल देने के अंतर्गत, ग्राम पुस्तकालयों की स्थापना पर जोर देना शामिल है जिससे देश भर में अधिक पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध होंगी। यह विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि अधिकांश जिलों द्वारा साक्षरतोत्तर कार्यक्रम तथा और अधिक अविच्छिन्न शिक्षा चरण पूरा कर लिए जाने की संभावना है। सुदृढ़ राज्य संसाधन केंद्र, ग्रामीण और शहरी नवसाक्षरों के लिए पुस्तकों व अन्य साक्षरता सामग्री का विकास और उसे प्रसारित करेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे पुनः निरक्षर न बन जाएं।

अविच्छिन्न शिक्षा केंद्रों की स्थापना के अलावा यह योजना निम्नलिखित कार्यक्रम हाथ में लेगीः

इस कार्ययोजना के अंग के रूप में ग्रामीण पुस्तकालयों की स्थापना पर जोर दिया गया है जो नव साक्षरों को अपनी भाषा में पठन-पाठन सामग्री प्रदान करेंगे।

अनवरत शिक्षा स्कीम की योजना एवं कार्यान्वयन में एनजीओ, स्वैच्छिक एजेंसियों, सामाजिक कार्यकताओं और पंचायती राज संस्थाओं को शामिल करने से व्यापक स्वीकृति एवं स्थानीय निर्भरता प्राप्त होती है। विभिन्न विकास विभाग, तकनीकी संस्थायें, व्यावसायिक समूह और प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, भारत सरकार कार्यक्रम द्वारा अपेक्षित सामग्री इनपुट प्रदान करते हैं। राज्य संसाधन केन्द्र (एसआरसी) और जन शिक्षण संस्थान आवश्यक संसाधन एवं प्रशिक्षण सहायता प्रदान करने में अपना हाथ बंटाते हैं।



राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरणों का सशक्तीकरण

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा आरंभ किए जा रहे प्रयासों, अभियानों और कार्यक्रमों के अनुरूप राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरणों (एसएलएमए) - सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत राज्य स्तरीय सोसायटी - को सुदृढ़ करने तथा उनका पुनर्गठन करने का निर्णय किया गया था। यह विकेन्द्रीकरण की दिशा में कदम है क्योंकि इससे पता चलता है कि एसएलएमए एक ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं जब उन्हें उनके राज्यों के लिए शुरू किए जा रहे कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है। उन्हें प्रशासनिक तथा वित्तीय शक्तियां सौंपने से अधिक गतिशील ढांचे का निर्माण होगा और इसलिए कार्यक्रमों को तेजी से शुरू किया जा सकता है तथा उनके बारे में बिना किसी देरी के निर्णय लिए जा सकते हैं जिससे और अधिक कुशलतापूर्ण विकास कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। प्रत्येक राज्य को राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण स्थापित करने हैं। इन नए प्राधिकरणों को अब अविछिन्न शिक्षा परियोजनाएं मंजूर करने की शक्ति प्राप्त है। इस प्रकार अब ये प्राधिकरणः

- अविच्छिन्न शिक्षा स्कीम के मानीटरिंग और कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तर पर नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करते हैं
- अविच्छिन्न शिक्षा परियोजनाएं अनुमोदित करने की शक्ति प्रदान की गई है तथा उन्हें निधियां उपलब्ध कराई गई हैं, और
- उनसे उम्मीद की जाती है कि पंचायत स्तर से ब्लाक स्तर, म्युनिसिपल स्तर, जिला स्तर, और राज्य स्तर तक अपने कार्यक्रम और कार्यकलाप तैयार करेंगे।

देश में 23 राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरणों को, राज्य स्तर पर साक्षरता कार्यक्रम तैयार करने, कार्यान्वित करने और उनका मानीटरन करने के लिए और अधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं।

गैर सरकारी संगठन

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, अपने कार्यक्रमों तथा स्कीमों को आगे बढ़ाने में गैर सरकारी संगठनों की विशाल क्षमता को पूरी तरह से समझता है। इसीलिए अपनी शुरूआत से ही राष्ट्रीय साक्षरता मिशन ने एनजीओज के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं। और स्वैच्छिक संस्थाओं को साक्षरता आंदोलन में एक सक्रिय प्रोन्नतिकारी भूमिका प्रदान की है। इन संस्थाओं को 15-35 वर्ष आयु-समूह में वयस्क निरक्षरों को साक्षरता प्रदान करने के लिए, नवसाक्षरों के लिए व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करने, शैक्षणिक एवं तकनीकी



संसाधन सहायता की व्यवस्था करने, नवोन्मेषिता, प्रयोग को प्रोन्नत करने, मूल्यांकन एवं प्रभाव अध्ययन करने और कार्यशालाएं, संगोष्ठियां आयोजित करने के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। गैर सरकारी संस्थाओं को अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम से भी जोड़ा गया है। वर्ष 2003-04 के दौरान विभिन्न प्राथमिक साक्षरता कार्यक्रमों के लिये 40 एनजीओज को 13.27 करोड़ रुपये की निधियां स्वीकृत की गईं और उड़ीसा में 117 एनजीओज और उत्तर प्रदेश में 97 एनजीओ को 11.21 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये।

राज्य संसाधन केंद्र

गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रबंधित राज्य संसाधन केंद्र (एसआरसीज) प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने, विस्तार कार्यकलापों, नवोन्मेषी परियोजनाओं, शोध अध्ययनों एवं मूल्यांकन के रूप में शैक्षणिक एवं तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करते हैं। इस समय 26 एसआरसीज हैं। नवीं योजना मं एसआरसीज का सुदृढ़ीकरण किया गया और उन्हें दो वर्गों वर्ग 'क' और 'ख' में विभाजित किया गया है। सहायता की पद्धति इस प्रकार है:

राज्य संसाधन केंद्रों को सहायता की पद्धति

लाख रुपए में

वर्ग	आवर्ती	अनावर्ती एकबारगी अनुदान
क	60	50
ख	40	40

अधिकाधिक जिलों द्वारा साक्षरतोत्तर कार्यक्रम पूरा करने के बाद गैर-सरकारी संस्थाओं को अपने कार्यकलापों के दायरे का विविधीकरण करना होगा और उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवनपर्यंत शिक्षण के लिए क्षेत्र-विशिष्ट अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम हाथ में लेंगे।

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय (डीएई) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक अधीनस्थ कार्यालय है और यह प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र के रूप में करता है। यह राष्ट्रीय साक्षरता मिशन एनएलएम का कार्यातमक अंग है जो एनएलएम के तत्वावधान में शुरू की गई विभिन्न स्कीमों की मानिटरिंग और मूल्यांकन के लिये उत्तरदायी है। प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय का मुख्य कार्य शैक्षणिक और तकनीकी सहायता को बढ़ावा देना और एनएलएम के विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की मानिटरिंग करना है।

निदेशालय द्वारा वर्ष 2003-04 में चलाये गये क्रियाकलाप इस प्रकार हैं:

मानिटरिंग

- राज्य संसाधन केन्द्र जम्मू एवं कश्मीर के सहयोग से श्रीनगर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में जम्मू एवं कश्मीर राज्य में साक्षरता कार्यक्रमों के लिये मानिटरिंग टूल्स विकसित किये।
- सिक्किम सरकार के शिक्षा विभाग के सहयोग से गंगटोक में 10-12 मार्च, 2004 को साक्षरता कार्यक्रमों के लिये मानिटरिंग टूल्स तैयार करने हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- जन शिक्षा निदेशालय के सहयोग से पश्चिम बंगाल राज्य के अधिकारियों के लिये मानिटरिंग पर एक दिशानुकूलन कार्यक्रम कोलकाता में 19 मार्च, 2004 से आयोजित किया गया।



जन शिक्षण संस्थान

जन शिक्षण संस्थान की स्कीम अथवा जन शिक्षण संस्थान एक बहुपक्षीय अथवा बहुपहलुओं वाला प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य इसके लाभार्थियों की व्यावसायिक कुशलता तथा जीवन स्तर में सुधार करना है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण आबादी के सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े और शैक्षणिक रूप से वंचित समूहों, विशेषकर नव-साक्षरों, अर्ध-साक्षरों, अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों, महिलाओं और बालिकाओं, मलिन बस्तियों में रहने वालों, प्रवासी मजदूरों का शैक्षिक, व्यावसायिक एवं वृत्तिक विकास करना है।

जन शिक्षण संस्थानों की स्थापना अधिकांशत गैर-सरकारी संस्थाओं के अधीन की जाती है और इन्हें कार्यात्मक स्वायत्तता प्राप्त होती है। मंजूरी के प्रतिमान के आधार पर इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस समय देश में 140 ऐसे संस्थान हैं और भविष्य में इनकी संख्या में वृद्धि होगी।

जन शिक्षण संस्थान, भिन्न-भिन्न दक्षताओं के साथ विभिन्न अवधि के अनेक व्यावसायिक कार्यक्रम संचालित करते हैं। इस समय इन संस्थानों द्वारा 250 से अधिक तरह के पाठ्यक्रम और कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। इन सस्थानों द्वारा आयोजित क्रियाकलापों एवं व्यावसायिक कार्यक्रम के द्वारा लगभग 15 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया है।

जन शिक्षण संस्थानों के कार्य का विस्तार किया गया है और इनकी अवसंरचना को सुदृढ़ बनाया गया है ताकि ये शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्यावसायिक/तकनीकी दक्षताओं के एक जिला भण्डार के रूप में कार्य कर सकें। इन संस्थानों को नगर/कस्बे तथा इनके निष्पादन के आधार पर तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जन शिक्षण संस्थानों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किया जाता है और तदनुसार मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर इनका दर्जा घटाया बढ़ाया जा सकता है। अभी तक 52 जन शिक्षण संस्थानों का पैनल में निर्धारित मूल्यांकन एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया गया है। मूल्यांकन रिपोर्टों के निष्कर्ष यह प्रदर्शित करते हैं कि:

- महिलाओं का कवरेज 70 प्रतिशत से अधिक था,
- लक्षित वर्ग की आवश्यकताओं के अनुकूल अनेक पाठ्यक्रम लचीले पाठ्यक्रम और समय के साथ तैयार किये गये हैं,
- चलाये गये पाठ्यक्रम आवश्यकता आधारित, रोजगारोन्मुखी हैं और स्वयं तथा मजदूरी रोजगार के लिये अच्छे अवसर देते हैं, तथा
- मूल्योन्मुखी इनपुट और जीवन समृद्ध शिक्षा के द्वारा लाभार्थियों के जागरुकता एवं जानकारी स्तर में वृद्धि हुई है।

सामग्री

राज्य संसाधन केन्द्रों और राज्य निदेशालयों द्वारा तैयार की गई साक्षरता सामग्री और पूर्वी क्षेत्र की नवसाक्षर सामग्री की भी पुनरीक्षा की गई। राजस्थान में समकक्षता कार्यक्रम के लिये तैयार की गई साक्षरता सामग्री की भी पुनरीक्षा की गई। साक्षरता संवर्धन समिति ने सिक्किम में साक्षरता कार्यक्रमों में उपयोग के लिये लिम्बू, लिप्चा, भुटिया और नेपाली में तैयार प्राइमर्स का अनुमोदन किया। कश्मीरी, उर्दू और हिन्दी में आईपीसीएल प्राइमर्स और अध्यापक गाइड को राज्य संसाधन केन्द्र, श्रीनगर के सहयोग से तैयार किया गया। राज्य निदेशालय के सहयोग से आयोजित एक कार्यशाला में मणिपुरी जनजातीय बोलियों में तैयार किये गये प्राइमर्स की भी जांच की गई।

जनसंचार-माध्यम

पूर्वोत्तर राज्यों में उपयोग के लिये असमी, खासी, गारों, जयंतिया, कोकबोरोक, मणिपुरी और अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय भाषाओं में आडियो एवं वीडियो कार्यक्रम तैयार किये गये। दूरदर्शन, राष्ट्रीय नेटवर्क, मेट्रो, स्पोर्ट, डीडी भारती और क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से बुक किये गये स्लाट में वीडियो स्पाट्स और कार्यक्रम प्रसारित किये गये। ज्ञान दर्शन के माध्यम से सवेरे और शाम के ट्रांसमिश्नों में कार्यक्रम प्रसारित किये गये। केन्द्रों से क्षेत्रीय भाषा कार्यक्रम भी प्रसारित किये गये। हिन्दी क्षेत्रों में आकाशवाणी के 64 केन्द्रों के जरिये और क्षेत्रीय भाषा में 12 केन्द्रों के जरिये आधे घंटे का साक्षरता कार्यक्रम प्रसारित किया गया। साक्षरता-जिंगल्स के प्रसारण के लिये एफएम और ज्ञानवाणी का भी पूरा उपयोग किया गया।

प्रशिक्षण


अनवरत शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन एवं उसकी अक्षमता में सुधार पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन जुलाई 2003 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया। सिक्किम और मणिपुर में साक्षरता कार्यक्रम के महत्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों और मास्टर ट्रेनर्स के लिये चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः गंगटोक और इम्फाल में आयोजित किये गये। उड़ीसा के सात निम्न महिला साक्षरता जिलों में स्व-सहायता समूहों के फील्ड कार्यकर्ताओं के लिये तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भुवनेश्वर में एसआरसी के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रकाशन यूनिट

- 8 सितम्बर, 2003 को विज्ञान भवन में राष्ट्र स्तरीय समारोह में 'वाल्यूंटरी एक्शन इन लिटरेसी' नामक विशेष प्रकाशन का लोकार्पण किया गया।
- 'भारत सरकार की महिला कल्याण योजना' तथा 'बच्चों की शिक्षा और सेहत आपके हाथ' नामक साक्षरता पोस्टर मुद्रित और वितरित किये गये।
- चार पुस्तकें अर्थात गाइडलाइंस फार इवैल्युएशन आफ पोस्ट लिटरेसी प्रोग्राम, खेल खेल में, सेहत की देखभाल, क्या आप जानते हैं और पंचायती राज और महिलायें मुद्रित और वितरित की गई।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की उपलब्धियां

- वर्ष 2001 में साक्षरता दर 1991 मे 52.21 प्रतिशत के मुकावले 65.38 प्रतिशत थी। इस अवधि में 13.17 प्रतिशत की वृद्धि किसी भी दशक की सर्वोच्च वृद्धि है।
- 31 मार्च 2003 तक 108.42 मिलियन लोगों को साक्षर बनाया गया।
- ग्रामीण क्षेत्रों की वृद्धि दर शहरी क्षेत्रों से अधिक है।
- पुरुष-महिला साखरता दर में अंतर 1991 के 24.84 प्रतिशत से घटकर 2001 में 21.70 प्रतिशत हो गया।
- पिछ्ले दशक के दौरान महिला साक्षरता दर 148 प्रतिशत बढ़ी अर्थात 39.3 प्रतिशत से बढ़कर 54.16 हो गई, जबकि पुरुष साक्षरता दर केवल 11.72 प्रतिशत बढ़ी अर्थात 64.1 से बढ़कर 75 प्रतिशत हुई।
- लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण भी दृष्टिगोचर हैं, क्योंकि 60 प्रतिशत सहभागी और लाभार्थी महिलाएं हैं।
- वर्ष 1991-2001 के दौरान सात वर्ष के बाद की आबादी 171.6 मिलियन बढ़ी है, जबकि इस दौरान 203.6 मिलियन अतिरिक्त लोग साक्षर बने।
- 1991-2001 के दौरान समस्त राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में निरपवाद रूप से, साक्षरता वृद्धि देखने को मिली है।
- समस्त राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में पुरुष साक्षरता दर अब 60 प्रतिशत से अधिक है। केरल की साक्षरता दर उच्चतम 90.92 प्रतिशत और बिहार की निम्नतम 47.53 प्रतिशत हुई है।
- निरक्षरों की निरपेक्ष संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट आई है



अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस - 2003

- 8 सितम्बर, 2003 को विज्ञान भवन में एक राष्ट्र स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। माननीय लोकसभा अध्यक्ष इसके मुख्य अतिथि थे। आन्ध्र प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्री भी विशेष आमंत्रित अतिथि थे।
- उत्तर प्रदेश के त्वरित महिला साक्षरता कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट निष्पादन के लिये 31 स्वयंसेवी अध्यापकों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान की गई।
- उत्तर प्रदेश में त्वरित महिला साक्षरता कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट निष्पादन के लिये तीन एनजीओ को प्रशस्ति प्रमाणपत्र दिये गये।
- बिहार में त्वरित महिला साक्षरता कार्यक्रम के लिये महिला-प्रशिक्षुओं को प्रेरित एवं जुटाने के लिये अपने कार्य हेतु पांच जिला मजिस्ट्रेटों, जो जिला सहकारी समितियों के अध्यक्ष भी हैं, जो प्रशस्ति प्रमाणपत्र दिये गये।
- 2003 के एनएलएम पुरस्कार जनशिक्षण संस्थान, मैसूर, राज्य संसाधन केन्द्र, तिरुअनंतपुरम और हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल को दिये गये।
- मुजफ्फरपुर बिहार को टीएलसी में उत्कृष्ट उपलब्धियों, बलिया उत्तर प्रदेश को साक्षरता-पश्च कार्यक्रम, गुंटूर आंध्र प्रदेश और बर्दवान प0 बंगाल को अनवरत शिक्षा कार्यक्रम के लिये सत्येन मित्रा मेमोरियल साक्षरता पुरस्कार, 2003 प्रदान किये गये।

यह संख्या 1991 में 328.88 मिलियन से घटकर 2001 में 296 मिलियन हो गई है।

- देश के कुल 600 जिलों में से 587 जिले साक्षरता कार्यक्रम के अधीन एनएलएम द्वारा परिधि में लाए गए हैं।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखण्ड राज्य साक्षरता दौड़ में पिछड़ते आ रहे हैं। अभियान शुरू होने से पहले इन राज्यों की निराशजनक साक्षरता दरें इस धीमी प्रगति के लिये उत्तरदायी है। इन दशाओं के लिये नये नये प्रयासों की जरूरत थी। फिर भी 2001 की जनगणना के अनंतिम आंकड़ों ने अत्यधिक उत्साहवर्धक प्रवृत्ति दिखाई है और यह प्रसन्नता की बात है कि साक्षरता वृद्धि दर इन राज्यों में अधिकांश अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इस प्रकार प्रारंभिक धीमी सफलता के बावजूद इन राज्यों ने भी अभियान के सारे तत्व एवं भावना को प्राप्त किया है।

मिशन के साक्षरता कार्यक्रमों का दूसरा महत्वपूर्ण परिणाम गैर-साक्षरों की संपूर्ण संख्या में गिरावट आना रहा है। देश में आबादी की वृद्धि के प्रभाव को परीभूत करना एक साहसिक चुनौती थी। स्वतंत्रता के बाद पहली बार साक्षरता वृद्धि ने आबादी वृद्धि को पराजित किया है।

सामाजिक प्रभाव

साक्षरता अभियानों द्वारा उत्पन्न नारकीय सामाजिक जुटाव एवं गतिशीलता का अन्य सामाजिक क्षेत्रकों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है, विशेषकर महिलाओं की अधिकारिता, स्वास्थ्य एवं आबादी स्थायित्व एवं पर्यावरणिक जागरुकता के मामलों में। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्रभावकारी सामाजिक कार्रवाई के लिये एक ढांचा प्रदान किया गया है। समाज में बोलने की आजादी को बढ़ावा देकर, विशेषकर अधिकार विहीन वर्गों में, जनतंत्रीय भागीदारी को समृद्ध बनाया गया है। अभियानों ने समाज में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और भारत की महान सामाजिक संस्कृति में वैज्ञानिक अभिरुचि एवं अपनत्व की भावना भरने तथा अनेकता में एकता की भावना जगाने का कार्य किया है।

9 माध्यमिक शिक्षा



राष्ट्रीय मुक्त स्कूल शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने, विषयों के चयन, स्वःशिक्षा, अन्य बोर्डों तथा राज्य मुक्त स्कूलों से क्रेडिटों के अन्तरण में शिथिलता की व्यवस्था की हैं। अपने माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक कार्यक्रमों के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के उद्देश्य से, एनआईओएस ने अन्य बातों के साथ-साथ, परीक्षाओं में बैठने वाले उम्मीदवारों के लिए सीधे ही पंजीकरण की व्यवस्था की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

उद्देश्य

वर्ष 1961 में स्थापित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद (रा.शै.अ.प्र.प.) एक शीर्ष संसाधन संगठन है, जिसका उद्देश्य केन्द्रीय और राज्य सरकारों को स्कूल शिक्षा से संबंधित शैक्षणिक मामलों पर सलाह और सहायता प्रदान करना है यह अपने विभिन्न संघटकों के माध्यम से स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षणिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान करती है ये संघटक हैं: राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के विभाग, केन्द्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली, पन्डित सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अपने लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से रा.शै.अ.प्र. परिषद निम्नलिखित कार्य करती है:

स्कूल शिक्षा और शिक्षक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान आयोजित, प्रोत्साहित और उसका समन्वय करती है:

- शिक्षकों के लिए सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजत करती है;
- शैक्षिक पुनर्गठन के कार्य में लगे संस्थानों, संगठनों और एजेन्सियों के लिए विस्तार सेवाओं का आयोजन करती है;
- सुधरी शैक्षिक तकनीकों, प्रथाओं और नवीनताओं का विकास व उनके संबंध में प्रयोग करती हैं;
- शैक्षिक सूचना एकत्र, संकलित, संसाधित करती है और उसका प्रसार करती है;
- अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य देशों के राष्ट्र स्तरीय शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग करती है।

रा.शै.अ.प्र. परिषद निम्नलिखित पर विशेष ध्यान देती है: पाठ्य पुस्तकों, शिक्षक गाइडों, पूरक पठन सामग्री का विकास, पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, परीक्षा सुधार, सर्व शिक्षा अभियान के लिए सहायता, शैक्षिक रूप से सुविधाविहीन की शिक्षा।

रा.शै.अ.प्र. परिषद ने विज्ञान शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, शिक्षक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण के प्रोत्साहन के लिए चल रहे अपने सुपरिचित निम्नलिखित कार्यकलापों का आयोजन करना जारी रखा।

- बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी
- राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों के लिए सहायता
- शिक्षक शिक्षा में नवीनताओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
- स्कूल शिक्षा में नवीनताओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
- व्यवसायिक शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
- एन पी ई पी के तहत जनसंख्या सप्ताह और अन्तर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता
- राष्ट्रीय प्रतिभा खोज स्कीम
- महिला शिक्षा और विकास की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम
- ईआरआईसी के माध्यम से शैक्षिक अनुसंधान और नवीनताओं के लिए सहायता
- केन्द्र प्रायोजित स्कीमें, एसओपीटी, एसएसए, ईजीएस और एआईई, वीईपी, एनपीईपी, ईटी का कार्यान्वयन
- ज्ञान दर्शन, तरंग और ज्ञानवाणी के माध्यम से दूरदर्शन/आकाशवाणी पर शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण/प्रसार
- राष्ट्रीय मूल्य शिक्षा संसाधन केन्द्र के कार्यकलाप
- नवीन सेवा-पूर्व पाठ्यक्रम: एम. एड. (प्रारम्भिक), चार वर्षीय बी.एस.सी., बी.एड., दो वर्षीय बी.एड., (माध्यमिक), मार्गदर्शन और परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- सामुदायिक गायन कार्यक्रम और अन्तर-राज्य शिविर
- अखिल भारतीय स्कूल शिक्षा सर्वे (सातवाँ) प्रारंभ किया गया है।
- शैक्षिक अनुसंधानों का सर्वेक्षण प्रकाशनों का प्रकाशन इण्डियन एजुकेशनल रीव्यू, इण्डियन एजुकेशनल एब्सट्रेक्ट्स, जरनल आ इण्डियन एजुकेशन, भारतीय आधुनिक शिक्षा, स्कूल साइंस, दि प्राइमरी टीचर, प्राथमिक शिक्षक, जरनल आ वोकेशनल एजुकेशन तथा जरनल आ वैल्यू एजुकेशन।

स्कूल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के अन्तर्गत वर्ष के दौरान आयोजित किए गए प्रमुख कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं:

वर्ष 2003 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. ने शेष कक्षाओं और विषयों के लिए पाठ्य पुस्तकें तथा अन्य शिक्षण-अध्ययन

सामग्री तैयार करना जारी रखा। प्राथमिक स्तर पर, भाषाओं (हिन्दी और अंग्रेजी), गणित, पर्यावरण अध्ययन के विषय में कक्षा पॉच के लिए शिक्षण सामग्री (कुल 8 शीर्षक) पूरी हो गई है। कक्षा आठ के लिए भाषाओं (हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत), समाज विज्ञान; विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी व गणित के विषय में पाठ्य पुस्तकें तथा पूरक रीडर भी तैयार किए जा रहे हैं। अन्य कक्षाओं के लिए विभिन्न विषयों में अनेक पूरक रीडर, कार्य पुस्तकें आदि भी तैयार की गई शिक्षकों के लिए विभिन्न विषयों मैं तैयार किए गए। शिक्षकों के लिए ग्यारह हैण्डबुक तथा अपर प्राइमरी, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के लिए विभिन्न विषयों में तीन प्रशिक्षण पैकेज विकिसत किए गए। सभी पाठ्यपुस्तकों का तर्कसंगत व आनुभाविक मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

प्रारम्भिक शिक्षा

शिशु देख-रेख और शिक्षा के विषय में नवीनताओं के संबंध में मामला अध्ययनों की रिपोर्टे पूरी हो गई हैं। ए ट्रेनर्स हैण्डबुक एण्ड थ्योरी एण्ड प्रेक्टिसः ए करीकुलम गाइड फार प्री-स्कूल एजुकेशन, ए रिसोर्स बुक आन एजुकेशन फार लाइफ, एजुकेशन गारंटी स्कीम (ई जी एस) के अनुदेशकों के लिए प्रशिक्षण संहिता/आल्टरनेटिव इन्नोवेटिव एजुकेशन (एआईइ) का निर्माण कार्य चल रहा है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत, पहले से विकसित प्रारंभिक शिक्षा की कोटि सुधार हेतु 10 माड्यूलों का मुद्रण किया जा रहा है। प्रारंभिक शिक्षा के गुणवत्ता आयाम का मानीटरन करने के लिए साधनों (टूलों) का एक सैट विकसित किया गया है तथा उसका देश भर में इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्षेत्र में, पूर्वोत्तर राज्यों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए ईसीसीई में एक कार्यक्रम चागलंग में आयोजित किया गया तथा अन्य राज्यों के लिए ऐसा ही कार्यक्रम वर्ष के दौरान दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। नई शिक्षण सामग्री में शिक्षकों का पुनःस्थापन तथा दो राष्ट्रीय बैठकें - एक मूलभूत अधिकारों के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तथा एक अन्य प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण में समुदाय की भूमिका पर भी आयोजित की जाएंगी। प्रयोगात्मक और मूल्य शिक्षा के चल रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। एसएसए के अन्तर्गत, वार्षिक योजनाएं कार्यान्वित करने और वार्षिक शिक्षा योजनाओं (डीईईपी) को अन्तिम रूप देने में राज्यों को संसाधन सहायता प्रदान की जाती है। ईजीएस/एआईई के अन्तर्गत परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन, इसीसीई और प्रारम्भिक शिक्षा में रा.शै.अ.प्र. परिषद संसाधन केन्द्र को सज्जित करने, नए शीर्षक प्राप्त करने और राष्ट्रीय प्रलेखन यूनिट में डाटाबेस सृजित करने का काम प्रगति पर है।



विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा

जो अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर हैं उनमें निम्नलिखित शामिल हैं: पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक तथा अपर प्राथमिक सतरों पर सम्मिलित कक्षाओं का उभरता आकार, विभिन्न राज्यों में विशेष शैक्षिक जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यक्रम और अभ्यास, सम्मिलित स्कूल शिक्षा प्रोत्साहित करने के लिए नवीन शिक्षण कार्यनीतियों की कारगरता-एक मूल्यांकन अध्ययन, तथा सम्मिलित शिक्षा प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावक-शिक्षक एसोसिएशन की भूमिका। विशेष जरूरतों वाले बच्चों के परिप्रेक्ष्य से डीआईइटी की शिक्षक शिक्षा पाठ्यचर्या को सुदृढ़ करने का कार्य पूरा हो गया है तथा रिपोर्ट तैयार की जा रही है। दृष्टि बाधा वाले बच्चों के लाभार्थ ब्रेल प्रदर्शन टर्मिनलों के उपयोग और सम्मिलित शिक्षा में राज्य स्तरीय प्रमुख व्यक्तियों को प्रशिक्षित भी किया गया है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक बच्चों की शिक्षा

सामाजिक सुविधाविहीन समूहों से बच्चों को शिक्षित करने के



लिए दृष्टिकोणों और कार्यनीतियों के संबंध में मामला अध्ययन तथा हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति के बच्चों की शिक्षा से संबंधित समस्याओं का सर्वेक्षण तथा उनके समाधान के लिए कार्यनीतियों के बारे में कार्य प्रगति पर है। पूर्वोत्तर राज्यों के सामाजिक सुविधाविहीन समूहों के बच्चों के लिए पाठ्यचर्या के प्रभावी कार्यान्वयन में राज्य स्तरीय प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम, जनजातीय क्षेत्रों से बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षाशास्त्र-परिदृश्य और मुद्दे पर सेमिनार और अल्पसंख्यकों की शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

सामाजिक विज्ञानों तथा मानविकी में शिक्षा

कक्षा आठ के लिए पाठ्यपुस्तकें, शिक्षक हैण्डबुक तथा प्रशिक्षण पैकेज तैयार करने के अलावा, रा.शै.अ.प्र. परिषद ने अनेक पाठ्यपुस्तकें मुद्रणार्थ संशोधित और अद्यतन बनाई। विशेषज्ञों तथा कार्यरत शिक्षकों द्वारा पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन किया जा रहा है। भाषा शिक्षा और एकीकृत समाज विज्ञानों पर राष्ट्रीय सेमिनार तथा चार प्रशिक्षण कार्यक्रम संसाधन व्यक्तियों व शिक्षकों के लिए, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत और भूगोल में आयोजित किए जाएंगे। प्राथमिक स्तर पर एक विषय के रूप में इन्ट्रोडक्शन आफ इंग्लिश नामक एक दो वर्षीय अनुसंधान अध्ययन और अध्ययनकर्ताओं के भावात्मक, सामाजिक तथा बोधात्मक विकास पर इसके प्रभाव के बारे में अध्ययन यह पता लगाने के लिए किया जा रहा है कि वे बाध्यकर कारक कौन से हैं जिनकी वजह से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर कक्षा एक से अंग्रेजी लागू करना जरूरी हो गया।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना

प्रोजेक्ट स्टेट्स सर्वेज (1990-2000) पर एक समेकित रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया गया। राज्य परियोजना कार्मिकों के लिए जनसंख्या और शिक्षा पर प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई। राष्ट्रीय किशोरावस्था जरूरत सर्वेक्षण पर कार्य चल रहा है। जनसंख्या के संबंध में एक राष्ट्रीय स्रोत पुस्तक का कार्य प्रगति पर है। राज्य संसाधन व्यक्तियों के लिए किशोरावस्था शिक्षा में कौशल विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, परियोजना प्रगति समीक्षा, मानीटरन व प्रलेखन कार्यकलाप आयोजित किए जा रहे हैं।

विज्ञान और गणित में शिक्षा

भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीवविज्ञान में प्रयोगशाला मैनुअल और कक्षा आठ के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और गणित में पाठ्यपुस्तकें (हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तर) तैयार करने के अलावा और पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के अलावा, रा.शै.अ.प्र. परिषद ने संसाधन व्यक्तियों के लिए अनेक प्रशिक्षण/अनुसंधान

कार्यक्रम आयोजित किए और माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित और विज्ञान के अनेक व्यापक अध्ययन आयोजित कर रही है। बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन देहरादून में किया जाएगा।

शैक्षिक सर्वेक्षण और डाटा संसाधन

सातवें अखिल भारत स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण (सातवां एआईएसईएस) के तहत डाटा संग्रहण और इसकी जाँच-पड़ताल का काम लगभग पूरा होने वाला है। सातवें एआईएसईएस की प्रथम रिपोर्ट प्रोविजनल स्टेटिस्टिक्स-ए फ्लेश वर्ष के दौरान जारी किए जाने की आशा है। साफ्टवेयर का विकास तथा रा.शै.अ.प्र. परिषद के अन्य संघटकों द्वारा आयोजित परियोजनाओं के डाटा का विश्लेषण कार्य शुरु किया गया है।

कम्प्यूटर शिक्षा

स्कूलों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से शिक्षक प्रशिक्षकों/प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए अनेक अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें से कुछेक मात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और पूर्वोत्तर राज्यों के शिक्षकों के लिए थे। एनआईई कैम्पस में संकाय सदस्यों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक, पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन (दो दिन) पर तथा एक अन्य सामान्य आईटी कौशलों पर (एक सप्ताह)। घ-समूह से संबंधित 25 कर्मचारियों के लिए बुनियादी कम्प्यूटिंग कौशलों पर एक सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष दो और कार्यक्रम, एक प्रशासनिक/मंत्रालयीय स्टाफ के लिए और एक अन्य समूह-घ स्टाफ के लिए, आयोजित किए जाएंगे। एक सप्ताह के दो कार्यक्रमों में, 10-15 आयु वर्ग के बीच कुल 55 स्कूली बच्चों को, जिन्हें घर पर अथवा स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा सुलभ नहीं थी, बुनियादी कम्प्यूटर प्रचालनों में प्रशिक्षित किया गया। कक्षा नौ के लिए गणित की कठिन अवधारणाओं से संबंधित लोकस नामक मल्टीमीडिया साफ्टवेयर के लिए कार्यात्मक विनिर्देश तथा पाण्डुलिपि विकसित की गई है। अन्य विषयों तथा ग्रेड स्तरों के संबंध में मल्टीमीडिया शैक्षिक साफ्टवेयर के लिए विषयों का विनिर्धारण व पाण्डुलिपियों का विकास कार्य प्रगति पर है। माइलस्टोन्स इन जेनेटिक्स, रे आप्टिक्स, वेव आप्टिक्स, केमिकल बोन्डिंग और मोलेक्युलर स्ट्रक्चर्स, फोटोसिनथेसिस तथा हायार्की आफ बायोलोजिकल आर्गनाइजेशन नामक कार्यक्रम सम्भवतः सीडी पर उपलब्ध हो जाएंगे।

माप और मूल्यांकन

जो अध्ययन प्रगति पर हैं उनमें निम्नलिखित शामिल हैं: कक्षा तीन के अन्त में, प्राथमिक स्तर, अपर प्राइमरी स्तर और बेसलाइन सर्वेक्षण के अन्त में उपलब्धि स्तर, स्कूल आधारित मूल्यांकन स्कीम के कार्यान्वयन का अनुवर्ती अध्ययन, दिल्ली के माध्यमिक स्कूलों की प्रभावशीलता को प्रभावित करने वाले कारक तथा राज्यों के बीच स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर मूल्यांकन प्रथाओं का एक अध्ययन विकसित किए जा रहे प्रलेखों में सम्मिलित हैं: स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय परीक्षा सुधार रूपरेखा, शैक्षिक मूल्यांकन में नीतिगत परिप्रेक्ष्य, विभिन्न देशों में मूल्यांकन प्रथाओं के संबंध में विनिबंध और सार्वजनिक परीक्षा में ग्रेड पद्धति लागू करने के लिए कार्यान्वयन नीतियां। प्रश्न-पत्र निर्धारण/सतत और व्यापक शिक्षा/ग्रेड पद्धति में क्षमता निर्माण के जरिए विभिन्न एजेन्सियों के साथ प्रशिक्षण अन्तर-संयोजन के तहत, ग्रेड पद्धति के संबंध में माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षों का एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

अध्यापक शिक्षा

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थानों और शिक्षक शिक्षा कालेजों के संबंध में एक मूल्यांकन अध्ययन तथा माध्यमिक स्तर पर अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के संबंध में एक अनुसंधान अध्ययन आयोजित किया गया। स्कूल स्तर पर विभिन्न राज्यों में पालन की जाने वाली पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम का सर्वेक्षण भी पूरा हो गया है। एनसीएफएसई 2000 में यथापरिलक्षित उभरते मुद्दों और चिन्ताओं को ध्यान में रखते हुए एनसीईआरटी स्वः अध्ययन सामग्री, अध्यापक शिक्षा में परिप्रेक्ष्यों के संबंध में सामग्री और माध्यमिक अध्यापकों के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के संबंध में विषय-वस्तु आधारित स्वः अध्ययन सामग्री विकसित कर रहे हैं। क्षमता निर्माण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, आईएएसई, एससीईआरटी, डीआईईटी के अध्यापक शिक्षकों और एसएसए प्रशिक्षण घटकों के प्रभारी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, अध्यापक शिक्षा में उभरते मुद्दों और चिन्ताओं के संबंध में अध्यापक शिक्षकों और एससीईआरटी के निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक स्कूल आधारित समेकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा ताकि एक स्कूल आधारित प्रशिक्षण प्रक्रिया विकसित की जा सके।

विशेष जरूरतों वाले बच्चों के परिप्रेक्ष्य में डीआईईटी की अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या को सुदृढ़ करने का काम पूरा हो



विशेष जरूरतों वाले बच्चों के परिप्रेक्ष्य में डीआईईटी की अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या को सुदृढ़ करने का काम पूरा हो गया है। राज्य स्तरीय प्रमुख व्यक्तियों को समावेशी शिक्षा तथा दृष्टि बाधा वाले बच्चों के लाभार्थ ब्रेल प्रदर्शन टर्मिनलों के उपयोग में भी प्रशिक्षित किया गया है।

गया है। राज्य स्तरीय प्रमुख व्यक्तियों को समावेशी शिक्षा तथा दृष्टि बाधा वाले बच्चों के लाभार्थ ब्रेल प्रदर्शन टर्मिनलों के उपयोग में भी प्रशिक्षित किया गया है।

एनसीईआरटी अपने अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर स्थित चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में पंचवर्षीय एकीकृत बी.एस.सी., बी.एड./बी.एस.सी., बी.एड. पाठ्यक्रम, विज्ञान और मानविकी में दो वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम और मार्गदर्शन व परामर्श में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन करती है। प्रदर्शन स्कूल, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के अभिन्न हैं जिससे कि भावी अध्यापकों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा सके और वे एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई नई परिपाटियों और अनुभवों के संबंध में प्रयोगशाला के रूप में कार्य कर सकें। कोटि शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में एनसीईआरटी/डीआईईटी/सीटीई/आईएएसई के संकाय सदस्यों और प्रिंसिपलों/प्रमुख संसाधन व्यक्तियों/अध्यापक शिक्षकों आदि के लिए अनेक सेवाकालीन प्रशिक्षण/अनुस्थापन/व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एनटीएस)

एक हजार छात्रवृत्तियां, अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 150 और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 75 छात्रवृत्तियों सहित, प्रदान की गई। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई 2003) में प्रयुक्त परीक्षणों का विश्लेषण किया गया। एनटीएस प्राप्तकर्ताओं के लिए परिपोषण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शैक्षिक अनुसंधान

ईआरआईसी संवीक्षा-सह-प्रगति मानीटरन समिति ने वर्ष के दौरान ईआरआईसी वित्तपोषण हेतु 3 नई अनुसंधान परियोजनाओं की सिफारिश की। ईआरआईसी द्वारा वित्त पोषित दो अनुसंधान परियोजनाएं तथा 5 लघु परियोजनाएं पूरी हो गईं तथा 46 प्रगति पर हैं तथा दो पीएचडी शोध निबन्धों के प्रकाशनार्थ आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की गई। अध्यापक निर्माण के संबंध में मल्टी-सेन्ट्रिक अध्ययन तथा शिक्षा के विकेन्द्रीकरण के तहत साधनों के विकास पर एक कार्यशाला आयोजित की गई तथा एक समान मार्ग निर्देश तैयार किए गए हैं। शैक्षिक अनुसंधान अध्ययनों और पत्रों के संबंध में सामग्री का संकलन तथा सम्पादन किया गया ताकि विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत इंडियन एजुकेशन एब्सट्रेक्ट्स विकसित किए जा सकें।

माध्यमिक शिक्षकों के बीच कार्रवाई अनुसंधान आयोजित करने के लिए क्षमता निर्माण के अन्तर्गत पहले बैच के संबंध में कार्य पूरा हो गया है। प्रशिक्षार्थियों ने, प्रशिक्षण के अनुवर्ती के रूप में उनके द्वारा आयोजित कार्रवाई अनुसंधानों की रिपोर्टें भेजी हैं, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सहयोग से प्रशिक्षण के दूसरे बैच की तैयारी की जा रही है। डीआईईटी संकाय के लिए एक अनुसंधान प्रक्रिया पाठ्यक्रम (स्तर1), एससीईआरटी, महाराष्ट्र के सहयोग से, शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। शैक्षिक अनुसंधान के छठे सर्वेक्षण की सामग्री, जो वर्ष 1993-2001 के लिए शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित अनुसंधानों के संबंध में प्रवृत्ति रिपोर्टों के साथ विशेषज्ञों से प्राप्त हुई थी, सर्वेक्षण के प्रथम खण्ड के प्रकाशनार्थ सम्पादित की गई। भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा में एम.फिल. और पी.एच.डी. अनुसंधान कार्य की कोटि का मूल्यांकन करने के लिए मापदण्ड और अनुसंधान कार्यनीति विकसित करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। राज्यों में शैक्षिक निर्णय निर्माण में परामर्श तंत्र का अध्ययन और सफल स्कूल प्रबंधन का अध्ययन कुछ नवोदय विद्यालयों का एक मामला अध्ययन प्रगति पर है और अधिक मल्टीसेन्ट्रिक अध्ययन आयोजित करने के लिए प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान डिजाइन तैयार करने के वास्ते एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

गैर-औपचारिक शिक्षा के संबंध में वीडियो कार्यक्रमों की महत्त्वपूर्ण श्रृंखला के अन्तर्गत, मूल्य शिक्षा के संबंध में वीडियो स्पाट, ग्रेडिंग और औषधि पौधों की श्रृंखला के संबंध में कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क के संबंध में आडियो कार्यक्रमों

की महत्वपूर्ण् श्रृंखला, बहुरूप गांधी पर श्रृंखला, बच्चों को वर्णमाला सिखाने के लिए प्रारंभिक हिन्दी पर श्रृंखला और युवा बच्चों के लिए उमंग श्रृंखला के अन्तर्गत कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। स्वस्थ और उत्पादक रहन-सहन तथा शिशु शिक्षा के विषय क्षेत्रों में, भूमि और लोग श्रृंखला, हमारी सरकार श्रृंखला, गणित संबंधी कार्यक्रमों आदि के तहत पाण्डुलिपियां विकसित की गई हैं। वर्ष के अन्त तक लगभग 120 ईटीवी कार्यक्रम और 150 आडियो कार्यक्रम तैयार किए जाने हैं। स्कूल शिक्षा में वीडियो तथा आडियो कायक्रमों के लिए विषयों का विनिर्धारण करने के वास्ते कार्यदल की एक बैठक आयोजित की गई। मल्टीमीडिया पाण्डुलिपि लेखन तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी अवधारणा और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए परिपाटियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र ही आयोजित किए जाएंगे। अति मीडिया की स्थिति और ज्ञान दर्शन पर ईटीवी कार्यक्रमों के प्रसारण की कारगरता पर अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर हैं। मीडिया कार्यक्रमों का वीडियो उत्सव आयोजित करने की योजना है।

व्यावसायिक शिक्षा

एनसीईआरटी ने, नागालैण्ड राज्य के लिए व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम (वीईपी) के विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए; कृषि आधारित परियोजनाओं के संग्रह का निर्माण पर परियोजना की समीक्षा की; पेपर बैग तैयार करने के लिए एक माड्यूल विकसित किया; निम्न-दृष्टि तकनीक पर पाठ्यचर्या की पाण्डुलिपि का मसौदा तैयार किया; औषधीय तथा सुगंधित पौधों के संबंध में तीन माड्युलर पाठ्यचर्याओं के लिए दक्षता तथा निष्पादन मापदण्ड विकसित किए। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और केरल राज्यों में एनजीओ द्वारा नवीन वीईपी के कार्यान्वयन के तीन मामला अध्ययन किए गए। व्यावसायिक शिक्षकों के लिए पांच शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए चार अनुस्थापन कार्यक्रम (ओपी) और पीएसएससीआईवीई संकाय के लिए दो अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा कुछ और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वीई में सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए एनसीईआरटी अवार्ड 2003 प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय बैठक और क्षेत्रीय सेमिनारों की तीन रिपोर्टें, कृषि में लघु उद्यम स्थापित करने के लिए परियोजना का सार-संग्रह; पर्यावरण शिक्षा तथा जेनेटिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर तीन शिक्षण सामग्री (पाठ्यपुस्तक और अभ्यास मैनुअल); यात्रा और पर्यटन, गेरोनटोलाजी, मानसिक अवरुद्धता के संबंध में तीन माड्यूल तथा कर्नाटक में वीईपी की सफलता कहानियां प्रकाशित की गइ। वीई के संबंध में त्रैमासिक बुलेटिन का एक अंक प्रकाशित किया गया। हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया गया। आयोजित किए जा रहे कुछ अन्य कार्यक्रमों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं: आन्ध्र प्रदेश राज्य में सफलता कहानियों का संग्रह, और आजीविका आयोजन, शिक्षाशास्त्र के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक सूचना पद्धति का विकास, व्यावसायिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पैकेज, वीईपी के लिए डाटाबेस, प्रश्न बैंक पर साफ्टवेयर, दक्षता आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम, सामान्य फाउन्डेशन पाठ्यक्रम के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में शिक्षण सामग्री, व्यावसायिक पाठ्यचर्या के माड्यूल, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षण सामग्री तथा व्यवसाय-पूर्व माड्यूल।

शैक्षिक मनोविज्ञान

इन्ट्रोडक्शन टू साइकोलोजी, भाग-1 नामक मनोविज्ञान की पुस्तकों (कक्षा ग्यारह के लिए) और भाग-2 (कक्षा बारह के लिए) का मूल्यांकन किया जा रहा है। तर्कसंगत तथा आनुभाविक मूल्यांकन के लिए साधन विकसित किए गए हैं तथा विनिर्धारित विशेषज्ञों व शिक्षकों के पास भेजे गए हैं। नमूने के कुछ स्कूलों के अध्यापकों को साधनों और मूल्यांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी भी दी गई।

मार्गदर्शन और परामर्श 2003-04 (आमने-सामने विधि) में द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संबंध में कार्य शुरू किया गया। एनसीईआरटी वेबसाइट के माध्यम से सूचना पुस्तिकाएं और आवेदन-पत्र, अनेक एशियाई और अफ्रीकी देशों, राजदूतावासों/हाई कमीशनों को भेजे गए। प्रायोजन प्राप्त करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एजेन्सियों के साथ भी कार्य शुरू किया गया है। पाठ्यचर्या जरूरतों के ब्योरे और पाठ्यक्रम की प्रक्रियाओं और पाठ्यविवरण का ब्योरा देते हुए सीओएल साथ सहयोग से दूरस्थ/आनलाइन विधि के माध्यम से, मार्गदर्शन और परामर्श में एक अन्तर्राष्ट्रीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने का एक प्रस्ताव तैयार किया गया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक तथा मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय (एनसीईआरटी) तथा मार्गदर्शन व परामर्श प्रयोगशाला को संकाय व प्रशिक्षार्थियों के उपयोगार्थ समृद्ध व सुदृढ़ बनाया जाना जारी रहा। स्कूल शिक्षा के लिए प्रासंगिक मनोवैज्ञानिक संकल्पनाओं और रीति वैज्ञानिक मुद्दों के भारतीय परिप्रेक्ष्य के संबंध में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

मूल्य शिक्षा

एजुकेशनल फिलोसाफी आफ इण्डियन थिंकर्स सीरीज पर विनिबंधः श्री अरविन्द, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, रविन्द्रनाथ टैगोर, दयानन्द सरस्वती, जाकिर हुसैन, मदर टेरेसा, भगत पूरण सिंह, शुरू किए गए हैं। विनिबनध की संरचना, लेखकों लिए मार्गदर्शी रूपरेखा और सम्भावित लेखकों का विनिर्धारण, साहित्य की समीक्षा और कमियों का पहचान कार्य कर लिया गया है।

मूल्य शिक्षा में अनुसंधान और नूतनताएं प्रोत्साहित करने के अन्तर्गत आठ नए प्रस्ताव और 15 संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा संवीक्षा समीक्षा द्वारा उनकी जाँच-पड़ताल की गई। पांच अनुसंधान प्रस्ताव वित्तपोषण हेतु अनुमोदित किए गए। विनिबन्धों के विकास में पालन की जाने वाली विषयवस्तु रूपरेखा संरचना, फार्मेट, बल और कार्यनीतियां तैयार की गई। लेखकों द्वारा अनेक विनिबन्ध प्रायोजित किए जा रहे हैं जिनमें शामिल हैं: प्रजातन्त्र के मूल्य, स्कूल पर्यावरण और मूल्य; स्कूल-समुदाय अन्योन्यक्रिया तथा मूल्य; समावेशी स्कूल शिक्षा के संदर्भ में मूल्य पैदा करना; बच्चों के अधिकार; मूल्य संघर्ष और शान्ति; वैज्ञानिक प्रवृत्ति के मूल्य; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामन्जस्य कायम करना; बहुवादी सोसायटी में सामन्जस्यपूर्ण रहन-सहन; सौन्दर्यपरक मूल्य; भारत की विभिन्न संस्कृतियों की समानताएं; भारत के उत्सव और परिवार मूल्य।

विपय विशेष पर आधारित, जैसे कि प्रजातंत्र के मूल्य, पर्यावरणीय मूल्य, विज्ञान तथा वैज्ञानिक प्रवृत्ति के मूल्य आदि पर विशेष अंक प्रकाशित किए गए।

बालिका शिक्षा

ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिला शिक्षकों के उनके सामने प्रस्तुत समस्याओं के बोध, के संबंध में बालिका और आजीविका चयन से संबंधित मुद्दों और कुटीर उद्योगों में कार्यरत महिला उद्यमियों के संबंध में अध्ययन प्रगति पर हैं। भारत में महिला शिक्षा के संबंध में नीतिगत परिप्रेक्ष्य के संबंध में विकास तहत लेख प्रगति पर हैं। बालिका शिक्षा, क्षमता निर्माण और सहयोग के लिए सशक्तिकरण तथा सूचना प्रसार के संबंध में कार्यरत संगठनों के संबंध में नेटवर्किंग हेतु समय सारणियां तैयार की गई हं तथा प्रतिक्रियाएं संकलित की जा रही हैं। शिक्षकों के लिए दूरस्थ विधि के माध्यम से, जैसेकि बालिका शिक्षा और जेण्डर मुद्दों में सकारात्मक हस्तक्षेपकर्ताओ के प्रशिक्षक प्रशिक्षण हेतु माड्यूल और दूरस्थ विधि के माध्यम से छात्राओं के मार्गदर्शन और परामर्श हेतु माड्यूल तैयार किए जा रहे हैं। प्रख्यात भारत की प्रतिक्रियाओं के संबंध में सामग्री एकत्र की जा रही है। दूरस्थ विधि के माध्यम से छात्राओं के बीच विश्वास क्षमता निर्माण हेतु महिला और हस्तक्षेपणीय उपायों के बारे में चिन्तक/महिला शिक्षा और विकास की प्रक्रिया के संबंध में तेरहवां छः सप्ताह प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम 4 अगस्त से 1 सितम्बर 2003 तक आयोजित किया गया। सूचना पुस्तिका तथा प्रशिक्षण मैनुअल तैयार किए गए। चर्चा पत्र का मसौदा तैयार करने व महिला अधिकारिता के उभरते आयामों के संबंध में राष्ट्रीय परामर्श हेतु अन्य प्रारंभिक तैयारी का काम प्रगति पर है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

एनसीईआरटी ने, स्कूल शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम (सीईईपी) के कार्यान्वयन हेतु एक प्रमुख एजेन्सी के रूप में कार्य करना जारी रखा। एनसीईआरटी संकाय के अनेक सदस्यों को, अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित अथवा शैक्षिक आदान-प्रदान के तहत अन्य देशों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भेजा गया। एनसीईआरटी संकाय सदस्यों ने अनेक देशों से एनसीईआरटी का दौरा करने वाले प्रतिनिधियों/शिक्षाविदों और शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श किया।

हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन

एनसीईआरटी के घटकों में दिन-प्रतिदिन के काम में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, लिपिकों, आशुलिपिकों और वैयक्तिक सहायकों के लिए हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गई, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, प्रगति का जायजा लेने के लिए एनसीईआरटी घटकों का निरीक्षण व हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया गया। अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा पखवाड़े के दौरान पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रकाशन और प्रसार

आलोच्य अवधि के दौरान, स्कूली पाठ्यपुस्तक, कार्यपुस्तक, पूरक रीडर, शिक्षक गाइड, व्यावसायिक शिक्षा में उत्कृष्ट शिक्षण सामग्री, अनुसंधान रिपोर्ट/विनिबंध सहित लगभग 400 प्रकाशन प्रकाशित किए गए तथा शैक्षिक पत्रिकाएं आदि प्रकाशित की गई।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक स्वायत्त निकाय है। यह देश का दूसरा सबसे पुराना बोर्ड है जोकि 1929 में स्थापित किया गया था। सीबीएसई के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैः

- देश में संस्थाओं को सं बंधन प्रदान करना और पाठ्यक्रम निर्धारित करना।
- कक्षा 10 और 12 के अन्त में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित करना और सफल छात्रों को अर्हक प्रमाण-पत्र प्रदान करना।
- सीबीएसई के साथ सरकारी, सरकारी सहहायता प्राप्त तथा निजी/स्वतंत्र स्कूल सम्बद्ध हैं।



एनसीईआरटी न स्कूल शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम (सीईईपी) के कार्यान्वयन के लिए एक प्रमुख एजेन्सी के रूप में कार्य करना जारी रखा।

31 मार्च 2004 की स्थिति के अनुसार, विश्व के 19 अन्य देशों में स्थित स्कूलों सहित भारत में 7176 स्कूल सम्बद्ध हैं (केवीएस/एनवीएस से सेचना के आधार पर संशोधित) इनमें से 902 केन्द्रीय विद्यालय, (केवीएस से संकलित), 1703 सरकारी, 4049 स्वतन्त्र, 508 जवाहर नवोदय विद्यालय (एनवीएस से संकलित) और 14 केन्द्रीय तिब्बती स्कूल हैं।

वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परीक्षा (कक्षा बारह) 2003

- परीक्षा की अवधि : 3 मार्च - 5 अप्रेल 2003
- परिणाम घोषित होने की तारीख : अजमेर, चण्डीगढ़, चैन्नई, गुवाहाटी, दिल्ली और इलाहाबाद : 23 मई 2003
- वर्ष 2003 में बारहवीं कक्षा परीक्षा के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की कुल संख्या 366363 थी, जबकि 2002 के दौरान यह संख्या 342851 थी, जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 6.86 प्रतिशत वृद्धि का द्योतक है।
- नियमित उम्मीदवारों का पास प्रतिशत 78.33 था तथा प्राइवेट और पत्राचार उम्मीदवारों का प्रतिशत 30.34 था।
- लड़कों की कुल पास प्रतिशतता 68.62 थी जबकि लड़कियों की 80.33 थी।
- 2003 में उम्मीदवारों की कुल पास प्रतिशत 73.59 थी।

माध्यमिक स्कूल परीक्षा (कक्षा दस) 2003

- परीक्षा की अवधि : 3 मार्च से 22 मार्च 2003
- परिणाम घोषित होने की तारीख : 24 मई 2003 (अजमेर, चण्डीगढ़, चैन्नई, इलाहाबाद, दिल्ली और गुवाहाटी);
- कक्षा दस के लिए इस वर्ष पंजीकृत उम्मीदवारों की कुल संख्या 562129 थी जबकि 2002 के दौरान यह संख्या 530401 थी, जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि का द्योतक है।
- नियमित छात्रों का कुल पास प्रतिशत 72.65 था तथा प्राइवेट और पत्राचार उम्मीदवारों का प्रतिशत 29.6 था।
- लड़कों की कुल पास प्रतिशतता 67.49 थी जबकि लड़कियों की प्रतिशतता 68.75 थी।
- वर्ष 2003 में उम्मीदवारों की समग्र पास प्रतिशतता 68.2 थी।

परीक्षाओं (2003) की विशेषताएं

- पहली बार सीबीएसई की कक्षा दस और बारह के परिणाम, फोन-इन सुविधाओं, इन्टरएक्टिव वायस रेस्पोंस सिस्टम, ई-मेल और इन्टरनेट के अलावा, एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराए गए।
- शारीरिक विकलांग, दृष्टिहीन और अक्षम उम्मीदवारों को और अधिक रियायतें प्रदान की गईं। कक्षा दस की गणित और विज्ञान परीक्षाओं में बैठने वाले दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए बड़े मुद्रण में पृथक प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए। जहाँ ऐसे उम्मीदवार अध्ययन कर रहे थे उन स्कूलों के अध्यापकों को निरीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया। सेक्रेटरी/लिपिकों के पारिश्रमिक में 100 रुपए प्रति प्रश्न पत्र की वृद्धि की गई तथा सहायक अधीक्षकों को 40 रुपए के स्थान पर संवर्द्धित पारिश्रमिक प्रदान किया गया।

परीक्षा विशेषताएं 2004

परीक्षा की तारीख

कक्षा बारह	1.3.2004 to 2.4.2004
कक्षा दस	1.3.2004 to 23.3.2004

पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या

परीक्षा	वर्ष	कुल
माध्यमिक स्कूल परीक्षा कक्षा दस	2004	568489
वरिष्ठ स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा		
कक्षा बारह	2004	392836

2004 में प्रश्न-पत्रों में पद्धति में परिवर्तन

विषय	उम्मीदवारों की कुल संख्या	
	2003	2004
कक्षा बारह		
रसायन शास्त्र	34	27
जीवविज्ञान	30	28
अर्थशास्त्र	30	24
व्यवसाय अध्ययन	24	25
कक्षा दस		
समाज विज्ञान	29	27

- कक्षा बारह के लिए भौतिकी और गणित में प्रश्नों की संख्या 30 से घटाकर क्रमशः 27 तथा 26 की गई। दसवीं कक्षा विज्ञान में प्रश्नों की संख्या 33 से घटाकर 30 की दी गई। कुछ प्रश्नों में आन्तरिक चयन की भी व्यवस्था की गई।
- इराक संकट को देखते हुए छात्रों को खाड़ी अथवा भारत में किसी भी परीक्षा केन्द्र में बैठने की छूट दी गई। कुवैत में कक्षा दस में छात्रों की संख्या 957 तथा कक्षा बारह में 675 थी।
- इस वर्ष प्रश्न-पत्र पैकेट चार सहायक अधीक्षकों की उपस्थिति में खोले गए जिनमें से कम से कम एक सहायक अधीक्षक परीक्षा केन्द्र से इतर किसी एक स्कूल से था।
- असाधारण परिस्थितियों में, परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए समय में छूट की सीमा 30 मिनट से बढ़ाकर 45 मिनट कर दी गई।
- परिणामों की घोषणा के साथ सभी अनुचित साधनों के मामले निपटा दिए गए। पररूपधारण से बचने के लिए प्राइवेट और पत्राचार उम्मीदवारों के प्रवेश-पत्रों पर स्केन्ड फोटो लगाए गए।
- समाज विज्ञान के प्रधान परीक्षकों को अतिरिक्त प्रधान परीक्षक इस ढंग से चुनने की सलाह दी गई कि प्रधान परीक्षक और दो अतिरिक्त प्रधान परीक्षक समाज विज्ञानों, यथा इतिहास, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और भूगोल के सभी घटकों को, उत्तर-पुस्तिकाओं की नमूने की चैकिंग के लिए, कवर कर सकें।

अखिल भारत पूर्व-मेडिकल/पूर्व-डेन्टल परीक्षा 2004

भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार पीएमटी/पीडीई का आयोजन बोर्ड द्वारा किया जाता है। 16वीं प्रवेश परीक्षा 27 अप्रेल 2003 को राज्यों की राजधानियों और संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की गई। इस वर्ष 242841 उम्मीदवार पंजीकृत थे जिनमें से 215883 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे। योग्यता सूची में 1621 उम्मीदवार थे तथा 1135 उम्मीदवार प्रतीक्षा-सूची में थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2003

कक्षा छः में प्रवेश के लिए जे.एन.वी. चयन परीक्षा, ग्रीष्मकालीन स्कूलों के लिए 9 फरवरी 2003 को और शरदकालीन स्कूलों के लिए 12 अप्रेल 2003 को आयोजित की गई। फरवरी परीक्षा में 756983 उम्मीदवार तथा अप्रेल परीक्षा में 16508 उम्मीदवार बैठे।

कक्षा नौ में प्रवेश के लिए जे.एन.वी. की अतिरिक्त परीक्षा कक्षा छः प्रवेश परीक्षा के अलावा सीबीएसई द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा नौ में प्रवेश के लिए एक अतिरिक्त परीक्षा का आयोजन किया गया।

द्वितीय अखिल भारतीय इंजीनियरी प्रवेश परीक्षा 2003

द्वितीय अखिल भारतीय इंजीनियरी/वास्तुकला/फार्मेसी प्रवेश परीक्षा (एआईईईई) बोर्ड द्वारा देश भर में 97 नगरों 621 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में 327721 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया जिनमें से 298490 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा यथापूर्वक गठित केन्द्रीय परामर्श बोर्ड ने 109 संस्थानों में

जिनमें एनआईटी, आरईसी सम विश्वविद्यालय व अन्य तकनीकी संस्थान शामिल हैं, लगभग 12000 स्थानों का आबंटन किया।

वर्ष 2004 के दौरान परीक्षाओं में किए गए अतिरिक्त उपाय:

1. बोर्ड, उन नगरों में जहाँ स्कूलों की संख्या बहुत अधिक है और जहाँ एक विषय में 3 अथवा उससे अधिक प्रधान परीक्षक सम्मिलित हैं, मूल्यांकन प्रयोजनार्थ मुख्य नोडल पर्यवेक्षकों के रूप में स्कूल प्रिंसिपलों को नियुक्त करेगा। मुख्य नोडल पर्यवेक्षक उसी विषय के प्रभारी होंगे जिसे उन्होंने पढ़ाया है अथवा पीजीटी के रूप में पढ़ा रहे हैं अथवा जो प्रिंसिपल हों। इससे मूल्यांकन कार्य समुचित रूप में प्रबंध योग्य, पर्यवेक्षण और समय पर पूर्णतः सुनिश्चित होगा।

2. कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं को जाँचने के लिए परीक्षकों को देय पारिश्रमिक की दर 6.50 रुपए से बढ़ाकर 8 रुपए और कक्षा 12 के लिए 8.50 रुपए से बढ़ाकर 11 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका कर दी गई है।

3. इस वर्ष से विज्ञान और प्रौद्यिगकी की उत्तर पुस्तकों का मूल्यांकन 2 परीक्षकों द्वारा किया जाएगा। वर्ग क में भौतिकी और रसायन शास्त्र सम्मिलित होंगे और वर्ग ख में जीव विज्ञान। केवल उन्हीं लोगों को वर्ग क के लिए मूल्यांकन करता हूँ के रूप में नियुक्त किया जाएगा जिन्होंने अवर स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में रसायन शास्त्र और भौतिकी का अध्ययन किया हो जबकि जिन्होंने अवर स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में जीव विज्ञान का अध्ययन किया है वे जीव विज्ञान संबंधी वर्ग का मूल्यांकन करेंगे। वर्ग क के लिए पारिश्रमिक की दर 5 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका और वर्ग ख के लिए 3 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका होगी।

अखिल भारतीय पूर्व-मेडिकल/पूर्व-डेंटल परीक्षा 2004

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार पीएमटी/पीडीई का आयोजन बोर्ड द्वारा किया जाता है। पहली बार सत्रहवीं प्रवेश परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी- प्रारम्भिक और अंतिम। प्रारम्भिक परीक्षा राज्यों की राजधानियों और संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न केन्द्रों पर 17 अप्रैल, 2004 को आयोजित की जाएगी।

तृतीय अखिल भारतीय इंजीनियरी प्रवेश परीक्षा 2004

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, सम विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी तथा उन संस्थानों में जो अदायगी वाले अथवा बगैर अदायगी वाले स्थानों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा/राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा द्वारा कवर नहीं है, इंजीनयरी, पार्मेसी और वास्तुकला में डिग्री स्तरीय पाठ्यक्रमों के लिए तृतीय एआईईई 20 और 21 मई, 2004 को आयोजित की जाएगी।

अकादमिक कार्यकलाप

सीबीएसई, पाठ्यक्रमों की पुरातनता को दूर करने और साथ ही संगठ्ता कारक में वृद्धि करने के लिए पाठ्यचर्या इंजीनियरी की प्रक्रिया में सतत रूप से व्यस्त है ताकि छात्र अपने ज्ञान, दक्षताओं और कौशलों को का अपने कार्यस्थल और अपनी वास्तविक जीवन की जरूरतों से जोड़ सकें। आलोच्य वर्ष के दौरान बोर्ड के अकादमिक कार्यकलापों में और विस्तार देखने में आया। विगत दो दशकों के दौरान अध्ययन की प्रौद्योगिकी और निकायों की अवधारणा दोनों में अनेक परिवर्तन देखे गए हैं जिससे ज्ञान की सीमाओं की बाधाएं समाप्त हुई हैं और परस्पर संबंध कायम हुए हैं। एकीकरण की इस प्रक्रिया के पलस्वरूप उच्च किस्म के विषय सामने आए हैं। अकादमिक कार्यकलापों में समग्र रूप से निम्नलिखित विषयों पर बल दिया जाता है:

- पाठ्यचर्या डिजाइन, नवीकरण और विकास शिक्षा शास्त्रीय सहायता
- शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम
- पूरक पाठ्य सामग्री का विकास

पाठ्यचर्या डिजाइन और विकास

एनसीईआरटी द्वारा विकसित संशोधित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा वर्ष 2002-03 के दौरान कक्षा एक, तीन, छः, नौ और ग्यारह में लागू की गई। इस वर्ष संशोधित पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम कक्षा दो, चार, सात, दस और बारह में लागू किए गए।

जैव प्रौद्योगिकी

जैव प्रौद्योगिकी ज्ञान की एक शाखा है जिसमें भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान, अनुप्रयोग-उनमुख प्रौद्योगिकी के साथ शामिल है। विषय के अन्तर्गत जैव प्रौद्योगिकी के क्लासिकल और आधुनिक दृष्टिकोण सम्मिलित हैं। पाठ्यचर्या में जेनेटिक इंजीनियरी, औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी, सैल जैव प्रौद्योगिकी, जीव-मेडिकल इंजीनियरी, जीव-उर्वरक इत्यादि शामिल हैं। सीबीएससी ने वर्ष 2002-03 से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर अध्ययन के रूप में जैव प्रौद्योगिकी को एक इलेक्टिव विषय के रूप में प्रारम्भ करने का निर्णय लिया। बोर्ड द्वारा कक्षा 11 और

12 के लिए पाठ्य सामग्री प्रकाशित की गई। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी देश के विभिन्न भागों में आयोजित किए गए।

उद्यमशीलता

सीबीएससी द्वारा 2001-02 में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर लागू किया गया एक अन्य नया विषय उद्यमशीलता है जिसे 200 से अधिक स्कूलों द्वारा अपनाया गया है। इस विषय का उद्देश्य छात्रों को पहल और साधन सम्पन्नता के साथ उत्पादक और आत्म निर्भर वैयक्तिक सम्पदा के रूप में सशक्त बनाना है। यह अध्ययनकर्ताओं को स्वरोजगार के लिए भी गाइड करता है। कक्षा 11 और 12 के लिए इस वर्ष बोर्ड द्वारा संशोधित पाठ्य सामग्री लागू की गई।

कार्यात्मक अंग्रेजी

अंग्रेजी के शिक्षण में संचारात्मक दृष्टिकोण कक्षा 10 में 8 वर्ष पहले लागू किया गया था। इस वर्ष के दौरान अंग्रेजी कोर और अंग्रेजी इलेक्टिव के विकल्प के रूप में वरिष्ठ स्कूल स्तर पर कार्यात्मक अंग्रेजी लागू की गई है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य अध्ययनकर्ताओं को संचारात्मक, भाषायी और साहित्यिक कौशल प्रदान करना है जो बदलती हुई सामाजिक जरूरतों में प्रायः आवश्यक होता है।

फैशन अध्ययन प्रारम्भ करना

अकादमिक विषय के अंतर्गत एक इलेक्टिव विषय के रूप में फैशन अध्ययन प्रारम्भ करना एनआईएफटी के सहयोग से तय किया गया है। पाठ्यक्रम में सिद्धान्त और अभ्यास के क्रमशः 70:30 घटक होंगे और इसके अंतर्गत वस्त्र विनिर्माण, प्रबंध और पण्य वस्तुएं जैसे विषय सम्मिलित होंगे।

गणित प्रयोगशाला प्रारम्भ करना

बोर्ड ने कक्षा 3-8 के लिए 31 मार्च, 2005 तक गणित प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए स्कूलों को मार्ग निर्देश जारी किए हैं। इसके अन्तर्गत अभ्यास दक्षताओं के मूल्यांकन को सिद्धान्त के साथ एकीकृत करने और गणित को और अधिक व्यवहारिक तथा जीवन-उनमुख बनाने पर बल दिया जाएगा। अनुभव किया गया है कि गणित के अध्ययन को अन्य विषयों के साथ जोड़ा जा सकता है। स्कूलों से गणितीय अवधारणाओं के व्यवहारिक प्रावधान के वास्ते यंत्र और साधन विकसित करने के लिए स्थानीय संसाधनों का पता लगाने के लिए कहा गया है। छात्रों का सतत और व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया द्वारा मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी

वर्तमान पंचांग वर्ष 2004 को विज्ञान वर्ष के रूप पदनामित किया गया है। इस भावना की सच्चाई को ध्यान में रखते हुए बोर्ड इन्टेलइण्डिया के साथ सहयोग से छात्रों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रारम्भ करेगा। यह प्रश्नोत्तरी कक्षा 9-12 में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए सीबीएसई के सभी संबद्ध स्कूलों के लिए खुली होगी। प्रत्येक स्कूल से केवल तीन छात्रों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। तीन अर्हक स्तर होंगेः (i) लिखित प्रश्नोत्तर, (ii) क्षेत्रीय स्तर पर मौखिक प्रश्नोत्तर और (iii) राष्ट्रीय स्तर। प्रतियोगिता का प्रथम चरण अप्रैल 2004 में आयोजित किया जाएगा। अंतिम प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमशः बीस हजार रुपए, 12 हजार रुपए और 7 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। क्षेत्रीय विजेता टीम को तीन हजार रुपए प्राप्त होंगे। प्रत्येक भागीदार स्कूल से छः सौ रुपए का पंजीकरण शुल्क चार्ज किया जाएगा।

वेब और मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी

- सीबीएसई देश में पहला बोर्ड है जिसने स्कूल स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी लागू की है। कक्षा 10 स्तर पर एक अतिरिक्त विषय रूप में प्रारम्भिक सूचना प्रौद्योगिकी का अध्ययन कराया जाता है।
- अकादमिक शाखा के तहत कम्प्यूटर विज्ञान और सूचना विज्ञान परिपाटियों में वरिष्ठ स्कूल पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। आईटी अनुप्रयोग का अध्ययन छात्र द्वारा व्यावसायिक विषय के अंतर्गत किया जा सकता है। वेब और मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी को वर्तमान शिक्षण वर्ष से कक्षा 11 के लिए एक इलेक्टिव विषय के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वविकसित वेबसाइट, वेब पोर्टल्स का प्रबंध करने, रेखाचित्रीय इमेजों के सृजन और सम्पादन, वेब विकास, वेब स्क्रिप्ट तैयार करने आदि हेतु समर्थ बनाना है। पाठ्यक्रम में 70 अंकों का सिद्धान्त घटक और 30 अंकों का अभ्यास घटक सम्मिलित होगा।

समाज विज्ञान में माध्यमिक स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन प्रारंभ करना

आगामी शिक्षा सत्र 2004-05 से कक्षा 9 और उसके आगे समाज विज्ञान में आंतरिक मूल्यांकन प्रारंभ किया गया है। सतत और व्यापक मूल्यांकन के भाग के रूप में आंतरिक मूल्यांकन के लिए 20 प्रतिशत भारांश तय किया गया है जिसे स्कूलों द्वारा किया जाएगा। यह मूल्यांकन प्रकृति से संक्षिप्त

और संरचनात्मक होगा। आंतरिक मूल्यांकन में छात्रों के निष्पादन को ग्रेडों के रूप में परिलक्षित किया जाएगा और उसे माध्यमिक स्कूल परीक्षाओं के बाद बोर्ड द्वारा जारी अंक/ग्रेड प्रमाण-पत्र में सम्मिलित किया जाएगा। मूल्यांकन हेतु मार्ग निर्देश बोर्ड द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

> वर्तमान पंचांग वष 2004 को विज्ञान वर्ष के रूप में पदनामित किया गया है। इस भावना की सच्चाई के रूप में बोर्ड इण्टेलइण्डिया के सहयोग से छात्रों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रारंभ करेगा। इस प्रश्नोत्तरी में कक्षा 9-12 में अध्ययन करने वाले सभी छात्र जो सीबीएसई के संबद्ध स्कूलों में अध्ययनरत हैं, भाग ले सकेंगे। प्रत्येक स्कूल से केवल 3 छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी।

संचारात्मक संस्कृत

कक्षा 10 की संस्कृत की पूरी पाठ्यचर्या को संशोधित और उसमें सुधार किया गया। शिक्षक हैण्डबुक के अतिरिक्त प्रशिक्षकों के लिए संसाधन मैनुअल भी तैयार किए गए। संशोधित पाठ्यक्रम में शिक्षक अनुस्थापन हेतु अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आपदा प्रबंधन

एक प्रमुख पाठ्यचर्या के भाग के रूप में आपदा प्रबंधन को कक्षा 8 में एक विषय के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं की पूर्व तथा पश्चात तैयारी पर बल दिया जाता है। पाठ्यक्रम के भाग के रूप में अध्ययनकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

जीवन कौशल शिक्षा

यह पाठ्यक्रम वर्तमान शिक्षा वर्ष से कक्षा 6 में लागू किया गया है और अध्ययनकर्ताओं को चुनने तथा सतत अवलोकन, समझ-बूझ की प्रक्रिया द्वारा सही चुनाव करने की शक्ति प्रदान करने के लिए समर्थ बनाता है।

शारीरिक शिक्षा

शारीरिक और स्वास्थ्य शिक्षा माध्यमिक स्तर तक एक अनिवार्य विषय है। वरिष्ठ स्तर पर सिद्धान्त के लिए दिए जाने वाले भारांश को संशोधित करके 70 अंक का बना दिया गया है तथा अभ्यास घटक के लिए 30 अंक निश्चित किए गए हैं जिससे कि इसे अभ्यास कार्य वाले अन्य शैक्षिक विषयों के बराबर लाया जा सके और विषय की समझबूझ में वृद्धि की जा सके। पाठ्यचर्या में स्वास्थ्य शिक्षा और खेल औषधि की बुनियादी संकल्पनाओं को भी शामिल किया गया है।

मूल्य शिक्षा

स्कूल स्तर पर मूल्य शिक्षा एक अंतर-विषयक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु को इस वर्ष संशोधित किया गया और नए प्रकाशन प्रकाशित किए गए।

प्रमुख पाठ्यचर्या

बोर्ड, बदलते समय की गति को ध्यान में रखते हुए और पाठ्यचर्या को और अधिक प्रासंगिक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों में अपनी पाठ्यचर्याओं की सतत रूप से समीक्षा करता है और उसे अध्यतन बनाता है। प्रमुख पाठ्यचर्या दृष्टिकोण से बोर्ड पुराने पड़ गए विषयों और अवधारणाओं को हटाकर विद्यमान पाठ्यचर्या को संशोधित करने और उसके स्थान पर और अधिक प्रासंगिक तथा अध्यतन सामग्री विषयों को सम्मिलित करने में समर्थ हुआ है। प्रमुख पाठ्यचर्या, वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर जीव विज्ञान, भौतिकी, अर्थशास्त्र और व्यवसाय अध्ययन में पहले ही प्रारंभ की जा चुकी है। वर्ष के दौरान शिक्षक सहायता सामग्री विकसित की गई तथा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। एकाउंटेंसी के विषय में एक नए धटक के रूप में कम्प्यूटरीकृत एकाउंटेंसी का घटक जोड़ा गया है।

फ्रेंच भाषा

इस वर्ष के दौरान कक्षा 9 और 10 के लिए फ्रेंच भाषा में नई पाठ्यक्रम सामग्री भी विकसित की गई जो संचारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है। पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तक और सुनने तथा बोलने के अभ्यास के लिए आडियो कैसेट तैयार किया गया।

शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम

कक्षा 10 और 12 को पढ़ाने वाले शिक्षकों के अनुस्थापन हेतु

अनेक कार्यक्रम देशभर में निम्नलिखित विषयों में आयोजित किए गए:

- अंग्रेजी
- गणित
- भौतिकी
- जीव विज्ञान उद्यमशीलता अर्थशास्त्र
- संस्कृत
- व्यवसाय अध्ययन, एकाउंटेंसी, जीव प्रौद्योगिकी, सूचना विज्ञान, परिपाटी मनोविज्ञान

प्रिंसिपलों के लिए सशक्तिकरण कार्यक्रम

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से बोर्ड संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य इसमें भाग लेने वालों को प्रबंधन, प्रशासन और नेतृत्व कौशल प्रदान करना है।

प्रिंसिपलों के लिए प्रारम्भिक पाठ्यक्रम

देश भर में नए संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए इस वर्ष अनेक प्रारम्भिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य रूप से पाठ्यचर्या गतिकी, शिक्षा शास्त्र में बदलती प्रवृत्तियों, समग्र कोटि प्रबंधन, दबाव प्रबंधन पर बल दिया जाता है।

सीबीएसई समूह गणितीय ओलम्पियाड

सीबीएसई को राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड द्वारा 1997 में एक स्वतंत्र समूह के रूप में दर्जा प्रदान किया गया। छठा सीबीएसई गणित ओलम्पियाड दिसम्बर 2002 में आयोजित किया गया। इस समूह में उच्चतम स्थान पाले वाले छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड में भाग लिया।

राष्ट्रीय आईटी ओलम्पियाड

सूचना प्रौद्योगिकी, स्कूल तथा विश्वविद्यालय शिक्षा में अध्ययन का एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। प्रतिभा का पता लगाने और पहल व सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने के वास्ते बोर्ड ने 2002 में आईटी में वार्षिक ओलम्पियाड की शुरुआत की। भारतीय कम्प्यूटर विज्ञान अनुसंधान एसोसिएशन के सहयोग से फरवरी और मई 2003 में क्षेत्रीय तथा राष्ट्र स्तरीय ओलम्पियाड आयोजित किए गए। तीन उम्मीदवारों ने अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के लिए क्वालीफाई किया और कांस्य पदक जीते।

हेरिटेज (दाय) इण्डिया प्रश्नोत्तरी

कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम 2001 में प्रारम्भ किया गया। इससे छात्रों को अपने ज्ञान को प्रदर्शित और बढ़ाने तथा भारतीय इतिहास, संस्कृति, ललित कलाओं और दाय को समझने का अवसर प्राप्त होता है। सीबीएसई ने सामूहिक तथा राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जिनमें 1000 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया।

सीबीएसई सहोदय स्कूल परीसरों का दसवां वार्षिक सम्मेलन

सीबीएसई सहोदय स्कूल परीसरों का दसवां वाषिक सम्मेलन उदयपुर में आयोजित किया गया जिसका विषय था इनेबलिंग स्ट्रेस-फ्री एजुकेशन जिसमें 150 से अधिक प्रिंसिपलों ने भाग लिया और दबाव और दबाव को कम करने तथा इसके प्रबंधन पर प्रमुख रूप से बल देते हुए स्कूल शि्क्षा पद्धति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

सीबीएसई प्रतियोगी खेल कार्यक्रम

सीबीएसई का प्रतियोगी खेल कार्यक्रम भारत में स्कूल स्तर पर एक सर्वाधिक संगठित कार्यकलाप है। यह तीन स्तरों पर आयोजित किया जाता है, यथा सामूहिक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय। वर्ष 2003 में 14 विषयों में प्रतियोगिताएं भारत में और विदेश में 120 से अधिक स्थानों पर आयोजित की गई। इस वर्ष भाग लेने वालों की संख्या 80000 से अधिक थी। हैण्डबाल, जूडो, स्केटिंग में क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आरम्भ की गई। तैराकी, स्केटिंग, हैण्डबाल और चेस में नए खेल और आयु वर्ग प्रारम्भ किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिण्टन, टेबल टेनिस और टेनिस में एकल चैम्पियनशि्प के लिए खेल प्रारम्भ किए गए।

लोक शिकायतों का निवारण

लोक शिकायत और निवारण प्रकोष्ठ 1993 में गठित किया गया। लोक शिकायतों के नियमित मानिटरन से एक विशिष्ठ समयावधि के अंदर कारगर सुधारात्मक कार्यवाई सुनिश्चित होती है। इस तथ्य को देखते हुए कि परीक्षार्थियों की संख्या में प्रत्येक वर्ष वृद्धि हो रही है, बोर्ड को केवल 15 शिकायतें प्राप्त हुई जो मुख्यतः डुप्लीकेट दस्तावेज प्राप्त नहीं होने के संबंध में थी। सभी मामलों को शिकायतकर्ताओं के पक्ष में निपटा दिया गया।

कदाचार प्रकोष्ठ

पीआर यूनिट बोर्ड के कदाचार प्रकोष्ठ का मानीटरन करता है। प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य प्राइवेट संगठनों और संस्थानों के कार्यकलापों का मानीटरन करना है। आलोच्य अवधि के दौरान 9 स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।



छात्रों को सीबीएसई परामर्श सेवाएं

सीबीएसई देश में पहला बोर्ड है जिसने छात्रों के लिए परामर्श सेवा प्रारंभ की है। एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में 1998 में शुरू की गई इस सेवा के संबंध में मुख्य रूप से छात्रों और अभिभावकों से अपार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड द्वारा वर्ष में दो बार सतत टेली-परामर्श कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, पहला परीक्षाओं के समय पर और फिर परिणामों की घोषणा के समय पर। सीबीएसई से संबद्ध प्राइवेट और सरकारी स्कूलों से अनेक परामर्शदाताओं और प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों ने नेटवर्क के माध्यम से परामर्श प्रदान किया जो पिछले वर्षों के दौरान काफी व्यापक हो गया है। देश में 38 केन्द्रों के अलावा खाड़ी में भी टेली-परामर्श सेवा प्रदान की जा रही है।

वर्ष के दौरान शुरू की गई पहल

सीबीएसई ने पहली बार शिक्षा निदेशालय दिल्ली के साथ सहयोग किया और सरकारी स्कूलों के कक्षा 10 और 12 के छात्रों और अन्य स्कूलों के प्रिंसिपलों तथा अध्यापकों के साथ विचार-विमर्श किया। पहली बार बोर्ड ने दो प्रमुख राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र-हिन्दुस्तान दैनिक और राजस्थान पत्रिका के सहयोग से छात्रों को परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर परामर्श प्रदान करने और सामान्य परामर्श प्रदान करने के लिए एक हेल्प लाईन शुरू की।

गाइडिंग चिल्ड्रेन बेटर

ए हैण्डबुक फार टीचर्स एण्ड पेरेण्ट्स आन काउंसिलिंग सीबीएसई देश में पहला बोर्ड है जिसने न केवल परामर्श कार्य शुरू किया है बल्कि जिसने नियमित आधार पर पूर्ण स्कूल विषय के एक भाग के रूप में परामर्श कार्य को सुदृढ़ और स्थापित किया है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम एक हैण्डबुक का प्रकाशन करना है जो विशेष रूप से अंग्रेजी और हिन्दी संस्करणों में कक्षा अध्यापकों और अविभावकों के लिए तैयार की गई है। यह हैण्डबुक अनुभाविक साक्ष्यों पर आधारित है और इसमें बच्चों को सामान्य रूप से पेश आने वाली आचरण संबंधी समस्याओं का संकलन किया गया है तथा उन सुधारात्मक उपायों का उल्लेख किया गया है जिन्हें शिक्षक और अभिभावक बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए तुरंत उठा सकते हैं।

अध्यापकों को सीबीएसई पुरस्कार

अध्यापकों को सीबीएसई प्रोत्साहन पुरस्कारों के अंतर्गत, जिन्हें वर्ष 2000 में शुरू किया गया था उन परंपराओं पर पुनः बल दिया जाता है जिनमें अनूठी उपलब्धि, कार्य दक्षता और उन अध्यापकों के कर्त्तव्य निष्ठा को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त योगदान दिया है। इन पुरस्कारों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एक पृथक श्रेणी के रूप में मान्यता दी गई है। कुल मिलाकर, सीबीएसई के छः क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के लिए बारह पुरस्कार आबंटित किए गए हैं। बोर्ड, क्षेत्रीय समितियां नियुक्त करता है जो अंतिम चयन के वास्ते सीबीएसई की केन्द्रीय पुरस्कार समिति को प्रिंसिपलों और अध्यापकों के नामों की सिफारिश करती हैं। प्रत्येक पुरस्कार में एक योग्यता प्रमाण-पत्र, एक शाल और पन्द्रह हजार रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है। मानव संसाधन विकास, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और समुद्रीय विकास विभाग मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने ये पुरस्कार 4 सितम्बर 2003 को आयोजित एक शानदार समारोह में प्रस्तुत किए। सीबीएसई राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चुने गए प्रिंसिपलों और अध्यापकों को महामहिम भारत के राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से 5 सितम्बर 2003 को प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए।

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा मेला

सीबीएसई ने पहली बार 3 से 5 अप्रैल 2003 तक प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा मेले में भाग लिया जिसका मुख्य उद्देश्य बोर्ड के उद्देश्यों और कार्यकलापों के बारे में जनता और जनसमूह के साथ विचार विमर्श करना और उन तक पहुँचना था।

इस प्रदर्शनी से, छात्रों, अभिभावकों और विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा निकायों के साथ विचार विमर्श करने का एक उपयोगी अवसर प्राप्त हुआ। सीबीएसई मंडप ने बहुत संख्या में लोगों को आकर्षित किया जिसे बोर्ड के मल्टी-आयामीय शैक्षिक कार्यकलापों का एक पैनोरमा प्राप्त हुआ।

इस प्रदर्शनी के लिए बोर्ड के नए पाठ्यक्रमों, आजीविका मार्गदर्शन तथा सीबीएसई की नई नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में सूचना सामग्री, अनेक मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण और प्रकाशन आदि तैयार किए गए। प्रबंधों, प्रदर्शन और सूचना सामग्री का आम जनता ने बहुत सराहना की।

हीरक जयंती वर्ष

सीबीएसई की हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह 29 जुलाई 2003 को आयोजित किए गए। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में हीरक जयंती वर्ष का उद्घाटन किया। समारोहों के अंतर्गत नए सीबीएसई भवन शिक्षा सदन का उद्घाटन, बोर्ड का एक अकादमिक स्कंध, और सीबीएसई शिक्षा नेट के इनफो-हाइवे नेटवर्क का भी उद्घाटन सम्मिलित था-यह बोर्ड की नेटवर्किंग की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। विशेष कवर और स्मारिका का विमोचन भी समारोहों का महत्वपूर्ण अंग थे।

पब्लिक वेबसाइट

सीबीएसई ने पहले ही एक समृद्ध सूचना कन्टेंट वेबसाइट यूआरएल www.cbse.nic पर प्रारंभ की है जो जनता के किसी भी सदस्य को सुलभ है। हीरक जयंती वर्ष के दौरान इसे और संवर्ध्दित किया जाएगा ताकि और अधिक सूचना उपलब्ध कराई जा सके जिसमें फार्म तथा परिपत्र और सीबीएसई से जानकारी चाहने की विधियाँ सम्मिलित होंगी। सीबीएसई और अधिक कागज विहीन तथा इसके नागरिक चार्टर की दृष्टि से जानकारी तेजी के साथ इलेक्ट्रानिक रूप से सुलभ कराने और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकीय अधिनियम 2000 के प्रावधानों के बारे में जानकारी सुलभ कराने का प्रयास करेगा।

नवीनतम प्रकाशनों की सूची

- वर्ड बुक-IX (संशोधित संस्करण)1
- लिटरेचर इंगलिश (कार्यात्मक अंग्रेजी)-XI
- लैंग्वेज स्किल XI-XII
- बायोटेक्नालाजी लेबोरेटरी मैनुअल-XI
- बायोटेक्नालाजी-XII
- बायोटेक्नालाजी लेबोरेटरी मैनुअल-XII
- प्रैक्टिकल वर्क आन कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम इन एकाउंटेंसी एण्ड प्रोजेक्ट वर्क इन एकाउंटेंसी
- इण्टरप्रिन्योरशिप-XII
- इण्ट्रे जेनुअस (फ्रेंच)-IX
- इण्ट्रे जेनुअस कैशियर डीएक्सरसाइजेज-IX
- इण्ट्रे जेनुअस-II (फ्रेंच)-X
- सीनियर एण्ड सेकेण्डरी स्कूल करिकुलम 2004
- सीनियर एण्ड सेकेण्डरी स्कूल करिकुलम 2004
- मार्किंग स्कीम- कक्षा X 2003
- मार्किंग स्कीम- कक्षा XII 2003
- सैम्पल क्वेश्चयन पेपर्स X और XII

  इण्टरनेशनल एक्रीडिटेशन कोर्सेस
- गुजराती एक परिचय। मलयालम एक परिचय
- नो स्कूल बैग्स अपटू क्लास 2

कक्षा 2 तक छात्रों के लिए स्कूली बैग का भार कम करने के लिए बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह निर्णय किया गया है कि छात्रों को कोई गृह कार्य नहीं दिया जाएगा तथापि शिक्षकों के लिए मार्ग निर्देश तैयार किए गए हैं जिनमें गृह कार्य के लिए विकल्प सुझाए गए हैं जिनका उद्देश्य एक दबाव-मुक्त परिवेश में बच्चों का एक वृहत व्यक्तित्व विकसित करना है।

कक्षा 5 तक कोई पास/फेल नहीं

यह भी निर्णय लिया गया है कि सतत और व्यापक मूल्यांकन किया जाएगा और किसी भी छात्र को कक्षा 5 तक पास अथवा



कक्षा 2 तक कोई स्कूल बैग नहीं

कक्षा 2 तक छात्रों के लिए स्कूली बैग का भार कम करने के लिए बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह निर्णय किया गया है कि छात्रों को कोई गृह कार्य नहीं दिया जाएगा तथापि शिक्षकों के लिए मार्ग निर्देश तैयार किए गए हैं जिनमें गृह कार्य के लिए विकल्प सुझाए गए हैं जिनका उद्देश्य एक दबाव-मुक्त परिवेश में बच्चों का एक वृहत व्यक्तित्व विकसित करना है।



फेल घोषित नहीं किया जाएगा। यह व्यवस्था धीरे-धीरे कक्षा 8 तक कर दी जाएगी।

वर्ष 2004 से कक्षा 9 में ग्रेड पद्धति


सतत और व्यापक मूल्यांकन के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीबीएसई ने स्कूल आधारित मूल्यांकन में अनेक सुधार प्रारम्भ किए हैं। शैक्षिक वर्ष 2004 से कक्षा 9 के छात्रों के मूल्यांकन में ग्रेड लागू करने का निर्णय लिया गया है। ग्रेड पद्धति के आधार पर मूल्यांकित किए जाने वाले छात्रों का पहला बैच वर्ष 2006 में होगा।

राष्ट्रीय मुक्त स्कूल पद्धति संस्थान (एनआईओएस)

राष्ट्रीय मुक्त स्कूल पद्धति संस्थान (एनआईओएस) मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है। 1989 में स्थापित एनआईओएस विश्व में एक सबसे बड़ी मुक्त स्कूल शिक्षा पद्धति उभरी है। फिलहाल माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों पर लगभग 12 लाख छात्र दर्ज हैं। विगत पांच वर्षों के दौरान पांच लाख से अधिक छात्रों ने एनआईओएस परीक्षाएं पास की हैं। इसने एनआईओएस मुख्यालय में दो प्रभाग और पांच विभागों, सात क्षेत्रीय केन्द्रों और लगभग 2500 अध्ययन केन्द्रों का एक नेटवर्क स्थापित किया है जो मुक्त अध्ययन और दूरस्थ शिक्षा विधि के जरिए कार्यक्रम चलाते हैं। एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्र राज्य मुक्त स्कूलों/ राज्य शिक्षा विभागों, एनआईओएस अध्ययन केन्द्रों और एनआईओएस मुख्यालय के साथ घनिष्ठ समन्वय के साथ कार्य करते हैं। भारत में अध्ययन केन्द्रों के अलावा एनआईओएस ने यूएई, ओमान सल्तनत, कुवैत, नेपाल और कनाडा में भी अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं।

मुक्त बुनियादी शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम

इस बात को समझते हुए कि एक प्रमुख प्रदाय पद्धति के रूप में औपचारिक स्कूल शिक्षा पद्धति अकेली इस स्थिति में नहीं है कि वह सभी को प्रारम्भिक (अथवा बुनियादी) शिक्षा प्रदान कर सके, एनआईओएस ने अनुभवी और समर्पित एनजीओ की भागीदारी से मुक्त बुनियादी शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम शुरू किया है। ओबीई कार्यक्रम, 'क' (कक्षा 2/3 के समकक्ष), 'ख' (कक्षा 4/5 के समकक्ष), और 'ग' (कक्षा 7/8 के समकक्ष) स्तर पर लागू किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित दक्षताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की कोटि सुनिश्चित करते हुए ग्रेड के आधार पर पाठ्यचर्या के अध्ययन की व्यवस्था है। चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चों और चौदह वर्ष से ऊपर के प्रौढ़ों के लिए प्रथक ओबीई कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई है। एनआईओएस की 216 एजेंसियाँ प्रत्यायित हैं जो ओबीई कार्यक्रम संचालन करती हैं। एनआईओएस प्रत्यायित एजेंसियों को अपनाने के वास्ते स्व अध्ययन सामग्री की व्यवस्था करता है। यह व्यापक अध्ययन परिणाम, पाठ मुक्त नमूने के प्रश्न पत्र, सुझावित अंक पद्धति स्कीमों के साथ परीक्षा पत्रों का खाका भी उपलब्ध कराता है। प्रत्यायित एजेंसियाँ ओबीई स्तर क, ख और ग के लिए परीक्षाएं आयोजित करती



हिन्दी, अंग्रेजी, समाज विज्ञान, संस्कृत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यवसाय अध्ययन, गणित और उर्दू में संशोधित पाठ्यचर्या के आधार पर संशोधित स्व अध्ययन सामग्री (एसआईएम) विकसित की गई है और शैक्षिक वर्ष 2003-04 से पद्धति में लागू की गई है।

हैं और एनआईओएस के साथ संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र प्रदान करती हैं। अभी तक 26000 से अधिक संयुक्त प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। शैक्षिक तथा सह-शैक्षिक क्षेत्रों में छात्रों की उपलब्धि का मूल्यांकन एनओईओएस द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है। इससे एनआईओएस के मुक्त बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम की विश्वसनीयता बनी रहती है।

माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक पाठ्यक्रम

माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों पर एनआईओएस ने विषयों के चयन स्व-गति से अध्ययन करने, अन्य बोर्डों और राज्य मुक्त स्कूलों से क्रेडिट के हस्तान्तरण में ढील की व्यवस्था की है। अपने माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक कार्यक्रमों के कार्य क्षेत्र का विस्तार करने के उद्देश्य से एनआईओएस ने अन्य बातों के साथ-साथ परीक्षाओं में बैठने के लिए उम्मीदवारों के प्रत्यक्ष पंजीकरण की व्यवस्था की है। विषयों के चयन का विस्तार करने के उद्देश्य से एनआईओएस ने नए विषय प्रस्तुत किए हैं, यथाः (1) मनोविज्ञान, और (2) माध्यमिक स्तर पर भारतीय संस्कृति और दाय, और (1) कम्प्यूटर विज्ञान और (2) समाज शास्त्र वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर वर्ष 2003-04 से। अध्ययन नीतियों में मुद्रित स्व अध्ययन सामग्री, आडियो और वीडियो कार्यक्रम, वैयक्तिक सम्पर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और शिक्षक चिन्हित कार्य (टीएमए) के माध्यम से अध्ययन करना शामिल है। वर्ष 2002-03 और 2003-04 के दौरान एनआईओएस ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2000), राज्य बोर्डों की पाठ्यचर्या के विश्लेषण, हमारे ईर्द-गिर्द हो रहे विभिन्न परिवर्तनों और एनआईओएस के अध्ययनकर्ताओं की अकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक स्तर के लिए पाठ्यचर्या में संशोधन किया है।


हिन्दी, अंग्रेजी, समाज विज्ञान, संस्कृत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यवसाय अध्ययन, गणित और उर्दू में संशोधित पाठ्यचर्या के आधार पर संशोधित स्व अध्ययन सामग्री (एसआईएम) विकसित की गई है और शैक्षिक वर्ष 2003-04 से पद्धति में लागू की गई है। माध्यमिक स्तर पर मनोविज्ञान में और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर समाज शास्त्र में स्व शिक्षण सामग्री विकसित की गई है। मलयालम में स्व शिक्षण सामग्री विकसित की गई है तथा बंगला, मराठी और तेलुगू में पाठ्यचर्या/एसआईएम का संशोधन/विकास कार्य प्रगति पर है। माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों के लिए शिक्षक चिन्हित कार्यो (टीएमए) का विकास किया गया है। मांग पर परीक्षा पद्धति (ओडीईएस) के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, समाज विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, व्यवसाय अध्ययन और उर्दू के संबंध में एक प्रश्न बैंक विकसित किया गया है। माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों पर प्रश्न पत्र डिजाइन, खाका और नमूने के प्रश्न पत्र संशोधित किए गए हैं। विभिन्न विषयों में प्रश्न-वार विश्लेषण किया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रयोगशाला मैनुअल और अभ्यास परीक्षाओं के लिए मार्ग निर्देश तैयार किए गए हैं। एक रेखाचित्रीय बैंक भी विकसित किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा विभाग

एनआईओएस का व्यावसायिक शिक्षा विभाग कृषि, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और अर्ध-चिकित्सीय, व्यवसाय और वाणिज्य, गृह विज्ञान और आतिथ्य सेवाओं तथा अन्य सेवा क्षेत्रों के प्रमुख क्षेत्रों के तहत अनेक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इस समय प्रदान किए जा रहे पाठ्यक्रमों की अवधि छः मास से दो वर्ष तक की है।

वर्ष 2003-04 के दौरान चार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए नामत फल और सब्जियों का परीरक्षण, वृद्धों की देखभाल में प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर हार्डवेयर और असेम्बली तथा उर्दू टाइपराइटिंग में प्रमाण पत्र। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उद्यमशीलता की संकल्पना शामिल की गई है ताकि पास करने वाले उम्मीदवारों को अपनी उत्पादन/सेवा इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। हाल ही में एनआईओएस को इसके छात्रों की अनेक सफलता कहानियां प्राप्त हुई हैं जिन्होंने व्यावसायिक/शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। कुछ गृहणियों को भी रोजगार प्राप्त हुए हैं और प्रौढ़ों को एनआईओएस अध्ययन पाठ्यक्रम

चित्र 1. 1991 से एनआईओएस में दाखिला प्रवृत्ति



	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04
दाखिला	40	34	56	64	65	77	91	112	129	147	186	214	278	321

पूरा करने के बाद विश्वास प्राप्त हुआ है। मेसर्स ब्लू डार्ट जैसी कुछ एजेंसियां एनआईओएस पास करने वालों को भर्ती करने के लिए सामने आई हैं।

अनेक नए पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान विकासात्मक कार्यकलापों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं: निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में स्व अध्ययन सामग्री और पाठ्यचर्या विकास, दो पहिया मेकेनिक, ब्रास मैटल प्रौद्योगिकी, मोटर मेकेनिक, आधुनिक सचिवालयीय प्रथा, फुटवियर डिजाइन और उत्पादन, मुद्रण प्रौद्योगिकी, स्वागत संबंधी कार्य, वेब डिजाइनिंग, सूचना प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, होम्योपैथी में संशोधित जन स्वास्थ्य पाठ्यक्रम, आप्टोमिटरी में डिप्लोमा, मेडिकल प्रयोगशाला तकनीशियन, प्लास्टर प्रौद्योगिकी। ग्राम सखी और ग्राम सहयोगिनी पाठ्यक्रम जिन्हें फाउंडेशन द्वारा मराठी भाषा में सामुदायिक स्वास्थ्य पुणे में अनुसंधान हेतु विकसित किया गया था, हिन्दी माध्यम में अनूदित किए गए हैं और शीघ्र ही अन्य केन्द्रों में प्रस्तुत किए जाएंगे। जीवन विज्ञान में पाठ्यक्रम का जैन विश्व भारती, लाडनून के सहयोग से विकास किया जा रहा है। मुक्त बुनियादी शिक्षा स्तर पर कपड़े काटने और सिलने के संबंध में पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

दो वीडियो फिल्म पूरी की गई जो निम्न प्रकार हैं:


1. अनोखा स्वाद (फलों और सब्जियों का परीरक्षण)
2. पोषक तत्वों का संरक्षण
3. प्रश्न बैंक में संकल्पनाएं

चार नई फिल्मों के शैक्षिक सार तैयार किए गए हैं।

विकलांगों की शिक्षा

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में निम्नलिखित के संबंध में उपाय किए गए हैं: (1) दृष्टि बाधा वाले अध्ययनकर्ताओं के शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक मैनुअल का विकास, (2) ब्रेल मुद्रण हेतु दृष्टि बाधा वाले अध्ययनकर्ताओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा सामग्री का विकास/उसे अपनाना, और (3) अयोग्यताओं वाले बच्चों से निपटने के लिए टेलीकांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षकों के अनुस्थापन हेतु एक प्रशिक्षण पैकेज का विकास। वर्ष के दौरान लगभग सभी प्रमुख विषयों में ब्रेल में माध्यमिक पाठ्यक्रम पुस्तकें मुद्रित की गई और संबंधित अध्ययन केन्द्रों को भेजी गई। टेलीकांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षकों के अनुस्थापन के लिए एक मैनुअल का विकास किया गया है। विभिन्न प्रकार के विकलांग बच्चों की शिक्षा में योगदान करने के लिए एनआईओएस में प्रत्यायित संस्थानों में कार्यरत 3 शिक्षकों को शिक्षक दिवस (5 सितम्बर 2003) को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

चित्र 2. परीक्षा में बैठे छात्रों की प्रतिसत्ता के रूप में प्रमाणित अध्ययनकर्ता



	1991	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04
माध्यमिक	23.42	23.54	26.26	25.87	30.26	17.9	28.35	22.02	22.82	28.69	30.1	27.44	30.77	48.06
वरिष्ठ माध्यमिक	27.82	28.8	35.48	32.99	40.37	24.57	23.57	23.57	23.73	25.07	20.16	21.28	22.85	29.45

छात्र सहायता सेवा

प्रारंभिक स्कीमों से पास करने वाले छात्रों को सुलभता प्रदान करने के लिए, दाखिले में वृद्धि करने की योजना

मुक्त स्कूल शिक्षा पद्धति को वढ़ावा देने और शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर भर्ती में वृद्धि करने के लिए कठोर प्रयास किए जा रहे हैं। एसएसएस विभाग, प्रारंभिक से माध्यमिक शिक्षा पद्धति तक व्यापक संक्रमणकालीन कमी को पूरा करने के लिए प्रभावी कार्यनीतियां तैयार और लागू करने की प्रक्रिया कर रहा है। वर्ष में दो बार प्रत्यक्ष पंजीकरण करना और वर्ष में एक बार प्रत्यायित संस्थानों के माध्यम से प्रवेश इस दिशा में एक कदम है। ग्रामीण क्षेत्रों में एनआईओएस के कार्यक्षेत्र में पर्याप्त रूप से वृद्धि करने के लिए कठोर प्रयास किए जा रहे हैं जहाँ विभिन्न समाजार्थिक व अन्य कारणों से बड़ी संख्या में वच्चे स्कूल से बाहर रहते हैं (विशेष रूप से लड़कियां)। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में स्कूल प्रत्यायित हैं। इसके अंतर्गत समाज के निम्न समाजार्थिक वर्गों और मार्जिनकृत समुदायों की विशेष जरूरतों को पूरा करने का एनजीओ के निकट सहयोग से प्रयास किया जाता है।

सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में अपने एआई/अध्ययन केन्द्रों का विस्तार कर रहा है ताकि पूरे क्षेत्र को पर्याप्त रूप से कवर करना सुनिश्चित हो सके। यह सभी राज्य शिक्षा विभागों से सम्पर्क बनाए हुए है ताकि सभी सरकारी राज्य जिला परिषद स्कूल, म्युनिसिपल निगम स्कूल एनआईओएस के प्रत्यायित संस्थान बन सकें। केबीएस, एनबीएस और सीबीएसई द्वारा संबद्ध स्कूलों के माध्यम से इसके नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। एनआईओएस, मुक्त स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों में समुदाय की उपयोगी भागीदारी करने पर भी विचार कर रहा है।

उन क्षेत्रों में शैक्षिक अवसरों की व्यवस्था करने पर अधिक बल दिया जा रहा है जहाँ भौगोलिक कठिन तराई और संयोजन ढांचे के अभाव के कारण शिक्षा संस्थाओं की कमी है। पूर्वोत्तर राज्यों में शैक्षिक क्षेत्र का संवर्द्धन करने के लिए तथा शैक्षिक कार्यक्रम की राज्य विशिष्ट जरूरतों का पता लगाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

ओडीईएस (मांग पर परीक्षा पद्धति) का कार्यान्वयन

एनआईओएस ने मांग पर परीक्षा पद्धति (ओडीईएस) की नवीन अवधारणा प्रारंभ की है जहाँ व्यक्तिगत अध्ययनकर्ता यह समझे कि वह इसके लिए तैयार है और मूल्यांकन किया जाता है। ओडीइएस ने केवल समय की दृष्टि से स्वतंत्र है बल्कि यह अध्ययनकर्ताओं को तब तक अपना निष्पादन

सुधारने का अवसर प्रदान करता है जब तक वे अपना निपुणता स्तर प्राप्त न कर लें। इस प्रकार ओडीईएस ने मुक्त स्कूल शिक्षा पद्धति में खुलापन और ढील की एक और व्यवस्था की है जहाँ परीक्षा स्वनिर्धारित होती है और निष्पादन की मात्रा अध्ययनकर्ता द्वारा नियंत्रित होती है। मूल्यांकन की इस पद्धति के अंतर्गत परीक्षा संबद्ध दबाव और असफलता के भय को दूर करने का प्रयास किया गया है। ओडीईएस को मुक्त बुनियादी शिक्षा में एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया है। विगत वर्ष 5 विभिन्न केन्द्रों में 'ग' स्तर (कक्षा 8 के समकक्ष)। अपनी सफलता को देखते हुए एनआईओएस ने माध्यमिक स्तर पर ओडीईएस प्रारंभ करने की योजना बनाई है। एसएसएस विभाग ने कम्प्यूटर यूनिट के साथ चुनिंदा ओडीईएस परीक्षण केन्द्रों के परीक्षा समन्वयकों और सहायक समन्वयकों के लिए एक दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रवेश में वार्ता प्रारंभ करना

वार्ता प्रवेश की कार्यान्वियन नीतियों का पता लगाने के लिए एक प्रारंभिक चिंतन सत्र 15 सितम्बर, 2003 को आयोजित किया गया। एक योजनाबद्ध दृष्टिकोण विकसित करने पर अधिक बल दिया गया। वास्तविक लाभ प्राप्तकर्ताओं और लक्ष्य समूह के विनिर्धारण की जरूरत पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया। प्रवेश की उपलब्धता, पर्याप्त अध्ययन अवधि, पीसीपी और टीएमए की व्यवहार्यता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। ऐसा समझा गया कि कार्य की एक सुनिश्चित विस्तृत कार्यान्वियन नीति, डाटा के प्रवाह और विनिर्दिष्ट अतिरिक्त मानव संसाधनों का इस कार्य के लिए विकास किया जाए। इसके साथ ही प्रवेश और मूल्यांकन का भली-भाँति समन्वय किया जाए ताकि एनआईओएस कार्यक्रमों की नम्यता और प्रासंगिकता सुनिश्चित हो सके।

शिक्षक चिन्हित कार्य

एनआईओएस ने पंजीकृत अध्ययनकर्ताओं को भली-भाँति और सफलतापूर्वक सीखने में मदद देने के लिए अनेक उपाय और कार्यनीतियां विकसित की हैं। शिक्षक चिन्हित कार्य (टीएमए) ऐसा एक साधन है जो मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीएमए सीखने वालों को अपनी प्रगति और उपलब्धि स्तर जानने और नियमित अध्ययन आदतें विकसित करने में मदद देता है जो एक स्व अध्ययनकर्ता बनने के लिए जरूरी हैं।

इस दृष्टि से टीएमए को शैक्षिक वर्ष 2002-03 से माध्यमिक स्तर पर और 2003-04 से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर प्रारंभ किया गया।


अध्ययनकर्ताओं को प्रत्यायित संस्थानों के माध्यम से एक पृथक पुस्तिका में दोनों स्तरों पर शिक्षक चिन्हित कार्य प्रदान किए जाते हैं। पुस्तिका में प्रत्येक विषय में तीन कार्य शामिल होते हैं। अध्ययनकर्ताओं को सभी कार्यों को विषय के शिक्षक को प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो उनके प्रत्यायित संस्थान में वैयक्तिक संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) में सम्मिलित हो। यह विषय शिक्षक कार्य का मूल्यांकन करता है और उसे अध्ययनकर्ताओं को सुधार के संबंध में सुझावों और शुद्धियों के साथ वापस भेज देता है। माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर कार्यों में प्राप्त अंकों पर मार्च-मई, 2004 से सार्वजनिक परीक्षाओं में समग्र ग्रेड पद्धति/अंकों में शामिल किए जाने के लिए विचार नहीं किया जाएगा। तथापि टीएमए के अंकों को उन छात्रों के संबंध में अलग से अंक पत्र में दर्शाया जाएगा जिन्होंने प्रस्तावित समय सारणी के अंदर कार्य पूरे किए हों और अन्यों के संबंध में अनुपस्थित दर्शाया जाएगा।

क्रेडिटों का हस्तान्तरण

एनआईओएस मुक्त और दूरवर्ती अध्ययन विधि के माध्यम से डिग्री पूर्व स्तर तक शिक्षा प्रदान करता है इसे डिग्री पूर्व स्तर पाठ्यक्रमों तक छात्रों को प्रमाणित और परीक्षा लेने के वास्ते भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत किया गया है। एनआईओएस द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र अधिकांश राज्य बोर्डों और भारत के विश्वविद्यालयों द्वारा मान्य हैं। एनआईओएस छात्रों के लाभार्थ क्रेडिट के हस्तान्तरण (टीओसी) की अनुमति देता है जिन्होंने सीबीएसई और राज्य मुक्त स्कूलों से एक अथवा अधिक विषय में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

शिक्षा वर्ष 2004-05 से सीबीएसई/राज्य मुक्त स्कूलों के पूर्व छात्रों को जिन्होंने कम से कम एक विषय पास कर लिया है और विगत पांच वर्षों के दौरान पाठ्यक्रम में क्वालीफाई नहीं कर पाए हैं यह छूट होगी कि वे पास किए गए दो विषयों के क्रेडिट प्राप्त कर सकें बशर्ते की वे विपय एनआईओएस कार्यक्रमों में उपलब्ध हों। एक एनआईओएस पूर्व छात्र को अधिकतम चार विषय पास करने पर टीओसी प्राप्त करने का विकल्प होगा।

चित्र 3. अध्ययन केन्द्रों का विकास



	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03
एआइ+एवीआइ	161	191	298	306	357	522	671	793	1030	1406	1426	1545	2418
ओवीइ(एए)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	67	108	176	232

मीडिया कार्यक्रम

वर्ष 2003-04 के दौरान 11 वीडियो फिल्म पूरी की गई तथा 2 वीडियो कार्यक्रम उत्पादन स्तर पर हैं। संगीत शिक्षा पर 5 वीडियों कार्यक्रमों की रिकार्डिंग एनआईओएस के लघु स्टूडियों में की गई। 31 वीडियो कार्यक्रम बाहरी निर्माताओं को दिए गए जो चैनलों--डीडी 1 और ज्ञानदर्शन के लिए भावी प्रसारण आवश्यकताओं तथा प्रस्तावित शैक्षिक उपग्रह को देखते हुए प्रदान किए गए। एनआईओएस कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 5.02 से सुबह 5.25 बजे तक डीडी 1 पर प्रसारित किए जाते हैं और ज्ञानदर्शन पर प्रत्येक दिन शाम को 6.30 बजे से शाम को 7.00 बजे तक प्रसारित किए जाते हैं। एनआईओएस द्वारा तैयार किए गए 33 आडियो कार्यक्रम एफ एम चैनल पर सुबह 8.15 बजे से सुबह 8.45 बजे तक और फिर शाम को 4.15 बजे से शाम 4.45 बजे तक प्रतिदिन प्रसारित करने के लिए दिए गए। 14700 आडियो कैसेटों और 69852 वीसीडी की दोहरी प्रतियां तैयार की गई।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी)

राष्ट्रीय मुक्त स्कूल पद्धति संस्थान में आईसीटी

शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग को व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है और यह प्रकृति से ही मुक्त स्कूल पद्धति के मामले में अधिक प्रासंगिक है। एनआईओएस अपने लगभग सभी कार्यकलापों और कार्यक्रमों में आईसीटी की ईष्टतम उपयोगिता सुनिश्चित करता है। एनआईओएस के कार्यक्रमों और कार्यकलापों के तहत आईसीटी का उपयोग अभी तक जहाँ पहुंच नहीं हो पाई है वहाँ एक प्रमुख कार्यनीति के रूप में किया जा रहा है।

अनुप्रयोगों की अवसंरचना और क्षेत्र

एनआईओएस, आईसीटी को आगे बढ़ाने में काफी सफल रहा है क्योंकि इसने 1989 में केवल 2 वैयक्तिक कम्प्यूटरों के साथ एक छोटी सी शुरूआत की थी आज यह नवीनतम हार्डवेयर और साफ्टवेयर से सज्जित है। बुनियादी आपरेटिंग पद्धति



और पेन्टियम 4 आधारित विन्डोज सर्वर के साथ विन्डोज एनटी/विन्डोज 2000 प्रोफेशनल के साथ केन्द्रीयकृत डाटाबेस पद्धति के साथ एक स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क है। इससे उपयोगकर्ताओं के बीच संचार और संसाधन वांटने में बहुत वृद्धि हुई है। एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों को तीन कम्प्यूटरों और दो प्रिंटरों के साथ बुनियादी कम्प्यूटिंग सुविधाएं प्रदान की गई हैं। क्षेत्रीय केन्द्रों को डाटा के हस्तान्तरण और दिल्ली में मुख्यालय के साथ सुचारू संयोज्यता कायम करने के लिए इन्टरनेट सुलभता और ई-मेल सुविधा भी प्रदान की गई है।

अनुसंधान अध्ययन

मुक्त स्कूल शिक्षा में अनुसंधान के प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्रों में सम्मिलित हैं: (1) एनआईओएस की सुलभता और बाधाएं, (2) मुक्त स्कूल शिक्षा में नम्यता और खुलेपन की बारीकी से समीक्षा (3) पद्धति की विश्वसनीयता (4) सामग्री और पद्धतियों का मूल्यांकन (5) प्रभावी कार्यक्रम प्रदाय हेतु एकीकृत आधुनिक प्रौद्योगिकी की संभाव्यता और (6) एनआईओएस से पास करने वाले और बीच में पढ़ाई छोड़ देने वालों के संबंध में अध्ययन। 14 आंतरिक अनुसंधान परियोजनाएं प्रगति पर हैं। वित्तीय सहायता के लिए 12 बाह्य अनुसंधान परियोजनाएं विचाराधीन हैं। 10 अनुसंधान परियोजनाओं पर एनआईओएस, ओबीई प्रत्यायित एजेंसियों और राष्ट्रमंडल अध्ययन की सहयोगी परियोजनाओं के रूप में विचार किया गया है।

भूमि और भवन परियोजना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अपने दिनांक 5.3.2002 के पत्र के अनुसार 25 करोड़ रुपए की समग्र लागत से जिसमें आयोजना और वास्तुकला स्कूल को उसकी सेवाओं के लिए एक करोड़ रुपए सहित जिसे परियोजना के लिए वास्तुविद के रूप में नियुक्त किया गया है, नोएडा में एनआईओएस कार्यालय परिषद निर्मित करने के एक प्रस्ताव के बारे में ईएफसी का अनुमोदन प्रेषित किया है।

उम्मीद है कि भवन कार्य का बीस प्रतिशत भाग 2003-04 के दौरान पूरा हो जाएगा।

केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन (सीटीएसए)

केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन (सीटीएसए) की स्थापना 1961 में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसाइटी के रूप में भारत में तिब्बती बच्चों की शिक्षा के लिए संस्थानों को चलाने उनका प्रबंध और सहायता करने के उद्देश्य से एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी। यह स्कूल उन क्षेत्रों में चलाए जा रहे हैं जहाँ तिब्बतियों की संख्या अधिक है ताकि उनकी परंपराओं, संस्कृति और विरासत की अनिवार्यताओं को परिरक्षित करते हुए उन्हें आधुनिक शिक्षा प्रदान की जा सके।

इस समय 79 स्कूल हैं जिनमें 6 (रिहायशी) वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, 2 (गैर रिहायशी) वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, 6 माध्यमिक स्कूल, 7 मिडिल स्कूल, 7 प्राथमिक स्कूल, 42 पूर्व प्राथमिक स्कूल और 9 सहायता अनुदान स्कूल शामिल हैं। इस समय इन स्कूलों में 9216 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं इस संख्या में वे छात्र शामिल नहीं हैं जिन्हें सहायता अनुदान स्कूलों में शिक्षा प्रदान की जा रही है।


बेहतर बोर्ड परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नवीन स्कीम यथा क,ख,ग,घ स्कीम शुरू की गई है जिसके अंतर्गत सौ प्रतिशत उपस्थिति परीक्षा उनमुख सामग्री का संसोधन रिक्तियों को भरने आदि पर बल दिया जाता है। सभी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ भी स्थापित किए गए हैं ताकि किशोर अवस्था के दबाव पर काबू पाया जा सके।

सभी स्कूलों को सुसज्जित अवस्थापना से सज्जित किया गया है जैसे कि इमारत, खेल का मैदान, बहु प्रयोजन हाल, स्टाफ क्वार्टर, संसाधन केन्द्र और ओएचपी रंगीन टेलीविजन, वीसीडी प्लेयर, कम्प्यूटर, एलसीडी, शैक्षिक सीडी, इलेक्ट्रानिक शिक्षण साधन जैसे आवश्यक जुगतों के साथ एमएलएल केन्द्र और विज्ञान, गणित, समाज विज्ञान, भाषा, कार्य अनुभव इत्यादि के लिए प्रयोगशालाएं ताकि स्कूलों में कार्यकलाप आधारित आनंदमय शिक्षण-अध्ययन सुनिश्चित हो सके।

आलोच्य वर्ष के दौरान प्रशासन ने कक्षा 12 में 83.75 प्रतिशत परिणाम और कक्षा 10 परीक्षा में 80.10 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए। यह परीक्षाएं सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई थी।

छात्रों को भारत स्काउट और गाइडों के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समारोहों, क्षेत्रीय और केन्द्रीय प्रतियोगिताओं में, सीबीएसई द्वारा आयोजित, साहसिक कार्यक्रमों, क्षेत्रीय और सीटीएसए द्वारा आयोजित क्षेत्रीय और केन्द्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं

चित्र 4. 1990-91 के बाद से एनआईओएस आय



	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03
आय	1.78	2.67	3.9	4.95	6.42	7.51	9.75	15.14	18.2	22.29	28.76	33.05	43.19



और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। छात्र राज्य सरकारों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित सामुदायिक विकास, पर्यावरणीय और राष्ट्रीय एकीकरण कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से योगदान करते हैं।

उपरोक्त के अलावा विभिन्न अन्य प्रोत्साहन स्कीमें, जिनमें से कुछ एक का उल्लेख नीचे किया गया है, छात्रों और शिक्षण स्टाफ दोनों द्वारा चलाई जा रही है:

- 15 तिब्बती छात्रों को डिग्री स्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए और 5 छात्रों को डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।
- भारत सरकार ने विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जैसे कि मेडिकल, इंजीनियरी, शिक्षक शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मेसी इत्यादि में तिब्बती छात्रों के लिए कुछ स्थान आरक्षित किए हैं।
- शिक्षकों की व्यावसायिक/शिक्षण दक्षताएं उन्नत करने और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में कार्यान्वित/प्रयोग की जा रही आधुनिक प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए, एनसीईआरटी, एनआईईपीए, सीबीएसई, केबीएस इत्यादि जैसे संगठनों के सहयोग से सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।
- शिक्षकों की उल्लेखनीय सेवाओं को मान्यता प्रदान करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करने की स्कीम सीटीएसए में विद्यमान हैं जिसमें ऐसे अध्यापकों को एक स्मृति चिन्ह और 2000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
- तिब्बती भाषा में दक्षता प्राप्त करने के लिए भारतीय अध्यापकों को प्रोत्साहन की एक स्कीम विगत कई वर्षों से चल रही है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

भारत सरकार ने उन केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को बाधारहित शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 1962 में केन्द्रीय विद्यालयों की एक स्कीम अनुमोदित की थी जिनके प्रायः तबादले होते रहते हैं। प्रारंभ में 20 रेजीमेंटल स्कूलों को अपनाया गया था। 30.11.2003 की स्थिति के अनुसार देश में केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या 902 है।



केन्द्रीय विद्यालय खोलना

सिविल क्षेत्र में विभिन्न मंत्रालयों/केन्द्रीय सरकार के विभागों/राज्य सरकार के कर्मचारी, कल्याण संघों आदि की सिफारिशों के आधार पर केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना की जाती है। इसी प्रकार विद्यालयों की स्थापना रक्षा क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर की जाती है। केन्द्रीय विद्यालय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और उच्च अध्ययन संस्थानों के परिसरों में परियोजना क्षेत्रक में भी खोले जाते हैं यदि उनका आवर्ती और अनावर्ती खर्च पूर्ण रूप से प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा वहन किया जाए।

1.12.2003 की स्थिति के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में 902 विद्यालयों का विभाजन निम्न प्रकार है:

रक्षा	350
सिविल	421
उच्च अध्ययन संस्थान	18
परियोजनाएं	113
जोड़	**902**

क्षेत्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान खोलना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित पांच क्षेत्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया है:

- जेडआईईटी ग्वालियर
- जेडआईईटी मुम्बई
- जेडआईईटी कोलकता
- जेडआईईटी चंडीगढ़
- जेडआईईटी मैसूर

उपरोक्त पांच क्षेत्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों में से इस समय केवल जेडआईईटी मुम्बई और ग्वालियर कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

केवीएस प्रशासन

मानव संसाधन विकास मंत्री संगठन के पदेन अध्यक्ष हैं। संगठन और इसके शासी बोर्ड द्वारा जारी नीतियों और मार्ग निर्देशों को कमिश्नर द्वारा निष्पादित किया जाता है जो संगठन का कार्यकारी प्रधान है। कमिश्नर की सहायता के लिए दो संयुक्त कमिश्नर तथा अन्य अधिकारीगण और केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) व इसके 18 क्षेत्रीय केन्द्रों में सहायक स्टाफ हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रधान सहायत कमिश्नर हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों का मुख्य कार्य क्षेत्र में विद्यालयों के कामकाज का मानीटरन और पर्यवेक्षण करना है। प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय का प्रधान एक प्रिंसिपल/पिंसिपल ग्रेड वो होता है जिसकी सहायता के लिए कुछ प्रशासन ओर शिक्षण स्टाफ होता है।

प्रवेश

केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए बुनियादी मापदंड विगत सात वर्षों के दौरान, प्रवेश वर्ष के तत्काल पूर्व, अभिभावकों

का स्थानान्तरण है। उसके बाद गैर स्थानान्तरणीय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों और उसके बाद भारत सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित सरकारी क्षेत्रक उपक्रमों के गैर स्थानान्तरणीय कर्मचारियों और स्थानान्तरणीय कर्मचारियों के बच्चों को दाखिला दिया जाता है। प्रवेश के लिए अगली श्रेणी राज्य सरकार के स्थानान्तरणीय कर्मचारियों के बच्चों की है। उपरोक्त श्रेणियों की मांग पूरी हो जाने के बाद यदि रिक्तियों उपलब्ध होती हैं तो चलायमान लोगों के बच्चों को भी प्रवेश दिया जाता है।

केन्द्रीय विद्यालयों में उपरोक्त श्रेणियों के अलावा प्रवेश के लिए कतिपय अपवाद भी अनुमोदित किए हैं:

- माननीय संसद सदस्यों और केवीएस कर्मचारियों के बच्चे और आश्रित पोते-पोतियां;
- विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों के लिए 60 स्थान और आरएडब्ल्यू कर्मचारियों के लिए 15 स्थान;
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कर्मचारियों के लिए 100 स्थान;
- कक्षा 1 के प्रत्येक सेक्शन में 10 स्थान और अन्य सभी कक्षाओं में 10 स्थान प्रायोजक एजेंसी के लिए आरक्षित हैं;
- दो बच्चे वीएमसी के अध्यक्ष के विवेक पर दाखिल किए जाएंगे।
- कक्षा 10 में 80 प्रतिशत अथवा अधिक अंक पाने वाले बच्चों को कक्षा की संख्या के अलावा ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश दिया जाता है।

31.3.2003 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7.26 लाख है।

आरक्षण

नए दाखिलों में 15 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों, 3 प्रतिशत स्थान उर्ध्वाधार रूप में शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए आरक्षित हैं।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा

केवीएस ने स्व वित्त पोषण आधार पर केन्द्रीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्रारंभ की है जहाँ आधारभूत ढॉचा उपलब्ध है। 1 अप्रैल को चार वर्ष की आयु वाले बच्चों को दाखिला दिया जाता है।

केन्द्रीय विद्यालयों की मुख्य-मुख्य बातें

- केन्द्रीय विद्यालय मुख्य रूप से केन्द्रीय सरकार के स्थानान्तरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।
- सभी केन्द्रीय विद्यालय सह-शिक्षा विद्यालय हैं।
- एक समान पाठ्य पुस्तकों, एक समान पाठ्यचर्या और शिक्षण के द्विभाषायी अर्थात अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम का पालन किया जाता है।
- सभी केन्द्रीय विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में कुछ केन्द्रीय विद्यालय जमा दो स्तर पर राज्य शिक्षा बोर्डों से भी संबद्ध हैं।
- कक्षा 6 से 8 तक तीन भाषाओं यथा अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत का शिक्षण अनिवार्य है।
- कक्षा 9 और 10 में, अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत में से कोई भी दो भाषाएं ली जा सकती हैं। जमा दो स्तर पर संस्कृत एक इलेक्टिव विषय के रूप में भी ली जा सकती है।
- कक्षा 8 तक के छात्रों से, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्टाफ के बच्चों, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों से, युद्ध के दौरान मारे गए अथवा चीन और पाकिस्तान के विरुद्ध 1962, 1965 और 1971 के युद्ध में मारे गए अथवा अयोग्य हुए सशस्त्र सेनाओं के अधिकारियों और सैनिकों के बच्चों तथा 12वीं कक्षा तक की छात्राओं से कोई शिक्षा शुल्क नहीं लिया जाता है।

जमा दो स्तर पर अध्ययन पाठ्यक्रम

केन्द्रीय विद्यालय मुख्य रूप से विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषयों में शिक्षा प्रदान करते हैं। मानविकी छात्रों को कोई भी विषय लेने की छूट है बशर्ते कि सीबीएसई द्वारा उसकी व्यवस्था हो और 15 अथवा उससे अधिक छात्र उपलब्ध हों।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों तथा जिन छात्रों ने खेल प्रतियोगिताओं, स्काउटिंग और गाइडिंग कैम्पस/एनसीसी/साहसिक कार्यकलापों में भाग लिया हो उन्हें विज्ञान और वाणिज्य विषयों में जमा दो स्तर पर प्रवेश में रियायत प्रदान की जाती है।

तालिका 9.1. अन्य संगठनों के साथ केन्द्रीय विद्यालयों का तुलनात्मक निष्पादन					
कक्षा 10	**1999**	**2000**	**2001**	**2002**	**2003**
केवीएस	77.9	77.8	81.8	85.55	84.69
जेएनवी	84.7	87.0	87.0	88.65	88.50
स्वतंत्र स्कूल	86.5	86.4	85.4	85.63	83.39
जोड़ (सीबीएसई)	**64.4**	**65.4**	**66.6**	**69.53**	**68.02**
कक्षा 12					
केवीएस	83.1	83.0	83.9	86.46	88.67
केवीएस	87.5	83.3	84.2	83.53	85.26
स्वतंत्र स्कूल	84.8	84.8	82.9	83.32	81.07
जोड़ (सीबीएसई)	**74.68**	**76.35**	**75.2**	**75.20**	**73.59**

शैक्षिक निष्पादन

बोर्ड परिणाम-शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किए गए प्रयासों के परिणाम केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 और कक्षा 12 के अन्त में आयोजित परीक्षाओं में केन्द्रीय विद्यालयों के छात्रों के निष्पादन में झलकते हैं। सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 10 और कक्षा 12 परीक्षाओं में विगत पांच वर्षों के दौरान अन्य संगठनों के साथ केन्द्रीय विद्यालयों का तुलनात्मक प्रदर्शन तालिका 7.1 में दर्शाया गया है।

केन्द्रीय विद्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी

केवीएस द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम और कार्यकलाप शुरू किए गए हैं:

विद्यालय सूचना पद्धति: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सभी विद्यालय कार्यालयों को 31 मार्च, 2004 तक कम्प्यूटरीकृत करने का निर्णय लिया है। क्षेत्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान मुंबई द्वारा विकसित एक कार्यक्रम प्रशिक्षण तथा कार्यान्वियन हेतु सभी केन्द्रीय विद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजा गया है।

कम्प्यूटर अवसंरचना: अधिकांश केन्द्रीय विद्यालयों में आवश्यक साफ्टवेयर के साथ कम से कम पांच कम्प्यूटरों की व्यवस्था की गई है। कक्षा 3 से ऊपर के सभी छात्र कम्प्यूटर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कवर किए गए हैं।

प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं: केवीएस ने, केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ नई दिल्ली, केन्द्रीय विद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली, केन्द्रीय विद्यालय अशोक नगर, चेन्नई, केन्द्रीय विद्यालय संख्या 1 भोपाल, केन्द्रीय विद्यालय मल्लेश्वरम बंगलौर और केन्द्रीय विद्यालय फोर्ट विलयम कोलकता में मेसर्स इन्टेल के तत्वावधान में 6 प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं।

वेबसाइट: केवीएस एक वेबसाइट 'www.kvsangathan.org' प्रारंभ की है।

स्मार्ट स्कूल: 21वीं शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्पादक नागरिकों के रूप में छात्रों के विकास के लिए आवश्यक दक्षताओं का बढ़ाने के उद्देश्य से स्मार्ट स्कूलों के रूप में विकसित करने के वास्ते 31 केन्द्रीय विद्यालयों का विनिर्धारण किया गया।

नए शैक्षणिक कार्यक्रम

अन्य कार्यकलाप जैसे कि युवा संसद, राष्ट्रीय एकीकरण और अन्तर्राष्ट्रीय समझबूझ संबंधी सहयोजित स्कूल परियोजना, केवीएस विज्ञान प्रदर्शनी, स्काउटिंग और गाइडिंग, साहसिक कार्यकलाप, एनसीसी, खेलकूद और जनसंख्या तथा विकास शिक्षा आदि प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय की पाठ्यचर्या का अंग हैं।

प्राइवेट प्रशिक्षक, कलाकार और शिल्पकार नियुक्त करके खेलकूद, योग, कला और शिल्पकलाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। खेल ढांचे उदाहरणार्थ खेल के मैदान, तरणताल, व्यायामशाला, अश्वारोहण, निशानेबाजी, स्केटिंग, बाक्सिंग रिंगों का विकास किया गया है।

एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में मूल्य शिक्षा, दृश्य और अभिनय कलाओं के माध्यम से मूल्यों को सुदृढ़ करने, छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम और प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के संबंध में परियोजना कार्यान्वित की गई हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन छात्रों को साहसिक कार्यकलापों में विशेष रूप से हिमालय, नदियों और झीलों में आयोजित कार्यकलापों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। वर्तमान वर्ष के दौरान 80000 से अधिक छात्रों ने ऐसे कार्यक्रमों में भाग लिया है जिनमें पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, केनोइंग, स्काइंग, आदि सम्मिलित हैं।

शिक्षकों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार

वर्तमान वर्ष के दौरान 50 शिक्षकों को केवीएस प्रोत्साहन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

अध्यापक के रूप में उनकी उच्च कोटि की सेवाओं के मान्यता स्वरूप भारत के राष्ट्रपति द्वारा पांच केन्द्रीय विद्यालय शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

निर्माण कार्यकलाप

संगठन, सिविल तथा रक्षा क्षेत्रकों के तहत स्थापित अपने विद्यालयों के लिए स्कूल भवनों और स्टाफ क्वार्टरों आदि का निर्माण करता है। 902 विद्यालयों (131 परियोजना केन्द्रीय विद्यालय सहित) में से 657 विद्यालय अपने स्थायी भवनों में कार्य कर रहे हैं और 87 केन्द्रीय विद्यालयों के संबंध में निर्माण कार्य प्रगति पर है। अवस्थापना और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना एक सतत प्रक्रिया है जिसे क्रमिक ढंग से चलाया जा रहा है।

वित्त


संगठन का वित्त पोषण बुनियादी तौर पर सरकार की योजना-भिन्न निधियों से किया जाता है। तथापि कुछ निधियां योजनाशीर्ष के तहत भी आबंटित की जाती है। भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) द्वारा योजना-भिन्न और योजनागत शीर्षों के अधीन संगठन के लिए मंजूर बजट निम्न प्रकार है:

वर्ष	योजना-भिन्न	योजनागत
	(आंकड़े करोड़ रुपए में)	
1996-1997	278.50	21.90
1997-1998	356.00	39.20
1998-1999	435.00	87.98
1999-2000	454.81	87.90
2000-2001	477.20	95.00
2001-2002	481.14	81.10
2002-2003	544.77	85.00
2003-2004	558.00	103.00

नवोदय विद्यालय समिति

भारत सरकार ने देश के प्रत्येक जिले में औसतन एक नवोदय विद्यालय स्थापित करने की योजना शुरू की है। जवाहर नवोदय विद्यालयों के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

- ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रतिभावान बच्चों को उनके परिवार की सामाजिक--आर्थिक सि्थति की ओर ध्यान दिए बिना संस्कृति, मूल्यों, पर्यावरणीय जागरूकता और शारीरिक शिक्षा के सशक्त घटक सहित उत्तम स्तर की आधुनिक शिक्षा प्रदान करना;



प्राइवेट प्रशिक्षक, कलाकार और शिल्पकार नियुक्त करके खेलकूद, योग, कला और शिल्पकलाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। खेल ढांचे उदाहरणार्थ खेल के मैदान, तरणताल, व्यायामशाला, अश्वारोहण, निशानेबाजी, स्केटिंग, बाक्सिंग रिंगों का विकास किया गया है।


- त्रि-भाषा सूत्र में की गई परिकल्पना के अनुसार यह सुनिश्चित करना कि नवोदय विद्यालय के सभी छात्र तीनों भाषाओं में समुचित स्तर की क्षमता प्राप्त कर लें;
- अनुभवों और सुविधाओं के आदान-प्रदान के जरिए स्कूली शिक्षा के स्तरोन्नयन के लिए प्रत्येक जिले में ध्यातव्य बिन्दुओं के रूप में काम करना।

जवाहर नवोदय विद्यालयों का संचालन मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के अधीन नवोदय विद्यालय समिति नामक एक स्वायत्त संगठन करता है। मानव संसाधन विकास मंत्री समिति के अध्यक्ष तथा राज्य मंत्री (शिक्षा) समिति के उपाध्यक्ष हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय पूरी तरह आवासीय, सहशिक्षात्मक संस्थान हैं और वे उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं। नवोदय विद्यालयों में सभी छात्रों के लिए आवास, भोजन, पुस्तकों, वर्दी आदि सहित शिक्षा निःशुल्क है।

1985-86 में दो प्रयोगिक स्कूलों के साथ शुरू की गई इस स्कीम के अंतर्गत स्कूलों की संख्या अब 506 (राज्य स्तरीय 2 स्कूलों के अतिरिक्त) है जिनके अंतर्गत 34 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में इतने ही जिले कवर किए गए हैं और लगभग 1.8 लाख छात्र दाखिल हैं। प्रत्येक वर्ष 30000 से अधिक नए छात्र दाखिल किए जाते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला संबंधित जिले में आयोजित परीक्षा के जरिए कक्षा 6 के स्तर पर किया जाता है जिन्होंने उस जिले में किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 5 में सफलता प्राप्त की हों। प्रवेश परीक्षा की रूपरेखा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा तैयार की जाती है और परीक्षा आयोजन भी बोर्ड करता है।

इन विद्यालयों की परिकल्पना एक प्रगतिशील अग्रगामी संकल्पना के साथ, शैक्षिक उत्कृष्टता के माध्यम से विकास के प्रमुख क्षेत्र के रूप में आधुनिक भारत का निर्माण करने के लिए की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में एक प्रगतिशील और आशावादी स्कूल प्रणाली उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के 75 प्रतिशत छात्रों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। इसी प्रकार स्कीम के अंतर्गत न्यूनतम राष्ट्रीय औसत के अध्ययधीन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आबादी के आनुपातिक प्रतिनिधित्व की भी व्यवस्था है। इसके अलावा 33 प्रतिशत स्थान लड़कियों के लिए आरक्षित है कुल मिलाकर 31.12.2003 की स्थिति के अनुसार नवोदय विद्यालयों में दाखिल छात्रों की कुल संख्या 158877 है।

चित्र 5. 31.12.2003 को दाखिल छात्र



31.12.2003 को दाखिले की स्थिति। 31.3.2004 के लिए दाखिले अभी विद्यालयों से प्राप्त नहीं हुए हैं।

वर्ष 2003-04 के दौरान नवोदय विद्यालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों, लड़कियों और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का प्रतिशत राष्ट्रीय मानदंडों (अनुसूचित जातियां 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियां 7.5 प्रतिशत) की तुलना में कहीं अधिक है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

वर्ष	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	लड़कियां	ग्रामीण
2003-04	23.90	14.56	34.01	77.65

इस प्रकार, जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्रामीण छात्रों विशेष रूप से लड़कियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को उनकी राष्ट्रीय औसत की तुलना में अधिक लाभान्वित कर रहे हैं इस संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति द्वारा अप्रेल 1997 में उसकी प्रशंसा भी की गई है।

शैक्षिक उत्कृष्टता

तुलना करने पर, नवोदय विद्यालय के छात्रों के बोर्ड के परिणाम सीबीएसई के साथ संबद्ध केन्द्रीय विद्यालयों तथा विख्यात पब्लिक और प्राइवेट स्कूलों के छात्रों की तुलना में बेहतर पाए गए हैं। नवोदय विद्यालयों की सफलता का प्रतिशत सीबीएसई द्वारा प्रतिवर्ष सफलता की जो राष्ट्रीय औसत निकाली जाती है उसकी तुलना में प्रायः उच्चतर होता है।

कक्षा 10 और 12 परीक्षाएं

वर्ष 2002-03 के दौरान अन्य स्कूल प्रणालियों की तुलना में एनवीएस के पास होने वाले छात्रों की तुलना नीचे दर्शाई गई हैः

एजेंसी	कक्षा 10		कक्षा 12	
	2002	2003	2002	2003
सीबीएसई	69.53	68.02	75.20	73.59
एनवीएस	88.65	88.50	83.53	85.26
केवीएस	85.47	88.64	86.40	88.57
स्वतंत्र	85.63	83.39	83.32	81.07

निर्माण कार्यकलाप

अभी तक मंजूर किए गए विद्यालयों में से 418 विद्यालयों के लिए स्थायी भवन परिसर मंजूर किए गए हैं। 352 विद्यालयों में निर्माण कार्य पूरा हो गया है और उन पर कब्जा कर लिया गया है। 90 विद्यालयों के संबंध में निर्माण कार्य मंजूर नहीं है

वर्ष 2003-04 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशिक्षित स्टाफ की श्रेणी	प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या
प्रिंसिपल	280
उप-प्रिंसिपल	180
पीजीटी	830
टीजीटी	134
विविध शिक्षक	52
गैर-शिक्षण स्टाफ	177
आरओ स्तर पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु मास्टर प्रशिक्षक	43
जोड़	1676

जिसकी वजह निधियों की कमी और संबंधित राज्य सरकारों से भूमि का हस्तान्तरण नहीं किया जाना भी है। यद्यपि इस समय 352 विद्यालय स्थायी स्थल पर कार्य कर रहे हैं तथापि शेष विद्यालय अस्थायी स्थान पर कार्य कर रहे हैं जिसकी व्यवस्था राज्य सरकार जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

गति निर्धारक कार्यकलाप

जहाँ कहीं पर्याप्त अवस्थापना उपलब्ध है नवोदय विद्यालयों ने उस जिले में जहाँ वे स्थित हैं शैक्षिक समुदाय और अपने इर्द-गिर्द समाज के साथ बेहतर अन्योन्यक्रिया स्थापित करने के लिए अनेक गति निर्धारक कार्यकलाप शुरू किए हैं। नवोदय विद्यालयों द्वारा चलाए जा रहे कुछेक गतिनिर्धारक कार्यकलाप नीचे दिए गए हैः

- निकटवर्ती स्कूलों के अध्यापकों और छात्रों के साथ जेएनवी के शिक्षण स्टाफ और छात्रों की अन्योन्य क्रिया।
- निकटवर्ती स्कूलों के लिए कम्प्यूटर साक्षरता सुविधा का विस्तार।
- पुस्तकालय की सुविधा का विस्तार।
- खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलापों और विज्ञान मेलों में निकटवर्ती स्कूलों की भागीदारी।
- सामुदायिक सेवा सुविधाओं का विस्तार, प्रौढ़ साक्षरता अभियानों का आयोजन, वृक्षारोपण, जनसंख्या शिक्षा,



नवोदय विद्यालयों की मुख्य-मुख्य बातें

- प्रतिभावान बच्चों के लिए प्रमुख रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए अच्छी कोटि की आधुनिक शिक्षा।
- उम्मीदवार-ग्रामीण कम से कम 75 प्रतिशत, शहरी अधिकतम 25 प्रतिशत।
- राष्ट्रीय न्यूनतम अनुपात के अध्यधीन जिले में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के अनुपात में छात्रों के लिए स्थानों का आरक्षण।
- लड़कियों के लिए स्थानों का आरक्षण - 33 प्रतिशत।
- कक्षा 12 तक सह-शिक्षा और पूर्णतः रिहायशी।
- स्थान-आम तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में। निःशुल्क भूमि और बगैर किराए के अस्थायी इमारतें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा प्रदान किए जाने के आधार पर।
- आवास और भोजन सहित निःशुल्क शिक्षा और साथ ही वर्दियों, पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री आदि का व्यय भी।
- सीबीएसई से संबद्ध।
- कक्षा 6 में प्रवेश केवल उद्देश्यपरक परीक्षा के माध्यम से जिसका आयोजन संबंधित जिले में सीबीएसई द्वारा किया जाता है।
- त्रि-भाषायी सूत्र का कार्यान्वयन।
- प्रथम तीन वर्ष के लिए शिक्षण माध्यम के रूप में क्षेत्रीय भाषा। उसके बाद हिन्दी/अंग्रेजी।
- किसी एक भाषायी क्षेत्र में स्थित विद्यालय से कक्षा 9 में तीस प्रतिशत छात्र किसी भिन्न भाषायी क्षेत्र के विद्यालय में एक शिक्षा वर्ष बिताते हैं ताकि देश की संस्कृतियों और लोगों की विविधता तथा बहुलता को समझने के जरिये राष्ट्रीय एकीकरण प्रोत्साहित हो।

पर्यावरणीय शिक्षा व अन्य समुदाय समर्थित कार्यक्रम।


- श्रव्य-दृश्य सुविधाओं की भागीदारी।
- स्टेकहोल्डरों के साथ सतत अन्योन्य क्रिया और सहायता प्राप्त करना।

विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा (आईईडीसी)

विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा (आईईडीसी) योजना इस उद्देश्य से शुरू की गई थी कि सभी विकलांग बच्चों को सामान्य स्कूली प्रणाली के अधीन लाया जाए। अंतिम उद्देश्य यह है कि सभी विकलांग बच्चों को सामान्य शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाए और विषमताएं दूर की जाएं तथा शैक्षिक सुविधाएं बराबर की उपलब्ध की जाएं जिससे कि वे समाज के सामान्य रूप से योगदान देने वाले सदस्य बन सके।

आईईडीसी योजना तत्कालीन समाज कल्याण विभाग द्वारा 1974 में शुरू की गई थी और उसे 1982 में शिक्षा विभाग को सौंप दिया गया। इस योजना के अधीन राज्य सरकारों और गैर सरकारी संगठनों को विकलांग बच्चों के लिए इस तरह की सुविधाएं प्रदान करने के निमित्त सत प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैः पुस्तकें और लेखन सामग्री, वर्दी, परिवहन भत्ता, मार्गरक्षी भत्ता, दृष्टिहीन बच्चों के लिए पाठक भत्ता और उपस्कर। उपरोक्त के अलावा विकलांग बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किए गए अध्यापकों तथा योजना के कार्यान्वयन और अनुश्रवण के लिए राज्य सरकारों के आईईडीसी प्रकोष्ठ में कार्यरत कार्मिकों के वेतन के लिए भी अनुदान दिया जाता है योजना में विकलांग बच्चों के निःशुल्क स्कूल प्रशिक्षण और उनके माता पिता के परामर्श का घटक भी शामिल है। विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की देखभाल के निमित्त इन प्रयोजनों के लिए भी सहायता प्रदान की जाती हैः संसाधन कक्ष की स्थापना विकलांग बच्चों का सर्वेक्षण और निर्धारण, अनुदेशात्मक सामग्री की खरीद और उत्पादन सामान्य अध्यापकों का प्रशिक्षण और अनुस्थापन ताकि विकलांग बच्चों की शैक्षिक जरूरत पूरी की जा सके।

इस समय आईईडीसी योजना 50000 स्कूलों के माध्यम से 27 राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है और वर्ष 2002-03 के अंत में 169000 से अधिक विकलांग बच्चे इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। विकलांग बच्चों की शिक्षा के



लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, प्रौढ़ शिक्षा, गैर औपचारिक शिक्षा जैसी विभिन्न स्कीमों के अभिसरण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

विकलांग व्यक्ति अधिनियम 1995 की धारा 26-31 के प्रावधानों से उद्देश्यों की पूर्ति हुई है जिनके लिए आईईडीसी योजना लागू की गई थी। माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग ने सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों से समय समय पर यह अनुरोध किया है कि वे विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए सुविधाओं में वृद्धि करें तथा अधिकाधिक बच्चों को दाखिल करने के लिए सुविधाओं और प्रयासों का विस्तार करें।

नौवीं योजना अवधि के लिए 75.10 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय में से वित्तीय वर्ष के अंत तक, जोकि नौवीं पंचवर्षीय योजना का अंतिम वर्ष भी है 67.9 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। आईईडीसी की स्कीम के तहत वर्ष 2002-03 के दौरान 33.84 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने यह सिफारिश की है कि केन्द्र द्वारा इस योजना को दसवीं योजनावधि के अंत तक अपने पास रखा जाना चाहिए ताकि अधिक संवेदीकरण उत्पन्न किया जा सके और इस योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। तदनुसार, योजना आयोग ने इस योजना को दसवीं योजना में जारी रखने की मंजूरी दे दी है तथा स्कूलों को और अधिक समावेशी तथा अधिकाधिक विकलांग बच्चों को नियमित स्कूलों में लाने और उन्हें शिक्षा में बनाए रखने के लिए व्यवस्थित सुधार करने के वास्ते इस योजना में कतिपय संशोधन विचाराधीन हैं।

दसवीं पंचवर्षीय योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का परिव्यय रखा गया है। वित्त वर्ष 2003-04 के लिए 38.50 करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) का बजट प्रावधान इस स्कीम हेतु किया गया है। बजटीय आबंटन का उपयोग कर लिया गया है।

स्कूलों में गुणवत्ता सुधार

दसवीं योजना के दौरान एक मिश्रित केन्द्र प्रायोजित स्कीम स्कूलों में गुणवत्ता सुधार प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है जिसे विभाग की विद्यमान निम्नलिखित पांच स्कीमों का अभिसरण करके किया जाएगाः

- स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार।
- अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड।
- स्कूल शिक्षा में पर्यावरणीय अनुष्ठापन।
- राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना।

- स्कूलों में योग को प्रोत्साहन।

क्यूआईएस के नए घटक

- अनुसंधान और विकास।
- नवीन उपाय और परियोजनाएं, कार्यशालाएं, मानीटरन और शिक्षा।
- स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए विविध कार्यकलाप।

दसवीं योजना के दौरान 110 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है और वर्ष 2003-04 के लिए 26 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। स्कूलों में गुणवत्ता सुधार की मिश्रित स्कीम प्रारंभ करने के लिए ईएफसी के अनुमोदन की अभी प्रतीक्षा है। विद्यमान पद्धति के आधार पर विद्यमान स्कीमों को जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय का अनुमोदन 31.3.2004 को समाप्त हो गया। स्कीम को विद्यमान पद्धति के आधार पर 31.3.2004 से आगे जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त करने के वास्ते एक प्रस्ताव, स्कूलों में गुणवत्ता सुधार का अनुमोदन होने तक, आईएफडी/वित्त मंत्रालय के साथ पेश किया गया है।

प्रत्येक विद्यमान स्कीम के संबंध में एक संक्षिपत लेख और वर्ष 2003-04 के दौरान उपलब्धियां निम्न प्रकार हैंः

स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार

विज्ञान शिक्षा की कोटि सुधारने और वैज्ञानिक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए, जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में परिकल्पित हैं, स्कूलों में विज्ञान शिक्षा का सुधार नामक एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम 1987-88 से चल रही है। स्कीम के अंतर्गत उद्देश्य प्राप्त करने के वास्ते राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और गैर सरकारी संगठनों के संसाधन और एजेंसी का उपयोग किया जाता है। तदनुसार, अपर प्राइमरी स्कूलों के लिए विज्ञान किट प्रदान करने, विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना/उन्नयन, माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालय सुविधाएं, विज्ञान और गणित शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सत प्रतिशत सहायता प्रदान की जाती है। स्कीम के अंतर्गत शैक्षिक संगठनों को विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में नवीन परियोजनाएं शुरू करने के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। तथापि और आगे अनुदानों पर विचार करने से पहले प्रत्येक स्वैच्छिक संगठन द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र और चार्टर्ड लेखाकार द्वारा यथा प्रमाणित अंतिम रूप से आडिट किए हुए लेखे प्रस्तुत करना आवश्यक है।

वर्ष 2002-03 के दौरान चार राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र को 2320 माध्यमिक और उच्चतर स्कूलों के लिए विज्ञान पुस्तकों हेतु, 1940 स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं के उन्नयन हेतु 1473.37 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। नवीन और प्रयोगात्मक परियोजनाएं शुरू करने के लिए 14 स्वैच्छिक संगठनों और सोसाइटियों को भी 139.34 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई हैं।


अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड

स्कूल स्तर पर गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान में प्रतिभा का पता लगाने और उसके सम्पोषण के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड (आईएमओ), अन्तराष्ट्रीय भौतिकी ओलम्पियाड (आईपीएचओ), अन्तर्राष्ट्रीय रसायन शास्त्र ओलम्पियाड (आईसीएचओ) और अन्तर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलम्पियाड (आईबीओ) का आयोजन किया जाता है। भारत, क्रमशः 1989, 1998, 1999 और 2000 से इन ओलम्पियाडों में भाग ले रहा है। प्रत्येक भागीदार देश को एक टीम भेजनी होती है जिसमें आईएमओ के लिए अनधिक छः माध्यमिक छात्र प्रतियोगी, आईपीएचओ के लिए पांच माध्यमिक छात्र प्रतियोगी, आईसीएचओ के लिए चार छात्र प्रतियोगी और आईपीओ के लिए चार छात्र प्रतियोगी भेजने होते हैं जो टीम लीडर और तीन उप लीडर के अलावा होते हैं। वर्ष 2002 से भारतीय टीम अन्तर्राष्ट्रीय सूचना विज्ञान ओलम्पियाड में भी भाग ले रही है।

विद्यमान वित्तीय पद्धति के अनुसार मेजबान देश वहाँ उनके ठहरने के दौरान आवास और भोजन तथा टीमों के आवागमन के लिए अदायगी करता हैः तथापि अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा लागत भागीदार देशों द्वारा वहन की जाती है। विगत ओलम्पियाडों के दौरान भारतीय टीम का प्रायोजन माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड (एनबीएचएम)/ होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र (बीएएसटी) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। वर्तमान वर्ष से कम्प्यूटिंग विज्ञान में अनुसंधान हेतु भारतीय एसोसिएशन (आईएआरसीएस), में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ-साथ सूचना विज्ञान में अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के लिए भारतीय टीम का चयन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी ले ली है। अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा की लागत की अदायगी माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा की जाती है जबकि छात्रों के चयन, आंतरिक यात्रा, प्रासंगिक खर्च आदि पर सभी अन्य खर्च एनबीएचएम/एचबीसीएसई/आईएआरसीएस द्वारा किया जाता है।

जुलाई 2003 के दौरान एथेंस में आयोजित आईसीएचओ 2003 में भारतीय टीम ने 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते।

अगस्त 2003 में ताइपेई ताइवान में आयोजित आईपीएचओ 2003 में भारतीय टीम ने 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता तथा 2 प्रतियोगियों का सम्माननीय उल्लेख किया गया। जुलाई 2003 के दौरान मिंस्क, बेलारूस में आयोजित आईपीओ 2003 में भारतीय टीम ने एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत ने टोकियो जापान में जुलाई 2003 में आयोजित आईएमओ 2003 तथा जुलाई 2003 के दौरान अमेरिका में आयोजित सूचना विज्ञान में अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड (आईओआई 2003) में भी भाग लिया।




स्कूल स्तर पर गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान में प्रतिभा का पता लगाने और उसके सम्पोषण के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड (आईएमओ), अन्तराष्ट्रीय भौतिकी ओलम्पियाड (आईपीएचओ), अन्तर्राष्ट्रीय रसायन शास्त्र ओलम्पियाड (आईसीएचओ) और अन्तर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलम्पियाड (आईबीओ) का आयोजन किया जाता है। भारत इन ओलम्पियाडों में भाग ले रहा है।

स्कूल शिक्षा का पर्यावरणीय अनुस्थापन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में यह व्यवस्था की गई है कि पर्यावरण का संरक्षण एक ऐसा महत्व है जिसे कतिपय अन्य मूल्यों के साथ-साथ शिक्षा के सभी स्तरों पर पाठ्यचर्या का एक अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। इस अनूठे उद्देश्य को कार्यान्वित करने के लिए यह आवश्यक है कि छात्रों के मस्तिष्क और बुद्धि को प्रकृति की सम्पदाओं के अतिदोहन में अंतरनिहित खतरों के बारें में संवेदी बनाया जाए और उनके बीच पर्यावरण के संरक्षण से संबंधित बुनियादी संकल्पनाओं हेतु जाग्रति और सम्मान पैदा किया जाए।

इस उद्देश्य से एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम्य स्कूल शिक्षा का पर्यावरणीय अनुकूलन 1988-89 में शुरू की गई थी। स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारों संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और विभिन्न स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता देने की परिकल्पना की गई है। स्वैच्छिक एजेंसियों को प्रयोगात्मक और नवीन कार्यक्रम संचालित करने के लिए सहायता दी जाती है जिसका उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण परिस्थितियों में स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रमों का एकीकरण प्रोत्साहित करना है। स्कीम के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान देने की परिकल्पना है जिसमें प्राइमरी, अपर प्राइमरी, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों पर विभिन्न विषयों की पाठ्यचर्याओं की समीक्षा और विकास करना शामिल है जिससे कि उसमें पर्यावरणीय अवधारणाओं को शामिल किया जा सके, प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्तरों पर पर्यावरणीय अध्ययनों पर पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा और विकास किया जा सके; अपर प्राथमिक स्तर पर पर्यावरणीय शिक्षा प्रदान के लिए नीति की समीक्षा की जा सके; शिक्षण-अध्ययन सामग्री का विकास किया जा सके और उपयुक्त कार्य अनुभव कार्यकलापों का आयोजन किया जा सके। तथापि विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों की ओर से रुचि के अभाव के कारण वित्त वर्ष 1995-96 के बाद राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कोई अनुदान जारी नहीं किया जा सका। वित्त वर्ष 2002-03 के दौरान 26 स्वैच्छिक संगठनों को 173.94 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है तथा 6 स्वैच्छिक संगठनों को वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में नवीन और प्रयोगात्मक परियोजनाएं शुरू करने के लिए 56.21 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है। स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान उन्हें पहले जारी निधियों का उस प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र/अंतिम लेखे प्रस्तुत करने के बाद ही जारी किए जाते हैं जिनके लिए पहले अनुदान अनुमोदित किया गया था।

दसवीं योजना के लिए स्कीम को एक मिश्रिम स्कीम यथा स्कूलों में कोटि सुधार में अभिसरित किया जा रहा है जिसके लिए दसवीं योजनावधि हेतु 110 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। क्यूआईएस की प्रस्तावित योजना के लिए ईएफसी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्यूआईएस लागू करने के संबंध में ईएफसी/मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त होने तक स्कूल शिक्षा का पर्यावरणीय अनुकूलन स्कीम को 2003-04 के दौरान विद्यमान रूप में जारी रखा जा रहा है।



राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना

सिंहावलोकन

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) भारत की स्कूल शिक्षा पद्धति में अप्रेल 1980 में प्रारंभ की गई थीं। वर्ष 2002 तक इसे संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनएफपीए) से वित्तीय सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा था। इसे चार चरणों में कार्यान्वित किया गया: प्रथम चरण (1980-1985), द्वितीय चरण (1986-1992), तृतीय चरण (1993-1997) और चतुर्थ चरण (1998-2002) इसकी उपलब्धियों और महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने इसे दसवीं पंचवर्षीय योजना में जारी रखने का निर्णय लिया।

उद्देश्य

इसकी शुरूआत से परियोजना कार्यकलाप स्कूली शिक्षा प्रणाली में जनसंख्या शिक्षा के संस्थायन के दूरगामी उत्साह की पूर्ति के प्रति लक्षित हैं। तथापि जनसंख्या शिक्षा के तत्वों के पुनर्नुस्थापन की प्रक्रिया अवधारणात्मक रूपरेखा की स्थापना के समय से ही चल रही है ताकि जनसंख्या मुद्दों के बदलते बोध की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। सितम्बर 1994 में काहिरा में आयोजित जनसंख्या और विकास संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) में पारित कार्य योजना पर परिलक्षित बदलावों और राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 को दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जनसंख्या शिक्षा के अवधारणात्मक फ्रेमवर्क के तत्वों की एकीकरण पर बल के साथ लागू किया जाएगा। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

- औपचारिक स्कूल शिक्षा पद्धति के संदर्भ में पुनः संकल्पित जनसंख्या शिक्षा का सभी स्तरों पर संस्थायन;
- जनसंख्या और विकासात्मक मुद्दों के प्रति जागरुकता और सकारात्मक रवैया विकसित करना जिसके फलस्वरूप छात्रों और अध्यापकों के बीच और कुल मिलाकर समुदाय के बीच उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार देखने में आएगा;
- छात्रों, अध्यापकों तथा माता पिता के बीच एचआईवी/एड्स और मादक औषधि दुरुपयोग सहित किशोर प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता उत्पन्न करना तथा यौन भावना और लड़कियों के प्रति लड़कों तथा लड़कों के प्रति लड़कियों का एक स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना; और
- समग्र राष्ट्रीय उन्नति को प्रभावित करने वाले भारत के जनसांख्यिकीय, विकासात्मक और स्वास्थ्य लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में योगदान देना।

परियोजना के कार्यान्वयन में सहयोजित एजेंसियां

मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार परियोजना के

संबंध में कार्यान्वयन एजेंसी है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) परियोजना के कार्यान्वयन को समन्वित कर रही है। यह योजना 30 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में संबंधित शिक्षा विभाग की ओर से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/राज्य शिक्षा संस्थानों द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं। राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर संगत परियोजना क्रियाकलापों में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) जैसी एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों को सहयोजित किया जाता है। स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पांच राष्ट्रीय संगठन कार्यरत हैं। यथा, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीईटी), राष्ट्रीय मुक्त स्कूली शिक्षा संस्थान (एनआईओएस), केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) अपने-अपने लक्ष्य समूहों में संबंधित कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही हैं।

वर्ष 2003-04 के दौरान एनपीईपी की उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्तर

- चूंकि वर्ष 2003-04 राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना का प्रारंभिक वर्ष है जिसका वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, एक प्रलेख परस्पेक्टिव प्लान एण्ड एनुअल प्लान आफ एक्शनः गाइडलाइन्स तैयार किया गया। इसके आधार पर प्रत्येक कार्यान्वयन एजेंसी ने अपनी-अपनी संभावित योजनाएं और वर्ष 2003-04 के लिए कार्रवाई योजना तैयार की।
- किशोर शिक्षा में कौशल विकास नामक एक प्रशिक्षण सामग्री तैयार और परिचालित की गई।
- चूंकि यूएनएफपीए समर्थित एनपीईपी का चरण दिसम्बर 2002 में समाप्त हो गया इसलिए एक प्रलेखः ए रिपोर्ट आन प्रोजेक्ट स्टेटस सर्वे (1980-2002) तैयार किया गया।
- पापुलेशन एजुकेशन; ए ट्रेनिंग मैटीरियल नामक एक प्रशिक्षण सामग्री विकसित की गई है।
- एक द्विभाषा सूचना पत्र पापुलेशन एजुकेशन बुलेटिन के दो अंक प्रकाशित और व्यापक रूप से प्रसारित किए गए।
- एनुअल प्रोजेक्ट प्रोगेस रिव्यू, 2003 पर रिपोर्ट तैयार और प्रसारित की गई।
- एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में जनसंख्या शिक्षा और किशोर शिक्षा के तत्वों के एकीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यपुस्तक लेखकों के साथ नियमित रूप से विचार विमर्श किया गया।

राज्य स्तर

- उन स्कूलों की एक सूची तैयार करने का कार्य जहाँ कौशल विकास आयोजित किया जाएगा, सभी 30 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया गया।
- वर्ष 2003-04 के लिए कार्रवाई योजना कार्यान्वित करने के लिए प्रारंभिक कार्यकलाप आयोजित किए गए।

मार्च 2004 तक संभवतः पूरे होने वाले परियोजना कार्यकलाप

राष्ट्रीय स्तर

- किशोरों के बीच प्रजनन स्वास्थ्य चिंताओं से संबंधित जरूरी दक्षताओं के विकास के लिए शिक्षा शास्त्रीय उपयुक्त पद्धतियों का परीक्षण करने के लिए छः राज्यों में तीस जिलों के 120 चुनिंदा स्कूलों में दक्षता निर्माण के संबंध में एक प्रयोगात्मक अध्ययन किया गया। अध्ययन के संबंध में राज्यवार रिपोर्टें तैयार हो गई हैं और समेकित राष्ट्रीय रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।
- राज्यों से लिए गए संसाधन व्यक्तियों के लिए किशोरावस्था शिक्षा में दक्षता विकास के संबंध में 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- जनसंख्या शिक्षा के संबंध में एक राष्ट्रीय श्रोत पुस्तक तैयार की जाएगी।
- दो वार्षिक परियोजना प्रगति समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

राज्य स्तर

- प्रशिक्षण सामग्री के संबंध में 24 शीर्षक विकसित किए जाएंगे।
- दक्षता विकास में 10000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- किशोर शिक्षा में दक्षता विकास के संबंध में सहपाठ्येतर कार्यकलाप 86 जिलों के 44469 स्कूलों में आयोजित किए जाएंगे।

प्रकाशन

राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित किए गएः

- यंग पीपल्स परसेप्शन्स आफ पापुलेशन एंड डेवलपमेंट प्रकाशन विभाग को भेजा गया।

- स्किल डेवलपमेंट इन अडोलेशेंस एजुकेशन; ए ट्रेनिंग मैटीरियल (मिमियोग्राफ्ड)।
- ए रिपोर्ट आन प्रोजेक्ट स्टेटस सर्वे (1980-2002) (मिमियोग्राफ्ड)।
- पापुलेशन एजुकेशन; ए ट्रेनिंग मैटीरियल (मिमियोग्राफ्ड)।
- पापुलेशन एजुकेशन बुलेटिन दो अंक।
- ए रिपोर्ट आन एनुअल प्रोजेक्ट प्रोग्रेस रिव्यू मीटिंग 2003 (मिमियोग्राफ्ड)।

स्कूलों में योग प्रारंभ करना

स्कूलों में योग शिक्षा की शुरुआत से संबंधित एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना 1989-90 में शुरु की गई थी। इस योजना का उद्देश्य राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों/गैर सरकारी संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के अधीन निम्नलिखित प्रयोजनों पर होने वाले खर्च के निमित्त केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है: अध्यापकों का प्रशिक्षण आधारभूत ढांचे का निर्माण जैसे कि योग प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास भवन और उनकी साज सज्जा और पुस्तकालय सुविधाओं का उन्नयन। यह स्कीम राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित शिक्षा विभागों और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही हैं।

वित्त मंत्रालय ने सलाह दी थी कि विभाग को स्कूली पाठ्यचर्या में एक विषय के रूप में योग प्रारंभ करने के वास्ते प्रयास करने चाहिए। योग को एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई नई पाठ्यचर्या रूपरेखा में समुचित स्थान दिया गया है। स्कीम की शुरुआत से 2500 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है जिनमें से 2000 से अधिक शिक्षकों को नौवीं योजनावधि के दौरान प्रशिक्ति किया गया तथापि और आगे अनुदानों पर विचार करने से पहले प्रत्येक स्वैच्छिक संगठन को उपयोगिता प्रमाण पत्र और चार्टर्ड लेखाकार द्वारा यथा प्रमाणित अंतिम रूप से आडिट किए हुए लेखे प्रस्तुत करना आवश्यक है।

दसवीं योजना के लिए योग के प्रोत्साहन की स्कीम को एक संयुक्त स्कीम में मिला दिया जाएगा। यथा स्कूलों में कोटि सुधार जिसके लिए 110 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्कीमे संबंध में ईएफसी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्यूआईएस प्रारंभ करने के लिए ईएफसी/मंत्रिमंडल अनुमोदन प्राप्त होने तक योग की स्कीम को वर्ष 2003-04 के दौरान इसके विद्यमान रूप में जारी रखा जा रहा है।

इक्विटी के साथ एक्सेस

इस स्कीम को दसवीं पंचवर्षीय योजना के लिए माध्यमिक शिक्षा संबंधी कार्यदल की सिफारिशों पर दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू किया गया है। स्कीम के तहत निम्नलिखित दो घटकों का प्रस्ताव है:

- गैर सरकारी संगठनों द्वारा प्रबंधित बालिका छात्रावासों की विद्यमान स्कीम को सुदृढ़ करना।
- माध्यमिक स्कूल स्थापित करने के लिए विख्यात गैर सरकारी संगठनों, नियासों, सोसाइटियों और राज्य सरकारों आदि को एकबारगी सहायता।

प्रस्ताव को ईएफसी ने 8 जनवरी 2004 को हुई बैठक में अनुमोदित कर दिया है। ईएफसी की सिफारिश, महिला और बाल विकास विभाग और योजना आयोग, वित्त मंत्रालय की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक कार्यों संबंधी मंत्रिमंडल समिति के विचारार्थ एक मंत्रिमंडल नोट तैयार किया जा रहा है। स्कीम के घटक एक के तहत गैर सरकारी संगठनों को कक्षा 6-12 की छात्राओं के लिए छात्रावासों के संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। स्कीम के तहत प्रति बालिका छात्रावासी के लिए प्रतिवर्ष 10000 रुपए का आवर्ती अनुदान और प्रति बालिका छात्रावासी के लिए 3000 रुपए का एकबारगी अनावर्ती अनुदान दिया जाता है। स्कीम के बारे में प्रतिक्रिया बड़ी उत्साहजनक रही है और देश के विभिन्न राज्यों से अनेक प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं।

यह स्कीम 1993-94 में प्रारंभ की गई थी और एनसीईआरटी द्वारा 1999 में इसका मूल्यांकन किया गया था तथा स्कीम का मूल्यांकन करने और इस संबंध में सिफारिशें करने के वास्ते टाटा समाज विज्ञान संस्थान मुंबई से अनुरोध किया गया है।

वर्ष 2002-03 और 2003-04 के दौरान 252 गैर सरकारी संगठनों को 17.92 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई जिनसे 18000 बालिका छात्रावास निवासियों को लाभ प्राप्त हुआ और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों को (लगभग 150) 7 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई जिनसे 12000 बालिका छात्रावास निवासी लाभान्वित हुईं।

स्कूलों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी)

स्कूलों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) नामक स्कीम शैक्षिक प्रौद्योगिकी की स्कीम और स्कूलों में कम्प्यूटर

साक्षरता तथा अध्ययन (सीएलएएसएस) स्कीम को मिलाकर तैयार की गई है। स्कीम अंतिम अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

स्कूलों में आईसीटा के निम्नलिखित चार अनिवार्य घटक हैं:

- माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक सरकारी स्कूलों को कम्प्यूटर समर्थित शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ भागीदारी;
- स्मार्ट स्कूलों की स्थापना जो प्रौद्योगिकी प्रदर्शनकर्ता के रूप में कार्य करेंगे;
- निकटवर्ती स्कूलों के लिए केवीएस और एनवीएस के नेटवर्क के माध्यम से कम्प्यूटर साक्षरता का व्यापीकरण;
- चौथा घटक राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों (एसआईईटी) के कार्यकलापों से संबंधित है।

उपलब्धियाँ

वित्त वर्ष 2002-2003 के दौरान स्कूल शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर एसआईईटी द्वारा तैयार शैक्षिक आडियो और वीडियो कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं:

पुणे	390	115
भुवनेश्वर	104	101
पटना	203	10
हैदराबाद	184	45
लखनऊ	204	-
अहमदाबाद	120	1
तिरुवनन्तपुरम	147	1

वर्ष 2002-03 के दौरान आडियो/वीडियो कार्यक्रमों के निर्माण के लिए एसआईईटी को 5.55 करोड़ रुपए का तदर्थ अनुदान दिया गया। वर्ष 2003-04 के दौरान एसआईईटी को 9 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

कम्प्यूटरीकरण से संबंधित स्कीम के प्रथम तीन घटकों के तहत छः राज्यों, नामतः पश्चिम बंगाल, गोवा, छत्तीसगढ़, सिक्किम, तमिलनाड और हरियाणा को 102930000 रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई जो वर्ष 2002-03 के दौरान 779 स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए पिछले वर्ष की खर्च न हुई बकाया राशि को समायोजित करने के बाद दूसरी किश्त के रूप में थी। इसके अलावा स्मार्ट स्कूल स्थापित करने और कम्प्यूटर साक्षरता के व्यापीकरण हेतु केवीएस और एनवीएस को 86169740 रुपए की राशि जारी की गई। इस बात की जरूरत महसूस की गई कि कम्प्यूटर शिक्षा के लिए सामग्री की सोर्सिंग की जाए क्योंकि इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। तदनुसार एडसिल से संशोधित सीएलएएसएस के कार्यान्वयन हेतु सोर्सिंग सामग्री हेतु कार्यनीति विकसित करने का अनुरोध किया गया है। एडसिल ने इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

फरवरी 2004 के दौरान कम्प्यूटर शिक्षा के लिए शैक्षिक सामग्री के विकास और प्रसार पर एक राष्ट्रीय चर्चा आयोजित की गई जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा इस क्षेत्र में कार्यरत विख्यात संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अध्यापकों को राष्ट्रीय पुरस्कार

वर्ष 1958 में शुरू किए गए शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक वर्ष पांच सितम्बर को प्रदान किए जाते हैं ताकि प्राथमिक, मिडिल और माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत योग्य शिक्षकों को सार्वजनिक मान्यता प्राप्त हो सके। इस समय 354 पुरस्कार हैं जिनमें से 20 पुरस्कार संस्कृत, फारसी और अरबी अध्यापकों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए अध्यापकों की संख्या के आधार पर कोटा निश्चित है। स्कीम के अंतर्गत सीबीएसई, आइसीएससीई, सैनिक स्कूल, एनवीएस और परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसाइटी द्वारा संचालित स्कूलों के अध्यापक भी सम्मिलित हैं। पुरस्कार 2003 के लिए दो पुरस्कार सीटीएसए के अध्यापकों के लिए आबंटित किए गए हैं। पुरस्कार वर्ष 2001 से 33 विशेष पुरस्कार उन अध्यापकों के लिए विनिश्चित हैं जो स्कूलों में एकीकृत समावेशी शिक्षा के प्रोत्साहन और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों व अन्य स्कूल प्रणाली के तहत नियमित स्कूलों में अक्षमता वाले बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के कार्य में लगे हैं। इस पुरस्कार के लिए निम्नलिखित श्रेणियों के अध्यापकों पर विचार किया जाएगा:

- नियमित स्कूलों में कार्यरत अक्षमताओं वाले अध्यापक।
- विशेष अध्यापक अथवा प्रशिक्षित सामान्य अध्यापक जिन्होंने समावेशी शिक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो।

अध्यापकों का चयन राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाता है जिसकी अध्यक्षता निदेशक (शिक्षा) करते हैं और जिसमें केन्द्रीय सरकार का एक मनोनीत व्यक्ति सदस्य के रूप




में शामिल होता है। समिति की सिफारिशों को राज्य सरकार/केन्द्रीय पुरस्कार समिति द्वारा योग्यता क्रम में संगठन द्वारा सिफारिश किए गए अध्यापकों के संबंध में भेजा जाता है। भारत सरकार योग्यता के आधार पर अंतिम चयन करती है। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाण पत्र और 25000 रुपए नकद पुरस्कार के रूप में होते हैं।

उपलब्धियां

विद्यमान कार्यक्रमों में बड़े परिवर्तन, नई विशेषज्ञताएं और अन्तर-विषयक इनपुटों के साथ कार्यक्रम आईआईटी मुंबई की एक सामान्य विशेषता है। अनुसंधान आयोजित करने के लिए छात्रों को अधिक अवसर, उन्हें व्यवसाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के फलस्वरूप इस नीति के अनुसरण में हाल ही में नई पहल हुई है। इस वर्ष कार्यान्वित और स्नातक अनुसंधान अवसर कार्यक्रम यूआरओपी के अंतर्गत अवर स्नातक छात्रों को अपने शैक्षिक जीवन में जल्द ही अनुसंधान कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है।

संस्थान ने विदेशी एजेंसियो के साथ 7 सहमति ज्ञापनों और भारत के अंदर 21 संस्थानों के साथ सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें से एक गोवा विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के लिए आधारभूत और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के वास्ते गोवा विश्वविद्यालय के साथ किया गया एक सहमति ज्ञापन शामिल है।

संस्थान अपने प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रमों को जारी रखे हुए है जिनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं

- एटीएम बाड़े का डिजाइन। इसमें अनेक क्रांतिकारी डिजाइन तत्व शामिल हैं जिनकी जड़ें भारतीय संस्कृति में जमी हैं। इनका बड़ी संख्या में निर्माण करने के लिए इन्हें एक बाहरी एजेंसी को सौंपा जा रहा है।
- आप्टीएलओएम, जो एक सम्वर्द्धित तीव्र प्रोटोटाइपिंग साफ्टवेयर है जिसका उद्देश्य सस्ते और मजबूत प्रोटोटाइप तैयार करना है, डायमलेर क्रिसलर एजी जर्मनी के सहयोग से विकास किया गया था और उसे ओटोमोबाइल उद्योग में उपयोगार्थ आईटी तीव्र प्रोटोटाइपिंग पैकेज मैजिक्स 8.0 के आप्शनल माड्यूल के रूप में मैटीरियलाइज आफ बेल्जियम द्वारा बेचा जा रहा है।
- सेन्ट्रल चिलर्स और रेफ्रीजरेशन पद्धतियों से ऊष्मा प्राप्त करने के लिए सुपरहिट रिकवरी वाटर हीटर विकसित किया गया और वाणिज्य दोहन हेतु स्थानान्तरित किया गया।

संस्थान में दूरस्थ इंजीनियरी शिक्षा कार्यक्रम केन्द्र, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सीडीईईपी प्रायोजित प्रौद्योगिकी संवर्द्धित अधिगम संबंधी राष्ट्रीय परियोजना एनपी-टीईएल में लगा है।

आईआईटी मुंबई और खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी फिलहाल परस्पर हित की अनेक समस्याओं पर एक साथ कार्य कर रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रक में रोजगार सृजन में मदद मिल सके। इसका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी इनपुटों को उत्पादक कार्यकलापों में अधिक मात्रा में जिनसे ग्रामीण लोगों की क्षमताओं और स्थानीय संसाधनों का उपयोग हो सके।

हाल ही में संस्थान ने व्हील चेयरों के लिए एक नया डिजाइन तैयार किया गया है। एक नवविकसित व्हील चेयर "एसेंडर" नाम से तैयार की गई है जिसमें उपयोगकर्ता के लिए प्रचालन की अधिक आजादी और आत्मनिर्भरता की व्यवस्था है। नए



डिजाइन के फलस्वरूप परंपरागत डिजाइन के मुकाबले में व्हील चेयर से चढ़ने और उतरने वाले व्यक्ति को आसानी होती है। एसेंडर से मुड़ने और आसानी से चढ़ने की भी सुविधा है।

इस अवधि के दौरान 15 भारतीय पेटेंटों, 2 ट्रेडमार्कों/सर्विस मार्कों, 5 डिजाइन पंजीकरणों, 2 यूएस पेटेंटों और 4 पीसीटी के लिए आवेदन पत्र फाइल किए गए।

संस्थान में सतत शिक्षा कार्यक्रम प्रकोष्ठ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसने दिसम्बर 2003 तक 87 अल्पावधि पाठ्यक्रम आयोजित किए जिनमें विभिन्न संगठनों से 1762 व्यावसायिकों ने भाग लिया और 1.10 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

संकाय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया है। उनमें से अनेक को विभिन्न क्षेत्रों में उनके कार्य/योगदान के लिए सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्थान के सात संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय अकादमियों के फेलो के रूप में चुना गया और आलोच्य अवधि के दौरान व्यावसायिक सोसाइटियों द्वारा 38 उल्लेखनीय पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्थान ने 61 नए संकाय सदस्य भी नियुक्त किए।

1200 छात्रों की जरूरतें पूरी करने के लिए कुल 1064 कमरों और 1 भोजनालय के साथ 2 एक समान उच्च कोटि के छात्र होस्टल होस्टल 12 और 13 जुलाई 2003 में चालू किये जाने के फलस्वरूप छात्रों के वास्ते होस्टल आवास की कमी पूरी हो गई। एक 16 मंजिले संकाय आवास स्थल का भूमि पूजन 2 अप्रेल 2003 को किया गया। अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए संस्थान के नवीन व्याख्यान कक्ष परिसर-शहर-नूतन केन्द्र का भूमि पूजन भी अकादमिक क्षेत्र में 14 अप्रेल 2003 को किया गया।

अधिशासन की एक विकेन्द्रीकृत प्रणाली कायम करने की दिशा में डीन स्तर पर दो पद कायम किए गए-डीन संकाय-संकाय संबद्ध मुद्दों का समाधान करने और एक संकेन्द्रित ढंग से संकाय के संसाधन विकसित करने के लिए तथा डीन छात्र और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध-छात्र मामलों पर अधिक ध्यान देने के लिए तथा विदेशी भागीदार विश्वविद्यालयों और एजेंसियों के साथ तालमेल सुदृढ़ करने के वास्ते।

कार्मिक विकास और प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के तहत 36 प्रशिक्षण कार्यक्रम इस अवधि के दौरान आयोजित किए गए तथा 307 कर्मचारियों ने इनमें भाग लिया। कम्प्यूटरीकृत कर्मचारी सूचना पद्धति, जो लेन के माध्यम से उपलब्ध होगी, तैयार की जा रही है। सरकार की ईआरसी सिफारिशों के अनुसार संस्थान में स्टाफ की संख्या कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस वर्ष आईआईटी मुंबई ने दिसम्बर 2003 में अन्तर आईआईटी खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसके लिए टेनिस कोर्टों, बास्केटबाल कोर्टों व अन्य जीमखाना सुविधाओं का पर्याप्त रूप में उन्नयन किया गया। इसके साथ ही दिसम्बर 2003 में "मूड इण्डिगो" एक सर्वाधिक लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव देशभर के 7000 से अधिक छात्रों की भागीदारी से आयोजित किया गया। उद्यमशीलता प्रकोष्ठ और शैलेश जे. मेहता प्रबंधन स्कूल, आईआईटी मुंबई, ने नवम्बर 2003 में "एवेन्यूज" नामक एक व्यवसाय उत्सव आयोजित किया। यह उत्सव देश में एक अनूठे व्यवसाय उत्सव के रूप में माना जाने लगा है। 50 से अधिक कालेजों के प्रतिनिधियों ने, जिनमें आईआईटी और आईआईएम शामिल हैं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कारों हेतु भाग लिया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली

1961 में एक इंजीनियरी कालेज के रूप में स्थापित इस संस्थान को "प्रौद्योगिकी संस्थान संशोधन अधिनियम 1961" के अधीन राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में घोषित किया गया और 1963 में इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली का नाम दिया गया।

यह संस्थान विज्ञान और इंजीनियरी विषयों में स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों के अनेक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिनमें शामिल हैं इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के 9 विषय क्षेत्रों में एक चार वर्षीय बीटेक कार्यक्रम, पांच क्षेत्रों में पांच वर्षीय दोहरा डिग्री कार्यक्रम, पांच वर्षीय एकीकृत एमटेक कार्यक्रम, तीन विषयों में दो वर्षीय एमएससी कार्यक्रम, इंजीनियरी प्रौद्योगिकी, प्रबंध, मानविकीय और समाज विज्ञानों में 36 एमटेक कार्यक्रम, औद्योगिक डिजाइन में दो वर्षीय एम. डेस. कार्यक्रम, 2 एमबीए कार्यक्रम, 6 क्षेत्रों में एमएस अनुसंधान कार्यक्रम।

संस्थान अपने 13 विभागों और 9 अनुसंधान केन्द्रों में डाक्टरल अनुसंधान के लिए भी अवसर प्रदान करता है।

अच्छी कोटि की तकनीकी जनशक्ति मांग को पूरा करने के

संस्था में अनुसंधान कार्यकलापों के स्तर में वृद्वि करने और अनुसंधान अवस्थापना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से छात्रों और संकाय सदस्यों को अनेक नए उपस्कर उपलब्ध कराए गए है। एसक्यूयूआईडीएक सुपरकन्डक्टिंग इन्टरफियरेंस डिटेक्शन नामक एक अनूठी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अत्यन्त संवेदी यंत्र है जो गौस के एक ट्रिलिओन्थ तक के मेग्नेटिक फील्ड चुम्बकीय क्षेत्र में परिवर्तनों के मामले को मापने में सक्षम है।

लिए संस्थान की योजना अगले कुछ वर्षों में छात्रों की संख्या 5000 तक बढ़ाने की है।

संस्थान, कोटि सुधार कार्यक्रम और सतत शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से उद्योगों और सरकारी एजेंसियों के तकनीकी कार्मिकों व अन्य इंजीनियरी कालेजों के अध्यापकों में जागरूकता बढ़ाने और गुणवत्ता को उन्नत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवधि के दौरान संकाय सदस्यों द्वारा अनेक अल्पावधि पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों को विभिन्न विभागों में मास्टर्स और डाक्टरल कार्यक्रमों में दाखिल किया गया। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों, कालेज शिक्षकों और उद्योग से कार्मिकों की आईटी दक्षताओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र ने अनेक पाठ्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

शिक्षण और अकादमिक अनुसंधान के साथ-साथ आईआईटी दिल्ली अनुसंधान और विकास कार्यकलापों पर अधिक बल देता है।

संस्थान, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। इस समय अनेक सहयोग कार्यक्रम चल रहे हैं। इस वर्ष संस्थान ने देश/विदेश में संस्थानों/उद्योगों के साथ अनेक सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

जीव विज्ञानों और जैव इंजीनियरी के उभरते विषयों के लिए नई सुविधा की शुरूआत करना आईआईटी कानपुर के एक महत्वपूर्ण घटना रही। इस सुविधा के अंतर्गत 16 अनुसंधान प्रयोगशालाएं, 2 शिक्षण प्रयोगशालाएं, 2 क्लासरूम, 1 व्याख्यान थियेटर और 1 पुस्तकालय कक्ष है। इस सुविधा के अंतर्गत जीव वैज्ञानिक विज्ञानों और जैव इंजीनियरी के क्षेत्रो में अनुसंधान और शिक्षण के लिए आवश्यक अधुनातम उपस्कर की भी व्यवस्था है। संस्थान ने इन विषयों में एमटेक और पीएचडी कार्यक्रम शुरू किए हैं और उम्मीद है कि जुलाई 2004 से बीटेक कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

संस्थान, एमटेक और साथ ही पीएचडी लेवल स्तर पर स्नातकोत्तर छात्रों का दाखिला बढ़ाने में समर्थ हुआ है। भौतिकी विभाग में एक नया दोहरा डिग्री कार्यक्रम एमएससी, पीएचडी शुरू किया गया है। डिजाइन कार्यक्रम मास्टर नामक एक नया शैक्षिक कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक शुरू किया गया। इस समय छात्रों की कुल संख्या 3500 से अधिक है और स्टाफ सदस्यों की संख्या 350 के लगभग है। संस्थान ने भूकम्प इंजीनियरी, हेलीकाप्टर प्रौद्योगिकी और ऐरोस्पेस विनिर्माण के क्षेत्रों में एक सेमेस्टर स्नातकोत्तर प्रमाणन कार्यक्रम तैयार किया है। यह पाठ्यक्रम, ऐरोस्पेस उद्योगों के इंजीनियरों और प्रबंधकों, रक्षा सेनाओं और तटगार्डों के अधिकारियों और इंजीनियरी कालेजों के अध्यापकों को भी प्रदान किए जाते हैं। संस्थान ने भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम का समन्वय कार्य भी शुरू किया है।

संस्थान ,दूरदर्शन, उपग्रह और इन्टरनेट प्रौद्योगिकी जैसे संचार के आधुनिक साधनों का उपयोग करते हुए दूरस्थ शिक्षा ढाँचा विकसित करने पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए, उपग्रह प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए, बुनियादी इंजीनियरी पाठ्यक्रम के शिक्षण के लिए एक शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किया गया है। परिसर में एक इलेक्ट्रानिक क्लासरूम खोला गया है। इन्टरनेट यूनिकास्ट और मल्टीकास्ट प्रौद्योगिकियों के संबंध में प्रयोग किए गए हैं। संस्थान, भारत, फ्रेंच साइबर यूनिवर्सिटी के लिए बुनियादी ढॉचे और शैक्षिक सामग्री का विकास करने में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

उम्मीद है कि इन सभी प्रयासों में एक आउटरीच शिक्षा कार्यक्रम उपलब्ध होगा।

आई.आई.टी. कानपुर ने, एनेस्थेसिआ की गहनता को मापने के लिए एक एनेस्थेसिआ मानिटर का विकास किया है। यह यंत्र, चेतना के स्तर और समग्र मांसपेशी शिथिलता के संबंध में एनेस्थेसिआ की हल्की खुराक के प्रभाव का पता लगाने में समर्थ है। आई.आई.टी. कानपुर एसजीपीजीआई, लखनऊ सहयोग परियोजना के अन्तर्गत, टिशु कन्ट्रास्ट सुधारने, शोर कम करने और मेगनेटिक रिसोनेन्स इमेजिज के डी-बलरिंग हेतु उन्नत अंकीय प्रसंस्करण स्कीम का एक सैट विकसित किया गया है। शल्य चिकित्सा के दौरान एनेस्थेटिस्ट की सहायतार्थ एक रोबोटिक यंत्र भी विकसित किया गया है।

समतल ग्रुप आफ इन्डस्ट्रीज और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वितपोषित परियोजना के अन्तर्गत, हरी और लाल प्रकाश छोड़ने वाले डिओड्स के विनिर्माण के लिए दो किस्म के पोलीमेरों का सफलतापूर्वक विकास किया गया है। इन यंत्रों के निष्पादन में और सुधार करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रासायनिक इंजीनियरी विभाग ने व्यापक रूप से प्रयुक्त प्लास्टिकों और प्राकृतिक गैस में पाए जाने वाले पेट्रोरसायनों के संबंध में प्रीकर्सरों को निकालने के लिए एक नवीन प्रक्रिया विकसित की है।

संस्था में अनुसंधान कार्यकलापों के स्तर में वृद्धि करने और अनुसंधान अवस्थापना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से छात्रों और संकाय सदस्यों को अनेक नए उपस्कर उपलब्ध कराए गए है। एसक्यूयूआईडीएक सुपरकान्डक्टिंग इन्टरफियरेंस डिटेक्शन नामक एक अनूठी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अत्यन्त संवेदी यंत्र है जो गौस के एक ट्रिलिओन्थ तक के मेग्नेटिक फील्ड चुम्बकीय क्षेत्र में परिवर्तनों के मामले को मापने में सक्षम है।

संस्थान ने, एक नया आल-कम्पोजिट, दो सीट वाला, आधुनिक प्रशिक्षक वायुयान हंसा III प्राप्त किया है। यह वायुयान एनएएल, बंगलौर द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इस वायुयान का उपयोग सर्वेक्षण के क्षेत्र में उन्नत किस्म के प्रयोग करने के लिए किया जाएगा।

संस्थान द्वारा प्राप्त किए गए विशेष यत्रों के अन्य सैट में निम्नलिखित शामिल हैं: एनेलिसिस फीचरों के साथ सज्जित थर्मल ग्राविमीट्रिक विश्लेषण विशेषताएं; एनओजेड तथा आन्तरिक कम्बस्टन इंजिनों के लिए ही टीएचसी एमिशन माप पद्धति; एक्स-रे डिफ्रेक्शन सिस्टम; सर्फेसों के नान-डिस्ट्रक्टिव करेक्टराइजेशन के लिए स्पेक्ट्रोट्रपिक इलिप्सोमीटर; एक फाइव-एक्सिस सीएनसी मशीनिंग सेन्टर और साथ ही टर्निंग सेन्टर, एक वाटर जेट एब्रेसिव मशीन, एक नान-डिस्ट्रक्टिव, रीवर्स इंजीनियरी के लिए व्हाइट लाइट स्केनर एफडीएम रेपिड प्रोटोटाइपिंग मशीन का एक उन्नत रूपान्तर। इसके अलावा, अनेक अधुनातम अनुसंधान उपस्कर का आर्डर दिया गया है जैसेकि इलेक्ट्रान परामेगनेटिक रेसोनेन्स (ईपीआर) स्पेक्ट्रामीटर, स्केनिंग इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप (एस ई एम), सिंगल क्रिस्टल एक्सरे डिफ्रेक्शन सिस्टम, एटोमिक फोर्स माइक्रोस्कोप (एएफएम, आटो मेटिड ईएनए सीकवेन्सिंग और फ्रेगमेंट एनेलिसिस सिस्टम। संस्थान ने ढॉचे में सुधार करना तथा छात्रों, स्टाफ व संकाय हेतु अनुसंधान के लिए सुविधाओं में भी सुधार करना जारी रखा।

आईआईटी कानपुर ने इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित निर्माण परियोजनाएं भी पूरी तथा चालू की : 480 स्थान वाला होस्टल, हाल आफ रेजीडेन्स 7 पूरा हो गया और पूरी तरह से चालू हो गया। एक और होस्टल का निर्माण, हाल आफ रेजीडेन्स 8, का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस समय इस होस्टल के 240 कमरों वाला पहला चरण उपलब्ध है। पूर्ण हास्टल मई 2004 तक तैयार हो जाएगा। अतिथि सकांय सदस्यों के लिए 12 अपार्टमेन्टों का एक आधुनिक पूर्णतः सज्जित कम्प्लेक्स पूरा हो गया है। अब ये अपार्टमेन्ट उपयोगार्थ तैयार है ;इनोवेशन, इन्क्यूबेशन और उद्यमशीलता के कार्यकलाप प्रोत्साहित करने के लिए, एक सुविधा -एसआईडीबीआई सेन्टर फार इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन-का कैम्पस में निर्माण किया गया है। उद्योग प्रायोजित अनुसंधान और डिजाइन एजुकेशन हेतु सुविधा - समतल आर एण्ड डी भवन चालू हो गया। एक स्वच्छ, साफ भोजनालय परिवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो होस्टलों में रसोई सुविधाओं, हाल आफ रेजीडेन्स I और II - का आधुनिकीकरण किया गया। इन प्रयासों में आई.आई.टी. कानपुर के अकादमीक और साथ ही रिहायशी क्षेत्रों को एक नया रूप मिला है।

भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान,खड़गपुर

खड्गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना स्वतंत्रता के पश्चात विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मानव संसाधन विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के निमित्त की गई थी। चूंकि

खड़गपुर सभी आईआईटी में सबसे पुराना आईआईटी है इसलिए उसने देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति नजरिये में एक क्रान्तिकारी बदलाव लाने में अपेक्षित नेतृत्व प्रदान किया है।

संस्थान, वर्ष 2003-2004 के दौरान, 23 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करेगा। विश्व भर में फैले भूतपूर्व छात्रों के साथ तालमेल को मजबूत करने के उद्देश्य से एक दृढ़ वैश्विक पूर्वछात्र नेटवर्क कायम करने के वास्ते एक नयी वेबसाई www.alumini.iitkgp.ernet.in शुरू की गई। न्यूयार्क में पंजीकरण हो जाने पर, संस्थान के सभी पर्व छात्रों को आजीवन ई-मेल पता उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व छात्रों के उदारतापूर्वक (पीसी) दिए गए दान के फलस्वरूप, संस्थान के प्रत्येक छात्र को एक कम्प्यूटर उपलब्ध कराया गया है तथा होस्टलों में अधुनातम कम्प्यूटर नेटवर्क इन्टरनेट सुविधा का विस्तार किया गया है। पिछले वर्षों के दौरान उच्च कोटि के शिक्षण और अनुसंधान को सुकर बनाने के वास्ते पर्याप्त ढाँचा विकासित किया गया है। हाल ही में अधुनातम अकादमिक परिसर की स्थापना की गई है। इसमें 800 स्थान क्षमता वाला एक आडिटोरियम और 200 से 400 के बीच की क्षमता वालें छः व्याख्यान कक्ष हैं, जो केंद्रीय रूप से वातानुकूलित है। इसमें कम्प्यूटिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं। छात्रों के लिए चार नए हाल्स आफ रेजीडेंस भी निर्मित किए गए हैं तथा पुराने होस्टलों में नए स्कन्ध जोड़ें गए हैं। इसके अलावा, परियोजना वैज्ञानिकों के लिए डा. विक्रम साराभाई के नाम से एक रिहायशी परिसर निर्मित किया गया है। आधुनिकीकरण के भाग के रूप में केन्द्रीय अनुसधान सुविधाओं का विस्तार किया गया है और सेन्ट्रल लायब्रेरी के बजट में वृद्धि की गई है। अकादमिक परिसर में 25 कि.मी. सिंगल मोड फाइबर आप्टिक केबल डाली गई है।

चल रहे बी.टेक (आनर्स),बी.आर्क., एम.एस.सी तथा एम.टेक पाठ्यक्रमों के अलावा, संस्थान ने शिक्षा सत्र 2001-2002 से मेडिकल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मास्टर्स में एक तीन वर्षीय कार्यक्रम शुरू किया गया है। विगत शिक्षा सत्र के दौरान एक तीन वर्षीय मेडिकल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मास्टर्स (एमएमएसटी) कार्यक्रम प्रारंभ करने वाला यह देश का प्रथम संस्थान है। नियमित शिक्षा कार्यक्रम के अलावा, जिनमें 494 बी.टेक/बी.आर्क./एम.एस.सी., 448 पीजीडीआईटी/एम.टेक/ एम सीपी/एमबी/एमएस और 108 पीएचडी छात्र संस्थान से स्नातक तैयार होकर निकलते हैं। दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम को सुदृढ़ किया गया है।

शिक्षा सत्र 1999-2000 से कोलकाता भुवनेश्वर के विस्तार केन्द्रों और स्टेप में संकर विधि के जरिए शुरू किए गए सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीडीआईटी)के बारे में, जहाँ तक कार्यक्रम के कोटि का संबंध है, आईटी उद्योगों से उत्साहवर्धक रिपोर्ट प्राप्त हुई है। समुद्रीय आपरेशनों और मेनेजमेंट में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा को नया आधार प्राप्त हुआ है। इलेक्टिव्ज पर अधिक बल देते हुए तथा छात्रों को अध्ययन के एक प्रमुख विषय के साथ, पूरे बी.टेक कार्यक्रम का पुर्नगठन किया गया है। एम.टेक डिग्री वाले दोहरे डिग्री कार्यक्रम का और विस्तार किया गया है। एक नई एम.टेक. पाठ्यचर्चा प्रारंभ की गई है जिसमें परियोजना कार्य को पूरा सेमेस्टर आबंटित किया गया है।

कम्प्यूटर विज्ञान तथा इंजीनियरी विभाग द्वारा वीएलएसआई डिजाइन एक अग्रणी किस्म का है तथा वीएलएसआई ग्रुप 0.18 चिप्स डिजाइन कर रहा है जिन्हें नेशनल सेमिकन्डक्टर यूएसए की फाउन्ड्री में कास्ट किया जा रहा है तथा यहाँ परीक्षण के लिए लाया गया है। संस्थान में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित अनुसंधान और सहयोगात्मक अनुसंधान के माध्यम से संसाधन सृजन पर बल दिया जाता है। रोबोटिक्स, जैव-प्रौद्योगिकी, क्रायोजेनिक्स, वीएलएसआई चिप आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के अनेक क्षेत्रों में अनुसंधान आयोजित किया जा रहा है।

संस्थान के संकाय सदस्यों और छात्रों को प्रशंसा पत्र और सम्मान प्राप्त हुए जिनमें गौरवपूर्ण शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और राष्ट्रीय विज्ञान तथा इंजीनियरी की फैलोशिप शामिल है।

संस्थान को देश-विदेश से अनेक प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श परियोजनाएं प्राप्त हुई तथा पर्याप्त आय अर्जित की जिसकी वजह से यह संस्थान आईआईटी के बीच शिखर पर पहुँच गया। संस्थान ने आईपीआर संरक्षण और पेटेन्ट तथा कापीराइट फाइल करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। आईआईटी खड़गपुर ने आईआईटी अभियान में अग्रणी भूमिका निभाई है तथा पिछले वर्षो के दौरान कुछेक सर्वोत्तम परियोजना कायम की हैं। इसने अन्य आईआईटी में शुरू किए गए उपायों से भी अनुभव प्राप्त किया है और बदलते समय के साथ साथ उन्हें सक्रियतापूर्वक लागू किया है। यह महत्वपूर्ण है कि आईआईटी आगे की बात सोचना और भावी योजनाएं तैयार करना जारी रखे। इस बात को देखते हुए अनेक उपाय

किए गए हैं तथा भावी कार्यक्रमों की योजना तैयार की जा रही है।

आईआईटी, खड़गपुर का उद्देश्य देश में उपलब्ध सर्वोत्तम प्रतिभा को आकर्षित करना और उसका सम्पोषण करना है। इस दिशा में अनेक उपाय किए गए हैं। जिनमें निम्नलिखित शामिल हैः

(क) संकाय भर्ती के लिए वेब पर एक स्थायी विज्ञापन बनाए रखना

(ख) नए संकायों को अपनी रुचि के क्षेत्र में परियोजना शुरू करने के लिए तीन लाख रूपए तक की सीड राशि प्रदान करना।

(ग) अन्तिम वर्ष के यूजी छात्रों को दस सार्वभौमिक औद्योगिक संगत परियोजनाओं के लिए 50,000/- रुपए प्रदान करना।

(घ) कम से कम दो बी.टेक छात्रों को उद्यमियों के रूप में तैयार करने के वास्ते प्रायाजक और उद्यम पूँजीपति के रूप में कार्य करना।

(ड.) असाधारण रूप से बुद्धिमान छात्रों के लिए उच्च मूल्य वाली पीएच.डी. छात्रवृत्तियां प्रदान करना।

(च) अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रतिभावान महिला अनुसंधानकर्ताओं के लिए कल्पना चावला अध्येता वृत्ति।

संस्थान का प्रस्ताव निकट भविष्य में अनेक शैक्षिक कार्यक्रम शुरू करने का है जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी में एम.टेक. जीव विज्ञानों में एम.एससी और परि-पर्यटन में पी.जी डिप्लोमा सम्मिलित है।

संस्थान ने 13 मिशन कार्यक्रम विनिर्धारित किए है जिनसे देश की प्रौद्योगिकीय और सामजिक प्रगति पर गहरा प्रभाव पडने की उम्मीद है। इनमें सम्मिलित हैं: मेकेनाइज्ड खाद्य इंजिनियरी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, मोलेकुलर जैव-प्रौद्योगिकी, आपदा कमी और प्रबंधन, मानव प्रयासों में इलेक्ट्रानिक अनुप्रयोग, फोटोनिक्स, नानो विज्ञान और सिस्टम्स इंजीनियरी, जैव - मेडिकल प्रौद्योगिकी, वीएलएसआई डिजाइन और बायरलैस प्रौद्योगिकियां, पावर सिस्टम उपस्करों का प्रबंध और नियंत्रण और सम्भवतः गाँवों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तान्तरण।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास की स्थापना राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में 1959 में चेन्नई में की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य उच्च तकनीकी शिक्षा अनुसंधान और परामर्श को बढ़ावा देना है।

आईआईटी, मद्रास ने ऐसे अनेक शिक्षा क्रियाकलापों को दृढ़तापूर्वक जारी रखा जोकि संस्थान की प्रमुख क्षमताओं पर आधारित हैं और इसके घोषित लक्ष्यों के अनुरूप हैं। संस्थान अनुसंधान आधारित स्नातकोत्तर और डाक्टरल कार्यक्रमों के साथ-साथ अनेक पाठ्यक्रम आधारित स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश करता है।

जनशक्ति विकास के संबंध में 09.08.2003 को आयोजित पिछले दीक्षान्त समारोह में कुल मिलाकर 1146 डिग्रियां प्रदान की गई जिनके ब्योरे इस प्रकार हैः 73 पी.एच.डी., 109 एमएस, 417 एम.टेक एमबीए, 86 एम.एससी, 66 दोहरी डिग्री तथा 355 बी.टेक। ये डिग्रियां, नौ इंजीनियरी विभागों, तीन विज्ञान विभागों और मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तुत बहुविध विषय-क्षेत्रों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों से संबंधित हैं। संस्थान, विशेष रूप से तैयार किए गए सात प्रयोक्तोन्मुखी एम.टेक कार्यक्रमों की पेशकश करता है और इनमें से प्रत्येक कार्यक्रम प्रयोक्ता उद्योगों के सहयोग से तैयार और कार्यान्वित किया जाता है। 46 (अध्ययन के विषय) नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए। व्यावसायिक नैतिकता और मानवीय मूल्यों के लिए एक सेल स्थापित किया गया ताकि हमारे छात्रों के भीतर इन गुणों को बढ़ावा दिया जा सके।

संकाय और शोध छात्रों ने पी.एच.डी. तथा एमएस शोध प्रबन्धो के अलावा विख्यात अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 368 अनुसंधान लेख प्रकाशित किए हैं, अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय सम्मेलनों में 531 लेख प्रस्तुत किए हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान, संकाय सदस्यों ने चार पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं।

वर्ष के दौरान सक्रिय प्रायोजित परियोजनाओं की संख्या 225 थी। इन परियोजनाओं में प्रमुख अन्वेषकों, सह-प्रमुख अन्वेषकों के रूप में प्रवृत्त संकाय सदस्यों की संख्या 196 है। आलोच्य वर्ष में संस्वीकृत प्रायोजित परियोजनाओं कुल मूल्य 50.36 करोड़ रुपये है। वर्ष के दौरान सक्रिय परामर्शी परियोजनाओं की संख्या 636 है और उनका कुल मूल्य 6.60 करोड़ रूपये हैः इन परामर्शी परियोजनाओं के साथ सम्बद्ध संकाय सदस्यों की

संख्या 203 है। एआईसीटीई ने उद्योग - संस्थान भागीदारी कार्यक्रम के अधीन एक परियोजना का वित्तपोषण किया है जो 2002-03 के दौरान जारी रही है। आईएसआरओ-आईआईटीएम स्पेस प्रौद्योगिकी सेल ने सत्रह परियोजनाओं का नवीनकरण किया है और 7 नई परियोजनाएं मंजूर की हैं। आईजीसीएआर-आईआईटीएम सेल के अधीन दो परियोजनाएं जारी रखी गई। आईएसआरओ-आईआईटीएम सेल तथा आईजीसीएआर-आईआईटीएम सेल ये परियोजनाएं नियतकालिक मानीटरन और समीक्षा के माध्यम से कारगर रूप से काम कर रही हैं। औद्योगिक सहायता स्कीम में अब 241 से अधिक सदस्य हैं। संस्थान ने आलोच्य वर्ष में उद्योगो के साथ 28 सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

संस्थान का अविच्छिन्न शिक्षा केन्द्र (सीसीई) अपने व्यावसायिक विकास क्रियाकलापों में अत्यन्त सक्रिय रहा है। क्यूआईपी के अधीन 5 अल्पकालीन पाठ्यक्रम, सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीईपी) के अधीन 30 अल्पकालीन तथा शैक्षिक परामर्शी कार्यक्रम (ईसीपी)के अधीन 18 पाठ्यक्रम, आयोजित किए गए। संस्थान के शैक्षिक प्रौद्योगिकी सैल ने लगभग 900 घंटे की वीडियो सामग्री तैयार की है जिसमें 23 सेमस्टर ब्याख्यान आधारित कार्यक्रम, ज्ञानदर्शन प्रसार के लिए एक वृत्त चित्र तथा ज्ञान दर्शन के लिए 6 भाषण मालाएं शामिल हैं। सीसीई ने फिनिशिंग स्कूल की अवधारणा पर आधारित भेल के स्नातक इंजीनियरों के लिए उन्नत इंजीनियरी डिजाइन पर एक वर्षीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आयोजित किए।

संस्थान ने देश के अन्य इंजीनियरी संस्थानों को मार्गदर्शन और सहायता पद्रान करने में प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया। सम्प्रति, क्यूआईपी के अधीन पीएच.डी. और एम.टैक कार्यक्रमों के लिए इंजीनियरी कालेजों के 127 अध्यापक पंजीकृत है।

सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान के लिए यह संस्थान अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठ्नों के साथ वैचारिक आदान-प्रदान करता रहा है। आज की स्थिति में, अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ आईआईटी मद्रास द्वारा हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापनों की कुल संख्या 50 हो गई है। आलोच्य वर्ष में चुनिन्दा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ आठ समझौता ज्ञापनों पर कार्रवाई की गई है। सहयोगात्मक आर तथा डी के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के साथ चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

पिछले कुछ वर्षो में अन्तर्राष्ट्रीय छात्रों के आदान-प्रदान के लिए संस्थान ने कई अवसर पैदा किए हैं। पांच आईआईटी और जर्मनी के छः तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच भारत -जर्मनी करार इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही है। इस कार्यक्रम के अधीन पिछले वर्ष 14 एम.टेक तथा 3 एम.एस शोधार्थीयों को परियोजना/शोध प्रबन्ध कार्य के संबंध में विख्यात जर्मन विश्वविद्यालयों में भेजा गया। इसके बदले संस्थान में हमारी अनुसंधान प्रयोगशालाओं में अपनी परियोजनाएं कार्यान्वित करने के लिए जर्मनी से कुछ पीएच.डी तथा डिप्लोमाधारी शोधार्थी आए। ईपीएफएल के साथ समझौता ज्ञापन के अधीन ई पी एफ एल के ग्रामीण इंजीनियरी विभाग का एक छात्र जुलाई 2002 से शुरू होने वाले एक सेमेस्टर तक आईआईटीएम में पढ़ा। संस्थान ने 2 एमटेक छात्रों को औद्योगिक गणित में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कैसरस्लोटर्न विश्वविद्यालय , जर्मनी में भेजा। एक बी.टेक छात्र ने ईपीएफएल में एक सेमस्टर पूरा कर लिया।

संस्थान ने अपने तकनीकी और प्रशासनिक स्टाफ के ज्ञान और कौशलों को अद्यतन बनाने के प्रयोजन से 27 प्रशिक्षण कार्यक्रम (189 कार्यक्रम दिवस) आयोजित किए जिससे कि वे अपना काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें।

आईआईटी मद्रास ने 12 यूनिटों के लिए आईएसओ - 9001-2000 प्रमाणन प्राप्त किया है। आईआईटी, क्योकि निरंतर सुधार अधिगम संगठन का सर्वोपरि तत्व होता है, इसलिए कई 5-एस कार्यक्रम आयोजित किए गए है। आईआईटीएम की लगभग सभी सहायक सेवाओं से सम्बद्ध 12 प्रशासनिक यूनिटों में गुणवत्ता चक्र शुरू किए जा चुके हैं।

एटीएम-आधारित उच्च गति वाला परिसरव्यापी नेटवर्क पिछले चार वर्षो से काम कर रहा है। यह नेटवर्क विभिन्न विभागों, छात्रावासों तथा संकाय सदस्यों के आवासों के बीच संयोज्यता उपलब्ध कराता है। इन्टरनेट -2 का आयोजन और कार्यान्वयन अग्रिम अवस्था में है जोकि शीघ्र ही आईपीवी 6, क्यूओएस तथा आईपी-टेलीफोनी उपलब्ध कराएंगे।

परिसर के आधारिक तंत्र में व्यापक सुधार लाया गया है। पुराने पुस्तकालय भवन का कायाकल्प किया जा रहा है ताकि उसमें सीसीई, जीमखना और प्रबन्ध प्रभाग को रखा जा सके। प्रबन्ध अध्ययन और जैव-प्रौद्योगीकी के दो नए विभागों के सृजन के संबंध में परिषद के अनुमोदन की प्रतीक्षा है। बारिश के पानी के सरंक्षण क्रियाकलाप के रूप में परिसर की झील को काफी

गहरा करने का काम पूरा कर लिया गया है और खुदाई से निकली मिट्टी से सीमा सड़के बनायी गई है। परिसर की जीआईएस सुविधा तैयार की जा रही है। लेक्चर हाल परिसर के विस्तार का काम पूरा कर लिया गया है। न्यू मिलेनियम पुस्तकालय भवन में तीन नई मंजिलों का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की

रुड़की विश्वविद्यालय को भारत सरकार द्वारा 21 सितम्बर 2001 से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़का में बदल दिया गया। इस संस्थान का यशस्वी इतिहास और गौरवपूर्ण अतीत है। इसकी बुनियाद गंगा नहर बनाने के लिए तकनीकी जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 1847 में स्थापित रूड़की कालेज के रूप में है। उस समय समूचे अंग्रजी राज में यह एकमात्र इंजीनियरी कालेज था। देश में बांधों, नहरों, सड़कों, राजमार्गो, रेलवे, पुलों जैसे प्रमुख सिविल कार्य इसी कालेज में प्रदत्त इंजीनियरी शिक्षा के परिणाम हैं।

दाखिल किए गए कुल 1407 छात्रों में से जेईई के माध्यम से बी.टेक/बीआई में दाखिल हुए 454 छात्र, जीएटीई के माध्यम से एम.टेक/एम.आर्क में दाखिल हुए 395 छात्र, अन्य पीजी कार्यक्रमों में दाखिल 359 तथा पीएच.डी में दाखिल 199 छात्र शामिल है। संस्थान में दाखिल छात्रों की कुल संख्या 3721 तक पहुंच गई है। जुलाई 2001 में आईआईटीआर में पीएच.डी के जहाँ लगभग 260 छात्र थे वहां आज ऐसे छात्रों की संख्या 455 तक पहुंच गई है जो अधिकांशतः एमएचआरडी द्वारा प्रदत्त डाक्टरल अध्येता वृत्तियों के कारण संभव हुआ है।

आईआईटीआर ने जेएमईटी - 2002 तथा जीएटीई -2003 में पहली बार भाग लिया है शैक्षिणिक सत्र 2004-2005 से सभी आई आई टी में सभी बी.एस.सी से उच्चतर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए जेईई रील तर्ज पर एम.एस.सी के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जे ए एम) आयोजित की जाएगी। जेएएम 2004 के समन्वय के लिए रूड़की को संयोजक संस्थान के रूप में चुना गया है। अखिल भारतीय स्तर पर एमसीए दाखिले के लिए प्रथम एआईएमईसीटी 2004 रूड़की से सौंपा गया है।


पाठ्यक्रमों की पुनर्रचना/नया नाम देने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने आदि के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण शैक्षणिक क्रियाकलाप संक्षेप में नीचे प्रस्तुत किए गए हैः

1. 3 जुलाई 2003 से पांचवर्षीय एकीकृत दोहरा डिग्री कार्यक्रम बी.टेक (रासायनिक इंजीनियरी)और एम.टेक (हाइड्रोकार्बन इंजीनियरी) शुरू किया गया है।
2. 2. जुलाई 2003 से पांचवर्षीय एकीकृत दोहरा डिग्री कार्यक्रम बी.टेक (इलेक्ट्रोनिक तथा संचार)और एम.टेक (बेतार संचार) शुरू किया गया है
3. जुलाई 2003 से पांचवर्षीय एकीकृत दोहरा डिग्री कार्यक्रम बी.टेक (कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी) तथा एम.टेक (सूचना प्रौद्योगिकी)शुरू किया गया है।
4. जुलाई 2004 में दाखिले के लिए रसायन विभाग में नए एम.टेक कार्यक्रम (उन्नत रसायनिक विशेलषण) की पाठ्यचर्या सरंचना और पाठ्यक्रम।
5. सिविल इंजीनियरी विभाग में एम.टेक (दूरस्थ संवेदी और फोटोग्रैमट्री इंजीनियरी) को एम.टेक (जियोमाटिक्स इंजीनियरी) का नया नाम दिया गया।
6. रसायन विभाग में 06 पूर्व-पीएच.डी. पाठ्यक्रमों की और भौतिक शास्त्र तथा मानवियी और सामाजिक विज्ञान विभाग में उतने ही पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या संरचना और पाठ्यक्रम।
7. अगले वर्ष से शुरू किए जाने वाले कुछ नए एम.टेक कार्यक्रम इस प्रकार हैं: औद्योगिक सुरक्षा और आपदा प्रबन्ध, जंग इंजीनियरी, उन्नत रासायनिक विश्लेषण।

कुल 704 अनुसंधान प्रकाशनों में से 367 संदर्भ पत्रिकाओं में और 337 सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए थे। 569 नई परामर्शी परियोजनाएं और 91 नई प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं क्रमशः 9.03 करोड़ रुपये और 15.11 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्राप्त हुई।

आईआईटीआर विभिन्न आर तथा डी, परामर्श और आईटी सम्बन्धी क्रियाकलापों के जरिए उत्तरांचल राज्य और राष्ट्र के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। कुछेक क्रियाकलाप नीचे प्रस्तुत हैं:

- एक मिलियन अमरीकी डालर की लागत की एक यूएनडीपी वित्तपोषित परियोजनाओं के अधीन सामुदायिक सूचना केन्द्रों में ई-संयोज्यता के लिए निर्धन अनुकूल आईटी पहलों का कार्यान्वयन।



संस्थानों के विभिन्न विभागों द्वारा वर्ष के दौरान कई राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठयां आयोजित की गई । संकाय को उनके अनुसधान कार्य और व्यावसायिक योगदान के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। व्यापक रुचि के विषयों पर व्यवस्था देने के लिए कई संकाय सदस्यों को अपने अपने अनुसंधान कार्यो के लिए तकनीकी वार्ताएं प्रस्तुत करने को आमिंत्रत किया गया

- हरिद्वार में आयोजित किए जाने वाले अर्द्धकुम्भ, 2004 के लिए विद्युतीकरण और सिविल कार्य की समग्र मात्रा।
- निम्न के लिए व्यहार्यता रिपोर्ट : भारत के प्रधानमंत्री के एक्सप्रेस और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) से सम्बन्धित ताज एक्सप्रेसवे (ग्रेटर नोएडा - आगरा के बीच), एनएच - 25 (कानपुर और झांसी के बीच) को चौड़ा करना तथा सुदृदीकरण तथा एन.एच -2 (भोगनीपूर-कानपुर और झांसी के बीच) को चौड़ा करना तथा सुदृढ़ीकरण।
- दिल्ली की शहरी सड़कों के लिए नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग सहित गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन।
- शहरी परिवहन पर्यावरण अन्योन्यक्रिया और सड़क यातायात सुरक्षा पर एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित दो परियोजनाएं।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पी एम जी एस वाई) के अधीन स्थापित राज्य तकनीकी एंजेंसी (एस टी.ए)।
- गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय ने देश में एसएचपी डिजायन, प्रौद्योगिकियों और उपकरण के मानविकीकरण के लिए एएचईपी को एक नोडल एजेंसी के रूप में मान्यता प्रदान की है।
- उत्तरांचल और यूपी जल विद्युत निगम के अधीन पुराने लघु जलविद्युत केन्द्रों (गंगोला, भोला सलावा और चितोरा) का जीर्णोद्वार और आधुनिकीकरण।
- नैनीताल झील और चार अन्य डल झीलों का सरंक्षण और प्रबन्ध।
- प्रायद्वीपीय भारत में वहुमंजिली इमारतों के भूकम्पीय निष्पादन के लिए उनके यंत्रीकरण, बिहार क्षेत्र में डिजिटल एकीलोग्राफ्स के नेटवर्क, हिमालय पर्वत में तेज कम्पन अध्ययन और गढ़वाल हिमालय के लघु गवाक्ष में तनूकरण अध्ययन के माध्यम से भूकम्प अध्ययनों से संबंधित आर तथा डी और परामर्श।

विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्री संगठनों के साथ आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें ये संगठन शामिल है खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), मुम्बई, पंजाब, विश्वविद्यालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली; मैक्वेरी विश्वविद्यालय, सिंगापुर, भारत नार्वे का संस्थानगत सहयोग कार्यक्रम और भारत स्विस गठजोड़ के लिए आशय पत्र।

16 विकासशील देशों से विभिन्न विषयों में 111 विदेशी छात्र शामिल हैं और ये देश इस प्रकार हैं: बंगलादेश, भूटान, ईथोपिया, रवांडा, इण्डोनेशिया, इराक, नेपाल, फिलीपीन्स, उजबेक, मंगोलिया, मालद्वीप, यमन, म्यांमार, वियतनाम,केन्या, और मिश्र। विदेशी छात्र अन्य छात्रों के साथ छात्रावासों में रहते है।

डाटा, घ्वनि तथा वीडियो संचार क्षमताओं से युक्त एक स्टार टोपोलाजी 1000 एमबीपीएस ईथरनेट स्थापित किया गया। यह नेटवर्क 24 विभागों/केन्द्रों को जोड़ते हुए, सभी छात्रों संकाय तथा अन्य सहयोगी स्टाफ को संयोज्यता प्रदान करते हुए ओएफसी के 14 किलोमीटर तथा यूटीपी के 40 किलोमीटर के माध्यम से 365 एकड़ क्षेत्र कवर करता है। स्थापित किए गए अधुनातम उपस्करों में ये शामिल हैं: थर्मल लोनीजेशन मास स्पेक्ट्रोमीटर, पूर्णतः कम्प्यूट्रीकृत उपग्रह पृथ्वी केन्द्र और स्वचालित उपग्रह डाटा अभिग्रहण प्रणाली, एक्सरे डिफ्रेक्टोमीटर,

टीजीए, डीजीए तथा डीएससी अध्ययन के लिए ऊष्मीय विश्लेषण प्रणाली।

नए निर्माण/भवन विस्तार तथा जीर्णोद्वार सम्बन्धी क्रियाकलापों में ये शामिल हैं: शैक्षिक विभागों का विस्तार (2832 मीटर2), लड़को के छात्रावास में 421 और बालिका छात्रावास में 48 सीट जोड़ना। सी श्रेणी के 24 और डी श्रेणी के 48 आवासों का निर्माण।

17 नवम्बर 2003 को हुए दीक्षान्त समारोह में भारत के राष्ट्रपति महामहित डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मुख्य अतिथि थे जिसमें 1114 छात्राओं को विभिन्न विषय क्षेत्रों में स्नातक (374 मास्टर (687) तथा डाक्टरल (53) डिग्रियां प्रदान की गई।

संस्थानों के विभिन्न विभागों द्वारा वर्ष के दौरान कई राष्ट्रीय/ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन/ संगोष्ठ्यां आयोजित की गई। संकाय को उनके अनुसधान कार्य और व्यावसायिक योगदान के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। व्यापक रुचि के विषयों पर व्यवस्था देने के लिए कई संकाय सदस्यों को अपने अपने अनुसंधान कार्यो के लिए तकनीकी वार्ताएं प्रस्तुत करने को आमिंत्रत किया गया।

भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी

वर्ष 2002-03 में संस्थान के शैक्षाणिक क्रियाकलापों का समेकन किया गया। जैव प्रोद्योगिकी और इंजीनियरी विभागों की स्थापना के साथ निधारित लक्ष्य के अनुरूप प्रबन्धक विभाग को छोड़ कर सभी विभाग खोले जा चुके हैं। अन्तःविषय क्षेत्रीय केन्द्र खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और आशा है कि अगले वर्प ऐसे चार केन्द्र काम करते मिलेंगे। इस प्रकार अनुप्रयोगोन्मुखी अनुसंधान और विकासात्मक क्रियाकलापों से बल मिलेगा।

शैक्षणिक कार्यक्रम

सम्प्रति आईआईटी, गुवाहाटी में 11 शैक्षणिक विभाग हैं जोकि स्नातक पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर संस्थान के विभिन्न कार्यक्रम चला रहे हैं। छात्रों की संख्या बढ़कर 926 तक पहुंच गई। संकाय सदस्यों की संख्या 111 है जबकि शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या बढ़कर 205 हो गई। महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 51 हो गई। वर्ष 2002-03 के दौरान संकाय, अधिकारियों और स्टाफ की कुल संख्या बढ़कर 316 तक पहुंच गई।

निर्माण कार्यो में प्रगति

शैक्षणिक परिसर कुल लगभग 76,000 वर्गमीटर में फैला है जिसमें 16 व्यापक और चार कोर भवन मौजूद है। निर्माण कार्य मार्च 2000 में शुरू हुआ था और मार्च, 2003 के अन्त तक 60% काम पूरा कर लिया गया था। आशा है कि पूरा परिसर अगस्त 2004 तक पूरा हो जाएगा। चार छात्रावासों के निर्माण का काम पूरा कर लिया और छात्रों ने उनमें रहना शुरू कर दिया। 9299 वर्गमीटर क्षेत्र में प्रशासनिक भवन के निर्माण का काम मार्च 2002 में शुरू हुआ था और वह अगस्त 2002 में पूरा कर लिया गया। प्रशासनिक भवन में वाताकूलन और पार्टीशन का काम चल रहा हैं। संस्थान का गेस्ट हाउस और अधिकांश आवासीय क्वार्टरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था। इन्डोर स्टेडियम में पाइलिंग का काम चल रहा है।

अनुसंधान और विकास क्रियाकलाप

2002-2003 में 21 नई अनुसंधान परियोजना शुरू की गई जिससे इस वर्ष जारी परियोजनाओं की कुल संख्या 60 तक पहुंच गई। इन नई परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कुल राशि 2.74 करोड़ रुपये है। आलोच्य वर्ष तक विभिन्न वित्तपोषी एजेंसियों को अनुसंधान निधियों के रूप में 6.66 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

वर्ष के दौरान प्रायोजित आर तथा डी परियोजनाओं के अलावा संस्थान ने अनेक सरकारी, पब्लिक तथा निजी एजेंसियों को परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई। आलोच्य वर्ष के दौरान मंजूर की गई परामर्श परियोजनाओं का कुल मूल्य लगभग 46.96 लाख रुपये था जिसमें से 24.74 लाख रुपये इस शीर्ष के अधीन प्राप्त हुए। ग्राहकों में ये शामिल थे

- बैंकिंग और बीमा संगठन
- राज्य सरकार (असम) के विभाग
- अन्य राज्य सरकारों के विभाग
- विद्युत क्षेत्र संगठन
- निर्माण गृह
- शैक्षिक संस्थान आदि

प्रमुख उपकरणों का प्रापण

संस्थान शिक्षण तथा अनुसंधान दोनों प्रयोजनों के लिए अपनी विभिन्न प्रयोगशालाओ के लिए आधुनिक उपकरण प्राप्त करता रहा है। वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए कुछेक प्रमुख उपकरण इस प्रकार हैं: (1)वायु में बुनियादी एएफएम मोड़ो के लिए कल पुर्जो सहित यूनिवर्सल एसएमपी स्कैनिंग हेड स्मीना आदि

(2) लेजर पार्टिकल साइज विश्लेषक (3)वैरिएबल प्रेशर डिजिटल स्कैनिंग इलेक्ट्रानिक माइक्रोस्कोप, (4)कल पुर्जों सहित माइक्रोटेस्ट 5000 हाई लोड टेंशन, कम्प्रेशन बेंडिंग माड्यूल्स (5) प्रोग्रामेबल लाजिक कन्ट्रोलर (6) 38 तथा 100 मि.मि. स्ट्रेस पाथ टेस्टिंग सिस्टम (7) कल पुर्जों सहित माडल स्पेक्स फ्ल्यूरो मेक्स-3 कम्पेक्ट स्पेक्ट्रो फ्ल्यूरोमीटर।

भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर

भारतीय विज्ञान सस्थान (आई.आई.एससी.) बंगलौर की स्थापना बंगलौर में 1909 में इन उद्देश्यों से की गई थी कि उन्नत शिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएं तथा भारत में भौतिक और औद्योगिक उन्नति को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और इंजीनियरी की सभी शाखाओं में मौलिक अन्वेषण किया जाए। सम्प्रति, इस संस्थान को समविश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है। पिछले कुछ वर्षो में भारतीय विज्ञान संस्थान सृजनात्मकता को बढ़ावा देने, उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने और अभिनव अनुसंधान तथा विकास में तेजी लाने और उसके साथ-साथ उद्योगों तथा अन्य संगठनों को सशक्त इंटरफेस और सहयोग प्रदान करने में सफल रहा है। भारतीय विज्ञान संस्थान ने अपने क्रियाकलाप के सभी क्षेत्रों में अनुसन्धान और विकास में उत्कृष्टता के केन्द्र के रूप में विश्वव्यापी ख्याति अर्जित की है।

संस्थान के क्रियाकलाप छः प्रभागों के माध्यम से किए जाते हैं जोकि इस प्रकार हैं: जीववैज्ञानिक, विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, विद्युत विज्ञान, सूचना विज्ञान नियांत्रिक विज्ञान और भौतिक तथा गणितीय विज्ञान।

संस्थान विभिन्न विषय क्षेत्रों में अनुसन्धान और पाठ्यक्रमों के लिए प्रतिवर्ष लगभग 450 छात्रों के अनुसंधान को अपनी जीवनवृत्ति के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए युवा शिक्षावृत्ति कार्यक्रम तथा III वर्षीय बीई/बी टेक छात्रों के लिए युवा इंजीरियरी शिक्षावृत्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। लगभग 1800 छात्र अनुसन्धान द्वारा पीएच.डी/एम.एससी. (इंजीनियरी) तथा एम.ई/एम.टेक./एम.डिजाइन डिग्रियां प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। एक वर्ष में संस्थान लगभग 120 पीएच.डी. डिग्री, 100 एम.एस.सी. (इंजीनियरी) और 300 मास्टर डिग्री अर्थात एम.ई/एम.टेक./एम.डिजाइन प्रदान करता है। इस संस्थान में प्रशिक्षित व्यक्तियों की देश में और विदेशों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सरकारी एजेन्सियों में भारी मांग रहती है।

आई.आई.एससी. ने सोसायटी आफ इन्नोवेशन एण्ड डेवेलपमेंट (एसआईडी) का सृजन और पोषण करके व्यापार और उद्योग के साथ अपने सम्बन्ध और अधिक बढ़ाने की दिशा में नवाचारी प्रयास किए हैं। वैज्ञानिक और औद्योगिक परामर्श केन्द्र (सीएसआईसी) तथा एसआईडी के माध्यम से लगभग 400 औद्योगिक अन्योयक्रिया परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। संस्थान का इन ऐजेन्सियों के साथ गहरा तालमेल है, जैसेकि अन्तरिक्ष विभाग (डीओएस), रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय(एमआईटी), अपरम्परागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय (एमएनईएस) आदि और वह अनेक राष्ट्रीय पहलो में योगदान देता है। संकाय सदस्यों ने अन्वेषण के लिए लगभग 400 प्रायोजित अनुसंधान योजनाएं हाथ में ली है। इसके अलावा, संस्थान ग्रामीण विकास के सन्दर्भ में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग सम्बन्धी चिन्ता के बारे में कार्रवाई करता है और सहयोग प्रदान करता है।

ए बी वी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी तथा प्रबन्ध संस्थान, ग्वालियर

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी तथा प्रबन्ध संस्थान, ग्वालियर की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1997 में इस क्षेत्र में उद्योग की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने और तेजी से बढ़ते हुए इस क्षेत्र में दुनिया में हो रहे नए-नए क्रियाकलापों के साथ बने रहने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी और आईटी-समर्थित प्रबन्ध विकसित करने के लिए की गई थी। संस्थान में, जोकि सुचारु एकीकरण के माध्यम से विकसित किया गया है, पांच वर्षो की छोटी सी अवधि में सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबन्ध के महत्वपूर्ण क्षेत्र में शिक्षा, अनुसन्धान परामर्शी सेवाओं और व्यावसायिक विकास की सुविधाएं जुटाई गई हैं। सम्प्रित, संस्थान एमबीए के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (सभी विषय-क्षेत्रों के लिए इंजीनियरी स्नातकों के लिए उपलब्ध चार सेमेस्टर दो-वर्षीय कार्यक्रम), एम.टेक इलेक्ट्रोनिक्स/इलेक्ट्रीकल तथा कम्प्यूटर विज्ञान स्नातकों के लिए चार सेमेस्टर वर्षीय कार्यक्रम और विज्ञान की पृष्ठभूमि सहित 10+2 अर्हता वाले छात्रों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबन्ध में दोहरी डिग्री (बी.टेक.)(आईटी) एम.टेक (आईटी) अथवा बी.टेक (आईटी) अथवा एमबीए प्रदान किए जाने के प्रावधान सहित एक पांच-वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर कार्यक्रम। संस्थान, प्रबंध विकास कार्यक्रम भी आयोजित करता है। संस्थान का नया परिसर ग्वालियर - आगरा -दिल्ली मार्ग पर 61.67

एकड़ भूमि पर निर्मित हो रहा है जिसमें नेटवर्कयुक्त छात्रावास, संकाय आवास तथा शैक्षणिक विभाग और सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त गेस्ट हाउस सुलभ होंगे। सम्प्रति दो विभागीय ब्लाक, एक लेक्चरर थियेटर परिसर तैयार है। दो छात्रावास भी उपलब्ध है वृक्षारोपण और परिसर को हरा-भरा बनाने और साथ ही खेल कूद की सुविधा बनाने के प्रयास शुरू किए गए है।

पांचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रम में दाखिले आईआईटी जेईई प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किए गए हैं। शैक्षणिक सत्र जुलाई 2003 से ये दाखिले एआईईईई, नई दिल्ली के जरिए किए गए हैं। एम.टेक कार्यक्रम में दाखिला संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार के माध्यम से किए जाते हैं। एमबीए कार्यक्रमों में दाखिले संस्थान द्वारा आयोजित किए गए है। संस्थान को सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हो गया है और वह सूचना प्रौद्योगिकी तथा प्रबन्ध के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में उभर रहा है।

संस्थान द्वारा शुरू किए गए नए शैक्षणिक कार्यक्रमः

1. क्वांटम कम्प्यूटिंग (नैनो साम्रगी सहित) पर एक पाठ्यक्रम
2. एम बी ए (आईटीईएस) एमबीए (आईपीएस) पर दो विशेषज्ञतापूर्ण कार्यक्रम
3. संस्थान का विचार दो विशेषज्ञतापूर्ण कार्यक्रमों अर्थात एमबीए गैर औपचारिक क्षेत्र तथा एमबीए लोक सेवा प्रबन्ध की पेशकश करने का है।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद


भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद (आईआईआईटीए की स्थापना 1999 में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास के लिए की गई थी। अगस्त 2000 में इस संस्थान सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया। थोड़े से ही समय में इस संस्थान ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान के एक महत्वपूर्ण केन्द्र की ख्याति अर्जित कर ली। सम्प्रति, इस संस्थान द्वारा इन कार्यक्रमों की पेशकश की जाती हैः स्नातकपूर्व कार्यक्रम (आईटी में बी.टेक) स्नातकोत्तर कार्यक्रम (जैव-सूचना विज्ञान, बुद्धिमत्ता प्रणालियों और बेतार संचार तथा कम्प्यूटिंग में एम.टेक) तथा आईटी सम्बद्ध क्षेत्रों में आर तथा डी कार्यक्रम इस संस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमआईटी) द्वारा हाल ही में भाषाओं में साफ्टवेयर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना के नोडल केन्द्र के रूप में अभिज्ञात किया गया है। संस्थान, आईआईटी, बम्बई, आईआईएससी, बंगलौर तथा सी-डैक, पुने जैसे उत्कृष्ट सस्थानों के सहयोग से इन परियोजना का समन्वय करेगा। संस्थान में जैव-प्रौद्योगिकी के लिए भारत-रूस केन्द्र स्थापित किया गया है जिसने संस्थान की रुचि के विषयों जैसेकि जिनोमिक्स, कम्प्यूटर सहायताप्राप्त मोलिक्यूलर माडलिंग, ड्रग डिजाइन, कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंस, फाइलोजेनेटिक व्यापार, कम्प्यूटर-सहाय्यित इम्युनोलोजी आदि से सम्बन्धित विभिन्न ध्यातव्य क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास करना।

सम्प्रति संस्थान के पास भारत सरकार की विभिन्न प्रायोजक एजेंसियों जैसेकि डीएसआईआर, एमएचआरडी, डीएसटी, डीबीटी तथा अन्य की कई परियोजनाएं मौजूद हैं। डीएसआईआर से प्राप्त एक गौरवपूर्ण परियोजना संस्थान और एफटेक, मुम्बई के संयुक्त सहयोग के अधीन है। यह परियोजना अधिगम अन्तर्वस्तु प्रबन्ध प्रणाली के विकास पर बल देती है। संकाय सदस्यों के पर्यवेक्षण के अधीन अन्य परियोजनाओं में ये शामिल हैं चार आयामीय इमेजिंग पद्धति, सीएडी/सीएएम/एफ एमएस प्रयोगशाला का आधुनिकरण, सोनो विजन- 3डी अल्ट्रासोनोग्राफी आदि के लिए एक विज़न पद्धति।

इसके साथ ही वर्ष के दौरान संस्थान और केलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रीवर साइड के बीच अकादमिक आदान-पद्रान के संबंध में एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष की एक अन्य महत्वपूर्ण घटना छात्रों के पहले वैच (1999 में दाखिल) द्वारा परीक्षा पास किया जाना था।

संस्थान को ई-समर्पित कानूनी व्यवसाय में महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है जिसके लिए इसने भारत के सर्वोच्च न्यालय में एक उच्च स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जिसकी अध्यक्षता भारत के प्रधान न्यायाधीश ने की थी और इसमें भारत में उच्चन्यायालयों के प्रधान न्यायाधीशों ने भाग लिया। उद्देश्य यह है कि इस परियोजना के माध्यम से भारतीय न्यायालयों में कानूनी मामलों के निपटान में तेजी आएगी और उनके कामकाज का पुनर्गठन किया जाए ताकि सामान्य रूप से आम जनता को तथा साथ ही उन लोगों को भी लाभ प्राप्त हो सके जो ऐसे मामलों के निपटान कार्य में वस्तुतः लगे हैं।

संस्थान का प्रथम दीक्षान्त समारोह 9 सितम्बर 2003 को आयोजित किया गया जिसमें प्रोफेसर राज रेड्डी, हर्वर्ट ए साइमन, प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान, कारनेगी मेलान विश्वविद्यालय,



पीटसबर्ग, अमेरीका, मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि थे। दीक्षान्त समारोह में देश-विदेश के सभी भागों से बडी संख्या में शिक्षा विभूतियों ने भाग लिया। बी.टेक (आईटी) के प्रथम बैच के सभी छात्रों को, जिन्हें विख्यात संगठन में पहले ही उच्च स्थान प्राप्त था इस अवसर पर बी.टेक (आईटी) डिग्री प्रदान की गई। इलाहाबाद और इसके बीच निकटवर्ती विख्यात पुस्तकालयों की कुछ पुस्तकों की स्केनिंग करने का प्रस्ताव है।

संस्थान, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहयोग से सूचना प्रौद्योगिकी, औपचारिक पाठ्यक्रमों कैरियर परामर्श तथा समाज से संबंधित अन्य उपयोगी जानकारी के विभिन्न पक्षों को श्रृव्य रिकार्डिंग की डिजिटाइज्ड सुविधा और एफ एम चैनल के माध्यम से प्रसारण सहित ज्ञानवाणी स्टुडियो की स्थापना के माध्यम से लोकप्रिय बनाने के लिए कार्याकलाप आयोजित कर रहा है। यह संस्थान वेब, उच्च न्यायालय के नेटवर्क निर्माण तथा इलाहाबाद के नगर निगम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के प्रचार में अपनी डाटाबेस सूचना तैयार करने में स्थानीय जिला प्राधिकारियों तथा इलाहाबाद में स्थित अन्य स्थापनाओं की भी सहायता कर रहा है।

संस्थान में, अनालोग/डिजिटल सिगनल प्रोसेसिंग, इमेज प्रोसेसिंग, कृत्रिम आसूचना, डिजिटल/डाटा संचार, डाटा सरंचना, भाषा प्रोद्योगिकी सिस्टमों और 500 से अधिक कार्यस्थलों पर चल रहे 60 सर्वरों के साथ एक उत्तम कम्प्यूटिंग ढॉचा है।

सीआईएससीओ 3600 राउटर का उपयोग करते हुए एमबीपीएस लीज्ड सेटअप के जरिए प्रत्येक डेस्कटाप पर इन्टरनेट सुविधा उपलब्ध है। संस्थान में, 100 एमबीपीएस डाटा हस्तान्तरण करके साथ 12/24 पोर्टों और 16 डीलिंक 24 पोर्टो स्विच सहित 9वें स्टेक 450 स्विच के साथ दृढ़ नेटवकिंग बैकबोन है।

शिक्षा वर्ष 2003.04 के दौरान, संस्थान में छात्रों का दाखिला निम्न प्रकार थाः

क)	अवर स्नातक	454
ख)	स्नातकोत्तर	108
ग)	पी एच-डी	03

इलाहाबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन से लगभग 8 कि.मी. की दूरी पर गंगा और यमुना नदी के खेतों में एक सुन्दर स्थल पर

देवघाट, झालवा में स्थायी कैम्पस विकसित किया गया है। इसमें एक प्रशासनिक ब्लाक, व्याख्यान परिसर, कम्प्यूटर व अन्य अनेक प्रयोगशालाएं, इलेक्ट्रानिक पुस्तकालय, रिहायशी परिसर, होस्टल, खेल, परिसर, और छात्र सुविधा केन्द्र हैं। भवन का डिजाइन ज्यामिति पद्धति पर तैयार किया गया जिसे प्रकृति और सूचना की नवीनतम समझ-बूझ को अपनाने के लिए विश्वविख्यात ज्यामितिविद प्रोफेसर रोजट पेनरोज द्वारा तैयार किया गया था।

चरण I संस्थान के स्थायी कैम्पस का निर्माण कार्य वर्ष 2002 -2003 के दौरान पूरा हो गया। वर्ष 2003-04 के दौरान चरण-II निर्माण कार्य शुरू किय गया है।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान, कॉचीपुरम और जबलपुर

तत्कालीन प्रधान मंत्री ने 15 अगस्त 2003 को राष्ट्र के नाम अपने स्वतंत्रता दिवस अभिभाषण में विनिर्माण संस्थान स्थापित करने की घोषणा की थी। तदनुसार आवश्यक प्रस्तावों को अन्तिम रूप दे दिया गया है। उम्मीद है कि यह देश में तकनीकी शिक्षा पद्धति के विकास में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इससे आज देश की अत्यधिक जल्दी मांग पूरी होगी। उद्योग प्रेरित अनुकूलित प्रबंधन सरंचना से इन संस्थानों में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की योग्यता विकसित होगी। इससे बढ़ते वैश्विक आर्थिक परिवेश में नए उत्पादों के डिजाइन और विनिर्माण के क्षेत्र में भारतीय उद्योग को संधारणीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त होगा।

वैश्कवीकरण से विश्वभर में ग्राहक आकांक्षाओं में एकरूपता पैदा हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था के खुल जाने से हमारे विनिर्माण क्षेत्रक को घरेलू बाजार के लिए भी विश्व भर से प्रतियोगिता करनी होगी। इसके लिए श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी/गुणवत्ता के साथ दृढ़ उत्पादों और बाध्यकर लागत लाभ की जरूरत होगी, इस लक्ष्य की प्राप्ती के वास्ते उपर्युक्त रूप से प्रशिक्षित जनशक्ति महत्वपूर्ण है। उच्च प्रशिक्षण प्राप्त बड़ी संख्या में जनशक्ति ने ज्ञान-आधारित उद्योगों में भारत को नेतृत्व को मूर्त रूप देने के लिए प्रयास किए जाने जरूररी हैं। यद्यपि, निम्न-तकनीक निर्माण करने में चीन ने पहले ही नेतृत्व प्राप्त कर लिया है, तथापि भारत मस्तिक-प्रचुर विनिर्माण में नेता के रूप में उभर सकता है। तकनीकी शिक्षा की वर्तमान पद्धति में जो नेता यद्यपि विशाल और विविध है, किन्तु विश्लेषणात्मक योग्यताओं पर अधिक वल दिया जाता है। इसके लिए डिजाइन विकास और प्रोटो टाइपिंग के संबंध में निपुणता सैटों की जरूरत है और वह भी आधिनिक यंत्रों और तकनीकों का उपयोग करके। तदनुसार डिजाइन और विनिर्माण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है।

दसवीं योजना के दौरान प्रस्तावित सस्थान हेतु 114.62 करोड़ रूपए की राशि विनिश्चित की गई है (प्रत्येक के लिए 57.31 करोड़ रूपए)।

तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में नई पहलें

देश में तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के लिए सहायता के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार से संवंधित सभी स्कीमों को, विदेश सहाय्यित कार्यक्रम नामतः तकनीकी शिक्षा कोटि सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) को छोड़कर, प्रस्तावित स्कीम के तहत इकट्ठा कर दिया गया है - तकनीकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए कार्यक्रम (पीक्यूआईटीई)। कुछ कार्यक्रम, अर्थात् भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा का राष्ट्रीय कार्यक्रम, स्कीम के तहत 13.76 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, नए और उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए सहायता, स्कीम के तहत 15 करोड़ रूपए के परिव्यय के साथ दूरस्थ शिक्षा के लिए सहायता और वेब-आधारित अध्ययन पर इण्डेस्ट संघ और एकलव्य प्रौद्योगिकी चैनल पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। अन्य अनुमोदन विभिन्न चरणों में है, इनमें से प्रत्येक का संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया गया है।

चल रहे कार्यक्रम

भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीईईई)

मा.सा.वि. मंत्रालय द्वारा संसाधन संस्थानों के रूप में सात आईआईटीएससी के साथ, भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा के संबंध में एक विस्तृत राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया था। आईआईटी कानपुर इस स्कीम का समन्वयकर्ता संस्थान है। परियोजना में निम्नलिखित कार्यकलाप सम्मिलित हैं:

क) इंजीनियरी कालेजों, पालिटेक्निकों और वास्तुकला कालेजों के शिक्षकों के लिए अल्पावधि एक से चार सप्ताह और मध्यावधि (एक सेमेस्टर) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इन पाठ्यक्रमों में सीमित संख्या में कार्यरत व्यावसायिकों की भागीदारी की छूट होगी।

ख) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए बडी संख्या में अध्यापकों को आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करना और इस प्रकार इस विषय में अन्तर्राष्ट्रीय अधुनातम जानकारी प्राप्त करना।

ग) कोचिंग, अनुसंधान और दीर्घावधि सहयोग के लिए प्रमुख संस्थानों में कुछ अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ आमंत्रित करना।

घ) शिक्षण साधन, पाठ्यक्रम सामग्री, पाठ्यपुस्तकें, मैनुअल और टिप्पणियां विकसित करना।

ड.) लगभग दस इंजीनियरी कालेजों में साधारण शिक्षण प्रयोगशालाएं विकसित करना और आठ मुख्य संस्थानों में और अधिक उन्नत शिक्षण/अनुसंधान प्रयोगशालाएं विकसित करना और सुदृढ़ बनाना।

च) लगभग एक सौ इंजीनियरी कालेजों को भूकम्प इंजीनियरी में पुस्तकालय संसाधन उपलब्ध कराना।

छ) विचार बाँटने और विभिन्न पणधारियों को संवेदी बनाने के लिए कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करना।

इस कार्यालय में, सम्बद्ध शैक्षणिक डिग्री अथवा डिप्लोमा कार्यक्रम वाले सभी मान्यताप्राप्त इंजीनियरी कालेज/पालिटेक्निक और वास्तुकला स्कूल भाग ले सकते है, चाहे वे सरकारी वित्तपोषित हो अथवा निजी वित्तपोषित। कार्यक्रम को प्रारम्भ में 13.76 करोड रुपये के बजट के साथ तीन वर्ष के लिए मंजूर किया गया है। अभी तक 5 कार्यशालाएं, 8 अल्पावधि पाठ्यक्रम और एक सेमेस्टर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चार सकांय सदस्यों को अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा सहायता प्रदान की गई है। कार्यशालाओं के माध्यम से सिफारिश किए गए पाठ्यचर्चा परिवर्तनों को उ.प्र. और उत्तरांचल के पालिटेक्निकों में कार्यान्वित किया गया है। डिग्री स्तर पर पाठ्यचर्चा परिवर्तनों के संबंध में उपाय किये जा रहे हैं।

एकलव्य प्रोद्योगिकी चैनल

एकलव्य प्रोद्योगिकी चैनल की शुरूआत 26 जनवरी 2003 को की गई थी। इसे आईआईटी दिल्ली द्वारा समन्वित और इग्नू द्वारा समर्थित किया जाता है। यह तकनीकी शिक्षा के लिए निर्मित कार्यक्रम प्रसारित करता है। ब्यौरे आईआईटी - दिल्ली वेवसाइट www.iitd.ernet.in पर उपलब्ध हैं। चैनल का सी बैण्ड (74 डिग्री ईस्ट), डाउन लिंक फ्रीक्वेन्सी 4165 एमएचजेड, सितम्बर रेट 26,000 एस पी एस एफ ई सी 1/2,पोलराइजेशन होटिजेन्टल पर इनसेट उसी सेटेलाइट के माध्यम से देश प्रत्येक नुक और कार्नर में फुट प्रिन्ट है।

इस चैनल से तकनीकी संस्थानों में अधिगम परिवेश में आने की उम्मीद है। इसका स्पष्टतः यह उद्देश्य नहीं है अध्यापक अथवा अधिगम की पारंपरिक पद्धति को प्रतिस्थ किया जाए। इसके अलावा अधिगम परिवेश को समृद्ध की इच्छा। देश में इंजीनियरी शिक्षा में वास्तविक समाज लाने के लिए एक और सभी के साथ विशेषज्ञता बांटने परिकल्पना की गई है। इसका उद्देश्य इंजीनियरी शिक्षा अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए उपयोगी बनाता है।

चैनल फिलहाल 8 पूर्ण वीडियो पाठ्यक्रम प्रसारित कर र और सप्ताह में सातों दिन 17 घंटे प्रतिदिन चलता है। र विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी विशेष रुचि के कार्यक्रम लिए आरक्षित हैं जो आम आदमी की रुचि के हैं। प्र तिमाही एकलव्य प्रौद्योगिकी चैनल पर एक विशेष सूचना है जिसमें निम्नलिखित तीन मास के लिए कार्यक्रम सार अन्य उपयोगी व रुचिकर जानकारी दी जाती है और एआई तथा आईएसटीई की मदद से देशभर में इंजीनियरी कालेज भेजा जाता है।

आईएनडीईएसटी सहायता संघ

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विज्ञान तथा प्रौद्योगि भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी आईएनडीईएसटी संघ स्थ किया है। मंत्रालय, नौ पूर्ण पाठ इलेक्ट्रानिक संसाधनों आईआईटी, दिल्ली में स्थापित संघ मुख्यालय के माध्य सभी आईआईटी और आईआईएससी सहित 38 केन्द्रीय वित्त संस्थानों को अलग-अलग सुलभता प्रदान करने के वास्ते आव विधियां उपलब्ध कराता है। इलेक्ट्रानिक संसाधनों के संघ-आधारित चंदे का लाभ देश में इन 38 संस्थानों त सीमित नहीं हैं बल्कि इसके मुक्त अन्त्य क्षेत्र के तहत शिक्षण संस्थानों को भी प्राप्त होता है। 60 सरकारी/स सहाय्यित इंजीनियरी कालेज, एआईसीटीई व 14 अन्य इंजी कालेजों और उन संस्थानों की मदद से जो अपने-अपने र शामिल हुए हैं, चुनिंदा इलेक्ट्रानिक संसाधन प्राप्त कर र

इन संसाधनों का नियमित रूप से मानीटरन किया जा र आईआईटी और आईआईएससी में सुलभ इलेक्ट्रानिक संस को बांटा जाता है और उसे जे-गेट कस्टम कन्टेन्ट फार कन्सो जेसीसीसी कहा जाता है जिससे एनआईटी में प्रयोक्ताओं

किसी एक आईआईटी/आईआईएससी को सीधे ही आटोमेटिड अन्तर-पुस्तकालय ऋण अनुरोध सृजित करने में सुविधा होती है।

इन्डसेट कन्सोर्टियम में सामग्री निर्माण से संबंधित अतिरिक्त कार्यकलाप भी प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। कन्सोर्टियम के माध्यम से एकत्रित किए गए इलेक्ट्रानिक संसाधनों के लिए पुरातत्वीय केन्द्र स्थापित करने की जरूरत भी एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्रियाकलाप विनिर्धारित किया गया। अनुभव किय गया है कि पुरातत्वीय केद्र विभिन्न संस्थानों में भिन्न-भिन्न संसाधनों के लिए स्थापित किए जा सकते हैं। इसके अलावा शोध निबंधों का राष्ट्रीय डाटा बेस, पत्रिकाओं, अन्य सीरियल प्रकाशनों और पुस्तकों का यूनियन कैटेलाग तथा इंटरनेट आधारित इलेक्ट्रानिक संसाधनों का सहकारी कैटेलागिंग का भी प्रस्ताव है।

प्रौद्योगिकी संवर्धित अधिगम हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीटीईएल

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 15 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ प्रौद्योगिकी संवर्धित अधिगम हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीटीईएल शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सात आईआईटी और आईआईएससी, बंगलौर संसाधन संस्थान हैं। आईआईटी, मद्रास समन्वयक संस्थान है। इंजीनियरी के प्रमुख विषयों और कोर विषयों में इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 वीडियो पाठ्यक्रम और 100 वेब-आधारित पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा एकलव्य प्रौद्योगिकी चैनल पर प्रसारण के लिए 100 विद्यमान वीडियो पाठ्यक्रमों के कैप्सूल तैयार किए जाएंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम

आईटी में एचआरडी के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम

आईटी में एचआरडी संबंधी कार्यदल की रिपोर्ट के आधार पर आईटी में एचआरडी के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार किया गया है (जनवरी 2001)। रिपोर्ट देश में तकनीकी शिक्षा पद्धति से संबंधित है। कार्यदल ने इंजीनियरी शिक्षा में भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए इसे आईटी समर्थित बनाकर तथा इसकी कोटि सुधारने के लिए नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके इसमें आमूल परिवर्तन करने का प्रस्ताव किया था। विगत कुछ वर्षों में उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन हुए हैं जिसकी वजह से पूरी नीति पर फिर से विचार किए जाने की जरूरत है। लागत प्रभावों में भी बदलाव आया है।

आईटी में एचआरडी के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम अनिवार्यतः 16 विशिष्ट पहलों का एक संकलन है जिसका एक विशिष्ट उद्देश्य और निश्चित कार्रवाई योजना है। लो कास्ट कम्प्यूटिंग एण्ड ओपन सोर्स साफ्टवेयर, हाई स्पीड कैम्पस-वाइड नेटवर्क्स और रिलायबल एण्ड अफोर्डेबल कनेक्टिविटी पर प्रथम तीन उपकार्यक्रम अनिवार्यतः तकनीकी संस्थानों में पर्याप्त आईसीटी ढांचे के लिए हैं। अगले चार उपकार्यक्रम इन्ट्रोडक्शन आफ कोर कोर्स इन इंजीनियरी इन्फारमेटिक्स, कोर्स बेस्ड इंडक्शन आफ आईटी टूल्स, सीएडी/सीएएम टूल्स एजुकेशन प्रोग्राम और आईटी बेस्ड अप्लाइड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल्स प्रोग्राम का उद्देश्य इंजीनियरी पाठ्यचर्या में परिवर्तन लाना है जिससे कि इसे सूचना विज्ञान आधारित बनाया जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि इंजीनियरी शिक्षा भावी इंजीनियरी व्यवसाय के लिए संगत बनी रहे। अगले दो कार्यक्रम नामतः इंडिया इलेक्ट्रानिक डिजाइन आटोमेशन ईडीए टूल्स प्रोग्राम और माइक्राइलेक्ट्रानिक सिस्टम्स पैकेजिंग प्रोग्राम्स देश में हार्डवेयर क्षेत्रक के लिए जनशक्ति विकास हेतु हैं-जो वृहत विकास सुनिश्चित करने के लिए एक प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्र है।

वर्चुअल सेंटर्स आफ एक्सीलेंस फार मैनपावर डेवलपमेंट इन इमर्जिंग टैक्नोलाजी एरियाज के अंतर्गत निर्धारित प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में पीजी शिक्षा पर विशेष बल दियाप्रौद्योगिक गया है। इससे भारत प्रौद्योगिक प्रेरित विकास हेतु अपनी बौद्धिक सम्पदा का लाभ उठते हुए एक मूल्य कड़ी में शामिल होने में समर्थ होगा। क्रेडिट बेस्ड आउटरीच एजुकेशन प्रोग्राम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी निर्मित अधिगम परिवेश का उपयोग करते हुए एक माड्यूलर नम्य तंत्र के माध्यम से कार्यरत व्यवसायिकों और संकाय की सतत शिक्षा की जरूरतों को पूरा करना है। अगले तीन उप कार्यक्रमों-नेटवर्किंग फार ऐकेडमिक कालोबरेशन, प्रोमोटिंग इन्टरफेस विद इंडस्ट्री एंड टेक्निकल मैनपावर डाटाबेस के अंतर्गत इन कार्यक्रमों की कारगरता और पहुंच पर्याप्त रूप से बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया जाएगा। प्रशासनिक सहायता सेवाओं के कम्प्यूटरीकरण से प्रशासनिक कार्यकुशलता में सुधार होगा, पारदर्शिता में वृद्धि होगी तथा तकनीकी संस्थानों में मितव्ययिता प्रोत्साहित होगी।

जीवन विज्ञानों और जैव-इंजीनियरी शिक्षा के लिए कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में चुनिन्दा तकनीकी संस्थानों में दृढ़ अकादमिक और अनुसंधान कार्यक्रम निर्मित करना है। अनेक संस्थानों ने जीवन विज्ञानों तथा जैव-इंजीनियरिंग व सम्बद्ध विषयों में कार्यक्रम शुरू किए हैं किन्तु ये सभी प्रयास असंभावित रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों के लिए उपस्कर और सुविधाएं महंगी होने की वजह से इनके लिए संसाधनों का अभाव है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र मे शिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं के तीव्र और समन्वित विकास के लिए इन संस्थानों में उन्नत किस्म की शिक्षण और अनुसंधान प्रयोगशाला सुविधाएं निर्मित करने में सहायता प्रदान करना होगा। ये सुविधाएं अकादमिक प्रयोजनार्थ अन्य संस्थानों के छात्रों और अध्यापकों को सुलभ होनी चाहिए। अन्य उद्देश्य निम्न प्रकार होंगेः अध्ययन सामग्री मैनुअलों, गाइड पुस्तकों व अन्य शिक्षण साधनों का विकास, संकाय का प्रशिक्षण, इस विषय में पुस्तकालय संसाधनों का विकास, चुनिंदा तकनीकी संस्थानों (सह संस्थानों) में बुनियादी प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं का विकास। सम्मेलन और कार्यशालाओं के माध्यम सहित विभिन्न साधनों के जरिए इस क्षेत्र में अवसरों के प्रति इंजीनियरी संस्थानों और शिक्षाविदो को संवेदी बनाया जाएगा।

तकनीकी शिक्षा में अच्छी कोटि की पुस्तकों का कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा के लिए सस्ती, अच्छी किस्म की तकनीकी शिक्षा की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत इंजीनियरी और छः प्रमुख इंजीनियरी विषयों में पाठ्यचर्या आधारित पाठ्यपुस्तकें तैयार करने का काम शुरू किया जाएगा। तथापि, कुछेक पाठ्यपुस्तकें धातुर्विज्ञान, खनन, एयरो स्पेस, वस्त्र आदि जैसे लघु इंजीनियरी विषयों में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए तैयार की जाएंगी।

इन पुस्तकों की कीमत केवल कागज और मुद्रण की लागत को पूरा करने के लिए निर्धारित की जाएंगी। इस प्रकार कीमत 50 से 60 रुपए के बीच होगी जो पृष्ठों की संख्या और मुद्रित की जाने वाली प्रतियों की संख्या पर निर्भर करेगी। इससे तकनीकी शिक्षा की सस्ती अच्छी कोटि की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी जिनसे छात्रों की लगभग सभी आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। इससे देश में अच्छी कोटि की तकनीकी शिक्षा विकसित करने में छात्रों और अध्यापकों को बहुत मदद मिलेगी।

प्रमुख अकादमिक संस्थानों और सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की नेटवर्किंग

देश का सतत आधार पर विकास इसकी नवीन क्षमता और प्रौद्योगिकी विकास के जरिए होता है। यद्यपि देश में उत्कृष्टता के कुछेक क्षेत्र विद्वान हैं तथापि, अनुसंधान और विकास की समग्री स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। अकादमिक संस्थानों, अनुसंधान पद्धति और उद्योग को यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करना है कि देश में नवीनता बनी रहे। देश में अकादमिक संस्थानों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के बीच कम स्तर पर तालमेल की समस्या का पता लगाने के बाद उनका समाधान करना जरूरी है। संभवतः एक औपचारिक संस्थात्मक प्रबंध और संरचना सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपाय है।

चुनिन्दा प्रमुख अकादमिक संस्थानों और सीएसआईआर प्रयोगशाला पद्धति के बीच सहयोग के लिए एक राष्ट्रीय संचालन समिति/उपसमिति तथा समूहों का गठन करने से सतत आधार पर सहयोग सुकर बनाने का प्रस्ताव है। इन पद्धतियों से वे मार्ग प्रभावित होंगे, जिनके अनुसार विभिन्न स्टेक होल्डर सहयोग और संप्रेषण करते हैं। चुनिदा (लगभग 50) प्रमुख अनुसंधान संस्थानों और सीएसआईआर के बीच सहमति ज्ञापन की रूपरेखा में विशिष्ट स्थितियों के संबंध में नीतियों का उल्लेख किया जाएगा और उस ढंग का निर्धारण होगा जिसके अनुसार संसाधन उपलब्ध किए जाने हैं। सूचना का प्रसारण और संचार औपचारिक/अनौपचारिक बैठकों, कार्यशालाओं/सेमिनारों, आदान-प्रदान दौरों और ई-पोर्टल के माध्यम से होगा। अंत में, निष्पादन मूल्यांकन, मान्यता और प्रोत्साहन के संबंध में जो व्यक्तियों और जलों के आचरण को सीधे ही प्रभावित करते हैं, सिफारिशों का उल्लेख होगा।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

वर्ष 1945 में एक सलाहकार निकाय के रूप में की गई थी जिसे संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत 1987 में सांविधिक दर्जा प्रदान कर दिया गया। एआईसीटीई के मुख्य कार्यकलाप निम्न प्रकार हैं : तकनीकी शिक्षा का समन्वित विकास, मातृत्मक विकास की दृष्टि से गुणात्मक सुधार को प्रोत्साहन, और तकनीकी शिक्षा में मानदंडों और मानकों का अनुरक्षण। अधिनियम के अनुसार तकनीकी शिक्षा में सम्मिलित है : इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, नगर आयोजन, प्रबंधन, फार्मेसी, होटल प्रबंध और खान-पान प्रौद्योगिकी, अप्रयुक्त कलाएं और शिल्प

अनुमोदित तकनीकी संस्थान (2003-04 तक)

कार्यक्रम	संस्थानों की संख्या	दाखिला
	डिग्री	
इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी	1265	380803
फार्मेसी	320	16410
होटल प्रबंध व खानपान प्रौद्योगिकी	49	2640
वास्तुकला	107	3408
	स्नातकोत्तर	
एमबीए	958	71251
एमसीए	1034	36338
एमई/एम.टेक/एम.आर्क./ एम.फार्मा	1727	29357

कलाएं। एआईसीटीई का मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसके साथ क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, चेन्नई, कानपुर, मुम्बई, चंडीगढ़, भोपाल और बंगलौर में स्थित हैं। एआईसीटीई के कार्यकलापों में मदद देने के वास्ते परिषद, कार्यकारी समिति, 9 सांविधिक अखिल भारतीय अध्ययन वोर्ड, 4 सलाहकार बोर्ड और 7 क्षेत्रीय समितियाँ हैं।


अधिनियम की धारा 10(यू) के तहत एआईसीटीई ने निर्धारित मार्गनिर्देशों, मांगदंडों और मानकों के आधार पर तकनीकी कार्यक्रमों का मूल्यांकन आयोजित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) स्थापित किया है। एनबीए मार्गनिर्देशों, प्राचलों और प्रत्यायन के संकेतकों पर 1995 से और 3.3.2004 तक अमल किया गया है, 1325 कार्यक्रम प्रत्यायोजित किए गए हैं। एआईसीटीई ने वाशिंगटन सहमति सचिवालय (डब्ल्यूएसी) को अस्थायी सदस्यता के लिए आवेदन किया है और मामला प्रस्तुत करने के लिए एनबीए के अध्यक्ष और सदस्य - सचिव ने न्यूनजीलैंड में रोटोरुआ में आयोजित डब्ल्यूएसी की छठी द्विवार्षिक बैठक में भाग लिया।


अवर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तरों पर, संबंधित राज्य सरकार की एजेंसियों के साथ परामर्श करके, पूरे देश के संबंध में एआईसीटीई, नए पाठ्यक्रम अथवा कार्यक्रम प्रारंभ करने के वास्ते तकनीकी शिक्षा संस्थानों में दाखिले की क्षमता में परिवर्तन करने के लिए, अनुमोदन प्रदान करती है। डिप्लोमा स्तर पर भी विभिन्न राज्य सरकारों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के लिए एआईसीटीई ने संबंधित राज्य सरकारों को, नए संस्थानों के अनुमोदन, नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और डिप्लोमा स्तर पर तकनीकी संस्थानों में दाखिले क्षमता में भिन्नताओं से संबंधित शक्तियाँ, प्रत्यायोजित की हैं।

संस्थात्मक विकास और तकनीकी शिक्षा पद्धति एवं अन्य संगत पद्धतियों के बीच, जिनमें अनुसंधान समुदाय शामिल है, प्रभावी तालमेल प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, एआईसीटीई अधिनियम की धारा 10(च) के अनुसार एआईसीटीई तीन स्कीमें चलाती हैं : पुरातन पड़ गई पद्धतियों का आधुनिकीकरण और समाप्ति (एमओडीआरओबीएस), तकनीकी शिक्षा में प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्र कार्यक्रम (टीएपीटीईसी), और अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रम (आर एंड डी)। इस वर्ष के दौरान इन स्कीमों के तहत लगभग 593 परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान की गई।

उद्योग-संस्थान विचार-विमर्श के उद्देश्य से एआईसीटीई की कुछ स्कीमें हैं जैसे कि उद्योग-संस्थान भागीदारी (आईआईपी) प्रकोष्ठ, उद्यमशीलता और प्रबंध विकास कार्यक्रम (ईएमडी), एआईसीटीई-आईएनएई (भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियर्स अकादमी) विशिष्ट भ्रमणकर्ता प्रोफेसरशिप, औद्योगिक सहयोग से इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में राष्ट्रीय सुविधाएं आदि।

दक्षताओं के उन्नयन और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए अवसर प्रदान करने के वास्ते एआईसीटीई तकनीकी शिक्षा में शिक्षकों के कैरियर विकास हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित करती है। जैसेकि कोटि सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी), पाठ्यक्रम सामग्री माड्यूलों का निर्माण, अल्पावधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, युवा अध्यापकों के लिए कैरियर पुरस्कार, यात्रा अनुदान और सेमिनार अनुदान प्रदान करने के लिए स्कीमें आदि। एआईसीटीई ने अब क्यूआईपी स्कीम का पोलिटेक्निक अध्यापकों द्वारा एमई/एम.टेक अध्ययन करने के लिए, विभिन्न विषयों में कार्यक्रमों के वास्ते विस्तार कर दिया गया है। सेवानिवृत्त फैलोशिप स्कीम के अंतर्गत, फैलोशिप और फुटकर अनुदान प्रदान करने के माध्यम से एआईसीटीई सेवानिवृत्त संकाय





सदस्यों को 2 वर्ष तक की अवधि के लिए अनुसंधान कार्य जारी करने के वास्ते एक अवसर प्रदान करती है।

एआईसीटीई अधिनियम की धाराच 10 (क) में परिकल्पित, तकनीकी शिक्षा का नियोजित विकास सुनिश्चित करने के वास्ते एआईसीटीई अनुप्रयुक्त जनशक्ति अनुसंधान संस्थान (आईएएमआर), नई दिल्ली और देशभर में स्थापित विभिन्न तकनीकी संस्थानों और अन्य विभागों में 20 नोडल केन्द्रों में स्थित लीड केन्द्र की मदद से राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना पद्धति (एनटीएमआईएस) संचालित करती है।

तकनीकी शिक्षा पद्धति के गुणात्मक सुधार के वास्ते अपने प्रयास के भाग के रूप में एआईसीटीई मॉडल पाठ्यचर्याओं के विकास के लिए प्रयास जारी रखे हुए है। एआईसीटीई ने देश में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में अवर स्नातक शिक्षा की समीक्षा करने के लिए एक समीक्षा समिति गठित की है। महिलाओं समाज के विकलांग और कमजोर वर्गों के कल्याण और प्रोत्साहन हेतु एआईसीटीई का उद्देश्य इस प्रयोजनार्थ गठित एक समिति के माध्यम से स्कीमें तैयार करने का है।

एआईसीटीई - ईआरएनईटी स्कीम के तहत एआईसीटीई अनुमोदित तकनीकी संस्थानों को इंटरनेट प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस प्रयोजनार्थ एआईसीटीई द्वारा एकबारगी अनुदान के रूप में ईआरएनईटी इंडिया को 10.00 लाख रुपए की एकमुश्त राशि का अनुदान देती है, जिससे कि वे प्रत्येक चुनिंदा सरकार, अर्ध-सरकारी संस्थान के साथ इंटरनेट संयोज्यता/इंटरनेट की व्यवस्था कर सकें तथा प्रत्येक चुनिंदा एआईसीटीई अनुमोदित स्व-वित्तपोषण संस्थान के लिए 5 लाख रुपए तक दिए जाते हैं।

स्टेक होल्डरों को सूचना उपलब्ध कराने और अपने कार्यकलापों में पारदर्शिता लागू करने के वास्ते एआईसीटीई अपनी वेबसाइट www.aicte.ernet.in नियमित रूप से रखती है और उसे अद्यतन बनाती है।

भारतीय खान स्कूल (आईएसएम), धनबाद

भारतीय खान स्कूल (आईएसएन) धनबाद, खनन और सम्बद्ध क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान आयोजित करने के लिए भारत सरकार द्वारा 1926 में स्थापित किया गया था। 1967 में इसे सम विश्वविद्यालय के दर्जे के साथ केन्द्रीय सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय का रूप दे दिया गया। आईएसएम, जनशक्ति को संबंधित विषय क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के अलावा, इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय मानव संसाधन आवश्यकताओं की पूर्ति करता है : खनन, पैट्रोलियम, खनन मशीने, खनन इंजीनियरी और भू-स्रोत।

आईएसएम, निम्नलिखित विषयों में चार वर्षीय (10+2 के बाद) एकीकृत बी.टेक कार्यक्रमों की पेशकश प्रदान करता है : खनन, इंजीनियरी, खनन मशीनरी इंजीनियरी, अभियांत्रिकी इंजीनियरी, पेट्रोल इंजीनियरी, खनिज इंजीनियरी, कंप्यूटर विज्ञान तथा इंजीनियरी इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरी; एम.एस.सी. (टेक.) डिग्री के लिए निम्नलिखित तीन विषयों में तीन वर्षीय मास्टर कार्यक्रम : अनुप्रयुक्त भू-गर्भ विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त भू-भौतिकी एम.एस.सी. डिग्री के लिए निम्नलिखित विषयों में दो वर्षीय कार्यक्रम; अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान, गणित और कंप्यूटिंग; निम्नलिखित विषयों में चार समेस्टर वाला एम.टेक कार्यक्रम : कंप्यूटर अनुप्रयोग, ड्रिलिंग, इंजीनियरी, इंजीनियरी भू-गर्भ विज्ञान, पर्यावरणीय विज्ञान और इंजीनियरी, ईंधन इंजीनियरी, औद्योगिकी इंजीनियरी, लोंगोवाला खान यांत्रिकीकरण, अनुरक्षण इंजीनियरी तथा ट्राइबोलॉजी, खान आयोजना और डिजाइन, खनिज इंजीनियरी, खनन मशीनरी, खनन भू-भौतिकी, आपेन कास्ट खनन, पेट्रोलियम इंजीनियरी, पेट्रोलियम कोच तथा चट्टान, उत्खनन इंजीनियरी, विज्ञान में दो समेस्टर वाले एम.फिल कार्यक्रम तथा एम.बी.ए. में चार समेस्टर वाला कार्यक्रम। इन सभी कार्यक्रमों में एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से दाखिले किए जाते हैं।

संस्थान, भू-वैज्ञानिक और भू-भौति पूर्वेक्षण, इंजीनियरी, भू-विज्ञान, सतही खनन और इसकी समस्याएं, भूमिगत खनन आदि के क्षेत्रों में उद्योग को परामर्श प्रदान करता है। संस्थान अनेक उद्योगोन्मुखी कार्यक्रम चला रहा है। साथ ही यह स्कूल उद्योग तथा परामर्शी सेवाएं चलाने, परीक्षण तथा उद्योग और संस्थानगत ग्राहकों को अन्य क्षेत्रीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अपेक्षित तकनीकी इन्पुट तैयार करने के वास्ते अनेक अनुसंधान परियोजनाएं और कार्यक्रम चला रहा है यह स्कूल अविच्छिन्न शिक्षाच और कार्यकारी विकास कार्यक्रम चला रहा है जोकि विशेष रूप से खनन, पेट्रोलियम तथा सम्बद्ध उद्योगों में कंपनियों और संस्थानों द्वारा पसंद किए जाते हैं।

स्कूल अपने आपको उद्योगों की बदलती हुई प्रौद्योगिकीय मांगों की पूर्ति करने के लिए तैयार कर रहा है। इस पृष्ठभूमि ने स्कूल में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी तथा इलेक्ट्रानिक, इंस्ट्रूमेंटेशन में नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए। मैकेनिकल इंजीनियरी में एक नया पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटीएस)

17 क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज (आरईसी) 1959 के बाद से प्रत्येक बड़े राज्य में एक-एक के हिसाब से विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए प्रशिक्षित तकीनीकी जनशक्ति संबंधी बढ़ती देश की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्थापित किए गए हैं। इन कालेजों की स्थापना केन्द्रीय सरकार और संबंधित राज्य सरकार के संयुक्त और सहकारी उद्यम के रूप में की गई है। बाद में सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. आर.ए. माशेलकर की अध्यक्षता में गठित उच्च अधिकारप्राप्त एक समिति की सिफारिशों और केन्द्रीय शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में स्थापित अधिकारप्राप्त समिति की सिफारिशों के आधार पर इन कालेजों को व्यावसायिक प्रबंधन संचरना के साथ सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान कर दिया गया। आरईसी को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के रूप में पुनर्गठित किया गया। 14 मई, 2003 को इन सभी 17 संस्थानों को केन्द्रीय सरकार के पूर्णतः वित्तपोषित संस्थानों के रूप में संभाल लिया गया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के परिवार में वृद्धि करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने 28 जनवरी, 2004 से बिहार इंजीनियरी कालेज पटना को संभालने का प्रस्ताव और इसे सम-विश्वविद्यालय के दर्जे के साथ एनआई, पटना बनाने का प्रस्ताव भी अनुमोदित कर दिया है। इस प्रकार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। उम्मीद है कि ये संस्थान, आईआईटी, आईआईएससी इत्यादि जैसे अन्य राष्ट्र स्तरीय तकनीकी संस्थानों के समान बन जाएंगे और उच्च कोटि की इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की अवर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा की मांग पूरी करने में समर्थ होंगे। वर्ष 2003-04 के लिए सभी एनआईटी के लिए कुल बजट प्रावधान योजनागत के अंतर्गत 80 करोड़ रुपए और योजनेतर के अंतर्गत 136.69 करोड़ रुपए है। आलोच्य अवधि के दौरान एनआईटी परिषद की पहली बैठक 14 अगस्त, 2003 को हुई थी जिसमें एकसमान सेवा शर्तों, स्टाफ की भर्ती, कैरियर प्रगति, सेवानिवृत्ति की आयु, पेंशन/जीपीएफ/ सीपीएफ आदि से संबंधित प्रमुख निर्णय लिए गए। इसके अलावा, शासी बोर्ड के पुनर्गठन, एनआईटी में शैक्षणिक प्रशासन सुधारने के लिए जिसमें, वित्त और भवन तथा निर्माण समितियाँ शामिल हैं, विभिन्न समितियाँ स्थापित करने के संबंध में निर्णय लिए गए। आलोच्य वर्ष के दौरान अलग-अलग एनआईटी द्वारा किए गए कार्यकलाप निम्न प्रकार हैं :

मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद

वर्ष 1961 में स्थापित मोतीलाल नेहरु क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, इलाहाबाद को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ऋएन. आई.टी.ऋ में बदल दिया गया। कालेज के आठ विभाग हैं। कालेज, सिविल, विद्युतीय, मेकेनिकल, कम्प्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रानिकी, उत्पादन और औद्योगिकी इंजीनियरी तथा सूचना प्रौद्योगिकी के विषयों में चार वर्षीय अवर स्नातक पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है। कालेज, 13 एम.ई. कार्यक्रम और मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम. सी.ए.) तथा मास्टर आफ मेनेजमेंट स्टडीज (एम.एम.एस.) भी प्रदान करता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 170, एम.सी.ए. में 60 और एम.एम.एस. में 30 के साथ अवर स्नातक में कुल दाखिला क्षमता 469 है। पी एच डी कार्यक्रम के लिए भी सुविधा विद्यमान है। संस्थान का वेबसाइट पता www.mnit.ac.in है।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल

वर्ष 1960 में स्थापित मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी कालेज, भोपाल को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदल दिया गया। कालेज, सिविल इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिक्स और संचार इंजीनियरी, कम्प्यूटर विज्ञान तथा इंजीनियरी, सूचना प्रौद्योगिकी में चार वर्षीय बी.ई. पाठ्यक्रम और एक पांच वर्षीय बी.आर्क. पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अवर स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल दाखिला क्षमता 451 है। कालेज, 115 स्थानों के साथ नियमित और अंशकालिक विधि के तहत 13 विशिष्टताओं में एम.टेक. पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है। कालेज, 30 स्थानों के दाखिला क्षमता के साथ एम.सी.ए. भी प्रदान करता है। कालेज में पांच बायज होस्टल और एक गर्ल्स होस्टल है। कालेज ने दो समस्या-उन्मुख अनुसंधान प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं, जो भारत में अपने किस्म की पहली हैं - एक फ्लुयड मेकेनिक्स में और हाइड्रोलिक मेकेनिक्स में तथा दूसरी उद्योग तथा क्षेत्र में तथा प्राप्त उपयोगी अनुभव छात्रों के सम्प्रेषित करने के लिए कालेज में 93368 पुस्तकों के साथ एक अच्छा पुस्तकालय है। स्टाफ सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रख्यात राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 90 अनुसंधान पत्र प्रकाशित किए गए। कालेज द्वारा इस समय 17 अनुसंधान परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.manit.nic.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट

1961 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, कालीकट को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदल दिया गया। कालेज में आठ विभाग हैं। कालेज, सिविल इंजीनियरी, वास्तुकला (आर्क) इंजीनियरी, विद्युतीय और इलेक्ट्रानिकी इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिक्स तथा संचार इंजीनियरी, मेकेनिकल इंजीनियरी, उत्पादन इंजीनियरी और प्रबंधन, कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी में चार वर्षीय अवर स्नातक पाठ्यक्रम और एक पांच वर्षीय बी.आर्क. पाठ्यक्रम प्रदान करता है। कालेज डेढ़ वर्ष की अवधि के 11 विभिन्न विशिष्टताओं में एम.टेक. डिग्री भी प्रदान करता है। इसके अलावा तीन वर्षीय (छ: सेमेस्टर) एम.सी.ए. पाठ्यक्रम भी प्रदान किया जाता है। कालेज का एक सुसज्जित पुस्तकालय है जिसमें 79,160 पुस्तकें हैं तथा 7,802 बी.आई.एस. नमूने हैं। इसने 261 विदेशी पत्रिकाएं, 95 भारतीय पत्रिकाएं और दैनिक समाचार पत्र मंगाए। पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के भाग के रूप में सी.आर.ई.सी. डिजिटल पुस्तकालय शुरू किया गया है। ''नालन्दा'', अर्थात आटोमेटिड पुस्तकालय और अभिलेखागार का नेटवर्क चालू किया। पुस्तकालय ने उपयोगकर्ताओं को सही समय पर नवीनतम जानकारी देना प्रारम्भ किया। इन्टरनेट और इन्ट्रानेट दोनों पर नवीनतम जानकारी ''नालन्दा'' के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। ''नालन्दा'' वेबसाइट के माध्यम से सी.आर.ई.सी. समुदाय के लिए इंजीनियरी विषयों पर 100 से अधिक पूर्ण पाठ इलेक्ट्रानिकी पुस्तकें सुलभ हैं। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.nitc.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्गापुर

1960 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, दुर्गापुर को 3 जुलाई 2003 को एक विश्वविद्यालय में बदल दिया गया। संस्थान में 15 विभाग हैं। कालेज, विसिल, विद्युतीय, मेकेनिकल, केमिकल, मेटालर्जिकल, इलेक्ट्रानिक्स तथा संचार, कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विषयों में चार वर्षीय अवर स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। कालेज, एम.टेक. पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है। चालू वर्ष के दौरान, विदेशी छात्रों के लिए 120 स्थान वाला एक बॉयज होस्टल, 120 स्थान वाली प्राध्यापक विथियां - कुल तीन, कम्प्यूटर केन्द्र विस्तार, विद्युतीय मशीन प्रयोगशाला का निर्माण किया गया। इसके अलावा, सी.एन.ए.एन.सी.ई. के तत्वावधान में रसायनशास्त्र और धातुकर्मी इंजीनियरी विभाग द्वारा दो पृथक पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.nitdgp.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हमीरपुर

1985 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, हमीरपुर, को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदल दिया गया। संस्थान

में पांच विभाग हैं। यह सिविल, विद्युतीय, इलेक्ट्रानिक्स और संचार, कम्प्यूटर विज्ञान और मेकेनिकल इंजीनियरी विषयों में चार वर्षीय अवर स्नातक पाठ्यक्रत प्रदान करता है। कालेज ने 2000-01 के दौरान बी.आर्क. पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए भी आवेदन किया है। चार बॉयज तथा एक गर्ल्स होस्टल है। कालेज में एक सुसज्जित पुस्तकालय है। दाखिले की कुल क्षमता 220 है।

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर

1963 में स्थापित मालवीय क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, जयपुर को 26 जून 2002 को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर में बदल दिया गया। संस्थान, 9 अवर स्नातक पाठ्यक्रम तथा 9 पूर्णकालिक और 5 अंशकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। 2002-03 सत्र के दौरान, 459 छात्र बी.ई. पाठ्यक्रम में दाखिल किए गए जिन्हें मिलाकर अवर स्नातक स्तर के छात्रों की संख्या 1696 हो गई। स्नातकोत्तर छात्रों की कुल संख्या 395 है जिनमें से 83 छात्र प्रबंध अध्ययनों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम अध्ययन कर रहे हैं। इस समय संस्थान में संकाय सदस्यों की संख्या 151 है जिनमें से 68 के पास पी.एच.डी. डिग्री है। संस्थान, चालू वर्ष के दौरान, टी.आई.एफ.ए.सी.-सी.ओ.आर.ई. सहायता के अन्तर्गत रीवर्स इंजीनियरी पर ''रीच'' परियोजना कार्यान्वित करने वाला है। संस्थान, इलेक्ट्रानिक्स और कम्प्यूटर इंजीनियरी में जनशक्ति विकास हेतु ''इम्पेक्ट'' परियोजना कार्यान्वित कर रहा है जिसका वित्तपोषण विश्व बैंक, स्विस विकास निगम और भारत सरकार द्वारा किया जाता है। वर्ष 2002-03 में संस्थान ने 4 ग्रीष्म/शरद स्कूल आयोजित किए। 30 संगठनों ने कैम्पस साक्षात्कार आयोजित किए तथा 95 उम्मीदवारों को नियुक्तियां प्रदान की गई हैं जिनका औसत वेतन पैकेज 5.5 लाख रुपए है। केन्द्रीय पुस्तकालय में 1,12,000 पुस्तकें, 12,700 पत्रिकाएं, 1000 से अधिक विडियो कैसेट, वीडियो दृश्य सुविधाओं के साथ बी.आई.एस. मानक तथा इसके आठ विभागों के लिए सी.डी. रोम डाटाबेस है। कालेज, केमिकल, सिविल, कम्प्यूटर, विद्युतीय, इलेक्ट्रानिक्स तथा संचार के विषयों में चार वर्षीय अवर स्नातक पाठ्यक्रम और एक पांच वर्षीय बी.आर्क. पाठ्यक्रम प्रदान करता है। कालेज, तीन सेमेस्टर वाला पूर्णकालिक तथा पांच सेमेस्टर वाला अंशकालिक (स्व: वित्तपोषी) स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रत और एम.एम.एस. अध्ययनों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। प्रायोजित नियोजित इंजीनियरों के लिए, जिन्हें शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मनोनीत किया जाएगा, पर्यावरणीय इंजीनियरी (सिविल इंजीनियरी विभाग के तहत) में एक एम.ई. पाठ्यक्रत भी भारत



सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.mnit.ac.in

डॉ.बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालन्धर, पंजाब

1986 में स्थापित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, जालन्धर को 17 अक्तूबर 2002 को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदल दिया गया। इस कालेज में 13 विभाग हैं और यह इन विषय क्षेत्रों में चार वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: रासायनिक और जैव-इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी (स्ट्रक्चरल इंजीनियरी तथा निर्माण प्रबंध), कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिक्स तथा संचार इंजीनियरी, औद्योगिक इंजीनियरी, इंस्ट्रूमेंटेशन तथा नियंत्रण इंजीनियरी, चर्म प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी इंजीनियरी (मेकेनिकल मशीन डिजाइन तथा आटोमेशन) तथा वस्त्र प्रौद्योगिकी। स्नातक-पूर्व धारा में कुल मिलार 304 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। कालेज में लड़कों के लिए पांच और लड़कियों के लिए एक छात्रावास उपलब्ध है। कालेज में एक सुसज्जित पुस्तकालय है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमकर्ता विकास बोर्ड (एन.एस.टी.ई.डी.बी.) के वित्तपोषण से कालेज में एक उद्यमकर्ता सेल

की स्थापना की गई थी ताकि विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था करके छात्रों/स्नातकों/स्नातकोत्तरों के बीच उद्यमकर्ता संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.nitf.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर

1960 में स्थापित क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर को 27 दिसम्बर 2002 को विश्वविद्यालयवत दर्जे के साथ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदला गया। कालेज में 13 विभाग हैं। कालेज इन विषय क्षेत्रों में चार वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: सिविल, अभियांत्रिकी, विद्युत, धातुकर्म, इलेक्ट्रानिक, उत्पादन इंजीनियरी और प्रबंध तथा कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी। कालेज में 285 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। कालेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 55 और एम.सी.ए. में 30 स्थान मौजूद हैं। लड़कों के लिए नौ तथा लड़कियों के लिए एक छात्रावास की व्यवस्था है। कालेज में एक सुसज्जित पुस्तकालय मौजूद है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र

1963 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, कुरूक्षेत्र को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदल दिया गया। कालेज इन विषय क्षेत्रों में अवर स्नातक पाठ्क्रमों की पेशकश करता है: सिविल, विद्युतश अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रानिक्स तथा संचार इंजीनियरी और कम्प्यूटर इंजीनियरी। कुल मिलाकर, 327 छात्रों को प्रत्येक वर्ष दाखिला दिया जाता है। संस्थान, 86 छात्रों की वार्षिक दाखिला क्षमता के साथ इन विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। इस समय संस्थान में छात्रों की कुल संख्या 1539 है। आई.एस.ओ. 9002 प्रमाणित संस्थान, एन.आई.टी. कुरूक्षेत्र ने आई.बी.एम. के साथ एक सहमकत ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और इसे नि:शुल्क साफ्टवेयर प्राप्त हुआ। संस्थान का, फाइबर आप्टिक कम्प्यूटर नेटवर्किंग के साथ एक सुविकसित कैम्पस है। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.reck.nic.in

विश्वेश्वर्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर

1960 में स्थापित विश्वेश्वर्या राष्ट्रीय इंजीनियरी कालेज, नागपुर को 26 जून 2002 को विश्वेश्वर्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर में बदल दिया गया। कालेज में 13 विभाग हैं। कालेज एक पांच वर्षीय बी.आर्क. पाठ्यक्रम के अलावा इन विषय क्षेत्रों में चार वर्षीय बी.ई. पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: सिविल, अभियांत्रिकी, विद्युत, धातुकर्म, खनन, इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर विज्ञान, संरचनात्मक इंजीनियरी। यह कालेज अंशकालिक और नियमित पद्धति के अधीन 11 एम.टेक. पाठ्यक्रम भी चलाता है। कालेज औद्योगिक प्रबंध में एक वर्षीय डिप्लोमा भी प्रदान करता है। स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों में कुल मिलाकर, 375 और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में 173 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। कालेज में लड़कों के सात और लड़कियों का एक छात्रावास उपलब्ध है। कालेज में स्थित उद्योग संस्थान तालमेल सेल औद्योगिक क्षेत्र के साथ गहरी अन्योन्यक्रिया को बढ़ावा देता है और पल्लवित करता है और उसकी उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.vnitnagpur.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला

1961 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, राउरकेला को 26 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला में बदल दिया गया। कालेज में 15 विभाग हैं और यह इन विषय क्षेत्रों में चार वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: रासायनिक, सिविल, विद्युत, अभियांत्रिकी, धातुकर्म संबंधी, खनन, अनुप्रयुक्त इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरी, कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी तथा सिरेमिक इंजीनियरी। चार वर्षीय बी.ई. स्तर पर स्नातक-पूर्व धारा में कुल मिलाकर 348 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। कालेज छ: स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और एक तीन वर्षीय एम.सी.ए. कार्यक्रम भी चलाता है। कालेज में लड़कों के लिए छ: और लड़कियों के लिए एक छात्रावास मौजूद है। उड़ीसा में राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली के लिए एन.आई.टी. राउरकेला एक नोडल केन्द्र है। वर्ष के दौरान संस्थान से इंजीनियरी में 5 पी.एच.डी. और बुनियादी विज्ञान में 3 पी.एच.डी. तैयार किए तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 106 मूल अनुसंधान पत्र प्रकाशित किए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किए जाने के बाद संस्थान ने 2002-2003 में दाखिल प्रथम सेमेस्टर छात्रों से आई.आई.टी. में पालन की जा रही शैक्षणिक और मूल्यांकन प्रक्रियाएं अपनाई हैं। तदनुसार संस्थान विनियम में संशोधन कर रहा है। पी.एच.डी. कार्यक्रमों के लिए नया विनियम भी तैयार किया जा रहा है। संस्थान का वेबसाइट पता है: www.nitrkl.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सिल्चर

1967 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, सिल्चर को 28 जून 2002 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सिल्चर में बदल दिया गया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बदले जाने के बाद संस्थान आई.आई.टी. की पद्धति के अनुसार स्वयं का पुनर्गठन कर रहा है। पुनर्गठन के

भाग के रूप में अवर स्नातक अध्ययन बोर्ड के सिनेट और विभागीय अवर स्नातक कार्यक्रम समितियां गठित की गई हैं। सिनेट की पहली बैठक 20 सितम्बर 2002 को आयोजित की गई जिसमें पाठ्यक्रम प्रणाली, नियम और विनियम अनुमोदित किए गए।

संस्थान, अवर-स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करता है जिनमें सिविल इंजीनियरी, विद्युतीय इंजीनियरी, मेकेनिकल इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिकी और दूर संचार इंजीनियरी तथा कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी आदि जैसे विभिन्न विषयों में बी.ई./बी.टेक. डिग्री प्रदान की जाती है। इस वर्ष के दौरान संस्थान ने 209 नए छात्र दाखिल किए। नए प्रवेशों के फलस्वरूप संस्थान में छात्रों की कुल संख्या इस वर्ष लगभग 900 हो गई।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर

1960 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज 7 अगस्त, 2003 को सम-विश्वविद्यालय के दर्जे के साथ एनआईटी में बदल दिया गया। इस कालेज में 11 विभाग हैं और यह कालेज इन विषय-क्षेत्रों में चार-वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: सिविल इंजीनियरी, विद्युत, इलेक्ट्रोनिक और संचार इंजीनियरी, अभियांत्रिकी इंजीनियरी, रासायनिक और धातुकर्म इंजीनियरी तथा जल संसाधन इंजीनियरी में एम.ई. पाठ्यक्रम। कालेज सभी विज्ञान विभाग और कुछेक इंजीनियरी विभागों में एम.फिल. और पीएच.डी. कार्यक्रम भी चलाता है। स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों में कुल मिलाकर 242 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। 'नोवेल्ल नेटवेयर के अधीन प्रत्येक ब्लाक में अलग-अलग एलएएन स्थापित किए जाने के बाद पुस्तकालय और प्रशासन सहित विभिन्न विभागों को नेटवर्क का अंग बना दिया गया है।

विभिन्न क्षेत्रों के संकाय सदस्यों को क्यूआईपी के अधीन उच्चतर अध्ययन के लिए आईआईएससी, बंगलौर, रुड़की विश्वविद्यालय तथा विभिन्न आईआईटी जैसे विख्यात संस्थानों में भेजा गया।

राज्य में प्रतिकूल परिस्थितियों और अत्यल्प औद्योगिक आधार के बावजूद विभिन्न विभागों में परामर्शी सेवाओं में तेजी आई है। टी और पी विभाग, डीआरडीओ, विप्रो, फ्यूचर सिस्टम, क्वार्क मीडिया हाउस, आईटीआई, पीसीएस सिस्टम लिमिटेड, फ्यूचर टेक्नो डिजाइन लिमिटेड, ग्लोबल टेक लिमिटेड जैसे विख्यात सरकारी और निजी क्षेत्र के उद्यमों का आकृष्ट करने में सफल रहा है। काफी बड़ी संख्या में छात्रों का चयन किया जा रहा है।

सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत

सरदार वल्लभभाई क्षेत्रीय इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (एसवीआरसीईटी), सूरत की स्थापना 1961 में की गई थी और इसे 4 अक्तूबर, 2002 को सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत के रूप में स्तरोन्नत कर दिया गया। कालेज में सात विभाग हैं और वह इन विषय-क्षेत्रों में चार-वर्षीय बी.ई. पाठ्यक्रम की पेशकश करता है: सिविल, विद्युत, अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरी, उत्पादन इंजीनियरी, कम्प्यूटर इंजीनियरी तथा रासायनिक इंजीनियरी। स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों में कुल मिलाकर 428 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। कालेज सात विभिन्न विशेषज्ञता क्षेत्रों में एम.ई. पाठ्यक्रम भी चलाता है जिनमें से प्रत्येक क्षेत्र में दस-दस छात्रों को दाखिला दिया जाता है। सभी विभागों में पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। कालेज में लड़कों के लिए छः और लड़कियों के लिए एक छात्रावास मौजूद है। वर्ष 1997-98 में इस कालेज को राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमकर्ता विकास बोर्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उद्यमकर्ता विकास सेल की स्थापना के लिए मेजबान संस्थान के रूप में चुना गया था।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक, सूरतकल

1960 में स्थापित कर्नाटक क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज सूरतकल 26 जून, 2002 से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक, सूरतकल बना दिया गया। कालेज में आठ विभाग हैं और वह इन विषय-क्षेत्रों में चार-वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं: सिवल, अभियांत्रिकी, विद्युत और इलेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रोनिक्स और संचार, रासायनिक, धातुकर्म, खनन, कम्प्यूटर इंजीनियरी और सूचना प्रौद्योगिकी। पहले सेमेस्टर में कुल मिलाकर 457 छात्रों को दाखिला दिया गया, जिनमें से 42 लड़कियां थीं। एमसीए कार्यक्रम में कुल 60 छात्रों को दाखिला दिया गया, जिनमें 48 कर्नाटक के और 12 दूसरे राज्यों के थे। जिन उम्मीदवारों ने एमसीए पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया था, उन्हें एक प्रवेश परीक्षा में बैठना पड़ा और योग्यताक्रम के अनुसार उनके दाखिले किए गए।

संस्थान में 15 एम.टेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एम.टेक पाठ्यक्रमों में कुल मिलाकर 202 छात्रों को दाखिला दिया गया। इस संस्थान के छात्रों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उच्च स्तरीय निष्पादन का परिचय दिया है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं में स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर - दोनों स्तरों पर उच्च योग्यता

क्रम अधिकांशतः इन्हीं छात्रों को मिले। संस्थान का वेबसाइट पता है www.nitk.ac.in

राष्ट्रीय प्रौद्यगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली

क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, तिरुचिरापल्ली जिसकी स्थापना 1964 में हुई थी उसे 28 जुलाई, 2003 से सम-विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के साथ एनआईटी में बदल दिया गया। कालेज में 13 विभाग हैं और यह कालेज पांच वर्षीय बी.आर्क. पाठ्यक्रम के अलावा, इन विषय-क्षेत्रों में चार-वर्षीय स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रमों की पेशकश करता हैः सिविल, कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी, विद्युत और इलेक्ट्रोनिक्स, अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रोनिक्स तथा संचार, धातुकर्म उत्पादन, रासायनिक इंस्ट्रूमेंटेशन तथा नियंत्रण इंजीनियरी। स्नातक-पूर्व धारा में कुल मिलाकर लगभग 464 और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 382 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। इस संस्थान से एआईसीटीई के गुणात्मक सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) के अधीन विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों और डाक्टरल कार्यक्रमों के लिए अन्य शैक्षिक संस्थानों से अध्यापक लेने के लिए मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा एआईसीटीई ने अपने प्रारम्भिक संकाय प्रवेश कार्यक्रम के लिए आतिथ्य के रूप में शामिल किया है। सर्कट शाखाओं के अंतिम वर्ष के स्नातक-पूर्व छात्रों ने अभी तक परिसर इन्टरव्यू कार्यक्रम के जरिए 80% से अधिक मामलों में नौकारियां प्राप्त कर ली हैं। क्योंकि अभी और बहुत सी कम्पनियों ने परिसर में आना है, संस्थान को आशा है कि पिछले वर्षों की भांति सभी शाखाओं में 90% से अधिक मामलों में रोजगार मिल सकेंगे। छात्रों की उपलब्धियों की मान्यता के तौर पर भारत की जनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी दो स्नातकोत्तर छात्रों को 3.00 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति देती रही है। ईसीई शाखा की सुश्री अंजना श्रीधरन को ल्यूसेंट टेक्नालाजीस इन्स्टीट्यूट इन्टरएक्शन स्कीम के रूप में चुना गया जिसके फलस्वरूप उन्हें यूसेंट टेक्नालाजीज मुख्यालय, अमरीका में एक सप्ताह का दिशा-अनुकूलन, 5000 अमरीकी डालर का अनुदान और ल्यूसेंट इंडिया में ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप प्राप्त हुई। संस्थान का वेबसाइट पता है www.rect.edu

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल

1959 में स्थापित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, वारंगल को 10 सितम्बर, 2002 से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का दर्जा दे दिया गया। पूर्व में क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, वारंगल के रूप में ज्ञात यह संस्था आरईसी की श्रृंखला में पहला था। यह संस्थान इंजीनियरी में 7 स्नातक-पूर्व तथा इंजीनियरी, विज्ञान और मानविकी की सभी शाखाओं में 23 स्नातकोत्तर कार्यक्रम और पीएच.डी. कार्यक्रम की पेशकश करता है। संस्थान ने अभी तक लगभग 10,000 स्नातक-पूर्व, 4200 स्नातकोत्तर और 240 पीएच.डी. तैयार किए हैं। संस्थान के अधिकांश छात्र मंझोले आकार के सरकारी तथा निजी उद्योगों में खपा लिए जाते हैं।

एल्युम्नी चैप्टर्स भारत के बड़े शहरों तथा अमरीका के कुछ शहरों में मौजूद हैं। स्नातकों की गुणवत्ता की अनेक बहु-राष्ट्रीय कम्पनियों तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रशंसा की जाती है। अधिकांश छात्रों को परिसर इन्टरव्यू के जरिए रोजगार मिल जाता है। संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय को आंध्र प्रदेश के सभी तकनीकी पुस्तकालयों में सर्वोत्तम पुस्तकालय माना जाता है।

संस्थान का परिसर नेटवर्क से जुड़ा है और सभी स्टाफ तथा छात्रों के लिए इन्टरनेट सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी छात्रों और अधिकांश स्टाफ को परिसर में आवासीय सुविधा सुलभ कराई गई है। संस्थान का वेबसाइट पता है www.nitw.ernet.in.।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना

बिहार इंजीनियरी कालेज, पटना केन्द्रीय सरकार के एक पूर्णतः वित्तपोषित संस्थान के रूप में ले लिया गया है और 28 जनवरी, 2004 को उसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के रूप में बदल दिया गया है। आने वाले वर्षों में संस्थान का और आगे सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। संस्थान को अपने विकास के लिए योजनागत और योजनतर स्कीम के अधीन आवश्यक निधि प्रदान की गई है।

भारतीय प्रबन्ध संस्थान (आईआईएम)

अहमदाबाद, कोलकत्ता, बंगलौर, लखनऊ, इन्दौर तथा कोज्हीकोड़े में स्थापित भारतीय प्रबन्ध संस्थान उत्कृष्टता के संस्थान हैं जिनकी स्थापना उच्च स्तरीय प्रबन्ध शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने, भारतीय अर्थ व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों से प्रबन्ध के क्षेत्र में अनुसंधान करने और पारदर्शी सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से की गई थी।

ये आईआईएम इन पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं-प्रबन्ध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (एमबीए के समकक्ष) प्रबन्ध में अध्येतावृत्ति कार्यक्रम (पीएच.डी. के समकक्ष), अल्पकालीन

प्रबन्ध विकास और संगठन आधारित कार्यक्रम तथा उद्योग के लिए अनुसंधान और परामर्श।

ये संस्थान गैर-निगमित तथा अल्पप्रबंधित क्षेत्रों जैसेकि कृषि, ग्रामीण विकास, लोक प्रणाली पबंध, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

आईआईएम देश की प्रबन्धकीय जनशक्ति विकास में अग्रणी भूमिका निभाते हैं और उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान करते हैं। इन संस्थानों को ऐसे शीर्षस्थ प्रबंध संस्थानों के रूप में मान्यता दी जाती है जोकि अध्ययन, अनुसंधान तथा उद्योग के साथ वैचारिक आदान-प्रदान के लिए विश्व के सर्वोत्तम संस्थानों के मुकाबले के हैं। भूमिका प्रतिरूप होने के कारण आईआईएम ने प्रबंध शिक्षा में अपनी गुणवत्ता और स्तरों से सुधारने में अन्य संस्थानों के साथ ज्ञान और कौशलों का आदान-प्रदान किया है। अपने पूर्व छात्रों की गुणवत्ता के लिए आईआईएम ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। योजनागत तथा योजनेतर के अधीन बजट प्रावधान निम्नानुसार हैं:

	योजनागत	योजनेतर
ब.अ.2003-04	2500.00	4973.00
सं.अ.2003-04	1000.00	4973.00
एफ.जी.2003-04	1000.00	2505.00

(रकम लाख रुपये में)

आलोच्य वर्ष के दौरान गरीब छात्रों को सुविधा पहुंचाने के लिए आईआईएम द्वारा ली जाने वाली वार्षिक फीस में अत्यधिक कटौती किए जाने सम्बन्धी सरकार के निर्णय को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इस निर्णय को न्यायालय में चुनौती दी गई।

नई सरकार के सत्ता में आने पर आईआईएम के निदेशकों से इन मामलों पर आपस में और इसके बाद उपयुक्त निर्णय के लिए अपने-अपने शासी निकायों के साथ चर्चा करने को कहा गया। शासी निकायों की सिफारिशों के अनुसरण में सरकार ने पिछ्ला आदेश वापिस लेकर और अन्य बातों के साथ-साथ निम्न निर्णय लेकर इस विवाद को सुलझा लियाः


1) संस्थान यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र से संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने में वित्तीय साधनों की कमी के कारण कोई कठिनाई न झेलनी पड़े।
2) जो फीस संस्थानों ने वर्ष 2003-04 में वसूली थी, जून, 2004 के शुरू होने वाले सत्र में वही फीस ली जाएगी।
3) सभी आईआईएम पहले और दूसरे वर्ष के छात्रों के लिए एक आवश्यकता-आधारित वित्तीय सहायता स्कीम उपलब्ध कराएंगे।
4) दरकिनार किए गए ऐसे सभी छात्र जिनकी सरल वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख रुपए या उससे कम है, वित्तीय सहायता पाने के जोकि पूरी फीस की माफी तक की हो सकती है पात्र होंगे।
5) आईआईएम उपयुक्त मामलों में फीस माफ करने के बाद भी छात्रों की सहायता करने पर विचार करेगा। शिक्षण फीस के अलावा छात्र जो खर्च छात्रावास और मेस पर करता है वह भी माफ किया जा सकता है। सभी संस्थान ऐसे सभी अन्य छात्रों से जिन्हें बैंक से ऋण उठाने की जरूरत होगी सक्रिय सहायता और सहयोग प्रदान करेंगे।
6) अहमदाबाद, कोलकाता और बंगलौर स्थित तीन संस्थानों ने आवश्यकता आधारित सहायता के लिए अपने आन्तरिक संसाधनों से व्यवस्था करली है। लखनऊ, इन्दौर और कोज्हीकोड़े में स्थित शेष तीन संस्थानों को शिक्षण शुल्क माफ करने के फलस्वरूप उन पर जितना अतिरिक्त भार पड़ता है, उतनी सीमा तक एमएचआरडी उनकी सहायता करेगा।

भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद

भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद की स्थापना 1961 में इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की गई थी: निजी और सरकारी क्षेत्र के उद्यमों द्वारा अपेक्षित जनशक्ति तैयार करना, उद्योग की प्रबंध समस्याओं का समाधान ढूंढने में सहायता करना और प्रबंध पर स्वदेशी साहित्य के लिए योगदान देना।

यह संस्थान इन कार्यक्रमों की पेशकश करता है: प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी), कृषि-कारोबार प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम, प्रबंध और संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) में शिक्षावृत्ति कार्यक्रम।

कृषि-व्यापार प्रबंध (पीजीपी-एबीएम) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम जो कि 21वी शताब्दी के खाद्य और कृषि व्यापार क्षेत्र के प्रबंधक, निर्णय लेने वालों, नेताओं और उद्यमकर्ताओं को तैयार करने वाला एक साहसी और नवाचारी कार्यक्रम है,



तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गया। यह कार्यक्रम 30 छात्रों के साथ 27 जून 2002 से शुरू हुआ। कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के पांच छात्रों सहित 31 छात्र थे।

भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता

भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता की स्थापना 1961 में की गई थी ताकि अनुसंधान, परामर्शी सेवाओं और प्रकाशनों के माध्यम से व्यावसायिक प्रबंध के सुनिर्मित कार्यक्रम उपलब्ध कराके निजी और सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की प्रबंधकीय जनशक्ति की बढ़ती हुई मांगों की पूर्ति की जा सके।

यह संस्थान इन कार्यक्रमों की पेशकश करता है: प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम, कम्प्यूटर सहायताप्राप्त प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम तथा कारोबार प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। साथ ही, यह संस्थान प्रबंध विकास कार्यक्रम, विस्तार कार्यक्रम, कम्पनी के भीतर प्रशिक्षण कार्यक्रम और सरकार द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि का आयोजन भी करता है। यह संस्थान अनुसंधान और परामर्शी परियोजनाएं भी हाथ में लेता है।

संस्थान के अनेक क्रियाकलाप केन्द्र हैं, जैसे कि ग्रामीण विकास प्रबंध केन्द्र, विकास और पर्यावरणात्मक नीति केन्द्र, परियोजना प्रबंध केन्द्र, पर्यावरणात्मक प्रबंध में अनुसंधान और अध्ययन केन्द्र और मानवीय मूल्यों के लिए प्रबंध केन्द्र।

संस्थान के पास अधुनातम हार्डवेयर और साफ्टवेयर संसाधन मौजूद हैं जो कि बहुविध कम्प्यूटिंग अपेक्षाओं के लिए सहयोग प्रदान करने में सक्षम हैं।

भारतीय प्रबंध संस्थान, बंगलौर

भारतीय प्रबंध संस्थान, बंगलौर की स्थापना 1973 में इस उद्देश्य से की गई थी कि अध्यापन, प्रशिक्षण, परामर्शी सेवाओं तथा अन्य व्यावसायिक सेवाओं के कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र के प्रबंधकीय संसाधनों का सुदृढ़ीकीकरण किया जाए।

यह संस्थान इन कार्यक्रमों की पेशकश करता है: प्रबंध में शिक्षावृत्ति कार्यक्रम (एफपीएम), प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी), साफ्टवेयर उद्यम प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीएसएम), कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, अनुसंधान और

परामर्शी सेवाएं। पीजीपी नामक फ्लेगशिप कार्यक्रम की पाठ्यचर्या निरन्तर अद्यतन बनाई जाती रहती है ताकि इस कार्यक्रम को बदलते हुए परिवेश के लिए अधिक संगत बनाया जा सके। छात्र विनिमय कार्यक्रम के अधीन पीजीपी छात्रों को भरतवर्ष से बाहर विख्यात बिजनेस स्कूलों में भेजा जाता है और इसी तरह से विदेशी बिजनेस स्कूलों के छात्र भी कुछ समय के लिए इस संस्थान में आते हैं।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम के अधीन सेवारत प्रबंधकों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जैसेकि मुक्त कार्यक्रम, अनुकूलित कार्यक्रम और अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम। संस्थान में चौबीसों घण्टे कम्प्यूटर सुविधाएं सुलभ रहती हैं।

आईआईएम, बंगलौर में विशेषज्ञता के पांच क्षेत्र हैं, जो इस प्रकार हैं: लोक नीति केन्द्र (सीपीपी), बीमा अनुसंधान और शिक्षा केन्द्र (सीआईआरई), एनएस राघवन उद्यमशीलता अधिगम केन्द्र (एनएसआरसीईएल), केसेज तथा अध्यापक सामग्री विकास केन्द्र (सी-डॉक्टा) तथा साफ्टवेयर प्रबंध केन्द्र (सीएसएम)।

भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ

भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ की स्थापना 1984 में हुई थी। इसके प्रमुख उद्देश्य ये हैं कि व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से प्रबंधकीय जनशक्ति विकसित की जाए और प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा परामर्श के माध्यम से प्रबंध समस्याएं हल करने में संस्थानों की मदद की जाए।

पिछले शैक्षणिक वर्ष में संस्थान के सभी क्रियाकलापों अर्थात अध्यापन, अनुसंधान, परामर्श और प्रशिक्षण में चहुमुखी उन्नति हुई। यह एक हर्ष का विषय है कि देश के प्रबंध शिक्षा संस्थानों के एक अध्ययन पर आधारित और बिजिनेस इंडिया के नवम्बर 12-25, 2001 में प्रकाशित इण्डियाज बेस्ट बी-स्कूल्स नाम से प्रकाशित अध्ययन में आईआईएम, लखनऊ को भारतीय बिजिनेस स्कूलों में पहला स्थान प्राप्त हुआ।

संस्थान निम्न पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है: स्नातकोत्तर कार्यक्रम, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रबंध में फेलो कार्यक्रम, अनुसंधान कार्यक्रम और अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम।

एक सूचना प्रौद्योगिकी और साफ्टवेयर प्रबंध कार्यशाला स्थापित की गई है ताकि छात्रों को नेट-आधारित अनुप्रयोग सहित अधुनातम साफ्टवेयर विकास प्रविधियां सुलभ कराई जा सकें। इस प्रयोगशाला में इन्टरनेट संयोज्यता से युक्त 5 पेंटियम नोडों वाला आरएस/6000 (एआईएक्स यूएनआईएक्स) सुलभ है।

भारतीय प्रबंध संस्थान, कोज्हीकोड़

भारतीय प्रबंध संस्थान, कोज्हीकोड़, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया अपनी तरह का पांचवां संस्थान है जिसकी स्थापना सितम्बर, 1997 में की गई थी।

संस्थान प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम) (एमबीए के समकक्ष) प्रदान करता है। स्नातकोत्तर डिप्लोमा के अलावा संस्थान कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, परामर्शी कार्य और अनुसंधान परियोजनाएं हाथ में ले रहा है। संस्थान में अधुनातम हार्डवेयर और साफ्टवेयर संसाधन उपलब्ध हैं जो बहुविध कम्प्यूटिंग आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हैं। संस्थान के पुस्तकालय और सूचना केन्द्र को पहले ही देश के सर्वाधिक सुसज्जित सूचना संसाधन केन्द्रों के रूप में ख्याति मिल चुकी है।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की प्रतियोगात्मक निर्मित और सुदृढ़ करने के प्रयोजन से केरल सरकार की सहायता से आईआईएम कोज्हीकोड़े में उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। केरल इंस्टीट्यूट फार रिसर्च ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट स्टडीज आफ एससी एण्ड एसटी (केआईआरटीएडीएस) के परिसर में केन्द्र के उद्भव की तैयारी जुलाई, 2002 में शुरू हो गई थी। उक्त संस्थान के परिसर में केन्द्र के अपेक्षित जीर्णोद्धार और साज-सज्जा की व्यवस्था की गई और प्रयोगशाला, कार्यक्रम/क्लास रूमों के लिए सुविधाएं सुलभ कराई गई। इसके साथ-साथ केन्द्र के लिए जरूरी अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए।

भारतीय प्रबंध संस्थान, इन्दौर

भारतीय प्रबंध संस्थान, इन्दौर की स्थापना सितम्बर, 1997 में हुई थी। यह संस्थान मुख्यतः प्रबंध में दो-वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (एमबीए के समकक्ष) की पेशकश करता है। संस्थान द्वारा दिशा-अनुकूलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

संस्थान में समूचे परिसर में व्याप्त स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क (एलएएन) उपलब्ध है। प्रत्येक छात्र को उसके कमरे में एक पीसी (पेंटियम-II) उपलब्ध कराया गया है। संकाय और प्रशासन का स्टाफ भी एलएएन के साथ जुड़ा है।

आउटलुक मैग्जीन और एमडीआरए द्वारा भारत के बिजनेस स्कूलों के संबंध में किए गए हाल ही के संयुक्त सर्वेक्षण के अनुसार आईआईएम, इन्दौर का स्थान देश के दस शीर्षस्थ बिजनेस स्कूलों में सातवां है। संस्थान ने 2000-2001 में प्रबंध विकास कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया।

उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान ने परिसर में एक बिजिनेस इनक्यूबेटर यूनिट बीआईयू स्थापित किया है जिसका उद्देश्य यह है कि नए व्यापारिक विचारों को व्यवहार्य व्यापार उद्यमों का रूप देने के लिए आवश्यक आधारिक सुविधाएं सुलभ कराई जाएं।

आधुनिकीकरण और अप्रचलन को दूर करना

देश में इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, फार्मेसी तथा वास्तुकला संस्थानों में प्रयोगशाला/पुस्तकालय/कार्यशाला/कम्प्यूटिंग सुविधाओं को आधुनिक बनाने और उनमें अप्रचलन को दूर करने को उच्च प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान उद्देश्यों के लिए इन संस्थानों की कार्यात्मक कुशलता बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण अपनाया जाता है। इसकी मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों सहित केन्द्रीय संस्थानों के लिए मशीनरी तथा इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकीय, प्रबंध, फार्मेसी, वास्तुकला का प्रयोगशाला में कार्यशाला मशीनरी तथा उपस्कर में अप्रचलन को दूर करना;
- नए उपस्करों को जोड़ कर प्रयोगशलाओं तथा कार्यशालाओं का आधुनिकीकरण;
- पुस्तकालय सुविधाओं में वृद्धि करना;
- क्लासरूम प्रौद्योगिकी, प्रयोगशाला अनुदेश, अनुदेशात्मक सामग्री और चार्ट, उपयुक्त प्रौद्योगिकी के विकास संबंधी नवाचारों से युक्त परियोजनाओं को अनुसमर्थन देना;
- शिक्षण और सहायक तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षण तथा पुनः प्रशिक्षण प्रदान करना; और
- कम्प्यूटिंग तथा नेटवर्क सुविधाओं का स्तरोन्नयन।

2003-04 के दौरान आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों और अन्य केन्द्रीय संस्थानों को 1282 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

तकनीकी शिक्षा के ध्यातव्य क्षेत्र

इस योजना में उभरते हुए क्षेत्रों में प्रयोगशालाओं और उत्तम जनशक्ति के अर्थों में आधारिक सुविधाओं के सृजन के लिए निम्न उद्देश्यों के साथ परियोजना-आधारित वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है:

- ध्यातव्य क्षेत्रों में आधुनिक प्रयोगशालाओं के अर्थों में आधारिक सुविधाएं विकसित करना;
- संस्थानों द्वारा कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के अभिज्ञान द्वारा उच्चस्तरीय कार्य के लिए एक आधार निर्मित करना और ऐसा करते समय ग्रामीण समाज और सुविधाविहीन वर्गों की ओर विशेष ध्यान देते हुए देश की विशालता तथा क्षेत्रीय मांगों को ध्यान में रखना; तथा
- परामर्श सहित कार्यक्रमों की बहुलता के माध्यम से अन्य अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उद्योग तथा उपभोक्ता एजेंसियों के साथ समस्तरीय और उर्ध्वाधर संबंध स्थापित करना।

वर्ष 2003-04 के दौरान आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, एनआईटी तथा अन्य केन्द्रीय संस्थानों को 922.00 लाख रुपए का सहायता-अनुदान प्रदान किया गया।

अनुसंधान तथा विकास

अनुसंधान तथा विकास कार्यकलापों को उच्चतर शिक्षा का अनिवार्य घटक समझा जाता है क्योंकि अभिनव ज्ञान तथा समझ पैदा करने तथा शैक्षिक प्रक्रिया को उत्साह और गति प्रदान करने में इसकी अहम भूमिका है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने यह योजना निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ आरंभ की थी:

- अनुसंधान तथा विकासात्मक प्रयासों के लिए बुनियादी सुविधाओं का सृजन करना तथा उन्हें अद्यतन बनाना;
- इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी, फार्मेसी, वास्तु कला तथा प्रबंध में प्रयोजित/संयंत्र अनुसंधान परियोजनाओं को सहयोग देना। अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और ख्याति प्राप्त उद्योगों के साथ संयंत्र अनुसंधान परियोजनाएं मूल्यवाने होंगी।

2003-04 के दौरान आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, एनआईटी तथा अन्य केन्द्रीय संस्थानों से 1306.00 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (टीटीटीआई)

भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ तथा चेन्नई में 1960 के दशक के मध्य में चार तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए थे। इन संस्थानों को स्थापित करने का उद्देश्य यह था कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तकनीशियनों की शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले प्रमुख अभिप्रेरक संस्थानों की भूमिका निभाएं। ये संस्थान पूर्णतः भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं और सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत हैं।

प्रारम्भिक दौर में इन संस्थानों का उद्देश्य यह था कि वे उपयुक्त पद्धतियों के माध्यम से आवश्यकता-आधारित मानव संसाधन विकास कार्यक्रम प्रस्तुत करने और तकनीशियन शिक्षा प्रणाली के लिए पाठ्यचर्या तथा संस्थानगत संसाधन विकसित करने की दिशा में पहल करेंगे। लेकिन धीरे-धीरे उनका उद्देश्य बदल कर यह हो गया है कि वे राज्य सरकारों और पॉलीटेक्निकों द्वारा अपनी शैक्षिक प्रक्रियाओं और उत्पादों में सुधार लाने की दिशा में उनकी मदद करेंगे।

ये संस्थान पॉलीटेक्निकों, उद्योगों और समुदाय के लिए स्तरीय शिक्षा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के योजना निर्माण, डिजाइन, आयोजना और मूल्यांकन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त, ये संस्थान विश्व बैंक सहायताप्राप्त तकनीशियन शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन में राज्य सरकारों को सहयोग प्रदान करने के अलावा उनके साथ अपने अनुभवों और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान भी कर रहे हैं। सामान्य रुचि के क्षेत्रों में काम करने के प्रयोजन से इन संस्थानों ने व्यापार और उद्योगों के साथ गहरे संबंध स्थापित करने के अलावा शैक्षिक संस्थानों के साथ भी व्यावसायिक संबंध स्थापित कर लिए हैं।

टीटीटीआई की योजना की प्रोफेसर पी.वी. इन्द्रसेन की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकारप्राप्त समिति द्वारा समीक्षा की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश की कि टीटीटीआई को पॉलिटेक्निकों के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के अलावा इंजीनियरी डिग्री कालेजों, वास्तुकला, प्रबंध संस्थानों के अध्यापकों के प्रशिक्षण में भी समन्वय करना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए टीटीटीआई 'अध्यापकों के लिए प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय केन्द्रों के रूप में विकसित किए जाएंगे। ये संस्थान उद्योग के स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करके तथा परामर्शी सेवाएं प्रदान करके उद्योग को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी ध्यान केन्द्रित करेंगे। ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए टीटीटीआई को राष्ट्रीय संस्थानों' के रूप में पदोन्नत कर दिया गया है। इन संस्थानों का संगम ज्ञापन संशोधित शासनादेश के अनुरूप संशोधित कर दिया है और अब इनका नाम भी बदल कर राष्ट्रीय तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर) रख दिया गया है।

मंत्रालय ने प्रशिक्षण नीति का एक प्रारूप तैयार किया है जिसमें तकनीकी संस्थानों के अध्यापकों को बहुविध भूमिकाएं निभानी होंगी, जैसेकि अध्यापन, पाठ्यचर्या विकास, अनुदेशात्मक सामग्री विकास, अनुसंधान तथा परामर्श। आशा है कि मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षण नीति को शीघ्र ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। टीटीटीआई विश्व बैंक सहायताप्राप्त तकनीशियन शिक्षा परियोजना-III के कार्यान्वयन के लिए, जिसका विस्तार छः उत्तर-पूर्वी राज्यों (सिक्किम सहित) अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह तथा जम्मू और कश्मीर तक है, संसाधन केन्द्रों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रहे हैं। ये संस्थान क्षमता-आधारित पाठ्यचर्या, छात्र तथा अध्यापक सहयोग सामग्री तैयार करके तथा संसाधन व्यक्तियों के प्रशिक्षण के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परियोजना को भी सहायता पहुंचा रहे हैं।

संत लौंगोवाल इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएलआईईटी) लोंगोवाल संगरूर, पंजाब

पंजाब राज्य के संगरूर जिले में स्थित लौंगोवाल गांव में वर्ष 1989 में संत लौंगोवाल इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएलआईईटी) इसलिए स्थपित किया गया था जिससे कि इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी और साथ ही अनुप्रयुक्त विज्ञानों में कुशल जनशक्ति का निर्माण करने के लिए यह संस्थान एक आदर्श संस्थान के रूप में काम कर सके। संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले पाठ्यक्रम प्रकृति से माड्यूलर तथा अंतिम होते हैं, प्रत्येक की अवधि दो वर्ष होती है तथा उपयुक्त स्तरों पर सेतु पाठ्यक्रम होते हैं। यह संस्थान शतप्रतिशत रूप से माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग (एमएचआरडी) द्वारा वित्तपोषित है। संस्थान सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत है। अन्य केन्द्रीय शैक्षिक संस्थानों की तरह इस संस्थान को एक केन्द्रीय संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किया जा रहा है।

संस्थान 12 प्रमाणपत्र, 10 डिप्लोमा और 8 डिग्री पाठ्यक्रम चलाता है। ऊर्ध्व गतिशीलता और पार्श्व प्रवेश का प्रावधान

विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध है जैसेकि एकीकृत ढंग से प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री। शैक्षिक कार्यक्रम अपरम्परागत, लागत प्रभावी, लचीले, माड्यूलर, क्रेडिट-आधारित हैं जिनमें बहु-बिन्दु प्रवेश के प्रावधान सहित विभिन्न स्तरों पर स्वरोजगार तथा शिक्षा की अविच्छिन्नता पर बल देते हुए अन्तःनिर्मित उद्यमशीलता मौजूद है। चालू शैक्षणिक सत्र से संस्थान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के पेशकश करने की सोच रहा है।

अपनी स्थापना के समय संस्थान तकनीकी शिक्षा के विभिन्न विषय क्षेत्रों में लगभग 27000 छात्रों को प्रशिक्षित कर चुका है।

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनईआरआईएसटी), ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश

पूर्वोत्तर क्षेत्र के विज्ञान के विकास के लिए इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी और अनुप्रयुक्त विज्ञान विषयों में कुशल जनशक्ति तैयार करने के लिए 1986 में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, (एनईआरआईएसटी), ईटानगर की स्थापना की गई थी। संस्थान सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत किया गया। सम्प्रति, एनईआरआईएसटी को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहा है, पूर्व में इसका वित्तपोषण उत्तर-पूर्वी परिषद द्वारा किया जाता था। 1994-95 से इस संस्थान को माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा वित्तपोपित किया जा रहा है।

एनईआरआईएसटी इन अर्थों में एक अनूठा संस्थान है कि यह माड्यूलर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की पेशकश करता है, प्रत्येक कार्यक्रम दो वर्ष की अवधि का होता है तथा इस प्रकार प्रौद्योगिकी और अनप्रयुक्त विज्ञानों में छः प्रमाणपत्र, सात डिप्लोमा और सात डिग्री पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है। माड्यूलर कार्यक्रम व्यावसायिक स्तरों अर्थात् तकनीशियनों, पर्यवेक्षकों और इंजीनियरों के साथ संबंध उपलब्ध कराते हैं। आधारिक और डिप्लोमा माड्यूल अगले उच्चतर माड्यूल में प्रवेश दिलाते हैं बशर्ते कि निम्नतर माड्यूल में छात्र का निष्पादन अपेक्षित स्तर का रहा हो और उसमें कतिपय सेतु पाठ्यक्रमों की पूर्ति किए जातने का प्रावधान रहता है। इस प्रकार प्रत्येक माड्यूल के अंत में छात्रों का किंचित प्रतिशत स्वेच्छा से अथवा विवश होकर विलग हो जाता है। इस माड्यूलर और नवाचारी पाठ्यक्रम का बल इस बात पर रहता है कि व्यावसायीकरण की नीति को प्रोत्साहित किया जा सके और केवल समर्पित छात्रों को ही उच्चतर अध्ययन करने की अनुमति दी जाए तथा शेष को नौकरियों पर जाने अथवा अपने उद्यमकर्ता कौशल विकसित करने का विकल्प दिया जाए।

संस्थान को उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय (नेहू) शिलांग द्वारा अनन्तिम संबंधन प्रदान किया जा चुका है।

पिछले 15 वर्षों में संस्थान ने विभिन्न विषय-क्षेत्रों में 18,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित कर दिया है।

तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की मुख्यधारा में शारीरिक दृष्टि से विकलांगों को समाकलित करने के लिए मौजूदा पॉलीटेक्निक के स्तरोन्नयन की योजना

इस योजना में शारीरिक दृष्टि से विकलांगों को देश की तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की मुख्यधारा में समाकलित करने की परिकल्पना की गई है।

इस योजना का उद्देश्य यह है कि विकलांग व्यक्तियों के लिए तकनीकी/व्यावसायिक शिक्षा तथा अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने के निमित्त देश में विभिन्न स्थानों पर स्थित 50 मौजूदा पॉलीटेक्निकों का चयन और स्तरोन्नयन किया जाए। लक्ष्य यह रखा गया है कि चुने गए इन 50 संस्थानों से प्रतिवर्ष डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में 1250 विकलांग छात्र तथा अल्पकालीन तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 5000 विकलांग छात्र लाभान्वित होंगे। चुने गए ये पॉलीटेक्निक विकलांग छात्रों की शिक्षा और प्रशिक्षण, उपयोगिता, रोजगार संभाव्यता आदि के बारे में अनुसंधान और ट्रेसर अध्ययन आयोजित करेंगे और ऐसे संस्थानगत वातावरण का निर्माण करेंगे जो भेदभाव और विषमताओं को धीरे-धीरे कम करता है और विकलांग छात्रों को मुख्यधारा में समाकलित करता है।

50 पॉलीटेक्निकों के चयन की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। सभी 50 पॉलीटेक्निक विकलांग छात्रों को औपचारिक और गैर-औपचारिक कार्यक्रमों में सक्षम रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं तथा उन्होंने औपचारिक कार्यक्रमों में 1250 छात्रों को और गैर-औपचारिक कार्यक्रमों में 5000 छात्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा हुआ है।

सामुदायिक पॉलीटेक्निकों की स्कीम

एक संस्थान के रूप में पॉलीटेक्निक ऐसे भौतिक सुविधाओं (लेक्चर रूम, कार्यशाला, छात्रावास, उपकरण) से सुसज्जित होता है जिनका प्रयोग ज्ञान और कौशलों का संबंध समुदाय के

साथ स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। पॉलीटेक्निक में योग्य और प्रशिक्षित संकाय होता है जोकि ग्रामोन्मुखी कार्यक्रम और परियोजनाएं विशेष रूप से जहां प्रौद्योगिकी का अंतरण किया जाना हो वैज्ञानिक रूप से तैयार, कार्यान्वित कर सकता है और उनका अनुश्रवण कर सकता है। इसके पास छात्रों की बहुत बड़ी संख्या होती है जो कि सुविचारित योजनाओं के अनुसार सही दिशा-निर्देश दिए जाने पर ग्रामीण विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार द्वारा सामुदायिक पॉलीटेक्निक की योजना एक केन्द्रीय सहायता योजना के रूप में 1978-79 में शुरू की गई थी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एआईसीटीई अनुमोदित ऐसे चुनिन्दा पॉलीटेक्निकों को, जिनके प्रस्तावों की राज्य तकनीकी शिक्षा निदेशालय द्वारा सिफारिश की गई हो सीधे ही 7.25 लाख रुपए तक का एकवारगी अनावर्ती अनुदान और अधिक से अधिक 7 लाख रुपए तक का आवर्ती अनुदान प्रदान करता है। आज की तारीख में देश में 672 सामुदायिक पॉलीटेक्निक हैं जिनमें से 111 महिला पॉलीटेक्निकों के रूप में काम कर रहे हैं। सामुदायिक पॉलिटेक्निकों का क्षेत्रवार वितरण निम्नानुसार है:

उत्तरी क्षेत्र	187
दक्षिणी क्षेत्र	242
पूर्वी क्षेत्र	98
पश्चिमी क्षेत्र	145
योग	**672**

एक सामुदायिक पॉलीटेक्निक एक सामान्य पॉलीटेक्निक से भिन्न कोई अलग ढंग का नहीं होता। यह एक विद्यमान पॉलीटेक्निक का एक स्कन्ध होता है जिसे पॉलीटेक्निक के भीतर मौजूद बुनियादी तंत्र का प्रयोग करते हुए अपने आस-पास विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रयोग के माध्यम से ग्रामीण/सामुदायिक विकास के क्रियाकलाप करने होते हैं।

योजना के अधीन क्रियाकलापों में ये शामिल हैं:

- तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों, रोजगार संभावना सर्वेक्षणों आदि के माध्यम से समुदाय की अनुभूति मांग का पता लगाना;
- वैज्ञानिक ढंग से विकास के लिए ग्रामीण जनता को उपयुक्त प्रौद्योगिकियों के अन्तरण के लिए एक मंच उपलब्ध कराना;
- स्थानीय समुदाय को तकनीकी/अनुसमर्थन सेवाएं प्रदान करना;
- ग्रामीण युवकों, महिलाओं, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों, शिक्षा बीच में छोड़ने वालों तथा समुदाय के अन्य सुविधाविहीन वर्गों को मांग-आधारित गैर-औपचारिक पाठ्यक्रमों/कौशलों में प्रशिक्षित करना ताकि उन्हें लाभकारी रोजगार (स्व-रोजगार/मजदूरी) प्राप्त करने के योग्य बनाया जा सके।
- समस्या समाधानोन्मुखी माहौल तैयार करने के प्रयोजन से विकास कार्यक्रमों की बाबत सूचना का प्रसार करना और जागरूकता उत्पन्न करना।

प्रत्येक सामुदायिक पॉलीटेक्निक अपने पांच ग्राम विस्तार केन्द्रों के माध्यम से काम करता है और प्रत्येक ग्राम विस्तार केन्द्र अपने आस-पास के लगभग 10-12 गांवों की सेवा करता है तथा मुख्य केन्द्र पॉलीटेक्निक के अपने परिसर के भीतर स्थापित किया जाता है। प्रत्येक सामुदायिक पॉलीटेक्निक प्रति वर्ष लगभग 600 ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षित करता है। इस प्रकार प्रति वर्ष लगभग तीन लाख व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयु, योग्यता आदि को लेकर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षमता आधारित होते हैं जिनकी अवधि 3 से 6 महीने तक की होती है।

सामुदायिक पालीटेक्निकों की राष्ट्रीय स्तर पर दो बार पुनरीक्षा की जा चुकी है। पहली पुनरीक्षा कालबाग समिति द्वारा 1987 में और दूसरी लूथर समिति द्वारा 1994 में की गई थी। दोनों पुनरीक्षाओं ने बहुकौशल क्षमता-आधारित प्रशिक्षण, महिलाओं, विकलांगों, आवारा बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य ग्रामीण विकास कौशलों के निमित्त सुझाव देने के साथ-साथ एआईसीटीई-अनुमोदित सभी पॉलीटेक्निकों को शामिल करने की सिफारिश की थी।

सामुदायिक पॉलीटेक्निकों की योजना की शुरूआत से लेकर नौवीं योजना के अन्त तक लगभग 12,00,000 व्यक्तियों को विभिन्न रोजगारोन्मुखी कौशलों में प्रशिक्षित किया जा चुका है और लगभग 52000 गांवों को इस स्कीम के अधीन लाया जा

प्रौद्योगिकी विकास मिशन

इस आशय की एक जरूरत महसूस की गई, आईआईटी तथा आईआईएससी बंगलौर जैसे उत्कृष्टता के संस्थानों को प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और पूर्वानुमान पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है ताकि भावी दृष्टिकोणों को देश में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए पुनः दिशा-अनुकूलित किया जा सके। इसके फलस्वरूप कार्यनीति के महत्व के निम्न सात सामान्य क्षेत्र अभिज्ञात किए गए:

- खाद्य प्रसंस्करण इंजीनियरी
- एकीकृत डिजाइन और प्रतियोगी विनिर्माण
- फोटोनिक साधन और प्रौद्योगिकियां
- ऊर्जा प्रभावी प्रौद्योगिकियां
- संचार नेटवर्क निर्माण और बौद्धिक स्वचलन
- नई सामग्री
- जेनेटिक इंजीनियरी और जैव प्रौद्योगिकी

सातों सामान्य क्षेत्रों में से प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान/भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर मार्गदर्शक संस्थान था। विभिन्न मिशन कार्यक्रमों के अधीन उद्योग के प्रत्यक्ष सहयोजन साथ कई परियोजनाएं हाथ में ली गई। विभिन्न मिशनों के अधीन विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां उद्योग को आन्तरित की जा चुकी हैं। चरण-I से प्राप्त अनुभव के आधार पर चरण-II शुरू करने की कार्रवाई की जा रही है ।

2003-04 के दौरान आईआईटी, कानपुर को मूल राशि के रूप में मात्र 20 लाख रुपए प्रदान किए गए ।

चुका है। टीटीटीआई द्वारा आयोजित एक ट्रेसर अध्ययन के अनुसार इन प्रशिक्षित व्यक्तियों में लगभग 18 प्रतिशत व्यक्ति अनुसूचित जातियों के, 4 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों के, 13 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों के और 43 प्रतिशत महिलाएं हैं। स्व-रोजगार/सेवारत श्रेणी 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों की बहुलता वाले 41 जिलों में से 37 जिले इस योजना के अधीन पहले ही शामिल किए जा चुके हैं। वर्ष 2002-03 स्कीम के जनशक्ति विकास क्रियाकलापों के अधीन 2,82,000 व्यक्तियों से प्रशिक्षित किया गया। 2003-04 के दौरान स्कीम के जनशक्ति विकास क्रियाकलापों के अधीन 3,32,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना तथा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड

राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना, स्नातक इंजीनियरों, डिप्लोमाधारियों (तकनीशियनों) और 10+2 व्यावसायिक पाठ्यक्रम पास करने वालों को समय-समय पर यथासंशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अनुसार और केन्द्रीय प्रशिक्षुता परिषद (सीएसी) द्वारा निर्धारित नीतियों और मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार लगभग 10,000 औद्योगिक प्रतिष्ठानों/संगठनों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करती है।

तकनीकी शिक्षा, उद्योग, समाज और पूरे विश्व की आवश्यकताओं के अनुसार, उपयुक्त जनशक्ति का निर्माण करके विकासशील

देशों की आर्थिक उन्नति में उल्लेखनीय योगदान देने का माध्यम है। इस योजना का उद्देश्य यह है कि उद्योगों की जनशक्ति संबंधी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में उनके साथ परामर्श करके नए स्नातक इंजीनियरों, डिप्लोमाधारियों और व्यावसायिक धारा से 10+2 पास करने वाले छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

मुम्बई, कलकत्ता, कानपुर तथा चेन्नई स्थित चार क्षेत्रीय प्रशिक्षुता/व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग) द्वारा पूर्णतया वित्तपोषित स्वायत्त संगठन है। इन बोर्डों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षुता अधिनियम लागू करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। अधिनियम के अंतर्गत प्रशिक्षु प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष है। प्रशिक्षुओं को मासिक वृत्ति दी जाती है जिसमें केन्द्र सरकार तथा नियोक्ता का हिस्सा बराबर-बराबर होता है। इंजीनियरी स्नातक तकनीशियनों और 10+2 व्यावसायिक प्रशिक्षुओं को देय वृत्ति की राशि क्रमशः 1970 रुपए और 1400 रुपए तथा 1090 रुपए प्रतिमाह है। चारों बोर्डो को सलाह दी गई है कि वे प्रशिक्षु अधिनियम के अधीन व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयोजन से नियमों के अनुसार महिलाओं, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और साथ ही अल्पसंख्यक उम्मीदवारों का चयन करें।

योजना के अधीन नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लगभग 1,92,000 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था जबकि लक्ष्य 1,80,000 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करने का था। नौवीं पंचवर्षीय योजना में लगभग 3,00,000 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2002-03 के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या 47,875 थी। वर्ष 2003-04 के लिए लगभग 1,00,000 प्रशिक्षुकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। क्षेत्रीय बोर्डों ने अपने सामान्य क्रियाकलापों के अलावा, डिप्लोमा/डिग्री स्तर के संस्थानों के अंतिम वर्ष के छात्रों के लाभ के लिए, ये क्रियाकलाप भी किएः पर्यवेक्षणीय विकास कार्यक्रम, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आदि।

राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान (एनआईटीआईई), मुम्बई

राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान एनआईटीआईआई अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की सहायता से भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित किया गया एक राष्ट्रीय संस्थान है। भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोपित और सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत निटी एक स्वायत्त निकाय है जो कि शासी बोर्ड द्वारा शासित होता है जिसमें सरकार, उद्योग और शिक्षा के ही विख्यात व्यक्ति शामिल होते हैं। 1963 में अपनी स्थापना से निजी उद्योग और व्यापार की जटिल समस्याओं का समाधान सुलभ कराता रहा है।

राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान, मुम्बई औद्योगिक इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.आई.ई.), औद्योगिक सुरक्षा तथा पर्यावरणात्मक प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीआईएसईएम), औद्योगिक प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीआईएम) तथा साथ ही सरकारी और निजी क्षेत्र संगठनों से लिए गए वरिष्ठ और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लाभार्थ उत्पादनशीलता विज्ञान और प्रबंध में बहुत बड़ी संख्या में प्रबंध विकास कार्यक्रमों (एमडीपी) का भी आयोजन करता है। यह संस्थान औद्योगिक इंजीनियरी और प्रबंध के क्षेत्र में एक अध्येतावृत्ति कार्यक्रम भी आयोजित करता है जो कि पीएच.डी. के समकक्ष होता है। यह संस्थान औद्योगिक इंजीनियरी के विभिन्न पक्षों जैसे कि ऊर्जा, सुरक्षा, पर्यावरण, विपणन, कम्प्यूटर, व्यवहारपरक विज्ञान आदि में अनुप्रयुक्त अनुसंधान में भी प्रवृत्त है। संस्थान, उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं के सवर्था अनुरूप बनाए गए यूनिट आधारित कार्यक्रम (यूबीपीएस) उद्योग के परिसर में अथवा संस्थान के परिसर में आयोजित करता है।

राष्ट्रीय गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), रांची

यूनेस्को- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से तथा देश के कोर क्षेत्र के विकास में गढ़ाई और ढलाई उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका स्वीकारते हुए राष्ट्रीय गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफएफटी), रांची की 1966 में स्थापना की गई थी। यह संस्थान भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित और सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य इन उद्योगों के संचालन और प्रबंध से जुड़े कार्मिकों को अत्यन्त विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्थान विभिन्न स्तरों के पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है जो कि इस प्रकार हैः गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण इंजीनियरी में

एम.टेक पाठ्यक्रम; विनिर्माण इंजीनियरी तथा धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरी में बी.टेक पाठ्यक्रम; गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम; उद्योगों द्वारा प्रायोजित सहभागियों के लिए विशिष्ट क्षेत्रों में अल्पकालीन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा उद्योगों, अनुसंधान एवं विकास संगठनों तथा संस्थानों के अनुरोध पर अल्पावधि के यूनिट- आधारित कार्यक्रम।

यह संस्थान उद्योग को इन रूपों में परामर्शी सेवाएं भी उपलब्ध कराता है: व्यावहार्यता रिपोर्ट तैयार करना; उपकरण और मशीनरी का मूल्यांकन; कच्चे माल और उत्पादों का गुणवत्ता नियंत्रण।

आयोजना और वास्तुकला स्कूल (एसपीए), नई दिल्ली

आयोजना और वास्तुकला स्कूल (एसपीए), नई दिल्ली की स्थापना ग्रामीण, शहरी तथा क्षेत्रीय आयोजना, वास्तुकला और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में दिशा और अनुसंधान में सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1955 में की गई थी। वास्तुकला विभाग जोड़े जाने पर 1959 में इसे आयोजना और वास्तुकला स्कूल (एसपीए), नई दिल्ली का नया नाम दिया गया। 1979 में संस्थान को समविश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया।

एसपीए वास्तुकला, आयोजन, डिजाइन तथा मानवीय आवास के विभिन्न पक्षों तथा वातावरण के क्षेत्रों में स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर शिक्षा तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। एसपीए दो स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रम चलाता है: (1) वास्तुकला में स्नातक तथा (2) आयोजना में स्नातक और निम्न में 10 स्नातकोत्तर कार्यक्रम वास्तुकलात्मक संरक्षण शहरी डिजाइन, औद्योगिक डिजाइन, भू-क्षेत्र वास्तुकला, पर्यावरणात्मक आयोजना, आवास, क्षेत्रीय आयोजना, परिवहन आयोजना तथा शहरी आयोजना, भवन इंजीनियरी और प्रबंध।

स्कूल के संकाय में अनेक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों आदि में भाग लिया और लेख प्रस्तुत किया वास्तुकला तथा आयोजन के क्षेत्र में संगोष्ठियां, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि आयोजित करने में स्कूल ने राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों को सहयोग प्रदान किया। सार्क क्षेत्र में एक शीर्षस्थ संस्थान होने के नाते एसपीए में विकासशील देशों के विदेशी छात्रों के लिए 10 सीटें आरक्षित रखी जाती हैं। अपने नियमित शैक्षिक कार्यक्रमों के अलावा एसपीए सतत् शिक्षा कार्यक्रम (सीईपी) आयोजित कर रहा है और अध्यापकों तथा व्यावसायियों के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों का आयोजन करने के निमित्त एक राष्ट्रीय नोडल केन्द्र है।

स्कूल के संकाय ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सौंपी गई परामर्शी परियोजना भी हाथ में ली। अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में अनेक अनुसंधान और उन्नत अध्ययन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। स्कूल ने सामायिक रुचि के विषयों पर तथा स्कूल के शैक्षणिक ध्यातव्य क्षेत्रों पर अल्पकालीन पाठ्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, विशेषज्ञतापूर्ण कार्यक्रम और प्रदर्शनियों का आयोजन किया।

एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान एआईटी बैंकाक

एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान एआईटी की स्थापना सीटो ग्रेजुएट स्कूल आफ इंजीनियरिंग के रूप में सीटो सदस्य देशों की उन्नत तकनीकी आवश्यकता की पूर्ति करने के उद्देश्य से 1959 में की गई थी। 1967 में सीटो इस संस्थान के नियंत्रण से विलग हो गया और इसे एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान का नया नाम दिया गया तथा यह एक ऐसा स्वायत्त संस्थान बन गया जिसका प्रबंध न्यासियों के एक अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड को सौंप दिया गया। सम्प्रति बैंकाक में भारत के राजदूत एआईटी, बैंकाक के न्यासी बोर्ड के एक सदस्य हैं।

इस योजना के अधीन 25 लाख रुपए का बजट प्रावधान उपलब्ध है। भारत सरकार संकाय सम्प्रेषण और भारतीय उपकरणों, पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि के खरीद के रूप में एआईटी, बैंकाक को प्रतिवर्ष 3 लाख रुपए का योगदान देती है।

व्यावसायिक और विशेष सेवाओं के लिए भुगतान

तकनीशियन शिक्षा परियोजना-III

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में भारत सरकार ने तकनीशियन शिक्षा को सुदृढ़ करने और देश में पॉलीटेक्निक पास करने वालों के स्तर में सुधार लाने के लिए बड़े प्रयास शुरू किए। विश्व बैंक की सहायता से यह परियोजना एक राज्य क्षेत्र परियोजना के रूप में से चरणों में शुरू की गई। पहली तकनीशियन शिक्षा परियोजना (तक. शिक्षा-I) दिसम्बर 1990 में शुरू हुई और सितम्बर, 1998 में समाप्त हो गई। दूसरी तकनीशियन शिक्षा परियोजना (तक शिक्षा-II) जनवरी, 1992 में शुरू हुई और अक्तूबर 1999 में समाप्त हो गई। इन दो परियोजनाओं से 19 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में 532 पॉलीटेक्निक लाभान्वित हुए और उन्हें विश्व बैंक द्वारा अत्यन्त सन्तोषप्रद माना गया है।

इन परियोजनाओं के अधीन प्राप्त हुए लाभों को बनाए रखने के, और साथ ही बाकी बचे राज्यों को शामिल करने के लिए

सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से तीसरी तकनीशियन परियोजना (तक. शिक्षा-III) शुरू की जिससे कि इन राज्यों में 12 मौजूदा और 6 नए पालीटेक्निक शामिल किए जा सकें - अरुणाचल प्रदेश, जम्मू तथा कश्मीर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा तथा संघ शासित क्षेत्र अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह। परियोजना 17 जनवरी, 2001 से 1/2 वर्ष के लिए लागू कर दी गई।

क्षमता विस्तार

क) छः नए पॉलीटेक्निक स्थापित करना, सभी मौजूदा पाठ्यक्रमों को चुस्त बनाना, नए डिप्लोमा तथा इसको उच्चतर पाठ्यक्रम शुरू करना, छात्रों की नामांकन क्षमता में वृद्धि करना तथा पुरुषों और महिलाओं के लिए छात्रावास सीटें बनाना।

ख) सतत शिक्षा लागू करना, लगभग 8000 ग्रामीण बेरोजगार युवकों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक परियोजना संस्थान में प्रौद्योगिकी का अन्तरण और सामुदायिक सेवा।

गुणात्मक सुधार

क) परियोजना पॉलीटेक्निकों में सभी अध्यापकों को प्रतिवर्ष कम से कम चार सप्ताह के लिए नई प्रौद्योगिकियों, शिक्षा प्रौद्योगिकी और उद्योग में प्रशिक्षित करना।

ख) सभी पॉलीटेक्निकों में अधिगम संसाधन उपयोग केन्द्र स्थापित करना और अध्ययन में मीडिया का प्रयोग।

ग) सभी छात्रों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा।

घ) विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, उत्पादन प्रौद्योगिकी, वस्त्र और परिधान उद्योग प्रौद्योगिकी तथा मोटर वाहन अनुरक्षण में उच्च तकनीकी पाठ्यक्रम और विषय लागू करना।

ङ) एमपीईसीएस के माध्यम से पाठ्यक्रम नमनशीलता लागू करना।

च) प्रत्येक नियमित छात्र के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण के प्रावधान।

प्रभाविता में सुधार

क) संस्थानों को लागत वसूली के योग्य बनाना।

ख) प्रत्येक परियोजना संस्थान को समुचित मात्रा में शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करना।




विश्व में भारत के पास विशालतम वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति है। इसके पास विशाल शैक्षिक आधारिक तंत्र मौजूद है। आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, आईएसएम जैसे संस्थान तथा जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय इग्नू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालय विश्वविख्यात हैं। ये संस्थान उन्नत देशों में स्थित संस्थानों के साथ बराबरी के आधार पर सहयोग कर सकते हैं।

ग) प्रत्येक राज्य में तकनीकी शिक्षा निदेशालयों तथा वोर्ड स्थापित करना अथवा उनका सुदृढ़ीकरण।

घ) संस्थानगत अभिशासन, शैक्षणिक क्रियाकलापों तथा संगठन जुटाने में उद्योगों और समुदाय को सहायोग देने से प्रोत्साहित करना।

एजूकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिट (एड.सिल)

एडसिल की स्थापना भारत सरकार के एक उद्यम के रूप में 1981 में तकनीकी सहायता पर बल देते हुए विभिन्न शैक्षिक परियोजनाएं कार्यान्वित करने के लिए की गई थी जैसेकि शैक्षिक संस्थानों की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजनाएं रिपोर्ट तैयार करना, पाठ्यचर्या विकसित करना, जनशक्ति आवश्यकता का निर्धारण, सर्वेक्षण करना आदि। बाद में इसके ध्यातव्य क्षेत्र का विकास हो गया और अब इसके क्रियाकलापों में इन कार्यक्रमों से संबंधित क्रियाकलाप शामिल हैं: विदेशों में भारतीय शिक्षा प्रणाली की प्रोन्नति करना, भारतीय संस्थानों में विदेशी छात्रों का स्थानन एडसिल के विदेशों में स्थित और भारत के ग्राहकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञों का प्रेषण/भर्ती। पिछले कुछ वर्षों में एडसिल ने अपने कार्यक्षेत्र का और विस्तार कर दिया है और उसने टर्नकी निर्माण तथा प्रापण योजनाओं (शैक्षिक संस्थानों पर बल देते



हुए) के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों में दाखिले तथा भर्ती के लिए प्रशिक्षण क्रियाकलाप भी हाथ में लिए हैं।

एडसिल सरकारी क्षेत्र का एक लाभ अर्जित करने वाला उद्यम है और वह पिछले 15 वर्षों से लाभ कमा रहा है तथा भारत सरकार को नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग

विश्व में भारत के पास विशालतम वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति है। इसके पास विशाल शैक्षिक आधारिक तंत्र मौजूद है। आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, आईएसएम जैसे संस्थान तथा जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय इग्नू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालय विश्वविख्यात हैं। ये संस्थान उन्नत देशों में स्थित संस्थानों के साथ बराबरी के आधार पर सहयोग कर सकते हैं। भारत ने शिक्षा, आयोजना और प्रशासन के विकास के लिए देश के भीतर ही आधारिक तंत्र विकसित किया है (जैसे यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीईआरटी, नीपो, टीटीटीआई, एनसीटीई तथा एडसिल)। इनकी सुविधाओं का आदान अन्य विकासशील देशों के साथ किया जा सकता है। हमारे व्यावसायिक संस्थानों में सामान्य दाखिले के बाद 15% स्थान विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित रहते हैं। सामान्य शिक्षा धारा में विदेशी छात्रों के दाखिले की कोई सीमा नहीं है। इनका प्रभावी रूप से प्रयोग किए जाने की जरूरत है।

पिछले कुछ समय से द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग माडलों में भारतीय पक्ष से एक से अधिक संस्थान शामिल रहते हैं। उदाहरण के लिए फ्रांसिसी और भारतीय संस्थानों से जुड़े अधिगम संसाधन विकसित करने के लिए एक सहयोगात्मक परियोजना पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संयुक्त आयोग में सहमति हुई है। ऐसी परियोजनाओं में एक से अधिक भारतीय संस्थान शामिल रहेंगे। इसके अलावा वित्तपोषण के सामान्य दायित्वों को केवल यही नहीं कि विदेशों से आने वाले व्यक्तियों के स्थानीय आतिथ्य की पूर्ति करनी होगी बल्कि इस प्रयोजन के लिए विदेश जाने वाले भारतीय प्रतिनिधि मंडल के अंतर्राष्ट्रीय हवाई भाड़े की भी पूर्ति करनी होगी क्योंकि कोई अकेला संस्थान शामिल नहीं होता, व्यय मंत्रालय को उठाना पड़ता है।

यह भी महसूस किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को अधिक प्रभावी रूप से तब बढ़ावा दिया जा सकता

है जब कि संयुक्त परियोजनाओं का वित्तपोषण विदेशी भागीदारों के साथ बराबरी के आधार पर किया जाए। 'अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग' शीर्ष से बजट प्रावधान के बल पर तकनीकी शिक्षा में संयुक्त सहयोगात्मक परियोजनाओं के भारतीय दायित्वों के पारस्परिक वित्तपोषण पर विचार किया जा सकेगा।

अनुमोदित सांस्कृतिक कार्यक्रम/शैक्षिक विनिमय एस तथा टी कार्यक्रम में तकनीकी संस्थान को सहायता, विदेशी प्रतिनिधि मंडल की यात्रा विदेश में प्रतिनिधि मंडल भेजने, तकनीकी सहायता के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन आयोजित करने पर होने वाला खर्च।

अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग के निम्न पक्ष कार्यान्वित किए जाने हैं:

- संकाय का प्रेषणः एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकाक, तकनीकी शिक्षा के लिए कोलम्बो प्लान स्टाफ कोलेज, महिला तथा एएसईएएन, अफ्रीका और एशियाई उपमहाद्वीप में स्थित अन्य संस्थानों जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों और अन्य किसी देश से जहां भारतीय संकाय की मांग मौजूद है अथवा पैदा होती है, संकाय का प्रेषण।
- शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम के अधीन करार के अनुसार शैक्षिक आयोजन और प्रबंध संस्थान आदि स्थापित करने के लिए परामर्श।
- विदेशी संस्थानों के साथ शैक्षणिक विनिमय के लिए संस्थानों द्वारा हस्ताक्षरित एमओडी के आधार पर उनके प्रस्तावों के लिए सहायता।
- शैक्षिक विनिमय कार्यक्रमों विज्ञान और प्रौद्योगिकी करारों तथा अन्य अन्तःसरकार करारों के संबंध में उपर्युक्त प्रावधानों से इतर प्रावधानों का कार्यान्वयन और इस प्रायोजन के लिए भारतीय दायित्वों की पूर्ति।
- विदेशों में भारतीय प्रणाली के प्रसार के लिए तथा भारत और दूसरे देशों के शैक्षिक मुद्दों पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित करना।
- सरकार द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अन्य क्रियाकलाप शुरू करना।
- विकासशील देशों में भारतीय शिक्षा केन्द्र खोलना ताकि भारतीय संस्थानों विदेशी छात्रों का आगमन सुकर बनाया जा से।



पिछले कुछ समय से द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग माडलों में भारतीय पक्ष से एक से अधिक संस्थान शामिल रहते हैं। उदाहरण के लिए फ्रांसिसी और भारतीय संस्थानों से जुड़े अधिगम संसाधन विकसित करने के लिए एक सहयोगात्मक परियोजना पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संयुक्त आयोग में सहमति हुई है। ऐसी परियोजनाओं में एक से अधिक भारतीय संस्थान शामिल रहेंगे।

कनाडा-भारत संस्थान उद्योग संबंध परियोजना सीआईआईआईएलपी

कनाडा-भारत संस्थान उद्योग संबंध परियोजना कनाडा सरकार और भारत सरकार द्वारा अनुसमर्थित तथा कनाडा अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी सीडा द्वारा वित्तपोषित एक द्विपक्षीय तकनीकी शिक्षा परियोजना है। इस परियोजना के लिए कनाडा कार्यान्वयन एजेंसी सामुदायिक कालेज संघ एसीसीसी है। भारतीय पक्ष की तरफ से प्रमुख पणधारी केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और परियोजना राज्यों के तकनीकी शिक्षा निदेशालय हैं।

यह परियोजना पांच राज्यों में कार्यान्वित की जाती है जो इस प्रकार हैं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और छत्तीसगढ़।

यह परियोजना इन माध्यमों से परियोजना राज्यों में तकनीकी शिक्षा प्रणाली की दक्षता और प्रभाविता में सुधार लाने की दृष्टि से तैयार की गई हैः तकनीकी संस्थानों और उद्योगों के बीच तथा प्रभावी तालमेल और संबंध के लिए संधारणी माडल तैयार करना, संधारणीयता सुनिश्चित करना और परियोजना पहलों की पुनरावृत्ति को बढ़ावा देना तथा, मानव संसाधन विकास मुद्दों में निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा देना।

परियोजना का उद्देश्य यह है कि बदलते हुए समाजार्थिक वातावरण के प्रति तकनीकी शिक्षा प्रणाली को अधिक

अनुक्रियाशील बनाने की दिशा में भारत सरकार की मदद की जाए।

परियोजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाती है - प्रारंभिक चरण और कार्यान्वयन चरण। प्रारंभिक चरण मई 1999 में शुरू होकर दिसम्बर 1999 में पूरा कर लिया गया था। कार्यान्वयन चरण की शुरूआत जनवरी 2000 में हुई थी।

भारत सरकार इस परियोजना को दिसम्बर 2003 के बाद एक वर्ष की अवधि तक बढ़ाने को सहमत हो गई है।

यह परियोजना भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग संयुक्त सचिव टी की अध्यक्षता में गठित संयुक्त परियोजना संचालन समिति जेपीएससी के समग्र मार्गदर्शन और देखरेख में कार्यन्वित की जाती हैं। परियोजना के कार्यान्वयन के रोजमर्रा के क्रियाकलापों के अनुश्रवण के लिए राष्ट्रीय परियोजना निदेशालय एनपीडी तथा इन-इंडिय कार्यकारी दल आईआईडब्ल्यूजी जिम्मेदार है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव टी को राष्ट्रीय पिरयोजना निदेशक तथा इन-इंडिया कार्यकारी दल के अध्यक्ष के रूप में पदनामित किया गया है। भारत में परियोजना कार्यान्वयन कार्यालय सम्प्रति, पूणे महाराष्ट्र में स्थित है।

वर्ष के दौरान भारत में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

- सामरिक आयोजन में प्रशिक्षण कार्यक्रम और 2002-2003 के लिए एसपी की प्रबंध समीक्षा तथा डीओटीई और संस्थानों के लिए एसपी 2003-2004 तैयार करना।
- क्षमता आधारित शिक्षा सीबीई विकसित करने में प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- डीओटीई स्टाफ के लिए एमआईएस प्रशिक्षण।
- प्रबंध उद्यमशीलता और क्षमता आधारित कार्यक्रम कौशलों में प्रशिक्षण।
- डब्ल्यूआईडी क्रियाकलापों का अभिज्ञान।



- उद्योग द्वारा याचित कार्यक्रम के लिए सीबीई-आधारित पाठ्यचर्या का विकास।

तकनीशियन शिक्षा के लिए कोलम्बो प्लान स्टाफ कालेज सीपीएससी

तकनीशियन शिक्षा के लिए कोलम्बो प्लान स्टाफ कालेज, कोलम्बो योजना की एक विशेषज्ञताप्राप्त एजेंसी है। इसकी स्थापना वेलिंगटन, न्यूजीलैण्ड में 5 दिसम्बर, 1973 को आयोजित योजना की 23वीं परामर्शदात्री समिति की बैठक के समय की गई थी। इस बैठक का उद्देश्य यह था कि सदस्य देशों की अपनी तकनीशियन शिक्षण प्रणालियां विकसित और संवर्द्धित करने में उनकी मदद की जाए। पहली मेजबान सरकार के रूप में सिंगापुर गणराज्य ने 1974 में 12 वर्षों के लिए इस एजेंसी का दायित्व स्वीकार कर लिया और इस प्रकार इस एजेंसी ने 1974 में काम करना शुरू कर दिया। 1986 में सीपीएससी मनीला, फिलीपींस में अंतरित हो गई।

कोलम्बो प्लान स्टाफ कालेज इन अर्थों में एक अनूठा संगठन है कि वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तकनीशियन शिक्षा और प्रशिक्षण में गुणवत्तात्मकता से संबंधित मुद्दों की ओर ध्यान देने वाला एकमात्र क्षेत्रीय संस्थान हैं। इस स्टाफ कालेज का उद्देश्य यह है कि तकनीशियन शिक्षा में तकनीशियन अध्यापक-प्रशिक्षकों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठ स्टाफ की आवश्यकता की पूर्ति करके कोलम्बो योजना क्षेत्र में तकनीशियन शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। सेवाकालीन प्रशिक्षण और स्टाफ विकास कार्यक्रमों में तकनीशियन शिक्षा से जुड़े अध्यापक/प्रशिक्षक/सीनियर स्टाफ अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

सीपीएससी, मनीला द्वारा क्षेत्रीय कार्यक्रमों के अलावा अन्तर्देशीय कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। 2003-2004 के दौरान आयोजित कुछेक कार्यक्रम नीचे दर्शाए गए हैं

क्षेत्रीय कार्यक्रम	महीना/वर्ष	स्थान
टीईटी में गुणवत्ता इंजीनियरी और पुनःइंजीनियरी	10.11.2003 से 21.11.2003 तक	केआईटीसी, श्रीलंका
अन्तर्देशीय कार्यक्रम		
शिक्षा में उभरती प्रवृत्तियां	27.1.2003 से 7.2.2003 तक	टीटीटीआई, कलकत्ता .

भारत सरकार का तकनीकी शिक्षा गुणवत्तात्मक सुधार कार्यक्रम

भारत सरकार के तकनीकी शिक्षा गुणवत्तात्मक सुधार टीईक्यूआईपी की परिकल्पना एनपीई 1986 1992 में यथासंशोधित के अनुसरण में की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में भारत सरकार के प्रयासों को बढ़ाना और समर्थन देना तथा संस्थानों की मौजूदा क्षमताओं का संवर्द्धन करना है जिससे कि वे गतिशील, मांग-प्ररित, गुणवत्ता के प्रति सचेत, प्रभावशाली, दूरदर्शी तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर होने वाली तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय घटनाओ के प्रति संवेदी बन सकें।

टीईक्यूआईपी के स्थूल लक्ष्य नीचे दिए गए हैं:

- एक ऐसा वातावरण तैयार करना जिसमें कार्यक्रम के अधीन चयनित इंजीनियरी संस्थान उत्कृष्टता के स्वयं निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति कर सके और स्वायत्तता तथा जवाबदेही के साथ उन्हें बनाए रख सके।
- सहक्रियात्मक नेटवर्क सहित विकास योजनाओं और समुदाय के लिए सेवा तथा उच्चतर स्तरों की प्राप्ति के लिए प्रतियोगात्मक ढंग से चुने गए संस्थानों की अर्थव्यवस्था का समर्थन करना।
- राज्यों में तथा कार्यक्रमों के अधीन चुने गए संस्थानों में तकनीकी शिक्षा प्रबंध प्रणाली की प्रभाविता और प्रभावक्षमता में सुधार लाना।

टीईक्यूआईपी बहुराज्य, दीर्घकालीन कार्यक्रम के रूप में एक केन्द्र समन्वित कार्यक्रम की भांति परस्पर व्यापी चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। प्रत्येक चरण के अधीन उत्तम निष्पादन वाले संस्थानों के लिए प्रतियोगात्मक ढंग से चयन के दो से तीन चक्र आयोजित किए जाएंगे।

प्रथम चरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी आईडीए के साथ कार्यक्रम संबंधी बातचीत सितम्बर 2002 में हुई थी। कार्यक्रम 12 मार्च 2003 से लागू है।

पहले चरण के पहले चक्र के लिए कार्यक्रम में भाग लेने के प्रयोजन से छ राज्यों अर्थात हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश का उनकी प्रतिबद्धता और तत्परता के आधार पर चुना गया है। इन राज्यों में से 12 मार्गदर्शी संस्थानों केन्द्रीय वित्तपोषित पांच संस्थान एनआईटी सहित तथा 28 नेटवर्क संस्थानों का चयन किया गया है। पहले

चरण के दूसरे चक्र में 7 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखण्ड, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तरांचल और पश्चिम बंगाल का चयन किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा


माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण में शैक्षिक अवसरों के वैविध्यकरण का प्रावधान है ताकि व्यक्तिगत रोजगार संभाविता बढ़ायी जाए, कुशल जनशक्ति की मांग और पूर्ति के बीच बेमेल की स्थिति को कम किया जाए तथा इसमें उच्च शिक्षा में जाने वालों के लिए विकल्प प्रस्तुत किया गया है।

+2 स्तर पर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना 1988 से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में निम्न प्रयोजनों के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता दिए जाने का प्रावधान है प्रशासनिक तंत्र स्थापित करना, क्षेत्र व्यावसायिक सर्वेक्षण, पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तक, कार्यपुस्तक, पाठ्यचर्या निर्देशिका, प्रशिक्षण नियम पुस्तिका, अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना, अनुसंधान और विकास, प्रशिक्षण और मूल्यांकन आदि के लिए तकनीकी सहयोग प्रणाली का सुदृढ़ीकरण। साथ ही इसमें अल्पकालीन पाठ्यक्रमों को आयोजन करने के लिए विशिष्ट नवाचारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के निमित्त एनजीओ और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता दिए जाने का प्रावधान भी है। इस योजना ने अभी तक 7300 स्कूलों में 20600 सेक्शनों का विशाल आधारित तंत्र का निर्माण कर दिया है और इस प्रकार 12 स्तर पर लगभग 10 लाख छात्रों को दूसरी धारा में डाल दिया है और अभी तक 700 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा चुका है।


इस योजना का अनेक एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन/समीक्षा की गई है जैसेकि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित अनौपचारिक समूह द्वारा 1993 में, सहक्रिया समूह द्वारा 1995 में, आपरेशन अनुसंधान समूह द्वारा 1996 में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी के कार्यकारी दल द्वारा 1998 में तथा अनुसंधान आयोजना और कार्रवाई केन्द्र सीईआरपीए द्वारा 1999 में। विभिन्न समीक्षा समूहों/समितियों की सिफारिशों के आधार पर 12 स्तर पर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण की योजना संशोधित की जा रही है तथा व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण वीई तथा टी की एक नई योजना तैयार की गई है। वीईटी की योजना एक अलग धारा होगी जिसका उद्देश्य यह है कि छात्रों को ऐसे अभिज्ञात व्यवसाय के लिए तैयार किया जाए जिसके क्रियाकलाप कई वर्षों तक चलते रहे। यह पाठ्यक्रम माड्यूलर, क्रेडिट-आधारित होंगे जिनमें ऊर्ध्वाधर और पार्श्विक गतिशीलता होगी। इसमें छात्रों को ऐसे व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने की बात सोची गई है जिसमें स्वरोजगार अथवा मजदूरी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। प्रस्तावित संशोधित योजना के अधीन योजना के कार्यान्वयन के सभी स्तरों अर्थात पाठ्यक्रमों को अभिज्ञात करने, पाठ्यचर्या तैयार और डिजाइन करने से लेकर वास्तविक कार्यस्थल प्रशिक्षण तक उद्योग और प्रयोक्ता संगठनों को सहयोजित किया जाएगा। बहुकौशल प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध रहेंगे जिससे कि रोजगार पाने की उनकी संभावना में सुधार लाया जा सके।

12

भाषाएं, पुस्तक प्रोन्नति, कापीराइट तथा छात्रवृत्तियां



गैर-सरकारी संगठनों द्वारा पुस्तक प्रोन्नति क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय पुस्तक प्रोन्नति क्रियाकलापों के संबंध में संगोष्ठियाँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों और प्रकाशकों तथा लेखकों के संघों को सहायता-अनुदान देता है।



भाषा की प्रोन्नति

आलोच्य वर्ष के दौरान जारी रखे गए कतिपय महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में ये शामिल हैं: विभिन्न संस्कृत संस्थानों के माध्यम से संस्कृत भाषा की प्रोन्नति तथा विकास; हिन्दी का विकास और अहिन्दीभाषी राज्यों के हिन्दी अध्यापकों का प्रशिक्षण; सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक प्रयोग करते हुए आठवीं अनुसूची की सभी भारतीय भाषाओं की प्रोन्नति; भारतीय भाषाओं के अध्यापकों की नियुक्ति; शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम; प्रतिभाशाली बच्चों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम और साथ ही अहिन्दीभाषी राज्यों के हिन्दी पढ़ने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति; बौद्धिक संपदा अधिकारों पर पुस्तक और कार्यशाला; शैक्षिक संस्थानों तथा अन्य संस्थानों के माध्यम से कापीराइट अधिनियम का प्रबंध; विख्यात संगठनों की सहायता से स्कूलों और अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में शिक्षा में सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों का सुदृढ़ीकरण।

इन सभी स्कीमों को अगले वित्तीय वर्ष मं जारी रखा जाएगा। संस्कृति और मानवीय मूल्यों में शिक्षा की स्कीम को व्यापक प्रसार के लिए सुदृढ़ीकृत किया जा रहा है तथा प्रतिभाशाली छात्रों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम से संशोधित किया जा रहा है। इसी प्रकार संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए स्कीम भी संशोधित की जा रही है तथा उसका और आगे सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (सीएचडी)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 की भावना का अनुपालन करते हुए भारत सरकार ने शिक्षा मंत्रालय (अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग) के अधीन 1 मार्च, 1960 को केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना की। संस्था का उद्देश्य है - हिन्दी का इस तरह से प्रचार और विकास करना कि वह देश की संपर्क भाषा बने।

यह निदेशालय दिल्ली में अवस्थित है। इसके अलावा, संगठन के चार क्षेत्रीय कार्यालय चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और गुवाहटी में कार्यरत हैं। इन क्षेत्रीय कार्यालयों का दायित्व राज्य सरकारों और स्वैच्छिक हिन्दी संस्थाओं के साथ निदेशालय के कार्यकलाप का समन्वय करना है। उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने निम्न योजनाएं हाथ में ली हैं।

भाषा संवाद निर्देशिका योजना के अंतर्गत निदेशालय द्विभाषी हिन्दी कोष और अन्य भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के साथ संवाद निर्देशिकाएं प्रकाशित करता है। इस योजना के अंतर्गत 15 द्विभाषी, 14 त्रिभाषी और 3 बहुभाषी कोष और 19 वार्तालाप निर्देशिकाएं प्रकाशित की जा चुकी हैं। बंगला-हिन्दी-अंग्रेजी, चीनी-हिन्दी कोष तथा हिन्दी पोलिश वार्तालाप निर्देशिकाओं का प्रकाशन गत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। इस वर्ष 12 द्विभाषी, दो त्रिभाषी कोष तैयार किए जा रहे हैं।

विभिन्न विस्तार कार्यक्रमों के अंतर्गत वार्षिक रूप से निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं :

- **गैर-हिन्दीभाषी छात्रों का अध्ययन-भ्रमण** - स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी पढ़ने वाले अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के छात्रों के लिए दो अध्ययन-भ्रमण आयोजित किए गए।
- **नव-लेखक कार्यशालाएं** - चार कार्यशालाएं आयोजित की गई जिनमें से प्रत्येक में 25 नव-लेखकों ने भाग लिया। अहिन्दीभाषी नव-लेखकों को कहानी, कविता, एकांकी, अनुवाद, पत्रकारिता आदि विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तृत और अधुनातम जानकारी दी गई। इस वर्ष अब तक 8 कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है।
- **हिन्दी में पुस्तकें लिखने वालों अहिन्दीभाषी लेखकों के लिए पुरस्कार** - अहिन्दीभाषी लेखकों को हिन्दी में लेखन के निमित्त प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अहिन्दीभाषी लेखकों को मौलिक पुस्तकें लिखने, हिन्दी में अनुवाद करने के लिए एक-एक लाख रुपए के 19 पुरस्कार दिए जाते हैं। इस वर्ष 15 अहिन्दीभाषी लेखकों को इन पुरस्कारों के लिए चुना गया।
- **शिक्षा पुरस्कर योजना** - हर वर्ष एक लाख रुपए के 5 पुरस्कार, हिन्दीभाषी और अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के लेखकों को, शिक्षा के विभिन्न पहलुओं-जैसे कि शिक्षा, नीति, प्राथमिक/मिडिल/उच्चतर शिक्षा, नैतिकता, पर्यावरण, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा पर उत्कृष्ठ मौलिक पुस्तकें लिखने के लिए दिए जाते हैं।
- **प्राध्यापक व्याख्यानमाला कार्यक्रम** के अंतर्गत अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों के चार व्याख्याता और हिन्दीभाषी क्षेत्रों के चार व्याख्याता क्रमशः तीन हिन्दीभाषी क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों और 3 अहिन्दीभाषी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों का दौरा करते हैं और वहां वे स्थानीय व्याख्याताओं एवं छात्रों के साथ विचार-विमर्श करते हैं तथा हिन्दी साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों पर व्याख्यान देते हैं। इस वर्ष 7 व्याख्याताओं ने विभिन्न विश्वविद्यालयों का दौरा किया।
- **राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ** - दो राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गई जिनमें हिन्दी साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तृत साहित्यिक विचार-विमर्श किया गया।
- **अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के हिन्दी शोधार्थियों को वित्तीय सहायता**- अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के 20 अहिन्दीभाषी शोधकर्ताओं को शोध सामग्री एकत्र करने के लिए भ्रमण अनुदान दिया गया।

प्रकाशन योजना के अंतर्गत एक द्विमासिक पत्रिका, भाषा, अगसत, 1961 से नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही है। मई-जून, 2002 में सूचना प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषाएं विषय पर इसका विशेषांक प्रकाशित किया गया।

निदेशालय हिन्दी पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएं खरीदता है और अहिन्दीभाषी क्षेत्र के स्कूलों, कालेजों एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों को निःशुल्क भेजता है। इस वर्ष लगभग 1000 संस्थाओं को 65 पुस्तकें भेजी गई हैं। विभिन्न अहिन्दीभाषी क्षेत्रों में 8 पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गई और आशा है कि छः और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी।

निदेशालय अंग्रेजी, तमिल, मलयालम और बंगला के माध्यम से और पत्राचार द्वारा अहिन्दीभाषा भारतीयों और विदेशियों के लिए एक वर्ष का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। इसके अलावा, (अंग्रेजी माध्यम से) प्रबोध, प्रवीण और प्रज्ञा कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। सिविल सेवा परीक्षा में हिन्दी विषय लेने वाले पूर्वी क्षेत्रों के हिन्दीभाषी उम्मीदवारों के लिए (अंग्रेजी माध्यम से) एक हिन्दी सिविल सेवा पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है।

इस समय प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 8000 छात्र पंजीकृत हैं। 2051 छात्रों को प्रबोध, प्रवीण और प्रज्ञा कार्यक्रमों के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है, जबकि सिविल सेवा हिन्दी पाठ्यक्रम के अंतर्गत 52 पंजीकृत किए गए हैं।

निदेशालय हिन्दी की प्रोन्नति के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता की योजना और हिन्दी पुस्तकों के प्रकाशन एवं खरीद के लिए वित्तीय सहायता की योजना भी क्रियान्वित करता है। पहली योजना के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक हिन्दी संस्थाओं को केन्द्रीय अनुदान समिति की सिफारिश पर अनेक कार्यकलापों - जैसेकि हिन्दी शिक्षण कक्षाएं चलाना, हिन्दी आशुलिपि और टंकण कक्षाएं चलाना और हिन्दी पुस्तकालयों, वाचनालयों के संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

दूसरी स्कीम के अधीन वित्तीय वर्ष के दौरान 224 बीएचओ को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आर्थिक सहायता के लिए 142 बीएचओ को पहले ही

मंजूरी दी जा चुकी है जबकि पूर्वोत्तर राज्यों के 80-85 डीएचओ के मामले पर विचार किया जाना बाकी है।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग

हिन्दी और अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं के समरूप शब्दावली विकसित करने और शिक्षण के सभी क्षेत्रों में पाठ्य-पुस्तकों, पूरक पठन सामग्री और संदर्भ साहित्य तैयार करने के लिए- ताकि विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम को सुगमता से बदला जा सके - 1961 में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की गई थी।

आयोग को सौंपा गया एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण दायित्व है - हिन्दी और अन्य आधुनिक भाषाओं में तकनीकी शब्दावली का संवर्धन और विकास। अब तक समस्त प्रमुख विषयों से संबंधित 7.5 लाख तकनीकी हिन्दी समानार्थी शब्दों को तैयार कर अंतिम रूप दिया जा चुका है।

वर्ष 2002 में 16000 शब्दों वाली पुस्तक 'ए कंप्रीहैंसिव ग्लासरी आफ एडमिनिस्ट्रेटिव टर्म्स' का नया संस्करण प्रकाशित किया गया। अब तक सूचना प्रौद्योगिकी के 10,000 तकनीकी शब्द सीडिज में उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम से बदलने के घनिष्ठ संबंध विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों की कालेज पुस्तकों के पर्याप्त संख्या में प्रकाशन से है। इस बात को दृष्टि में रख कर, हिन्दी ग्रंथ अकादमियों, राज्य पाठ्यपुस्तक बोर्डों और विश्वविद्यालय प्रकोष्ठों को सीएसटीटी के माध्यम से अनुदान उपलब्ध कराए जाते हैं। सीएसटीटी को इन सभी एजेंसियों के कार्य का समन्वयन और उनकी प्रगति के अनुश्रवण का कार्य सौंपा गया है। अब तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत 141,000 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें से 3100 पुस्तकें हिन्दी में और लगभग 10,500 पुस्तकें अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं में हैं। कृषि, चिकित्सा और इंजीनियरिंग की पुस्तकों का प्रकाशन सीएसटीटी खुद करता है। इन विषयों की लगभग 500 पुस्तकें प्रकाशित की गई है।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द उनकी परिभाषा के संदर्भ में ही सबसे अच्छी तरह समझे जा सकते हैं। अतः सीएसटीटी ने सभी विषयों में परिभाषा-शब्दावलियाँ तैयार की हैं। अब तक लगभग सभी बुनियादी विज्ञानों, मानविकी, सामाजिक विज्ञानों और कई अन्य विशेपीकृत विषयों की 60 परिभाषा-शब्दावलियाँ प्रकाशित की जा चुकी हैं।

जुलाई, 2002 के दौरान माननीय मानव संससाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी ने भौतिकी और प्राणी विज्ञान की परिभापात्मक शव्दावलियों के दूसरे संस्करणों का विमोचन किया।

हिन्दी में विज्ञान लेखन के विकास और उपयुक्त शैली में सहायता करने और साथ ही ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अधुनातम जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसटीटी ने क्रमश वैज्ञानिकों और सामाजिक विज्ञानियों के लिए दो तिमाही पत्रिकाओं 'विज्ञान गरिमा सिंधु' और 'ज्ञान गरिमा सिंधु' कास प्रकाशन आरंभ किया है।

2003-04 की अवधि के दौरान कृषि विज्ञान विशेषांक के रूप में विज्ञान गरिमा सिंधु प्रकाशित किया गया। विज्ञान गरिमा सिंधु के 41वें, 42वें ओर 43वें अंक प्रकाशन के लिए सरकारी मुद्रणालय को भेजे गए। 45वें, 46वें और 47वें अंक का संपादन कार्य पूरा कर लिया गया।

केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल, आगरा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग) के समग्र नियंत्रणाधीन केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल, आगरा भारत सरकर द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्थान है। मंडल अपने तत्वावधान में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान चलाता है जिसका मुख्यालय आगरा में है तथा दिल्ली, हैदराबाद, मैसूर, गुवाहटी और शिलांग में इसके केन्द्र हैं।

संस्थान निम्नलिखित पाठ्यक्रम चलाता है:

- हिन्दी शिक्षण, निषांत (एम.एड.स्तर);
- हिन्दी शिक्षण, पारंगत, (बी.एड.स्तर); और
- हिन्दी शिक्षण, प्रवीण, चार वर्षीय हिन्दी शिक्षण डिप्लोमा और गहन हिन्दी शिक्षण प्रबोधन पाठ्यक्रम।

अपने केन्द्रों के अलावा, संस्थान अहिन्दीभाषी राज्यों के हिन्दी शिक्षकों के लिए, लेह, सिक्किम, अंडमान और निकोबार और दिऊ जैसे दूरस्थ स्थानों पर भी, अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित करता है।

संस्थान 'विदेशों में हिन्दी प्रचार योजना' के अंतर्गत आगरा में

विदेशियों को हिन्दी पढ़ाने का कार्यक्रम भी चलाता है। विदेशियों के लिए एक दूसरा मिलाजुला हिन्दी पाठ्यक्रम संस्थान के दिल्ली केन्द्र में चलाया जाता है। अब तक 71 देशों के 2075 छात्र हिन्दी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस वर्ष के दौरान ससथान ने सभी शिक्षण और प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश में वृद्धि की है ताकि हिन्दी शिक्षकों और विदेशी छात्रों की मांग को पूरा किया जा सके। इस वर्ष के दौरान विभिन्न भाषाई क्षेत्रों के लिए भाषा प्रौद्योगिकी और श्रवण सामग्री का कार्य भी प्रारंभ किया गया।

संस्थान की जनजातीय भापा शोध इकाई भाषा शिक्षण सामग्री तैयार करने का कार्य करती है। दीमापुर (नागालैंड) के लिए सामाजिक अध्ययन भाग-III की एक पाठ्यपुस्तक (सामाजिक अध्ययन भाग-III) प्रकाशित की जा चुकी है। विभिन्न भाषाई क्षेत्रों, विशेषकर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए उपचारी श्रवण सामग्री की तैयारी में भाषा प्रौद्योगिकी और दृश्य-श्रव्य इकाई शामिल है।

इस वर्ष के दौरान संस्थान ने बी.एड. पाठ्यक्रम में दूरस्थ शिक्षा हेतु एक प्रमुख पहलकदमी की और 800 छात्रों ने इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया।

संस्थान ने शोध सामग्री भी प्रकाशित का - हिन्दी भाषा और साहित्य से संबंधित 4 पुस्तकें और 5 पत्रिकाएं।

हिन्दी सेवा सम्मान योजना के अंतमर्गत 2003-04 में 15 हिन्दी विद्वानों को हिन्दी शोध और सृजनात्मक साहित्य, एवं तकनीकी साहित्य और हिन्दी पत्रकारिता के विकास और प्रचार-प्रसार में असाधारण योगदान के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया। भारत के राष्ट्रपति ने ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में दिए।

दसवीं योजना में भाषा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वित्तीय सहायता की केन्द्र प्रायोजित योजना

इस योजना के 3 भाग हैं। यह निम्नलिखित के लिए वेतनों की व्यवस्था करती है :

(क) गैर-हिन्दी राज्यों के हिन्दी शिक्षक। यह कार्यक्रम दूसरी पंचवर्षीय योजना के समय से चल रहा है। इस घटक के अंतर्गत गैर-हिन्दीभाषी राज्यों के स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को वेतनों का भुगतान जारी रहेगा।

(ख) पर्याप्त अल्पसंख्यक जनसंख्या वाले जिलों के स्कूलों में उर्दू शिक्षक। यह योजना 1999 से चल रही है। यह योजना केवल उन 325 ब्लॉकों/जिलों में क्रियान्वित की जाएगी जहां पर्याप्त संख्या में शैक्षिक रूप से पिछड़ी अल्पसंख्यक आबादी है। इन क्षेत्रों की पहचान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा की गई थी।

(ग) उन हिन्दीभाषी राज्यों/संघ-शासित प्रदेशों में तीसरी दक्षिण भारतीय भाषा पढ़ाने के लिए आधुनिकतम भारतीय भाषा अध्यापक जो इसकी मांग करेंगे। यह योजना 1993-94 में आरंभ की गई है।

तीनों घटकों के बीच संपर्क बढ़ाने और बेहतर प्रशासनिक दक्षता के लिए योजनाओं को इनके घटकों में कोई बदलाव लाए बिना दसवीं योजना में एक साथ जोड़ा गया है।

10वीं पंचवर्षीय योजना में इस स्कीम के लिए 47.50 करोड़ रुपए का परिव्यय रखा गया है। 2003-04 के दौरान स्कीम के लिए बजट अनुमान 11.50 करोड़ रुपए था और 2003-04 के दौरान 11.10 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई।

क्षेत्रीय भाषा केन्द्रों सहित केन्द्रीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल), मैसूर

मैसूर स्थित केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान एक अधीनस्थ कार्यालय है, जो भारत सरकार की भाषा नीति विकसित करने और उसके कार्यान्वयन में मदद करता है और साथ ही भाशा विश्लेशण, भाषा शिक्षाशास्त्र, भाषा प्रौद्योगिकी तथा समाज में भाषा प्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान संचालित कर के यह भारतीय भाषाओं के विकास का समन्वय भी करता है। यह केन्द्रीय संस्थान तीन सांगोपांग योजनाओं के माध्यम से भारतीय भाषाओं को प्रोन्नत करता है।

पहली योजना के तहत जनजातीय भाषाओं समेत आधुनिक भारतीय भाषाओं में अनुसंधान, जनशक्ति विकास और सामग्री सृजन के माध्यम से भारतीय भाषाओं का विकास किया जाता है। इस योजना के तहत सरोकार के अन्य क्षेत्रों की ओर भी ध्यान दिया जाता हैः जिनमें ये शामिल हैः जनजातीय और सीमा क्षेत्र भाषाएं, सामाजिक-भाषाविज्ञान, ध्वनिविज्ञान, मनोवैज्ञानिक-भाषाविज्ञान, सामग्री सृजन और प्रशिक्षण, मूल्यांकन और परीक्षण, दूरस्थ शिक्षा, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, कोष-कला तथा अनुवाद।

दसवीं योजना के दौरान पूरे किए गए भौतिक लक्ष्य

आधारिक तंत्र विकास के घटक अर्थात् शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र गहन कार्यक्रम की योजना के अधीन वर्ष 2003-04 तक पूरे किए गए दसवीं योजना के भौतिक लक्ष्य।

- 2999 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक स्कूल खोलने/निर्मित करने के लिए संपूर्ण/आंशिक अनुदान दिया गया;
- लड़कियों के लिए सात आवासीय उच्च माध्यमिक स्कूल;
- 3876 अतिरिक्त क्लासरूमों का निर्माण;
- 79 प्राथमिक स्कूलों का उच्च प्राथमिक स्कूलों के रूप में और हाई स्कूलों का माध्यमिक स्कूलों के रूप में स्तरोन्नयन;
- बालिका उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए 20 छात्रावास भवनों का निर्माण;
- 2523 स्कूलों में टायलेट/पेशाबघरों का निर्माण;
- 1303 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलों में अध्यापन अधिगम सामग्री की व्यवस्था और 727 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालय पुस्तकों, अलमारियों और फर्नीचर आदि की व्यवस्था/96 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था/1206 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/ माध्यमिक स्कूलों का विद्युतीकरण/9 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलों में विज्ञान कक्षों/प्रयोगशालाओं का और 214 कंप्यूटरों की व्यवस्था करना

1993-94 से 2001-02 के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों को 788925 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है (नौवीं योजना अवधि के दौरान 699275 करोड़ रुपए)

दूसरी योजना के अंतर्गत राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा प्रतिनियुक्ति माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को अपनी मातृभाषा से अलग भाषाएं सिखाई जाती है। सात क्षेत्रीय भाषा केन्द्र इन भाषाओं में विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाते हैं : 1) असमी, 2) बंगला, 3) गुजराती, 4) कन्नड, 5) कश्मीरी, 6) मलयालम, 7) मणिपुरी, 8) मराठी, 9) नेपाली, 10) उड़िया, 11) पंजाबी, 12) सिंधी, 13) तमिल, 14) तेलुगु औरा 15) उर्दू।

तीसरी योजना के अंतर्गत व्यक्तियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को जनजातीय भाषाओं सहित भारतीय भाषाओं में (हिन्दी, उर्दू, सिंधी, संस्कृत और अंग्रेजी को छोड़कर क्योंकि इनका कार्य अन्य संस्थान देखते हैं) प्रकाशनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

सीआईआईएल द्वारा किए गए कार्यों के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु

योजना-1

- 17 जुलाई को संस्थान अपनी अनुवाद सेवा वेबसाइट www.anukriti.net आरंभ की।
- पहला भाषा-भारतीय सम्मान, 2001, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, बंगला, उर्दू और उड़िया (मातृभाषा से अलग भाषा लेखन के लिए) लेखन के लिए 23 अगस्त 2002 को छः लेखकों को दिया गया।
- इस अवधि में अब तक 10 कार्यशालाएं, संगोष्ठी और 5 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

योजना-2

- इस अवधि में 313 शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में 10 महीने का सघन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया।

योजना-3

- अनुदान सहायता समिति ने थोक खरीद योजना के अंतर्गत विभिन्न भाषाओं की 105 पुस्तकें खरीदने का निर्णय लिया।

दसवीं योजना के दौरान प्रस्तावित नई परियोजनाएं

1. **भाषा भारती:** भाषा भारती स्थापित करने का उद्देश्य यह है कि भारतीय भाषाओं और साहित्य के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र सुलभ रहे। इसे साहित्य अकादमी, एनबीटी, एआईआर, दूरदर्शन आदि के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। यह देश की बहुल-साहित्यिक और भाषायी भू-दृश्य प्रस्तुत करेगी और भारतीय भाषाओं के उच्च पाठों का सृजन करेगी।
2. **अनुकृतिः** अनुकृति सीआईआईएल, मैसूर की एक अनुवाद वेबसाइट है जिससे कि लेखों, अनुसंधान लेखों और पाठों के वास्तविक अनुवाद का आनलाइन प्रकाशन किया जा सके।
3. **लिपिका:** लिपिका भारतीय भापाओं की लेखन प्रणाली के लिए अधिगम सामग्री का निर्माण करने का काम करेगी।
4. **कथा भारती:** कथा भारती की स्थापना करने का उद्देश्य यह है कि भारतीय भाषाओं से अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में और भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद को बढ़ावा दिया जाए। शुरू में भारतीय भाषाओं में 100 प्राचीन ग्रंथ अंतर्राष्ट्रीय पाठक समुदाय के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।
5. **एलआईएस इंडिया:** इस परियोजना के अधीन सीआईआईएल भारत का भाषायी सर्वेक्षणहाथ में लेगा।
6. **'भारतीय भाषाओं के संदर्भ में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बदलता रूप' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला:** केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर और विज्ञान परिषद प्रयाग ने 19-20 मार्च, 2004 को विज्ञान परिषद सभागार में एक दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आचार्य विष्णु कांत शास्त्री ने किया और जिसमें विभिन्न राज्यों से आए लोगों ने भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने यह कहा कि देश में वैज्ञानिक स्वभाव भारतीय भाषाओं के माध्यम से उत्पन्न किया जा सकता है। वैश्वीकरण के इस युग में मनुष्य को अपने सम्मानपूर्ण स्थान की रक्षा करते हुए भारतीय भाषाओं के प्रयोग की चुनौती स्वीकार करनी चाहिए।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी ने 9.1.2004 को केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान का दौरा किया तथा सीआईआईएल परिसर में केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान मैसूर के अंतर्राष्ट्रीय गेस्ट हाऊस की नींव रखी।

केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान

अंग्रेजी के अध्ययन/अध्यापन में उल्लेखनीय सुधार लाने के विचार से केन्द्रीय सरकार प्रत्येक राज्य में कम से कम एक जिला अंग्रेजी भाषा केन्द्र स्थापित करने के लिए केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान (सीआईईएफएल), हैदराबाद के माध्यम से राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करती है। देश के विभिन्न भागों में जिला केन्द्र कार्यरत हैं। सरकार विभिन्न राज्यों में अंग्रेजी की दो क्षेत्रीय संस्थाओं और 9 अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थाओं को सीआईईएफएल के माध्यम से सहायता प्रदान करती है। इनके अलावा, स्वैच्छिक संस्थाओं/व्यक्तियों को अंग्रेजी में पुस्तकों के प्रकाशन और खरीद के लिए अनुदान दिए जाते हैं।

राष्ट्रीय उर्दू भाषा तरक्की परिषद (एनसीपीयूएल)

राष्ट्रीय उर्दू भाषा तरक्की परिषद् एक स्वायत्त निकाय है जो इन लक्ष्यों को लेकर कार्य करती हैं - 1) उर्दू भाषा की प्रोन्नति विकास और प्रचार; 2) उर्दू में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय विकास के ज्ञान को तथा साथ ही आधुनिक संदर्भ में विकसित विचारों को उपलब्ध कराने के लिए कार्य करना; 3) भारत सरकार को उर्दू से संबंधित शैक्षणिक मसलों पर परामर्श देना; और 4) उर्दू की प्रोन्नति के लिए परिषद द्वारा उपयुक्त समझा जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

सूचना प्रौद्योगिकी के परिदृश्य में उर्दू-भाषी आबादी को रोजगार पाने योग्य प्रौद्योगिकीय श्रमबल में बदलना और कंप्यूटर शिक्षा को तृणमूल स्तर तक पहुंचाना परिषद की एक महत्वपूर्ण पहलकदमी रही है। कंप्यूटर एप्लीकेशन और बहुभाषी सम्मानपूर्ण जीविका प्राप्त करने में मदद मिली है। 22 राज्यों और 98 जिलों में फैले 150 कंप्यूटरीकृत सुलेखन (कैलीग्राफी) प्रशिक्षण केन्द्रों में अब हर वर्ष 9000 निचले स्तर के पेशेवर तैयार हो रहे हैं।

यह एक अत्यंत रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम है और एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा कर लेने के बाद छात्र माध्यमिक स्तर के आईटी व्यावसायिक, कनिष्ठ प्रोग्रामर, ईडीपी सहायक, वेब डिजाइनर, डीटीपी आपरेटर, विजुअल डिजाइनर, प्रयोगशाला निर्देशक, कार्यालय सहायक तथा लेखा सहायक आदि का

रोजगार प्राप्त कर सकता है। श्रीनगर, रांची, बंगलौर, अमरोहा, लखनऊ और हैदराबाद में छः केन्द्र नितान्तः लड़कियों के लिए हैं जिनमें 300 लड़कियां कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। सभी केन्द्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार लगभग 62 प्रतिशत छात्रों से निजी क्षेत्र और शिक्षा संस्थानों में रोजगार मिल गया है।

11 राज्यों के 22 केन्द्रों में सुलेखन और ग्राफिक डिजाइन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ करने से उर्दूभाषी आबादी के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने 14 फरवरी, 2004 को प्लाट नं. 9, एफ.सी. 33, कालिंदी कुंज में (अपोलो अस्पताल, सरिता विहार, नई दिल्ली के निकट) परिषद के मुख्यालय के नए परिसर की नींव रखी।

उर्दू लिपि को लोकप्रिय बनाने के लिए दूरस्थ पद्धति से उर्दू शिक्षण का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम आरंभ किया गया था और हर वर्ष लगभग 10,000 छात्र इसका लाभ उठाते हैं। राष्ट्रीय लक्ष्यों और राष्ट्रीय मानकों को दर्शाने वाली उत्कृष्ट पाठ्यपुस्तकों, विश्व कोषों औरा शब्दकोषों के प्रकाशन द्वारा इस कार्यक्रम को अनुपूरित किया गया। आलोच्य वर्ष में एनसीपीयूएल ने एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए संशोधित पाठ्यक्रम की पचास पुस्तकों का अनुवाद किया।

राष्ट्रीय सिंधी भाषा प्रोन्नति परिषद (एनसीपी एसल), वड़ोदरा

राष्ट्रीय सिंधी भाषा प्रोन्नति परिषद, वड़ोदरा की स्थापना, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त पंजीकृत निकाय के रूप में की गई थी। परिषद का मुख्यालय वड़ोदरा में है।

परिषद के लक्ष्य

- सिंधी भाषा की प्रोन्नति, विकास और प्रचार।
- वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय विकास के ज्ञान तथा आधुनिक संदर्भ में उभरे ज्ञान को सिंधी भाषा में प्रस्तुत करना।
- भारत सरकार को सिंधी भाषा से जुड़े और शिक्षा को प्रभावित करने वाले मामलों में जो उसे भेजे जाएं सलाह देना।
- सिंधी भाषा की प्रोन्नति हेतु परिषद् द्वारा उचित समझे गए किसी भी अन्य कार्य को हाथ में लेना।

परिषद की मुख्य योजनाएं

- साहित्यिक पुस्तकों के लिए सिंधी लेखकों को पुरस्कृत करना।
- शिक्षा संस्थाओं/स्कूलों/कालेजों/सार्वजनिक पुस्तकालयों को निःशुल्क वितरण हेतु संगत वित्तीय वर्ष के दौरान प्रकाशित/तैयार सिंधी पुस्तकों/पत्रिकाओं/आडियो-विजुअल कैसेटों की थोक खरीद करना।
- सिंधी भाषा से संबंधित चुने हुए प्रोन्नायक कार्यों के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- सिंधी भाषा में पुस्तकों, आदि के प्रकाशन और खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।

भारतीय भाषा प्रोन्नति परिषद्

समस्त भारतीय भाषाओं की प्रोन्नति, विकास और प्रचार के कदम उठाने के संबंध में सरकार को परामर्श देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक भारतीय भाषा प्रोन्नति परिषद का गठन किया गया। यह स्कीम दसवीं योजना के दौरान सीआईआईएल, मैसूर द्वारा संचालित की जाएगी। परिषद की पहली बैठक माननीय प्रधानमंत्री तथा उपाध्यक्ष अर्थात् मानव संसाधन विकास मंत्री की अध्यक्षता में हुई।

क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एआईएमएमपी)

दसवीं पंचवर्षीय योजना में अल्पसंख्यकों से संबंधित निम्न दो स्कीमों को मिलाकर क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एआईएमएमपी) नामक एक एकीकृत कार्यक्रम बना दिया गया है। ये दो स्कीमें हैं: शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र-सघन कार्यक्रम और मदरसा शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता की योजना के दौरान दोनों घटकों की जरूरत राशि 115.00 करोड़ रुपए थी। अब इसे दसवीं योजना में 31.50 करोड़ रुपए (2002-03) की वार्षिक योजना जरूरत के साथ बढ़ाकर डेढ़ गुना यानी 160 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस स्कीम के लिए दसवीं योजना के अधीन अंतिम



शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र-सघन कार्यक्रम और मदरसा शिक्षा के आधुनिकीकरण, अल्पसंख्यकों से संबंधित दो स्कीमों को मिलाकर क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एआईएमएमपी) नामक एक एकीकृत कार्यक्रम बना दिया गया है।

आबंटन 83.92 करोड़ रुपए है। ऐसा महसूस किया जाता है कि संशोधित एकीकृत कार्यक्रम घटक स्कीम से नया बल, ध्यान और स्पष्टता प्रदान करेगा।

क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यकारी संशोधित स्कीम (एआईएमएफपी) के दो घटक होंगे।

- आधारिक तंत्र घटक
- मदरसा आधुनिकीकरण घटक

आधारिक तंत्र विकास का घटक अर्थात् शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र गहन कार्यक्रम

- मई 1993 में शुरू किया गया।
- शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों की बहुलता वाले ऐसे क्षेत्रों को जहां, प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है। बुनियादी आधारिक तंत्र और सुविधाएं उपलब्ध कराता है।
- राज्य सरकारों और स्वैच्छिक संगठन से राज्य सरकारों के माध्यम से शत प्रतिशत आर्थिक सहायता प्रदान करता है।

मदरसा आधुनिकीकरण का घटक अर्थात् मदरसा शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता

- विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान जैसे आधुनिक विषयों के अध्ययन के लिए 3,000 रुपए प्रतिमाह, प्रति शिक्षक की दर से प्रति मदरसा दो शिक्षकों को वेतन।
- विज्ञान/गणित किट की खरीद के लिए प्रति मदरसा 7,000 रुपए की दर से एक-बारगी अनुदान।
- पुस्तक बैंक और पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 7,000 रुपए का एक-बारगी अनुदान।

क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम जिसका कार्यान्वयन किया जा रहा है, उसके दो घटक हैं :

- आधारिक तंत्र विकास
- मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम

वर्ष 2003-04 के लिए वार्षिक योजना जरूरत और किया गया खर्च निम्नानुसार हैं:

ब.अ.	31.50 करोड़ रुपए
सं.अ. 2003-04	29.00 करोड़ रुपए
व्यय	29.00 करोड़ रुपए

संस्कृत प्रभाग

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय (माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग) के अंतर्गत 7 मई, 2002 से एक सम विश्वविद्यालय बना, देश में संस्कृत अध्ययन के प्रचार-प्रसार और विकास का शीर्षस्थ स्थान है। यह संस्थान पूरी, जम्मू, जयपुर, श्रृंगेरी, मुम्बई, इलाहाबाद, त्रिचूर, लखनऊ, गर्ली और भोपाल में अपनी आठ केनद्रीय संस्कृत विद्यापीठों के माध्यम से संस्कृत में डाक्टेरेट स्तर तक के अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है।

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नव्य व्याकरण, प्राचीन व्याकरण, साहित्य, फलित ज्योतिष, गणित ज्योतिष, सर्वदर्शन, वेद न्याय (नव्य), मीमांसा, अद्धैत वेदांत, धर्मशास्त्र, विशिष्टाद्धैत वेदांत, सांख्य योग पौरोहित्य, जैन दर्शन, बौद्ध दर्शन, पुराणेतिहास जैसे

पारंपरिक विषयों में अंग्रेजी एवं हिन्दी विषयों के साथ शास्त्री (बी.ए.) और आचार्य (एम.ए.) स्तर पर शिक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा, पूर्व-स्नातक स्तर पर राजनीति शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र आदि जैसे किसी एक आधुनिक विषय में अनुशिक्षण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

संस्थान संस्कृत के प्रचार-प्रसार, विकास और प्रोन्नति में संलग्न स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता भी प्रदान करती हैं। उन्हें शिक्षकों के वेतनों, छात्रवृत्तियों, भवनों के निर्माण एवं मरम्मत, फर्नीचर, पुस्तकालय, आदि पर मंजूर व्यय के 75 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 1262 स्वैच्छिक संस्कृत संस्थाओं को यह सुविधा दी जा चुकी है। शोध संस्थानों सहित 23 आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों को भी एक अलग स्कीम के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिसके अनुसार 95 प्रतिशत आवर्ती तथा 75 प्रतिशत अनावर्ती व्यय की पूर्ति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा की जाती है।

संस्थान, शास्त्रचूड़ामणि योजना के अधीन आदर्श संस्कृत पाठशालाओं और राज्य सरकार संचालित संस्कृत कालेजों में पढ़ाने के लिए 125 सेवानिवृत्त प्रख्यात संस्कृत विद्वानों को प्रतिमाह 2,500 रुपए दर से मानदेय देता है। इसके साथ ही संस्थान द्वारा डेकन कालेज, पूणे में संस्कृत भाषाकोश तैयार करने के लिए, व्यावसायिक प्रशिक्षण के आयोजना, संस्कृत पुस्तकों और दुर्लभ पांडुलिपियों की खरीद और प्रकाशन के लिए तथा अखिल भारतीय भाषणकला प्रतियोगिता के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राष्ट्रपति प्रशस्तिपत्र योजना के अंतर्गत हर वर्ष संस्कृत के 15, पालि/प्राकृत भापा के एक और अरबी और फारसी भाषा के तीन-तीन विद्वानों का चयन किया जाता है तथा उन्हें जीवनपर्यन्त 50,000 रुपए प्रतिवर्ष मानदेय दिया जाता है। इसके तहत राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान से सअनुदान पाने वाले विद्वानों की संख्या 280 है। वर्ष 2002 के बाद से महर्षि बादरायण व्यास सम्मान के लिए 8 युवा विद्वानों का चयन किया गया है और संस्थान प्रत्येक विद्वान को एक लाख रुपए की एकबारगी पुरस्कार राशि का भुगतान करेगा।

संस्थान ने आवश्यक सहायता प्रदान करके 100 स्थानों पर अनौपचारिक संस्कृत पढ़ानी शुरू की और यह कार्यक्रम अत्यंत सफल हुआ है। संस्थान, जनवरी, 2004 से लगभग 1200 केन्द्रों (100 पूर्वोत्तर में तथा 1100 शेष भारत में) में तीन महीने की अवधि की अनौपचारिक संस्कृत कक्षाओं का दूसरा दौर चला रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सारे भारतवर्ष के भीतर कम से कम 60,000 छात्र संस्कृत अध्ययन की शुरूआत करेंगे।

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से संस्कृत के विकास की योजना

1962 से सयह केन्द्रीय योजना राज्य सरकारों के माध्यम से लागू की जा रही है। निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रमों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत आधार पर वित्तीय अनुदान दिया जाता है। इस योजना को वर्ष 2003-04 से संशोधित किया गया है ताकि संस्कृत के विकास के लिए वित्तीय सहायता में वृद्धि की जा सके।

अभावग्रस्त अवस्था में रह रहे संस्कृत के प्रख्यात विद्वानों को वित्तीय सहायता

इस योजना के तहत संस्कृत के ऐसे प्रख्यात विद्वानों को सहायता दी जाती है, जिनकी आयु 55 वर्ष से कम न हो तथा जो संस्कृत अध्ययन/अनुसंधान के काम में लगे हों और अभावग्रसत अवस्था में रह रहे हों। इस सहायता की अधिकतम सीमा 24,000/- रुपए प्रतिवर्ष है। अन्य स्रोतों से प्राप्त वार्षिक आय बिना घटाए।

संस्कृत पाठशालाओं का आधुनिकीकरण

संस्कृत शिक्षा की परंपरागत और आधुनिक पद्धतियों को समाकलित करने के दृष्टिकोण से परंपरागत संस्कृत पाठशालाओं में चुनिन्दा आधुनिक विषयों अर्थात गणित और मानविकी सहित भारतीय भाषाएं, विज्ञान पढ़ाने के लिए शिक्षकां की नियुक्ति को सुसाध्य बनाने के निमित्त अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2002-03 के दौरान इससे आठ राज्यों के लाभान्वित होने की संभावना है।

तीन अध्यापक उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता की मंजूरी के मौजूदा प्रावधान के अलावा, परंपरागत संस्कृत पाठशालाओं में 3000/- रुपए मासिक के मानदेय पर एक कंप्यूटर अध्यापक भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। प्रत्येक संस्कृत पाठशाला से वास्तविक आवश्यकता के आधार पर दो कंप्यूटरों और बाह्य सामग्री की लागत के निमित्त एक लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता और उसके साथ-साथ स्थापना और पुस्तकों के लिए 10,000 रुपए का एकमुश्त एक-बारगी अनुदान भी दिया जाना चाहिए।

उच्च/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत के शिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराना

जो राज्य सरकारें संस्कृत पढ़ाने की सुविधाएं उपलब्ध कराने की स्थिति में न हों, उन राज्यों के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त किए जाने वाले संस्कृत शिक्षकों के वेतन पर नियुक्त होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2002-03 के दौरान इससे आठ राज्यों के लाभान्वित होने की संभावना है। संस्कृत पढ़ाने के लिए सुविधा अर्थात् एक अध्यापक के वेतन के लिए वित्तीय सहायता की मंजूरी का विस्तार अब सीबीएसई के ऐसे सभी स्कूलों में कर दिया जाएगा जिनकी स्थापना में संस्कृत अध्यापक मौजूद नहीं है।

उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियाँ

माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर पर संस्कृत की ओर छात्रों को आकृष्ट करने के लिए कक्षा नौ से बारह तक की कक्षाओं के लिए योग्यता छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं।

संस्कृत की प्रोन्नति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए राज्य सरकारों को अनुदान

- इस योजना के तहत संस्कृत के प्रचार-प्रसार और विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों यथा शिक्षकों के वेतन में बढ़ोत्तरी, वैदिक विद्वानों को सम्मानित करने, विद्वत सभाएं आयोजित करने, संस्कृत शिक्षण के लिए सांध्य कक्षाएं चलाने, कालीदास समारोह मनाने आदि के लिए राज्य सरकारों को 100 प्रतिशत सहायता दी जाती है। वर्ष 2002-03 के दौरान इस योजना से 12 राज्यों के लाभान्वित होने की संभावना है।

- संस्कृत के अनुसंधान/अनुसंधान परियोजनाओं की बाबत सम-संस्कृत विश्वविद्यालयों, गैर-सरकारी संगठनों (पंजीकृत निकायों) से प्राप्त प्रस्तावों को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। इस प्रकार की सहायता इस शर्त के साथ सीमित कर दी जाएगी कि किसी भी एनजीओ के एक वर्ष में तीन से अधिक परियोजनाएं नहीं मिलेंगी। तथापि, यह सीमा संस्कृत के सम-विश्विद्यालयों के मामले में लागू नहीं होगा।

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान/सम विश्वविद्यालयों/सीबीएसई/एनसीईआरटी आदि को केन्द्रीय अनुदान

स्कूलों, संस्कृत महाविद्यालयों/विद्यापीठें में संस्कृत पढ़ाने की प्रविधि में सुधार लाने तथा शिक्षकों को इस ओर समुचित रूप से अनुस्थापित करने के लिए शत प्रतिशत सहायता दी जाती है। 2003-04 के दौरान सीबीएसई/एनसीईआरटी, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, सरस्वती विद्यापीठ, हैदराबाद तथा सम-संस्कृत विश्वविद्यालयों के प्रस्तावों को सहायता प्रदान की जाएगी।

भाषा मंदाकिनी पर संस्कृत नेट की शुरूआत

अपनी प्रतिक्रिया का विस्तार करते हुए तथा सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए संस्कृत संस्थान और इग्नू के सहयोग से ज्ञानदर्शन पर भाषा मंदाकिनी नामक एक भापा कार्यक्रम के अधीन संस्कृत नेट की शुरूआत की गई। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने 5 सितम्बर, 2003 को इस चैनल का उद्घाटन किया जिसमें देश के 10 संस्कृत संस्थान एक दूसरे से जोड़े गए। जहां कार्यक्रम के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान निभाताच है वहां योजना को सफल बनाने और कार्यक्रम अंतर्वस्तु तैयार करने मे राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति तथा श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इग्नू के साथ मिलकर तीनों संस्कृत संस्थान अब संस्कृत का शिक्षण संस्कृत प्रेमियों को दूर तक ले जाने के प्रयास में लगे हैं। इस परियोजना के लिए 2003-04 में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान से 90.00 लाख रुपए (लगभग) की राशि प्रदान की जा चुकी है।

संस्कृति की उन्त्रनति के अधीन सभी उप-स्कीमों के लिए वर्ष 2003-04 में 1478.00 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अधीन राज्य सरकारों/स्वैच्छिक एजेंसियों/एनजीओ से पूरी वित्तीय सहायता संबंधित राज्य सरकार के माध्यम से दी जाती है और जिन मामलों में उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, उनमें आगे और कोई अनुदान मंजूर नहीं किया गया है।

महर्षि संदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन


परंपरागत वैदिक संस्थानों और विद्वानों को सहायता प्रदान करने, वैदिक अध्ययन एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा छात्रवृत्तियाँ/शिक्षावृत्तियां प्रदान करने के लिए अगस्त, 1987 में राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना की गई थी। 2003-

04 के दौरान दूसरे मुख्य कार्यक्रम और क्रियाकलाप निम्नानुसार थे:

- वित्तीय सहायता प्रदान करनाः
  - वेदों की विभिन्न शाखाओं की संहिताओं, संस्कृत, अंग्रेजी और गणित के अध्यापन के लिए 33 वेद पाठशालाओं/विद्यालयों तथा अन्य एककों से,
  - वेद संहिताओं को केवल परंपरागत मौखिक पाठ सिखाने वाले 57 अन्य एककों से
- एक सामान्य और एक सामान्य अध्येतावृत्ति की मंजूरी।
- वेदों और वैदिक साहित्य में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठियों, कार्यशालाओं आदि का आयोजन।
- वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए एक अखिल भारतीय और छः क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन आयोजित करना।
- नित्य अग्निहोत्रियों और वयोवृद्ध वेदपाठी पंडितों के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान।
- वेदों की विभिन्न शाखाओं के वैदिक पाठ की दृश्य/श्रव्य रिकार्डिंग।
- दूर्लभ और अनुलब्ध वेद संहिताओं, ब्राह्मणों और अन्य वैदिक साहित्य का प्रकाशन। आठ पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं तथा 12 अन्य पुस्तकों के प्रकाशन का मामला विचाराधीन है।
- 2000-2001 से नई दिल्ली में एक वैदिक अनुसंधान केन्द्र ने काम करना शुरू कर दिया है।
- 2003-04 के दौरान "वेदविद्या" नामक तिमाही पत्रिका का प्रवेशांक निकाला गया।

महर्षि संदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान को वर्ष 2003-04 के दौरान उज्जैन में परिसर के विकास सहित, चालू योजनाओं और नए कार्यक्रमों पर अतिरिक्त व्यय के लिए 100.00 लाख रुपए की राशि आबंटित की गई है। कोई उपयोगिता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

■■■



पुस्तक प्रोन्नति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में ऐसी परिकल्पना की गई थी कि सभी वर्गों के लोगों के लिए पुस्तकें सहज सुलभ हो सकें। इस नीति में ऐसे उपायों के लिए आग्रह किया गया है जिनका उद्देश्य बच्चों की पुस्तकों, पाठ्यपुस्तकों और अभ्यास पुस्तिकाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके साथ ही देशज पुस्तक प्रकाशन उद्योग को विकसित करने और देश में पुस्तक-प्रेम को बढ़ावा देने की जरूरत भी है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) इस दिशा में कार्य करता है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास हर दूसरे वर्ष विश्व पुस्तक मेला आयोजित करता है। एनबीटी ने 14 से 22 फरवरी, 2004 के दौरान नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया। पुस्तक प्रोन्नति कार्यकलाप और स्वैच्छिक संस्थाएं योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित स्वैच्छिक संस्थाओं को दिल्ली पुस्तक मेला और राष्ट्रीय पुस्तक मेला आदि आयोजित करने के लिए अनुदान दिया जाता हे। इस वर्ष फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स, नई दिल्ली पुस्तक मेला आयोजित करने के लिए और नई दिल्ली की एक संस्था को अहमदाबाद में राष्ट्रीय पुस्तक मेला आयोजित करने के लिए अनुदान दिया गया है।

पुस्तक प्रोन्नति कार्यकलाप और स्वैच्छिक एजेंसी योजना

गैर-सरकारी संगठनों द्वारा पुस्तक प्रोन्नति कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय पुस्तक प्रोन्नति कार्यकलापों से संबंधित संगोष्ठियां, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं और वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं और प्रकाशकों की एसोशिएशनों को अनुदान सहायता प्रदान करता है। अनुदान सहायता समिति द्वारा मंजूर कुल व्यय के अधिकतम 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है।

राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद

राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद एक ऐसा सलाहकार निकाय है जो पुस्तक उद्योग के विकास के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित करने के प्रयोजन से 1967 में स्थापित किया गया। परिषद का कार्यकाल नवम्बर, 1993 में समाप्त हो गया था। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री की अध्यक्षता में परिषद् का 8.12.97 से तीन वर्षों की अवधि के लिए पुनर्गठन किया गया और इसे राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद का नया नाम दिया गया। परिषद का कार्यकाल पुनः समाप्त हो गया है और इसके पुनर्गठन का मामला मानव संसाधन विकास मंत्री के विचाराधीन है। यह एक ऐसा सलाहकार निकाय है जो कि अन्य बातों के साथ-साथ पुस्तक प्रोन्नति के सभी पक्षों पर विचारों का आदान-प्रदान सुकर बनाता है जैसेकि लेखन/कर्त्तव्य, पुस्तक-उत्पादन, पुस्तकों का प्रकाशन और बिक्री, मूल्य और कापीराइट, पुस्तक पठन का विकास, जनता के विभिन्न वर्गों तक विभिन्न भारतीय भाषाओं और स्तर की पुस्तकों की सुलभता और आमतौर पर



भारतीय पुस्तकों की अंतर्वस्तु। चालू वित्तीय वर्षो के लिए इस स्कीम के निमित्त अलग से कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया है। आने वाले वर्षों के लिए इस स्कीम के निमित्त अलग से कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया है। आने वाले वर्षों में यदि एनबीपीसी की कोई बैठक आयोजित की जाती है तो उसका खर्च विभाग के व्यय के सामान्य शीर्ष से पूरा किया जाएगा

भारत का राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

भारत का राष्ट्रीय पुस्तक न्यास एक अत्यंत व्यावसायिक निकाय है जोकि उत्तम प्रकाशन के क्षेत्र में सैंतालीस वर्षों से काम कर रहा है। भारतीय पुस्तकों की प्रोन्नति तथा भारत में पुस्तक संस्कृति के प्रसार के लिए यह एक नोडल निकाय के रूप में भी काम करता है।

न्यास सारे देश के भीतर सभी स्तरों पर अर्थात् स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पुस्तक मेले/प्रदर्शनियाँ आयोजित करता है। द्विवर्षी नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अफ्रो-एशियाई क्षेत्र का सबसे विशाल पुस्तक मेला है जिसमें बहुत लोग भाग लेते हैं और जो देश में व्यावसायिक रूप से आयोजित पुस्तक मेला है। न्यास ने अभी तक 15 विश्व पुस्तक मेले, 26 राष्ट्रीय पुस्तक मेले और 38 क्षेत्रीय पुस्तक मेले/समारोह आयोजित किए हैं।

भारत का राष्ट्रीय पुस्तक न्यास पूर्वोत्तर में पुस्तकों की प्रोन्नति और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए न्यास ने अपने कुल बजट का लगभग दस प्रतिशत हस्तक्षेप में विभिन्न पुस्तक प्रोन्नति और प्रकाशन क्रियाकलापों के लिए तय किया है। वर्ष के दौरान न्यास ने असम, बरेली, राजोत और नलबाड़ी में पुस्तक बैंकों का आयोजन किया।

14 से 22 फरवरी, 2003 के दौरान आयोजित 16वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्‌घाटन माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री मुरली मनोहर जोशी ने किया था। मेले में भारत सहित 17 देशों के 1240 प्रकाशकों/पुस्तक विक्रेताओं ने भाग लिया था जो कि एक रिकार्ड है अनेक विदेशी सहभागियों का प्रतिनिधित्व उनके भारतीय प्रतिनिधियों ने किया। जिन दूसरे देशों ने मेले में सीधे भाग लिया था वे इस प्रकार थेः कुवैत, ईरान, पुर्तगाल, जर्मनी, फ्रांस, जापान, नेपाल, इस्राइल, श्रीलंका, यू.के., यूएसए, सऊदी अरब, स्विटजरलैंड, मारीशस, पाकिस्तान और जिम्बाबवे। यह मेला प्रगति मैदान में हाल संख्या 8 से 14 तथा हाल संख्या 18 के माध्यम से 32,516 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला हुआ था। मेले का विषय था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व सभ्यता में भारत का योगदान।

पहली बार बच्चों के बीच कार्यरत लेखकों और कार्यकर्ताओं की एक लाबी स्थापित की गई ताकि देश के विभिन्न भागों से आने वाले लेखकों, संपादकों, निर्देशकों, कार्यकर्ताओं और बच्चों के बीच विचारों का सार्थक आदान-प्रदान सुकर बनाया जा सके। प्रोफेसर बी.कामेश का जादू का तमाशा पैविलियन का एक बड़ा आकर्षण था और इसी प्रकार एनबीटी द्वारा सिविल नेशनल इंटरफेसेज एंड दि कंटेम्पोरेरी ग्लोबल क्न्टक्स्टः एन इंडियन पर्सपेक्टिव विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आकर्षण का केन्द्र थी जिसमें, कुछेक मुद्दों पर चर्चा की गई और फिर गवेषणा की एक प्रक्रिया शुरू हुई जिससे शायद अपेक्षतया, अधिक स्पष्ट परिप्रेक्ष्य में संवाद उभरकर आ सके।

एनबीटी के अन्य क्रियाकलापों में ये शामिल हैं। एक बहुभाषी कवि दरबार तथा भारत के बच्चों की विज्ञान पुस्तकें : पठनीयता

और सुलभता विशय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन। इसके अलावा, राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, साहित्य अकादमी, प्रकाशकों/पुस्तक विक्रेताओं के संघो आदि जैसे विभिन्न संस्थानों ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें संगोष्ठियाँ, विचारगोष्ठियां तथा पुस्तक विमोचन समारोह शामिल थे।

अनुमानतः सात लाख पुस्तक प्रेमी जिनमें मंत्री, संसद सदस्य, अन्य वीआईपी, लेखक और विद्वान शामिल थे। 16वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में आए जिससे इस बात का परिचय मिलता है कि श्रव्य-दृष्य तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के वावजूद पुस्तकों के लिए प्रेम और भूख अभी भी बनी हुई हैं।

न्यास विभिन्न भारतीय प्रकाशकों द्वारा निकाले गए चुनिंदा भारतीय प्रकाशकों के प्रदर्शन के जरिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भी भाग लेता है। नवम्बर, 2003 और मार्च, 2004 के बीच न्यास ने इन अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लिया : बाल पुस्तक प्रदर्शनी, सिंगापुर (13-16 नवम्बर, 2003) तथा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला (26 मार्च-6 अप्रैल, 2004) बैंकांक। इस अवधि में न्यास ने 2 से 6 फरवरी, 2004 के दौरान मारीशस में भारतीय पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया।

लोगों के घर पर पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश से एनबीटी इंडिया सचल प्रदर्शनियों का आयोजन करता है। अभी तक न्यास ने इस तरह की लगभग 5000 प्रदर्शनियों का आयोजन किया है। आलोच्य वर्ष के दौरान न्यास ने नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 492 स्थानों पर सचल पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन किया है : उत्तरांचल (42), आंध्र प्रदेश (36), हरियाणा (56), राजस्थान (122), पश्चिम बंगाल (42), उत्तर प्रदेश (20), असम (54), केरल (60) तथा दिल्ली (60)।

न्यास पुस्तक के विकास उत्पादन तथा विपणन में लगे लोगों के लिए समय-समय पर संगोष्ठियों और कार्यशालाएं लेखक समागम तथा पुस्तक विमोचन समारोह जैसे अन्य साहित्यिक क्रियाकलाप आयोजित करता है। वर्ष के दौरान न्यास ने पांच संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित की तथा पुस्तक विमोचन समारोहों के जरिए पांच पुस्तकें जारी की।

एनबीटी द्वारा स्थापित राष्ट्रीय बाल साहित्य केन्द्र (एनसीसीएल) एक ऐसी नोडल एजेंसी है जो कि विभिन्न भारतीय भाषाओं में बाल साहित्य का अनुश्रवण समन्वय, आयोजना और सहायता प्रदान करती है। एनसीसीएल ने बाल साहित्य के लिए पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र स्थापित किया है, वह कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और प्रदर्शनियों का आयोजन करता है, पाठ्क क्लब की स्थापना को प्रोत्साहित करके स्कूल स्तर पर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देता है, सर्वेक्षण करता है और बाल साहित्य के संबंध में अनुसंधान कार्य करता है। अभी तक इस केन्द्र ने देशभर में 25,000 से अधिक पुस्तक क्लबों की स्थापना कर दी है। उपर्युक्त के अलावा, केन्द्र ने इन क्रियाकलापों का आयोजन किया : दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों में लेखक से मुलाकात कार्यक्रम; एनसीआर दिल्ली में 29 पुस्तक प्रदर्शनियों के उद्घाटन समारोहों पर बुक मार्च और बाल क्रियाकलाप; इलाहाबाद में लेखनों और निर्देशनों पर से कार्यशालाएं, जिनका विपय त्रिवेणी था; 16वें विश्व पुस्तक मेले में तथा विशाखापत्तनम पुस्तक मेलें मे बाल पैवेलियनों की स्थापना और बाल क्रियाकलापों का आयोजन; लखनऊ में गणित संबंधी क्रियाकलाप पुस्तकों का निर्माण; फरवरी में पाली में बचपन सोसायटी के सहयोग से और राजसमन्द में जुम्बिश परिषद के सहयोग से कहानी सुनाने के सत्र। एनसीसीएल द्वारा प्रकाशित रीडर्स क्लब बुलेटिन नामक मासिक बाल पत्रिका में नितान्तः बच्चों की रचनाएं और निर्देशन शामिल थे।

नवम्बर, 2003 और मार्च, 2004 के बीच 389 पुस्तकें प्रकाशिअत की गई और न्यास ने 168.96 लाख रुपए का लाभ कमाया। वर्ष के दौरान 252.31 लाख रुपए की पुस्तकों की बिक्री की गई। वर्ष के दौरान न्यास ने यूनेस्को द्वारा वर्ष 2003-04 के लिए नई दिल्ली को विश्व पुस्तक राजघानी घोपित किए जाने संबंधी देशव्यापी समारोहों की शुरूआत तथा अगुवाई की। इस अवधि के दोरान आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक पुस्तक मेले के अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न भागों में तथा इलाहाबाद में अनेक पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गई। समारोह में लगभग 47 प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं और वितरकों ने भाग लिया/समारोह में बच्चों के लिए साहित्यिक कार्यक्रम और विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित किए गए। नितान्तः बच्चों के लिए एक पैवेलियन लगाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या

अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या (आईएसबीएन) एक अनूठी अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन पहचान संख्या है। मोनोग्राफिक प्रकाशनों के लिए यह दस संख्याओं का समूह है जो विस्तृत संदर्भग्रंथ विवरण रिकार्डों का स्थान लेती है। विश्वभर में आईएसबीएन

को एक ऐसी संक्षिप्त और स्पष्ट मशीन द्वारा पठनीय पहचान संख्या के रूप में जाना जाता है जो किसी भी पुस्तक को असंदिग्ध रूप से चिन्हित करती हैं। पुस्तक व्यापार में आधुनिक वितरण और युक्तिकरण अवसरों के लिए यह एक अनिवार्य साधन है।

आईएसबीएन, भारत के लिए राष्ट्रीय एजेंसी राजा राममोहन राय पुस्तकालय पुस्तकों के प्रकाशन के लिए जिम्मेदार भारतीय प्रकाशकों, लेखकों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकारी विभागों का पंजीकरण करता रहा है। अपनी स्थापना के समय से राष्ट्रीय एजेंसी मार्च 2004 तक की अवधि के दौरान विभिन्न वर्गों के विभिन्न प्रकाशकों को 8303 प्रारंभ संख्याएं है और अप्रैल 2003 से मार्च 2004 के दौरान 1,022 प्रारंभ संख्याएं आबंटित कर चुकी हैं। भारत में लगभग 53 प्रतिशत प्रकाशक आईएसबीएन का प्रयोग कर रहे हैं। प्रकाशकों से आईएसबीएन के सहज आबंटन को सुकर बनाने के लिए एजेंसी ने गिल्ड द्वारा आयोजित 28वें कोलकाता पुस्तक मेला, 2003 तथा नई दिल्ली द्वारा आयोजित 26वें राष्ट्रीय पुस्तक मेला, कोलकाता, 2003 में भाग लिया। एजेंसी ने 14-22 फरवरी, 2004 के दौरान आयोजित16वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, 2004 में भी भाग लिया। राष्ट्रीय एजेंसी ने आईएसबीएन प्रयुक्त पुस्तकों की एक पुस्तक प्रदर्शनी पांडिचेरी में भी आयोजित की है। मिलन में आयोजित 31वीं अंतर्राष्ट्रीय आईएसबीएन एजेंसी सलाहकार पेनल बैठक में भाग लिया जिससे कि आईएसबीएन क्षेत्र में एकदम ताजा क्रियाकलापों से अवगत रहा जा सके।

मानवीय मूल्यों में शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्यपरक शिक्षा के सामाजिक और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का एक सशक्त साधन बनाया जाए। नीति में यह कहा गया है कि हमारे बहु सांस्कृतिक समाज में शिक्षा के सार्वभौमिक और शाश्वत मूल्यों का संवर्धन करना चाहिए ताकि हमारे लोगों के भीतर एकता और अखंडता पैदा की जा सके। इस तरह की मूल्यपरक शिक्षा के रूढ़िवाद, धार्मिक कट्टरता, हिंसा, अंधविश्वास और निर्यातवाद के निराकरण में मदद करनी चाहिए।

इस समग्र लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में संस्कृति और मूल्यों के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता की योजना 1988-89 में शुरू की गई थी और उसे 1992 में नया रूप दिया गया था। इसके क्षेत्र का विकास करने के लिए दसवीं योजना में स्कीम को फिर से संशोधित कर दिया गया है ताकि पूर्व-प्राथमिक से लेकर उच्च और तकनीकी शिक्षा - शिक्षा के सभी स्तरों पर समूची शैक्षिक प्रक्रिया के भीतर मानवीय मूल्यों का सुदृढीकरण किया जा सके। अनुदान की ऊपरी सीमा भी 5.00 लाख रुपए से बढ़ाकर 10.00 लाख रुपए कर दी गई है।

सरकारी एजेंसियों, शैक्षिक संस्थानों, पंचायती राज संस्थानों, पंजीकृत सोसायटियो, सार्वजनिक न्यासों तथा लाभ न कमाने वाली कंपनियों को इस स्कीम के अधीन परियोजनाएं कार्यान्वित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। स्कीम के प्राचलों के भीतर एनजीओ को परियोजनाएं मंजूर कर दी जाती हैं और वित्तीय परिव्यय प्रदान किया जाता है। शिक्षा में संस्कृति और मूल्यों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित क्रियाकलापों के लिए सहायता अनुदान समिति द्वारा अनुमोदित 5.00 लाख रुपए (जिसे अब संशोधित करके 10.00 लाख रुपए कर दिया गया है) की ऊपरी सीमा के भीतर परियोजना की लागत के 100 प्रतिशत सीमा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

नौवीं योजना में 159 एनजीओ पर 522.74 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। शिक्षा में संस्कृति और मूल्यों के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता की स्कीम के निमित्त दसवीं योजना में अनुमानतः 30 करोड़ रुपए का परिव्यय आबंटित किया गया है। वर्ष 2002-03 में 50 एनजीओ के लिए दो करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। जहां कहीं देय हो गए हैं, वहां यूसी जारी कर दिए गए हैं। कुछेक बकाया मामलों में यूसी जारी किए जाने के लिए आवश्यक आंकड़े और दस्तावेज प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

शिक्षा के सभी स्तरों पर मूल्यपरक शिक्षा लागू करने के उपाय सुझाने के प्रयोजन से मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शीर्षस्थ स्तर पर सचिव (माध्यमिक और उच्च शिक्षा) की अध्यक्षता में विशेषज्ञों के एक दल का गठन किया गया था। विशेषज्ञों के इस दल की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए सचिव (माध्यमिक और उच्च शिक्षा) की अध्यक्षता में एक कोर समिति का गठन किया गया। अभी तक विशेषज्ञों के दल की तीन और कोर समिति की भी तीन बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

अध्यापकों से बच्चों को मूल्यपरक शिक्षा प्रदान किए जाने की आवश्यकता से अवगत कराने के लिए उन्हें छोटी-छोटी अवधि में पाठ्यक्रमों के माध्यम से मूल्यपरक शिक्षा में प्रशिक्षण दिए जाने के प्रयोजन से कुछ संगठनों से संसाधन केन्द्रों के रूप में अभिज्ञान किया गया जो इस प्रकार है : प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय, श्री सत्य साई इंस्टीट्यूट आफ हायर


लर्निंग, प्रशमन्ती निलयन, अनन्तपुर जिला (आंध्र प्रदेश), *स्मरण नैतिक और अध्यात्मिक शिक्षा संस्थान*, यादवगिरी, मॅसेर, श्री अरबिन्दों एजुकेशन सोसायटी, नई दिल्ली, चिन्मय मिशन, नई दिल्ली, जीवन विज्ञान अकादमी, महरौली, नई दिल्ली। मूल्यपरक शिक्षा के लिए एनसीईआरटी में एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र ने काम करना शुरू कर दिया है। एनसीईआरटी ने विभिन्न कक्षाओं के लिए लगभग 210 पाठ्यपुस्तकें/अनुदेशात्मक सामग्री का निर्माण कियाहै जिनमें मूल्य घटक और सत्य, सदाचारपूर्ण आचरण, प्रेम अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों से जुड़े विषय शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, वैज्ञानिक स्वभाव संबंध मूल्यों और पर्यावरणत्मक मूल्यों पर भी प्रकाश डाला गया है।

आईआईटी, दिल्ली ने इंजीनियरी के लिए अपने राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र में स्नातकोत्तर छात्रों के लिए जनवरी, 2003 से दो नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं जो इस प्रकार हैं : प्रौद्योगिकी और मानवीय मूल्य तथा लघु परियोजना/विश्वविद्यालयों/कालेजों में मूल्यपरक शिक्षा के लिए पाठ्यचर्या/पाठ्यक्रम तैयार करने और साथ ही विश्वविद्यालयों और कालेजों में मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयोजन से एक स्कीम तैयार करने के लिए यूजीसी ने एक समिति का गठन किया है। उन्होंने स्नातकपूर्व छात्रों के लिए मानवीय मूल्यों, नीतिशास्त्र और मूल कर्त्तव्यों पर एक वैकल्पिक प्रश्न-पत्र भी शुरू किया है। इग्नू ने भारत में मुक्त दूरस्थ शिक्षा के संदर्भ में उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश के लिए नीतिगत मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करने तथा जो कार्यक्रम तैयार और संशोधित किए जा रहे हैं, उनमें इस पक्ष की उन्नति पर निगाह रखने के लिए एक समिति का गठन किया है। इग्नू ज्ञान दर्शन के माध्यम से सीआईईटी (एनसीईआरटी) और यूजीसी द्वारा निर्मित वीडियो कार्यक्रमों से टीवी पर प्रसारित कर रहा है।

नीपा ने मूल्यपरक शिक्षा पर एक प्रकाशन - चुनिंदा ग्रंथ सूची प्रकाशित की है। वे ग्रंथ सूची से अद्यतन भी बना रहे हैं। उन्होंने शिक्षा में नीतिशास्त्र से लेकर एक नीतपा-आईआईईपी सहयोगात्मक अध्ययन भी शुरू किया है। राष्ट्रीय मुक्त स्कूल संस्थान ने दो परियोजनाएं शुरू की हैंः- मानवीय मूल्यों में शिक्षा तथा भारतीय संस्कृति और विरासत। इन परियोजनाओं का मूल उद्देश्य यह है कि संस्थान के प्रत्याशित संस्थानों में छात्रों और अध्यापकों के भीतर मानवीय मूल्यों का संवर्धन किया जाए और उनमें भारतीय संस्कृति और विरासत के लिए गौरव की भावना पैदा की जाए। एनसीटीई ने माध्यमिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या के लिए एक दृष्टिकोण लेख निकाला है जिसमें माध्यमिक शिक्षा स्तर सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में मूल्यपरक शिक्षा के तत्व भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, अध्यापक शिक्षा के माध्यम से मूल कर्त्तव्यों को कार्यरूप देने के माड्यूल भी तैयार किए जा रहे हैं।

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान संस्थान (आईसीपीआर) ने एक मूल्य शिक्षा केन्द्र की स्थापना की है और इसमें ऐसी संगोष्ठियों और प्रकाशनों को बढ़ावा देने की एक परियोजना की शुरूआत की है जिनमें दीर्घकालीन उपयोगिता वाली सामग्री की गवेषणा और प्रकाशन पर विशेष बल दिया गया है। आईसीपीआर ने जनवरी, 2003 में मूल्योन्मुखी शिक्षा का दर्शन विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें 200 शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में तैयार की गई सामग्री के आधार पर आईसीपीआर ने मूल्योन्मुखी शिक्षा का दर्शन नामक एक पुस्तक प्रकाशित की है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शारीरिक शिक्षा का अपना अलग महत्व है जैसेकि स्वास्थ्य, शक्ति, फुर्ती और सौंदर्य, आईसीपीआर ने मानव शरीर का रहस्य और उत्कृष्टता, नामक एक पुस्तक प्रकाशित की है। आईसीपीआर ने चुनिन्दा विषयों पर 85 मोनोग्राफ तैयार करने का काम भी हाथ में ले लिया है जोकि तीन महत्वपूर्ण मूल्यों अर्थात् प्रबोधन, वीरता और सामंजस्य पर जीवनी साहित्य तथा भारतीय और विश्व इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं के माध्यम से योगदान देंगे।
